GORAKHPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

हत्या के प्रयास के जुर्म में दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या का प्रयत्न करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी अभियुक्त सनी को दस साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि राजेश कुमार यादव गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर कालोनी का निवासी है और उस क्षेत्र का पार्षद भी है। 31 जनवरी 2005 को उसे सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन जंगल नकहा के पास बने सरकारी आवास के पास घायल अवस्था में पड़ा है। वादी मौके पर पहुंच कर देखा और उस व्यक्ति से उसकी पहचान पूछा। घायल व्यक्ति ने अपना नाम जितेंद्र चतुर्वेदी बताया और बताया कि वह सिद्धार्थनगर जिले के महाने थाना क्षेत्र के ग्राम ककरहवां का निवासी है।वादी द्वारा उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। दौरान विवेचना अभियुक्त सोनू उर्फ रवि प्रकाश और सनी का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि पैसे की लेन देने को लेकर अभियुक्तों ने मिलकर जितेंद्र चतुर्वेदी के ऊपर प्राणघातक हमला किया था।

रेलवे बस स्टेशन परिसर में आरओ व चिल्ड वाटर प्लांट का शुभारंभ

गोरखपुर (एसएनबी)। ऐश्प्रा फाउंडेशन के सहयोग से रेलवे बस स्टेशन परिसर में मंगलवार को 16 लाख की लागत से आरो व चिल्ड वाटर प्लांट का एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई एवं आरएम रोडवेज पीके तिवारी ने लोकार्पण किया।

ऐश्प्रा फाउंडेशन के सहयोग से16 लाख की लागत से लगे आरो प्लांट का एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व आरएम रोडवेज पीके तिवारी ने किया लोकार्पण

लोकार्पण अवसर पर एसपी सिटी ने कहा कि जल ही जीवन है, लेकिन आज कल शुद्ध व साफ जल मिलना मुश्किल हो गया है। दूषित जल पीने से तरह-तरह की बीमारियां होने लगी है। ऐसे में आम लोगों के लिए ऐश्प्रा फाउंडेशन की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा यह प्लांट लोगों की प्यास बुझाने के साथ ही उन्हें गर्मी से भी राहत देगा। आरएम रोडवेज पीके तिवारी ने कहा कि जनहित के लिए ऐश्प्रा फाउंडेशन की यह पहल बहुत उपयोगी है। इससे रेलवे बस स्टैंड कंपाउंड में आने-जाने सभी यात्रियों के साथ ही यहां के स्टाफ को भी राहत मिलेगी। ऐश्प्रा फाउंडेशन के अनूप सराफ ने कहा ऐप्रा फाउंडेशन अपनी सामाजिक जवाबदेही और जिम्मेदारी को निभाने के लिए हमेशा तत्पर है। इसी क्रम में जनहित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। ऐश्प्रा फाउंडेशन के वैभव सराफ ने कहा कि जनसंख्या के दबाव, प्रदूषण और अन्य कारणों की वजह से शुद्ध जल सभी के लिए उपलब्ध होना मुश्किल हो गया है। बोतल बंद पानी खरीदना सभी के लिए संभव नहीं है। आरओ प्लांट के लगने से यहां आने वाले सभी लोगों को शुद्ध जल निशुल्क उपलब्ध हो सकेगा। यहां यह भी बता दें कि हाइड्रो एक्स कम्पनी द्वारा निर्मित आरओ प्लांट की क्षमता 800 लीटर प्रति घंटे व स्टोरेज क्षमता एक हजार लीटर की है। वाटर प्यूरीफायर का वेस्ट पानी वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक से वापस जमीन में चला जाएगा। इस अवसर पर एआरएम गोरखपुर डिपो महेश चंद्र, ऐप्रा फाउंडेशन के अतुल सराफ, सौमित्र सराफ व मधु सराफ सहित ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थिति रहे।



रेलवे बस स्टेशन परिसर में ऐश्प्रा फाउंडेशन द्वारा लगाया गया वाटर प्लांट का लोकार्पण करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, क्षेत्रीय प्रबंधक पीके तिवारी, अनूप सराफ व अन्य।

सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष ने व्यापारियों को दिए सुझाव

गोला (एसएनबी)। कस्बे के चंद चौराहे पर स्थित एक मैरेज हाल में सोमवार की देर शाम व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय ने सुरक्षा की दृष्टि से कई सुझाव दिए साथ ही अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि व्यापारी निर्भीक होकर अपना व्यापार करें। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। सुरक्षा की दृष्टि से हर प्रतिष्ठान मे सीसीटीवी कैमरे अवश्य होने चाहिए। इससे आप को व्यापार करने व किसी प्रकार की घटनाएं होने पर मामले का वर्क आउट करने में पुलिस को काफी सहूलियत मिलती है। बीते दिनों फल विक्रेता व ग्राहक के बीच हुई मारपीट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी आप लोगों को पुलिस को देनी चाहिए। एक बात का ध्यान जरूर रखें कानुन को अपने हाथ में लेने को किसी को इजाजत नहीं है। अगर किसी प्रकार की समस्या है तों पुलिस को अवगत कराएं। आप लोग ईमानदारी और सही तरीके से व्यापार करें ये आपका कस्बा है आपका नगर है आपका व्यापार है अगर आप इसे जितने अच्छे तरीके से करेंगे तो इसमें आपका ही फायदा है।

गोला कस्बे के एक मैरेज हाल में हुई व्यापारियों की बैठक



व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू यादव, विक्की चौरसिया, अभय साहू, रामपुरन गुप्ता, चन्द्रभान वर्मा, पदमाकर शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, सिन्टू जायसवाल, सभासद संदीप सोनकर, विनोद जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, हरिश्चंद्र गुप्ता, रामनेवास मौर्य, कस्तुरी जायसवाल,निक्कू कसौन,रामचरन यादव आदि सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

जगदीशपुर चौकी के क्षेत्र का होगा विस्तार

जगदीशपुर (एसएनबी)। एम्स थाना अंतर्गत जगदीशपुर चौकी की सीमा क्षेत्र बढ़ेगा जगदीशपुर चौकी पहले खोराबार थाना क्षेत्र में आता था 3 जुलाई 1923 को एम्स थाना अपने अस्तित्व में आया कई चौकी क्षेत्र के गांव थाना एम्स में आ गए हैं जिसे बड़ी कैथवलिया , छोटी कैथवलिया पिपराइच - कुसम्ही बाजार रोड के समीप पड़ता था, थाना पिपराइच की सीमा उक्त गांव तक लगती है दोनों गांव के निकट थाना पिपराइच थाना में समायोजित किए जाने से जनता के लिए सुविधा हो जायेगी।

कुसम्ही क्षेत्र के निकट आधा दर्जन गांव एम्स थाने में हो सकते हैं शामिल

इसी प्रकार जगदीशपुर चौकी अंतर्गत ग्राम कोनी खड़ाराइच खुर्द ,महुआ उर्फकटैया ,चनगहि , रझवापर ,इमलिया उर्फ विजहरा, जो थाना पिपराइच के अंतर्गत आते हैं जो कुछ भी बाजार से अति निकट हैं समस्त गांव एवं थाना के चौकी जगदीशपुर में समायोजित किए जाने की संभावना है वर्तमान समय में जगदीशपुर चौक के अंतर्गत जगदीशपुर सिसवा उर्फ चनकापुर मलमलिया मालाबार राजी मत होना आराजी मचबड़ी कैथवलिया छोटी कैथवलिया तकिया थाना खोराबार से एम्स थाना में कर दिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिली पुलिस विभाग के द्वारा जनता को हित को देखते हुए कई गांव नए थाना क्षेत्र में जुड़ेंगे और कई गांव दूसरे थाना क्षेत्र में भी जा सकता है इसके लिए विभाग के द्वारा एक प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया गया है

दुकान में घुसकर मारपीट के आरोपी का शांतिभंग में चालान

बड़हलगंज (एसएनबी)। कस्बे के कालेज रोड स्थित गंगोत्री मेडिकल एंड सर्जिकल की दुकान में रविवार की रात आधा दर्जन बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दो कर्मचारियों को मारपीट कर घायल कर दिया था, जिनमें से एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। कर्मचारी बुढ़नपुरा गांव निवासी शुभम कुमार पुत्र श्रीराम भारती व विशाल कुमार पुत्र मिश्री लाल गौतम गंगोत्री मेडिकल एंड सर्जिकल पर काम करते हैं। रविवार की रात बुलेट व अन्य बाइक सवार आधा दर्जन से बदमाश दुकान में घुसकर उन्हें व अन्य कर्मचारियों को मारा पीटा। बदमाश दुकान में तोड़फोड़ कर जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। सारा ममला सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। इस दौरान बदमाशों की बुलेट वहीं छूट गई थी जिसे पुलिस ने बरामद किया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि दबाव के बाद उसे शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया गया। इस संबंध में एसएसआई संतोष सिंह ने कहा कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। जांच के बाद मारपीट व एससीएसटी एक्ट में गिरफ्तार किया जाएगा।

सहजनवा से किशोरी बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

पीपीगंज। पीपीगंज क्षेत्र एक गांव से किशोरी को तीन दिन पूर्व युवक अपहरण कर लिया था। पीपीगंज पुलिस ने रविवार सुबह सात बजे 16 वर्षीया किशोरी तथा आरोपी युवक प्रवीण कुमार को सहजनवा में युवक के बुआ के घर से बरामद कर लिया। क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीया किशोरी को सहजनवा नगर पंचायत का वार्ड नंबर एक का युवक अपहरण कर लिया था। रविवार को किशोरी को युवक के बुआ के घर सहजनवा से बरामद कर लिया।

महिला पर जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

डोहरिया बाज़ार (एसएनबी)। चिलुआताल थाना अर्न्तगत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा भिटनी में रविवार की रात बच्चों के साथ सो रही महिला के उपर गाँव के ही युवक द्वारा धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया था। जिसमें पिड़िता के पिता मुस्तफा की तहरीर के आधार पर पुलिस धारा 307, 504 व 506 आइपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। स्थानीय थाना के मजनू चौकी अंतरर्गत ग्राम सभा भिटनी निवासी फातिमा (30) पत्नी उजैर आलम रविवार की रात अपने छत पर बच्चो के साथ सोई थी। देर रात गाँव का ही युवक नसीम उर्फ भूअर पुत्र मुमताज बिजली के पोल के सहारे उसकी छत पर चढकर धारदार हंसिए से गले पर वार कर दिया। जिससे गले में गहरा घाव बन गया। पीड़िता के शोर मचाने पर जब तक अगल बगल के लोग पहुंचे तब तब युवक फरार हो गया। मजनू चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह अपने दल बल के साथ आरोपित को भन्डारो अन्डर पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि महिला पहले उससे बात करती थी लेकिन अब बात नहीं कर रही थी। जिससे नाराज होकर उसने महिला पर हमला किया है।

शराब देने से मना करने पर मुनीब को पीटा

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के मुनीब ने सोमवार की रात 10 बजे के बाद शराब देने से मना कर दिया । युवक ने मुनीब की पिटाई शुरू कर दी । भूजा बेचने वाले का सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है । भटहट बांस स्थान मार्ग पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर महाराजगंज जनपद निवासी राकेश चौहान मुनीब के रूप में काम करता है । मुनीब ने तहरीर देकर बताया है कि रात 10 बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहा था । अंडा बेचने वाला परसौना निवासी शिवम शराब मांगने लगा । मुनीब ने दुकान बंद होने का हवाला देकर शराब देने से मना कर दिया। शिवम ने मुनीब पर हमला बोल दिया। पिपराइच थाना क्षेत्र के चकियां निवासी उमाशंकर मद्धेशिया बीच बीच बचाव करने पहुंचे। शिवम ने ईंट से उनका सिर फोड़ दिया।

13 साल से फरार चल रहा आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ा

गोरखपुर (एसएनबी)। जानलेवा हमला की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में वांछित 13 साल से फरार चल रहा था। राजघाट पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मंगलवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि राजघाट क्षेत्र के खुर्रमपुर निवासी सुमित वर्मा उर्फ अमरनाथ वर्मा पुत्र उपेंद्रनाथ वर्मा पर वर्ष 2010 में राजघाट थाने में जानलेवा हमला की कोशिश समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज था। आरोपी तभी से फरार चल रहा था। कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी होने के साथ कुर्की की नोटिस भी जारी हो चुका था। इसके बावजूद वह फरार चल रहा था। सोमवार को वह अपने परिवार से मिलने पहुंचा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली में रह रहा था। वह मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं कर रहा था। उसके खिलाफ वर्ष 2009 में राजघाट थाना व कोतवाली थाना में केस दर्ज था।

32 घंटे बाद मिला सरयू में डूबे यशराज का शव

बड़हलगंज (एसएनबी)। मुक्तिपथ स्थित रामकवल शाही घाट पर सरयू में डूबे कावड़िया/छात्र यशराज का शव 32 घंटे बाद मंगलवार की शाम चार बजे मुक्तिपथ के पूरब स्थित लकड़ी टाल के पास उतराता मिला। शव की पहचान पिता अनिल वर्मा ने की। शव देखते ही पिता दहाड़े मारकर रोने लगे। मृत्यु के बाद भी यशराज की कलाई में घड़ी बंधी मिली। मंगलवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की दो टीम नदी में 10 किमी के इलाके में खोज में जुटी थी। अपने स्टीमर से पानी को लगातार उछाल रही थी। इस बीच शाम चार बजे मुक्तिपथ से 50 मीटर की दूरी पर एक शव ऊपर आ गया। घाट पर रह रहे गोपाल साहनी व जयराम साहनी नाव से शव को किनारे ले आए। शव की पहचान यशराज के रूप में की गई। मृतक के पिता व रिस्तेदारों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा आदि की औपचारिकता पूरी कर शव को परिवारीजनों को सौंप दिया। मुक्तिपथ पर ही मृतक यशराज का अंतिम संस्कार किया गया।

गैंगस्टर में वांछित पशु तस्कर धराया

गोरखपुर । उप्र गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे पशु तस्कर को उरुवा बाजार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकुश उर्फ परमहंश उर्फ प्रभुनाथ पुत्र राम औतार निवासी धुरियापार थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में थानाध्यक्ष उरूवा बाजार जटाशंकर, एसआई विनय पाण्डेय, आरक्षी साहबलाल, आरक्षी राम प्रवेश चौहान एवं महिला आरक्षी प्रिया सिंह शामिल रहीं।

चोरी की बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम समीर गौड़ पुत्र जितेंद्र गौड़ निवासी चंवरिया खुर्द थाना गगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमा की धारा 379 व 411 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई विशाल कुमार उपाध्याय, आरक्षी मनीष यादव व आरक्षी राहुल कुमार यादव शामिल रहे।

दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोला। पुलिस ने मंगलवार को वांछित चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे दर्ज मुकदमे की धारा 363, 366, 376, 3/4 पाक्सो एक्ट में चालान कर जेल भेजवा दिया। गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय ने बताया कि आरोपित बड़हलगंज के कुटिया मुहल्ला निवासी नूर आलम के खिलाफ क्षेत्र की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

सास और पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

भटहट (एसएनबी)। पिपराईच थाना क्षेत्र के अमवां निवासी एक महिला की तहरीर पर उसके पति एवं सास के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़िता रीमा यादव ने तहरीर देकर बताया है कि चार वर्ष पहले उसकी शादी पिपराइच थाना क्षेत्र के अमवां निवासी उमेश यादव पुत्र रघुवंश यादव से हुई थी। पीड़िता के माता-पिता ने ससुराल वालों की मांग पर तीन लाख नगद, बेड, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर व अन्य घरेलू उपयोग के सामान के साथ सोने का हार समेत अन्य जेवरात देकर विदा किया था। कुछ दिनों बाद पति उमेश व सास कतवारी देवी का व्यवहार बदल गया और कम दहेज का ताना देते हुए पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता की सास यह कहकर ताना मारती थी कि इकलौता लड़का है कहीं और शादी करते तो ढेर सारा दहेज मिलता। तुम अपने परिवार वालों से पाँच लाख रुपया मांग कर ले आओ।

मासूम बेटे को जबरन उठा ले जाने का भी पति पर आरोप

पीड़िता मायके वालों के माली हालात का हवाला देते हुए पैसा मांगने से इंकार करती तो भूखा रखते थे। दो वर्ष पहले पीड़िता के पति व सास उसका सारा जेवर छीनकर मारपीट कर दुधमुंहे बच्चे के साथ घर से भगा दिया। कुछ दिनों के बाद पीड़िता मायके में घर में अकेली थी। पति उमेश उसके दुधमुंहे पुत्र सोनू को उठा ले गया। पीड़िता ने बच्चे को मांगा तो पति देने से इंकार कर दिया। पीड़िता को डर है कि उसके पुत्र के साथ कोई अनहोनी घटना न हो जाए।

पीड़िता का आरोप है कि पति ने दूसरी शादी अवैध रूप से कर लिया है। उसकी दूसरी पत्नी पुत्र सोनू की हत्या कर सकती है। पुलिस पीड़िता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

युवक को बंधक बनाकर पीटा, परिजनों से धनउगाही

झंगहा (एसएनबी)। खोराबार और झंगहा थाना क्षेत्र के सिवान गोपाला मंदिर क्षेत्र में एक युवक को अगवा कर और बंधक बनाया गया। उसकी पिटाई करने के बाद उसके परिजनों से हजारों रूपए की धनउगाही किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मौका पाकर युवक बदमाशों के चंगुल से भाग निकला और एक मंदिर पर पहुंचकर साधुओं के माध्यम से अपनी जान बचाने में सफल रहा। पीड़ित युवक कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र निवासी राहुल शर्मा है।

इंस्टाग्राम पर आरोपितों में से एक से हुई थी दोस्ती

झंगहा और खोराबार थाना क्षेत्र के सिवान की है घटना

पीड़ित राहुल शर्मा पुत्र बेगूलाल शर्मा ने बताया कि वह ग्राम बहुवास थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर का रहने वाला है। उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम से कुछ लोगों से हुई थी। गत सप्ताह इंस्टाग्राम मित्र द्वारा जन्मदिन होने और उसमें शरीक होने को लेकरआमंत्रित किया गया था। सोमवार शाम मोतीराम तक साधन से पहुंचा। जहां उसका इंस्टाग्राम मित्र गाड़ी से पहुंचा और घर ले जाने के बहाने उसे इस क्षेत्र में ले आया।

यहां पहले से दो और लोग मौजूद थे। जिन्होंने उसे बंधक बना लिया और मेरे ही मोबाइल के द्वारा फोन कर परिजनों और मित्रों से पैसे की मांग किया। कुछ लोगों द्वारा पैसे भेजे भी गए। उनके मनमुताबिक पैसे न मिलने पर चाकू की नोक पर मुझे मेरे चाची को फोन कराया गया। जिनसे हास्पिटल में मेरे भर्ती होने का बहाना बनाकर10000 की मांग की गई। रात में ही इन तीनों में से एक व्यक्ति द्वारा मेरे चाची जो हाटा के पास रहती है के पास जाकर पैसे लिया गया। पैसे मिलने पर बंधक बनाने वाले दूर जाकर आपस में बात करने लगे। इस दरमियान वह मौका पाकर वहां से भागने में सफल हो गया। उस वीराने में मंदिर की ऊंची लाइट और कुछ लोगों के होने की उम्मीद के साथ वह मंदिर के पास पहुंच गया। जहां खून से लथपथ अवस्था को देखते हुए वहां स्थित साधुओं द्वारा उसे आश्रय दिया गया। सवेरे अन्य लोगों के आने के बाद उनके फोन से घर पर फोन किया गया और परिजनों के आने के बाद 112 नंबर पुलिस को भी सूचित किया गया। इस संबंध में थाना झंगहा और खोराबार से संपर्क करने पर पता चला कि इस बाबत कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।

यहां मंदिर क्षेत्र में हो चुकी हैं पूर्व में भी घटनाएं

10 दिन पूर्व सलेमपुर के एक व्यक्ति को इसी क्षेत्र में चाकू मारकर अधमरा स्थिति में फेंक दिया गया था। इसके अलावा बलिया जनपद निवासी आयुष कुमार सिंह को को भी गौरी बाजार से अगवा कर इसी क्षेत्र में धन उगाही किया गया। वह भी किसी तरह बचते हुए मंदिर तक पहुंच कर अपनी जान बचा सका था। इसके अलावा एक महिला के साथ ही इस तरह की वारदात होना बताया गया। बताया गया एक मामले में देवरिया के गौरीबाजर थाने में तहरीर दी गई है।

छत पर सो रही महिला पर चाकू से हमला, आरोपित हुआ अरेस्ट

GORAKHPUR (21 Aug): छत पर बच्चों संग सो रही महिला पर गांव के ही युवक ने चाकू से हमला कर दिया. उसके शोर मचाने पर धमकी देते हुए फरार हो गया. गंभीर स्थिति में स्वजन महिला को जिला अस्पताल ले गए, जहां से बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया. पिता की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. गीडा के नगवा में रहने वाले मुस्तफा ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बेटी फातिमा की शादी भिटनी गांव के उजेर आलम से की है. बच्चों के साथ फातिमा घर पर रहती है. मुंबई में उजेर नौकरी करते हैं. गांव का रहने वाला नसीम परिवार से रंजिश रखता है. सोमवार की भोर में वह चाकू लेकर छत पर चढ़ गया और हमला कर दिया.

खड़ी स्कार्पियो में बस ने मारी ठोकर, बाल-बाल बचे लोग

चरगावां (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सराय गुलरिहा पेट्रोल पंप के सामने फोरलेन के विपरीत लेन में खड़ी एक स्कर्पियो गाड़ी को रोडवेज ने ठोकर मार दी। जिससे दोनों गाड़ियों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगो ने रोडवेज का पीछा किया तो चालक 100 मीटर दूर गाड़ी खड़ी करके फरार हो गया। बूढ़ाडीह निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामभोग सिंह,सुरेंद्र कुमार ग्राम प्रधान के साथ मंगलवार दोपहर अपनी स्कार्पियो गाड़ी से सराय गुलरिहा गए थे।



चरगावां में चार पहिया वाहन को बस ने मारी ठोकर।

स्कार्पियो को पेट्रोल पंप के सामने फोरलेन के विपरीत लेन में खड़ी करके कंप्यूटर की दुकान पर कुछ कागजात प्रिंट करा रहे थे कि महराजगंज की तरफ से गोरखपुर की तरफ जाती रोडवेज गाड़ी ने ठोकर मार दी। ठोकर इतना तेज रहा कि स्कार्पियो अपने उल्टे दिशा में घूम गई। रोडवेज चालक गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया तो आसपास के लोगो ने पीछा किया तो चालक 100 मीटर आगे गाड़ी रोड पर खड़ी करके फरार हो गया। दोनो गाड़ियों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के समय स्कार्पियो में कोई सवार नही था। वही रोडवेज में सवार सभी यात्री सुरक्षित है। गुलरिहा पुलिस रोडवेज गाड़ी को कब्जे में ले ली है।

चार दिन में पांच लूट करने वाले तीन को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर(एसएनबी)। शाहपुर थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ लूट की वारदात को अंजाम देकर सनसनी मचाने वाले तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने मंगलवार को ईस्टर्नपुर प्रिंसेज लान के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लूट का छह मोबाइल व घटना में इस्तेमाल बाइक एवं स्कूटी बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों एक बाल अपचारी है। पुलिस ने दो बदमाशों को कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया ।



शाहपुर लूट कांड में पकड़े गये अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। फोटो : एसएनबी

शाहपुर में चार दिन में पांच लूट की घटनाओं का मंगलवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 17 अगस्त को आम बाजार अस्पताल के पास, 18 अगस्त को शताब्दीपुरम तिराहे से एक महिला से, उसी दिन पादरी बाजार नारायणपुरम कालोनी में, 19 अगस्त को संगम चौराहा से और 20 अगस्त को फातिमा अस्पताल के पास नर्स से बाइक सवार एक बदमाश ने मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दिया था।

पुलिस इन सभी मामलों में केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। त्रिनेत्र कैमरे की मदद से बदमाशों की बाइक व स्कूटी की पहचान कर शाहपुर इंस्पेक्टर शशिभूषण राय के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से बदमाशों के पादरी बाजार के पास ईस्टर्नपुर के पास होने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए शाहपुर थानेदार ने मौके पर पहुंच कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट में शामिल बाइक व स्कूटी बरामद कर उनके निशानदेही पर लूट का छह मोबाइल भी बरादम किया है। बदमाशों ने लूट की एक मोबाइल को बेच दिया था। पकड़े गए बदमाश में एक नाबालिग है। जबकि दो बदमाशों में से एक की पहचान कुशीनगर जिले के अहिरौली क्षेत्र के मोतीपाकड़ निवासी विशाल भारती पुत्र रामधनी भारती के रूप में हुई। वह पादरी बाजार में किराये के कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है। दूसरा शाहपुर क्षेत्र के पादरी बाजार, भिटौलिया निवासी संदीप कुमार पुत्र बीरू राजभर के रूप में हुई।

रहस्यमय हालात में विवाहिता की मौत

टिकरिया रोड (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमौरा के पतरकी टोला में एक विवाहिता की रहस्यमय हालात में मंगलवार को मौत हो गयी। ससुराल के लोगों ने मायके के लोगों को बताया कि विवाहिता ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। इससे पहले कि मायके के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचती ससुराल के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। विवाहिता की भाभी ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

फंदा लगाकर खुदकुशी की बात ससुराल के लोगों ने बताई

मायके के लोगों के पहुंचने के पूर्व ससुराल के लोग फरार

विवाहिता की भाभी ने हत्या किए जाने का लगाया आरोप

करमौरा के पतरकी टोला निवासी कन्हैया निषाद की शादी पिपराइच थाना क्षेत्र के चक जलाल निवासी प्रेमशीला से लगभग 18 महीना पहले हुई थी। मंगलवार अपराह्न चार बजे विवाहिता प्रेमशीला ने अपने भाई और बहन को फोन करके बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट किया है। इसके उपरांत विवाहिता प्रेमशीला की रहस्यमय हालात में ससुराल में मौत हो गयी। ससुराल में प्रेमशीला की मौत की सूचना मिलने पर उसके भौजाई और बहन अन्य लोगों के साथ गांव पहुंचे। मृतका का शव घर के बरामदे में देख कर मायके वालों ने उसकी हत्या होने की आशंका जताते हुए पुलिस को जानकारी दिया। मृतका की अभी कोई संतान नहीं थी। उसका पति कन्हैया निषाद पत्नी के साथ जम्मू एण्ड कश्मीर में रहता था। वहीं पेन्ट पालिश का काम करता था। तीन दिन पहले जम्मू एण्ड कश्मीर से पत्नी के साथ घर लौटा था। मृत महिला की भाभी शशिकला पत्नी वृजेश सहानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके ननद की रहस्यमय हालात में मौत हुई है। नाक से रक्तस्राव होने के कारण हत्या की आशंका जाहिर किया है। घटना स्थल पर सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक व इंस्पेक्टर जेएन शुक्ल ने पहुंचकर जांच की। पुलिस मृतका की भाभी शशिकला से तहरीर लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मृतका के पति कन्हैया निषाद को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

खतरनाक है इस उम्र में MATURITY

newsroom@inext.co.in

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस बंगलुरू के प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार शर्मा ने 13 अगस्त को एक चौंकाने वाला फैक्ट शेयर किया है. इसके अनुसार पॉर्न विक्टिम देखने के फर्स्ट एक्सपीरिएंस की एवरेज एज 13 साल है. अथॉरिटीज की तरफ से पॉर्न कंटेंट, रील्स और गेम्स की रीच रोकने के लिए लगातार 'बैन' किये जा सकने वाले प्लेटफॉर्म को आईडेंटीफाई करके एक्शन लिया जा रहा है. इससे क्यूरिऑसिटी का लेवल हाई हो रहा है. वह सर्च में जा रहा है. इंटरनेट मीडियम की खासियत यह है कि वहां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का रोल बढ़ा हो गया है. एक बार कुछ भी सर्च में आ गया तो उससे मिलता जुलता कंटेंट आटो मोड में प्रमोशन के रूप में आने लगता है. प्री टीन एज ग्रुप और टीनएजर्स को समय से पहले ही मेच्योर हो रहे हैं. इसके पीछे कौन-कौन से फैक्टर्स काम कर रहे हैं? आज हम इसी पर बात कर रहे हैं.

FAKE FRIENDS



टीन्स ऐसे हैं, जिन्होंने एक्सीडेंटली पॉर्न विक्टिम देखी है



टीन्स ऐसे हैं जो सोशल मीडिया पर रोजाना 8 घंटे बिताते हैं



टीन्स व बच्चे ऐसे हैं जो तीन घंटे तक टाइम सोशल मीडिया पर स्पेंड करते हैं



टीन्स व इससे नीचे के एज ग्रुप के लोग सोशल मीडिया पर 6 घंटे से ज्यादा रहते हैं

(सोर्स एसोचैम)

कैसे बचा सकते हैं टीनएजर्स को

- आपने मेंत आईडी से लॉगिन की गयी डिवाइस का इस्तेमाल करने की कभी कोशिश टीनएजर्स को बिल्कुल न दें
- वर्तमान समय में कोई भी एंड्रायड मोबाइल फोन बिना मेंत आईड के लॉगिन नहीं हो सकता है
- बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए दे रहे हैं तो उस डिवाइस को लॉगिन भी बच्चे की मेंत आईडी से ही करें
- आपको अपने मेंत आईडी में भी तो बच्चे के गार्जियन के रूप में ताकि उसके सर्च की हिस्ट्री आपके एसेस एरिया पर हो

पहुंच जाएगा नोटिफिकेशन

- टीनएजर की मेंत आईडी का इस्तेमाल किये जाने पर गूगल या फिर कोई भी दूसरी साइट उसके एज ग्रुप के अनुसार से कंटेंट तक रीच की परमिशन देगी
- कोई अपनी तरफ से किसी साइट को सर्च करने की कोशिश करेगा तो उसका नोटिफिकेशन आपके फोन पहुंच जाएगा
- यह स्थिति किसी भी दूसरी डिवाइस पर बच्चे की अपनी मेंत आईडी से लॉगिन करने पर भी होगी





बच्चे व टीन्स ऐसे हैं जिनकी सोशल मीडिया पर एक्टिविटी एक घंटे तक की है

पैरेंट्स ऐसे हैं जिन्हें नहीं पता कि उनका बच्चा किसी डिवाइस पर क्या सर्च कर रहा है



GORAKHPUB CALLING!

इन्हें व्हाट्सएप करें 9424322370

आपको भी लगता है कि प्री टीन और टीन एज ग्रुप समय से पहले मेच्योर हो रहा है. हां तो उन्हें सही रास्ते पर लाने का तरीका क्या हो सकता है?

बीते तीन साल में ज्यादा प्रचलन

- कोरोना काल में परिस्थितियां पूरी तरह से बदल चुकी हैं.
- पैरेंट्स की मजबूरी हो गई कि वह बच्चों को न सिर्फ डिवाइस उपलब्ध कराएं बल्कि उन्हें इंटरनेट का एसेस भी दें.
- स्कूल और पैरेंट ने एक कदम प्री टीन और टीनएजर्स की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए उठाया था.

फिजिकल मिलना जुलना हो गया बंद

- कॉलेज दो साल बच्चे स्कूल नहीं गये. फिजिकल मिलना जुलना और गेम्स बंद हो गये.
- उन्हें रीत्स बनाने की लत लगी. एडल्ट कंटेंट तक रीच हो गयी.
- वह खुद इसमें इन्वाल्व होने लग गये. नतीजा उनका मेच्योरिटी लेवल इंप्रोव करने लग गया.
- अब उसका दूसरा बैक साइड दिखायी देने लगा है. बच्चों के पास उपलब्ध डिवाइस में भी एडल्ट कंटेंट होता है. वेबसीरीज वे खुलेआम देख रहे हैं जहां एडल्ट कंटेंट प्रचलन है.

डॉ कमलेश तिवारी
मनोचिकित्सक, कंसल्टेंट, एमएलएन अहेड, प्रयागराज

इसे सोशल मीडिया का हॉट डैक कहेंगे

- कोरोना काल में सभी एज ग्रुपके हाथ में एक डिवाइस थी.
- पैरेंट्स भी घर पर थे तो उन्होंने बच्चों की उस इतिमा की परवाह शुरू कर दी जिसमें इंटरटेनमेंट का भी एलीमेंट हो.
- वीडियो बनायी जाने लगी. इस वीडियो को वायरलाइज करने के लिए सोशल मीडिया के यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स प्रचलन हो गये.
- पैरेंट्स ने भी बच्चों को मोटीवेट किया कि वे अपनी एक्टिविटीज को रिकॉर्ड करें और सोशल मीडिया पर डॉट करें.
- इस दौर में अच्छी पोस्ट भी आयी. इन्हें सराहा गया. लाइक, कमेंट और शेयर का तानबाना मजबूत हो गया.

भूल गये थे मॉनीटर करना

- यहां तक तो पैरेंट का अटेंशन बच्चों के साथ रहा लेकिन इसके बाद वे भूल गये कि अपने मॉनिटरिंग भी करनी है.
- किसी ने ध्यान दिया ही नहीं कि उनका खुद का बच्चा क्या सर्च करने लगा है.
- बिना किसी परमिशन के पास उसके पास क्या कंटेंट पहुंचने लग है. टीनएज में क्यूरिऑसिटी का लेवल बेहद हाई होता है तो बच्चों ने चोरी छिपे वह भी देखना शुरू कर दिया.
- अब भी पैरेंट अपनी सबसे बड़ी समस्या यह बताते हैं कि इन्हें सब पता है कि बच्चा क्या देख रहा है, लेकिन डिस्कस इस बात की है कि उससे बात करने की शुरुआत कहां से करें.

डॉ राकेश पासवान
मनोचिकित्सक, कलिंगन हॉस्पिटल प्रयागराज

एआई प्ले कर रहा इमोशंस रोल

- कनेक्शन डीर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर फोकस ज्यादा है. इंटरफेसिंग तक इसे कॉल्स का पार्ट बना दिया गया है.
- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के चलते आप सर्च वहां जो सर्च करें उस पर चलने वाली मार्केट कैपेन का कंटेंट वही होगा जो आपने पहले कभी सर्च किया होगा.

आसान है पॉर्न कंटेंट तक रीच

- समथ पॉर्न कंटेंट भी होता है और सेक्स से जुड़े वर्कशॉप्स होते हैं.
- प्री टीन एजग्रुप का हो या फिर टीनएज ग्रुप का बंदा, इस तरह के कंटेंट पर बात अपने सर्कल में से कर सकता है.
- उसकी एज ग्रुप में लाइक, कमेंट और शेयर कंप्टीशन के लेवल पर फुदु गया है. इस वजह से बॉर्डर लाइन कब क्रास हो गयी इसका उसे भी अंदाजा नहीं लगता.
- इसके मन में कोई क्यूरिऑसिटी जगी है तो वह उसके बारे में और जानने चलता है.
- इंटरनेट वेडियम पर यह संभावना बिन किसी रोक टोक के उपलब्ध है तो वहां गुंजइश ज्यादा है.
- स्क्रीन टाइम का लगातार इंक्रीज करना भी इसका पार्ट है.

जय सिंह पटेल
साइबर एक्सपर्ट



ऑटीटी का रोल भी कम नहीं


ऑटीटी एंड प्लेटफॉर्म्स हैं जहां क्लीयर कंटेंट लबदा होता है. जनुएरी के सब महीनों भी दी जाती है. प्रयागराज में पिछले दिनों कई स्कूलों के सामने बनावटी की घटनाएं सामने आयीं. टेंशन हुई तो पता चला कि स्कूल के छात्रों ने समूह बना रखा है, वह ठोस दिखाने के लिए ऐसा कर रहे हैं. इसके लिए वह ऑटीटी से इंस्पायर हुए थे. ऐसे में छात्रों का ग्रुप पकड़ा गया तो पता चला कि वह समय से पहले ही ज्यादा एडल्ट हो चुके हैं.

OTT



टीनएजर्स के मेच्योर बिहेवियर से जुड़ा केस रिपोर्टेड नहीं है. टीनएजर्स ने इलाहाबाद में व्हाट्सएप पर गैंग बनाकर क्रिमिनल एक्टिविटीज में इन्वाल्व होने का मामला सामने आ चुका है. लेकिन, इसे रिपोर्ट साइबर क्राइम के रूप में नहीं किया गया है. हमारे पास रिपोर्टेड केसेज में ज्यादातर साइबर क्राइम के ही है.

अतुल खादव, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना, प्रयागराज



(सोर्स यू रिसर्च सेंटर, अमेरिका)

गेम्स जो बैन कर दिये गए

Criminal Girls: Invite Only
- Banned due to a narrative that justifies rape and is presented solely for titillation.

Gal*Gun: Double Peace
- Banned due to images of young persons in sexual situations as well as depictions of non-consensual sexual activity. Passed R18+ uncut in Australia.

RapeLay
- Banned due to the exploitation of young persons for sexual purposes, and the use of violence to compel a person to submit to sexual conduct.

Three Sisters' Story
- Banned due to the use of sexual violence in gameplay to arouse the player.



कहीं आपके बीच ही तो नहीं हत्यारे!

CASE 01

गगहा एरिया में 19 अगस्त को एक युवक की गला रेतकर हत्या की गई और उसका शव सड़क किनारे फेंक दिया गया. पुलिस जांच में पता चला कि चौबेपुर टोला निवासी मृतक 58 वर्षीय शंकर निषाद की हत्या उनके ही साथी राजू ने की थी. आरोपित राजू ने बताया कि शंकर ने उससे एक हजार रुपए उधार लिए थे और उसने कहने के बाद भी शराब नहीं पिलाई थी. इसलिए उसकी चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी. राजू ने यह भी बताया कि हत्या के बाद बचने के लिए शंकर के परिवार को झूठी सूचना दी कि मृतक का संदीप से झगड़ा हो गया है. लेकिन पुलिस जांच में राजू का झूठ पकड़ा गया. सोमवार को पुलिस ने राजू को अरेस्ट कर जेल भिजवाया.

CASE 02

चौरीचौरा थाना के देवीपुर में 30 जुलाई को दिव्यांग सुरेन्द्र को जलाकर मार डाला गया. इस मामले में परिवार ने प्रधान और उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया. इस आधार पर पुलिस ने प्रधान पति को तत्काल अरेस्ट भी कर लिया. प्रधान पति का भाग्य अच्छा था कि उनके घर पर सीसीटीवी कैमरा लगा था. जिसकी मदद से प्रधान पति निर्दोष साबित हुआ.

वही पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि प्रापर्टी को हड़पने के लिए चाचा और सगे भाइयों ने मिलकर दिव्यांग सुरेन्द्र को जलाकर मारा था. किसी को शक ना हो इसके लिए वह दाह संस्कार कर ब्रह्मभोज की तैयारी में जुट गए.

CASE 03

हरपुर बुदहट में 21 जून की देर रात 40 वर्षीय युवती की सिर कूचकर हत्या कर दी गई. पुलिस जब वहां पहुंची तो आरोपी चंद्रशेखर उर्फ नवीन भी भीड़ में खड़ा था. नवीन के सामने ही पुलिस ने डॉग स्कॉवयड टीम को बुलाया. नवीन को लगा कि डॉग कहीं सूंघकर उसे पकड़ ना लें इसलिए वह वहां से फरार हो गया. पुलिस की जांच में पता चला कि दिव्यांग युवती से नवीन के मधुर संबंध थे. किसी बात को लेकर 21 जून को दोनों के बीच झगड़ा हुआ तो नवीन ने उसके सिर पर वार कर दिव्यांग की जान ले ली. शक ना हो इसलिए सुबह कपड़े बदलकर वह शोक सभा में भी शामिल हो गया. फिलहाल पुलिस ने उसे खोज निकाला और अरेस्ट कर जेल भिजवाया.

iALERT



gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Aug): गोरखपुर में हत्या के अभियुक्त बड़े फिल्मी हैं. ये हत्या जैसी बड़ी घटना को अंजाम देकर भागना पंसद नहीं करते. यह तो जान भी लेते हैं बचने के लिए मृतक की मौत का शोक भी मनाते हैं. हाल फिलहाल में कई ऐसी हत्या की वारदात हुई, जिसमें हत्यारोपियों ने बचने के लिए यह हथकंडा अपनाया. लेकिन 'अपराध करके बचना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है' इसलिए पुलिस के आगे उनका यह फिल्मी अंदाज फेल साबित हुआ और गिरफ्तार कर जेल भेजे गए. अब तो हत्या की वारदात के बाद पुलिस शोक में शामिल संदिग्धों को चिन्हित कर उन्हें ट्रेस कर रही है.

हो रहा रिश्तों का कत्ल

वर्तमान समय में गैंगवार, ठेकेदारी या माफियागिरी में हत्याएं नहीं हो रही हैं. इस समय अधिकतर हत्या की वारदात में मृतक का कोई खास संबंधी ही शामिल रह रहा है. जो बड़े सफाई से हत्या कर सबूतों को नष्ट कर खुद भी दुख में शामिल हो जा रहा है, ताकि उसकी तरफ किसी का शक ही ना जाए.



वर्तमान समय में हत्या की घटनाएं मधुर संबंध में खटास आने की वजह से ही हो रही है. आरोपित बचने के लिए नया-नया हथकंडा भी अपना रहे है. लेकिन पुलिस हर दिशा में जांच करती है. पुलिस की प्राथमिकता होती है कि कोई निर्दोष बेवजह परेशान ना हो.

मनोज कुमार अवस्थी,
एसपी नॉर्थ

लुटेरे लगाए हैं घात, देखकर रोड पर करें मोबाइल से बात

शाहपुर में चार दिन में पांच लूट करने वाले तीन लुटेरे पकड़ाए

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Aug): गोरखपुर महिलाएं कृपया ध्यान दें, अगर आप सड़क पर बड़े आराम से मोबाइल से बात करते हुए इधर-उधर आ जा रही हैं, तब सावधान हो जाइए, आपके हाथ से भी लुटेरा मोबाइल छिन सकता है. सुनसान सड़कों पर लुटेरों का मेन टारगेट खास तौर से महिलाएं या कॉलेज गोईंग गर्ल्स होती हैं. शाहपुर में चार दिन में पांच लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक बाल अपचारी समेत दो लुटेरों को पुलिस ने अरेस्ट किया है. जिन्होंने चौंका देने वाली बातें बताई.

यहां की थी लूट

- 17 अगस्त को आम बाजार अस्पताल के पास मोबाइल लूट
- 18 अगस्त को शताब्दीपुरम तिराहे पर एक महिला से मोबाइल लूट
- 19 अगस्त को संगम चौराहे के पास मोबाइल लूट
- 20 अगस्त को फातिमा अस्पताल के पास मोबाइल लूट
- 18 जुलाई को पादरीबाजार नारायणपुरम कालोनी में मोबाइल लूट
- साहबगंज में एक लड़की से मोबाइल लूट



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित.

बाल अपचारी करता है रेकी

पुलिस ऑफिस में पांच लूट का खुलासा करते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने एक बाल अपचारी समेत दो लुटेरों को ईस्टर्नपुर प्रिन्सेज लान के पास से अरेस्ट किया. इनकी पहचान कुशीनगर के विशाल भारती और संदीप कुमार के रूप में हुई. एसपी सिटी ने बताया कि बदमाशों ने छह लूट की घटना को अंजाम दिया है. इसमे पांच शाहपुर में हुई हैं. इसमें सरगना विशाल है. सरगना विशाल सड़क पर टारगेट तलाशता है. जब कोई महिला या लड़की सड़क पर अकेली मोबाइल से बात करते हुई दिखती है तो उसे टारगेट बनाता है. उस समय बाल अपचारी के साथ संदीप सड़क पर निगरानी करते हैं, कहीं कोई पुलिस की गाड़ी तो नहीं आ रही है. टारगेट पूरा करने के बाद सरगना दोनों साथियों को भी कॉल कर बताता है कि काम हो गया.

रिश्तेदार की गाड़ी से लूट

एसपी सिटी ने बताया कि लुटेरों के पास से 6 मोबाइल मिले हैं. जिसमे 4 मोबाइल की पहचान हो गई है. दो और मोबाइल के ओनर की तलाश की जा रही है.

पकड़े गए लुटेरों के पास से बाइक और स्कूटी भी बरामद हुई है. इन गाड़ियों से ही सरगना विशाल लूट की घटना को अंजाम देता था. यह गाड़ियां उसके रिश्तेदार के नाम से है.

लूट के एक आरोपित को दबोचा, 3 फरार

खोराबार। क्षेत्र के अकटहवा निवासी सोनू यादव को सोमवार की शाम करीब चार बजे गांव के चार युवकों द्वारा गांव से बाहर बुलाकर मारपीट कर रकम व गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो जाने का मामले में खोराबार पुलिस मंगलवार को शाम 5 बजे एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि केस दर्ज नहीं हुआ है।

खोराबार क्षेत्र के भैसहा के अकटहवा टोला निवासी सोनू यादव को गांव के युवकों ने सोमवार शाम करीब 4 बजे गांव के बाहर बुलाया। वहां पहुंचा तो पहले से मौजूद युवकों साथ उक्त लोगों ने धमकी देते हुए पास में रखा 40 हजार रुपये नगद व गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने 112 पीआरबी पुलिस को घटना के बारे में सूचना दी।

तीन लुटेरों को पुलिस ने दबोचा



पादरीबाजार। शाहपुर थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ लूट की घटना को अंजाम देकर सनसनी मचाने वाले तीन शातिर लुटेरों को मंगलवार को पुलिस ने ईस्टर्नपुर प्रिंसेज लॉन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लूट के छह मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक एवं स्कूटी बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों एक बाल अपचारी है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पांच लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि 17 अगस्त को आम बाजार अस्पताल के पास, 18 अगस्त को शताब्दीपुरम तिराहे से एक महिला से, उसी दिन पादरी बाजार नारायणपुरम कॉलोनी में, 19 अगस्त को संगम चौराहा से और 20 अगस्त को फातिमा अस्पताल के पास नर्स से बाइक सवार एक बदमाश ने मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी।

महिला पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

चिलुआताल। मंजनू चौकी क्षेत्र के भिटनी में रविवार रात महिला पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

भिटनी निवासी फातिमा (30) पत्नी उजैर आलम रविवार रात अपनी छत पर बच्चों के साथ सोई थी। देर रात गांव का ही नशीम उर्फ भुअर पुत्र मुमताज बिजली के पोल के सहारे उसकी छत पर चढ़ गया और हंसिए से उसके गले पर वार कर दिया। इससे वह घायल हो गई।

मनमाने तरीके से चल रहे हैं स्कूली ऑटो, कोई रोक-टोक नहीं

रस्सी से स्टार्ट करते हैं ऑटो आगे का शीशा भी गायब





सिविल लाइंस रोड पर रस्सी के सहारे ऑटो स्टार्ट करता चालक।

दृश्य 1 सिविल लाइंस एरिया का आरटीओ कार्यालय, समय- 1.30 बजे। एक ऑटो वाला रस्सी से ऑटो को स्टार्ट कर रहा था। उसमें 12 बच्चे बैठे हुए थे। कुछ देर तक रस्सी से प्रयास करने के बाद किसी तरह ऑटो स्टार्ट हुआ। इसके बाद बच्चों को लेकर वह रवाना हुआ।

दृश्य 2 पार्क रोड पर एक ऑटो 11 बच्चों को लेकर सड़क पर फर्राटा भरते नजर आया। उस ऑटो के सामने का शीशा ही गायब था। ऑटो को रोक कर जब चालक से जब पूछा गया तो बताया कि कुछ दिन पहले टूट गया था। कुछ पैसे का इंतजाम हो जाएगा तो एक-दो दिन में लगवा लेंगे।

> अभियान चलाकर फिटनेस कराया जाएगा। जर्जर वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों को भी पत्र जारी किया जाएगा कि वे वाहनों का फिटनेस समय से करा लें।
>
> - **अरुण कुमार**, एआरटीओ

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। स्कूल वाहनों में सिर्फ मानक से अधिक बच्चों को बैठाने की ही समस्या नहीं है, कुछ ऑटो ऐसे हैं जिन्हें देखकर ही आप डर जाएंगे। सिविल लाइंस क्षेत्र में स्कूली बच्चों को ले जाने-ले आने वाले कई ऐसे ऑटो हैं जो रस्सी से स्टार्ट होते हैं। कुछ तो ऐसे भी दिखे जिनके फ्रंट का शीशा ही गायब है। इस तरह की लापरवाही बच्चों के लिए कभी भी खतरे का सबब बन सकती है। आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने मंगलवार को शहर में स्कूल वाहनों की पड़ताल की तो तस्वीर डराने वाली दिखी।

राप्तीनगर के रहने वाले मनमोहन शुक्ला बताते हैं कि उन्होंने हाल ही में अपने बच्चे का ऑटो हटवाया है। शुरुआत में जब ऑटो लगाया तो उसमें महज सात बच्चे जाते थे लेकिन धीरे-धीरे उसने 13 बच्चों को बैठाना शुरू कर दिया। बच्चों को हो रही दिक्कत के चलते यह निर्णय लेना पड़ा। अब मैं खुद ही बच्चे स्कूल ले जाता हूं और ले आता हूं। डर भी खत्म हो गया है।

पादरी मोहनापुर की रहने वाली डॉली बताती हैं कि वह पहले वैन से अपनी बेटियों को भेजती थीं। उसमें वह 16 बच्चों को बैठाता था। बेटियों ने बताया कि वैन काफी आवाज करती है और कभी-कभी रास्ते में बंद हो जाती है। ऐसे में मैंने वैन बंद करा दिया और एक प्राइवेट ऑटो से भेजना शुरू कर दिया। उसमें चार बच्चे ही जाते हैं।

छह हजार ऑटो-वैन ढो रहे स्कूली बच्चे : जिले में करीब ढाई हजार प्राइवेट स्कूल हैं। ज्यादातर प्रतिष्ठित स्कूलों के पास अपनी परिवहन सुविधा है लेकिन यह गलियों के लिए मुफीद नहीं होने से अभिभावक ऑटो-वैन का रुख करते हैं। यही वजह है कि करीब छह हजार ऑटो-वैन बच्चों को ढो रहे हैं। जबकि आरटीओ में 2069 ऑटो-वैन ही पंजीकृत हैं।

इंस्टाग्राम दोस्त ने बर्थडे पार्टी के बहाने किया अपहरण, फिरौती भी वसूली

मोतीराम अड्डा/चौरीचौरा, हिटी। इंस्टाग्राम दोस्त ने जन्मदिन पार्टी के बहाने कुशीनगर के एक युवक को सोमवार को मोतीराम अड्डा बुलाकर अपने साथियों के साथ अपहरण कर बंधक बना लिया। इसके बाद चाकू की नोक पर अपहृत युवक से उसके दोस्तों और चाची को फोन करवाकर रुपये वसूले। इस दौरान उसे मारापीट कर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया। इसी बीच किसी तरह युवक उनके चंगुल से निकल कर पास के गोपाला मन्दिर पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों की मदद से युवक ने घरवालों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना के बहुवास गांव निवासी राहुल पुत्र बेगुलाल शर्मा की इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती हुई थी। दोस्त ने राहुल को अपने बर्थडे पर आमंत्रित किया था। मित्र



अपहर्ताओं के चंगुल से छूटा राहुल

के बहुत दबाव बनाने पर वह सोमवार शाम को गाड़ी से मोतीराम अड्डा पहुंचा। मोतीराम पहुंचने पर उसका मित्र उसे अपनी गाड़ी से घर ले जाने के बहाने सुनसान इलाके में ले गया, जहां पहले से दो अन्य युवक मौजूद थे। तीनों ने वहां उसे बंधक बना लिया। इसके बाद उसके मोबाइल से राहुल के कई दोस्तों को फोन कर उसके गूगल पे पर पैसा मंगाया। उनके मन मुताबिक पैसा न मिलने पर अपहर्ताओं ने उसकी गर्दन पर चाकू रखकर हाटा कोतवाली क्षेत्र में रहनेवाली उसकी चाची के पास यह कह कर फोन कराया कि हॉस्पिटल में कोई भर्ती है उसके इलाज के लिए पैसा लेने भेज रहा हूँ। इसके बाद एक अपहर्ता अपनी बाइक से उसकी चाची के घर गया और दस हजार रुपये ले लिया।

उसने यह बात राहुल को बंधक बनाए युवकों को फोन पर बताई। रुपए मिलने की बात सुनकर दोनों अपहर्ता राहुल से थोड़ी दूर हटकर आपस में बात करने लगे। इस दौरान मौका पाकर राहुल भाग निकला और कुछ दूर स्थित गोपाला मन्दिर पहुंचा। राहुल को खून से लथपथ देख साधुओं ने पीड़ित को आश्रय दिया। मंगलवार सुबह अन्य लोगों के आने पर उसके घर फोन करने के साथ सूचना डॉयल 112 को भी दी। खोराबार पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

ऑनलाइन पेमेंट में मैसेज आया पर खाते में पैसा नहीं

घंटाघर में 3 ज्वेलर्स से धोखाधड़ी, दबोचा गया

- सर्राफा मंडल अध्यक्ष ने दर्ज कराया केस शुरू हुई जांच
- गोंडा के मनकापुर के सौरम गुप्ता के रूप में आरोपित की पहचान

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। घंटाघर, हिंदी बाजार में सर्राफा दुकानदारों से धोखाधड़ी कर गहने खरीदने वाले एक जालसाज को स्वर्ण कारोबारियों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। आरोपित की पहचान गोंडा जिले के मनकापुर निवासी सौरम गुप्ता के रूप में हुई। आरोपित ने ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर सर्राफा दुकानदारों के मोबाइल पर पैसे का मैसेज तो भेजा लेकिन उनके खाते में पैसा नहीं आया। सर्राफा मंडल अध्यक्ष गणेश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सर्राफा की दुकानों पर सोमवार को एक युवक बारी-बारी से पहुंचा। वह सामान पसंद कर मोबाइल से ऑनलाइन पेमेंट किया। मोबाइल पर मैसेज तो गया लेकिन खाते में पेमेंट नहीं आई। दो दुकानों पर उसने जालसाजी कर ली थी। हालांकि तीसरे दुकान पर चोरी पकड़ ली गई। संदेह होने पर दुकानदारों ने उसे पकड़ लिया।

व्यापारियों के मुताबिक उसने सिंह ज्वेलर्स के कृष्ण सिंह, खुशी अर्नामेंस के दिलीप और प्रिया ज्वेलर्स के राहुल की दुकान पर जाकर धोखाधड़ी की थी। आरोपी की पहचान गोंडा जिले के मनकापुर निवासी सौरम गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता के रूप में हुई। राजघाट थानेदार राजेंद्र सिंह ने बताया कि सर्राफा मंडल के अध्यक्ष गणेश वर्मा की तहरीर पर जालसाजी का केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

चोर को पकड़ने में नाकाम रही पुलिस : राजघाट इलाके में सर्राफा की दुकान से गहने खरीदने के दौरान चोरी की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। खासतौर पर वह घटनाएं जिसमें बुर्का पहने गई महिला गहना देखने के बहाने चोरी कर फरार हो गई। पिछले एक साल में इस तरह के दो केस दर्ज हैं लेकिन पुलिस अभी तक उन महिलाओं को नहीं पकड़ पाई।

यह बरतें सावधानी

जालसाजों ने हाल में जालसाजी का यह तरीका इजाद किया है। वह मोबाइल नम्बर पर टाइप मैसेज भेज देते हैं यह मैसेज ठीक उसी तरह का होता है जैसा कि खाते में पैसा आने के दौरान मोबाइल पर मैसेज आता है। यही देखकर व्यापारी या अन्य किसी को लगता है कि खाते में पैसा आ गया है। इसलिए सिर्फ मैसेज पर ही सावधानी बरतने की जगह खाते को भी ऑनलाइन चेक करते रहें जिससे जालसाजी का शिकार न होना पड़े।

यह हुई घटनाएं

- छह अगस्त 2023 को राजघाट इलाके के हिन्दी बाजार की गोपी गली में स्थित अनुराधा ज्वेलर्स से एक महिला ने ग्राहक बनकर 32 ग्राम सोने का हार चुरा लिया। हालांकि अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई।
- नवम्बर 2022 में हिंदी बाजार में ज्वेलर्स के यहां से 18 पीस सोने की टप्स चोरी हो गए। ग्राहक बनकर आई चार महिलाओं ने गहने देखने के बहाने एक डिब्बा गायब कर दिया था।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

सरहरी। गुलरिहा क्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा करमौरा टोला पतरकी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने हत्या तो ससुरालियों ने आत्महत्या करने की बात बताई है।

ग्राम सभा करमौरा टोला पतरकी निवासी जगदीश निषाद के दूसरे पुत्र कन्हैया निषाद की शादी पिपराइच क्षेत्र के चक जलाल में डेढ़ वर्ष पूर्व हरी की बेटी 22 साल की परमशीला के साथ हुई थी। कन्हैया चार भाइयों में दूसरे नम्बर का है। मंगलवार को दिन में परमशीला फोन पर बहन व परिवारीजनों को मारपीट का आरोप लगाया था। वहीं पति एवं उनके परिवारीजनों ने फांसी लगा कर जान देने की बात कही है। पति ने बताया कि फांसी से उतार इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गए जहां मृत घोषित कर दिया।

चोरी का आरोपित गिरफ्तार, लैपटॉप बरामद

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी के आरोपित संदीप निषाद पुत्र झांगुर निषाद निवासी दुर्गा चौक महुईसुघरपुर थाना रामगढताल को चोरी की एक लैपटाप के साथ गिरफ्तार किया है। आवेदक के घर के कमरे से किसी अज्ञात चोर एक मोबाइल, एक लैपटाप, चार्जर तथा पाकिट में रखे 4000 रुपये चोरी कर लिया गया।

चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ समीर गौड़ पुत्र जितेंद्र गौड़ नामक युवक को गिरफ्तार किया है। गगहा के चवरिया खुर्द निवासी समीर के पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक भी बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

हादसे में युवक की मौत, एक रेफर

सहजनवा। क्षेत्र के बरहुवा गांव के पास सोमवार की शाम वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। सहजनवा निवासी 23 वर्षीय आलोक कुमार वर्मा, 18 वर्षीय राम गुप्ता बाइक से गोरखपुर गए थे। वापसी के दौरान बरहुवा के पास पीछे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने अलोक को मृत घोषित कर दिया।

गैंग बनाकर चोरी के तीन अपराधियों पर गैंगस्टर

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने कुशीनगर जिले के तीन शातिर चोरों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। एसपी नार्थ ने गिरोहबंद होकर चोरी व नकबजनी के शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि चौरीचौरा पुलिस अभियुक्त की तलाश में थे। जानकारी हुई कि हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती बढ़या खुर्द निवासी मुन्ना यादव, दिनेश प्रसाद व देऊर चौराहा सुकरौली निवासी शैलेष पासवान शातिर अपराधी हैं।

चोरी का फरार आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर: जानलेवा हमला कर चोरी करने के आरोपित को राजघाट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। खुर्रमपुर मोहल्ले का रहने वाला आरोपित सुमित वर्मा 13 वर्ष से फरार था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सुमित वर्मा उर्फ अमरनाथ पर वर्ष 2010 में राजघाट थाने में जानलेवा हमला कर चोरी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के बाद से वह फरार था। कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के साथ कुर्की का नोटिस जारी हुआ था। सोमवार को वह परिवार से मिलने घर पहुंचा। सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु, पति हिरासत में

जासं, भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के करमौरा के पतरकी टोला में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में प्रेमशीला की मृत्यु हो गई। सूचना पर ससुराल पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पति कन्हैया को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महिला की नाक से खून निकला हुआ था।

पिपराइच के चक जलाल की रहने वाली प्रेमशीला की शादी 18 माह पहले करमौरा के पतरकी टोला के कन्हैया निषाद के साथ हुई थी। कन्हैया जम्मू-कश्मीर में रहकर पेंट-पालिश करता है। तीन दिन पहले वह घर आया था। प्रेमशीला की भाभी शशिकला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी ननद शशिकला ने शाम चार बजे भाई व बहन को फोन कर बताया था कि उसके पति ने मारपीट की है। इसके कुछ ही देर बाद प्रेमशीला की मृत्यु की सूचना मिली। सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायके वालों की तहरीर के आधार पर पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गर्भवती को पीटा, पति समेत 12 पर मुकदमा

जासं, पीपीगंज : क्षेत्र के रामपुर गांव में गर्भवती को पति समेत ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार कराने पहुंचे उसके दोनों भाइयों को भी अस्पताल पहुंचकर ससुरालियों ने मारा-पीटा। गर्भवती की मां आरती देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति पिंटू, ससुर भजुराम, ननद और पड़ोसी गोविंद, अरविंद, जयहिंद, झीनक, राजू समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

चिलुआताल के बनटिकुला की रहने वाली आरती ने बताया कि बेटी बबिता की शादी एक वर्ष पूर्व रामपुर पीपीगंज के रहने वाले पिंटू से हुई थी। ससुराल पहुंचने के कुछ दिन बाद से ही दहेज के लिए बेटी को ससुराल वाले परेशान कर रहे थे। 19 अगस्त को बेटी के विरोध करने पर पति, ससुर, सास, ननद और पड़ोस के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

पति और सास पर दहेज उत्पीड़न का केस: **भटहट:** पिपराइच क्षेत्र के अमवां की रीमा यादव की तहरीर पर पुलिस ने पति उमेश यादव, सास कतवारी देवी पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। रीमा ने पुलिस को बताया कि चार वर्ष पहले उसकी शादी उमेश से हुई थी। पति और सास दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। दो वर्ष पहले जेवर छीनकर मारपीट कर बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। कुछ दिन बाद पति मायके से बच्चे को उठा ले गया। रीमा ने आरोप लगाया है कि पति ने चोरी से दूसरी शादी की हुई है। दूसरी पत्नी से उसके बच्चे को खतरा है।

किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

जासं, पीपीगंज: किशोरी के अपहरण के आरोपित प्रवीण कुमार को पुलिस ने मंगलवार को सहजनवां स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। किशोरी भी बरामद कर ली गई है। थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि एक गांव की महिला ने तहरीर दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी का पड़ोस गांव के युवक ने अपहरण कर लिया है। केस दर्ज कर मामले की जांच की गई तो किशोरी के मोबाइल का लोकेशन सहजनवां क्षेत्र में मिला। उसके आधार पर युवक समेत किशोरी को बरामद कर लिया गया।

हत्या के प्रयास में एक को 10 वर्ष का कठोर कारावास

विधि संवाददातां, गोरखपुर : हत्या का प्रयास करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी सनी को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी राजेश कुमार यादव गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जय प्रकाश नगर कालोनी का निवासी है और उस क्षेत्र का पार्षद भी है।

31 जनवरी, 2005 को उसे सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन जंगल नकहा के पास बने सरकारी आवास के पास घायल अवस्था में पड़ा है। उसने अपना नाम जितेंद्र चतुर्वेदी बताया और कहा कि वह सिद्धार्थनगर जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवां गांव का निवासी है। वादी द्वारा उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

दौरान विवेचना अभियुक्त सोनू उर्फ रवि प्रकाश और सनी का नाम सामने आया और पता चला कि पैसे की लेन-देन को लेकर अभियुक्तों ने जितेंद्र चतुर्वेदी के ऊपर प्राणघातक हमला किया था। सोनू उर्फ रवि प्रकाश की दौरान विचारण मृत्यु हो गई। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्णय दिया।

कमलेश व कृष्णमोहन पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

एम्स, चौरी चौरा व खोराबार थाने में भू-माफिया कमलेश यादव के विरुद्ध दर्ज हैं 12 से अधिक मुकदमे

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जमीन के नाम पर लोगों से जालसाजी करने वाले भू-माफिया कमलेश यादव और उसके गिरोह पर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके विरुद्ध लोगों का पैसा हड़पने और दूसरे की जमीन फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के आरोप में चौरी चौरा व खोराबार थाने में सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं एम्स थाने में पांच मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चार केस बीते दो दिनों में दर्ज हुए हैं। सेवानिवृत्त जवान की पत्नी से जमीन के नाम पर 25 लाख रुपये हड़पने के मामले में एम्स पुलिस 31 जुलाई को कमलेश व महिला साथी अन्नू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कुशीनगर के रहने वाले जवान की पत्नी नीतू सिंह ने एम्स थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि भू-माफिया कमलेश ने उनसे 25 लाख रुपये ले लिए और दूसरे की जमीन पर कब्जा दिलवा दिया। मकान बनवाने के बाद जानकारी मिली कि जमीन दूसरे की है और जिस महिला ने जमीन रजिस्ट्री की थी, वह फर्जी है।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित कमलेश व उसकी महिला साथी को जेल भेज दिया था। एक अगस्त को पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश पर एम्स पुलिस ने लाउडस्पीकर से लोगों को जागरूक किया था कि भू-माफिया कमलेश लोगों का पैसा लेकर फर्जी तरीके से जमीन दिलवाता है। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है, उसने जिसके साथ ठगी की है, वह थाने आकर शिकायत दर्ज कराए। इसके बाद से चार महिलाओं ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। अब पुलिस इस पर गैंगस्टर एक्ट लगाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेज चुकी है। संस्तुति मिलते ही कमलेश व उसके गिरोह पर कार्रवाई होगी।

वन माफिया शंकर का बेटा है कृष्णमोहन

: देवरिया के रुद्रपुर के रहने वाले वन माफिया व गैंगस्टर का आरोपित रमाशंकर उर्फ शंकर के बेटे कृष्णमोहन पर वन विभाग गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करेगा।

कृष्णमोहन भी पिता की तरह जंगल से सागौन व साखू की लकड़ी की तस्करी कर रहा है। तीन दिन पहले तिनकोनिया रेंज में तस्करी करते हुए उसकी भिड़ंत वन विभाग की टीम से हो चुकी है। इस मामले में वन विभाग ने कृष्णमोहन समेत उसके गिरोह पर मुकदमा दर्ज कराया है।

गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

जासं, उरुवा बाजार : थाना पुलिस ने मंगलवार को गोवंश की तस्करी करने वाले गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान धुरियापार के अंकुश के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उरुवा जटाशंकर ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध गोवंश की तस्करी के आरोप में कई मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर लगने के बाद से वह फरार था। उसे जेल भेज दिया गया है।

नकबजनी करने वाले तीन अपराधियों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा पुलिस ने कुशीनगर के हाटा क्षेत्र के रहने वाले तीन अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद हुई है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि कुशीनगर के सुकरौली बढ़या खुर्द का रहने वाला मुन्ना यादव अपने गिरोह का सरगना है। यह गांव के दिनेश प्रसाद और देउर चौराहे के शैलेश पासवान के साथ घूम-घूमकर चोरी व नकबजनी करते हैं। चौरी चौरा थाने में मुन्ना के विरुद्ध चार, दिनेश व शैलेश के विरुद्ध तीन मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद पुलिस इनकी संपत्तियों का ब्योरा तैयार कर रही है। जल्द ही जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

कृष्णमोहन पर वन विभाग करेगा गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई, लकड़ी की करता है तस्करी

पांच लोगों का मोबाइल फोन लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

- आरोपितों के कब्जे से लूट के छह मोबाइल फोन, दो बाइक बरामद
- शाहपुर क्षेत्र में चार दिन के भीतर पांच वारदात कर फैलाई सनसनी



शाहपुर थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ● जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: नर्स समेत पांच लोगों का मोबाइल फोन लूटने वाले अपचारी समेत तीन बदमाशों को शाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट के छह मोबाइल फोन व घटना में इस्तेमाल दो बाइक बरामद हुई। आरोपितों को दोपहर में न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अपचारी को बाल सुधार गृह और दो आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने मंगलवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त को आम बाजार अस्पताल के पास, 18 अगस्त को शताब्दीपुरम तिराहे से महिला से, उसी दिन पादरी बाजार नारायणपुरम कालोनी में, 19 अगस्त को संगम चौराहा के पास महिला से और 20 अगस्त को फातिमा अस्पताल के पास नर्स से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल फोन लूट लिया। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से शाहपुर थाना प्रभारी ने मंगलवार की सुबह ईस्टर्नपुर के पास तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

उनकी पहचान अहिरौली (कुशीनगर) मोतीपाकड़ के विशाल भारती, पादरी बाजार के भटौलिया में रहने वाले संदीप कुमार के रूप में हुई। तीसरा अपचारी भी शाहपुर क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने लूट का एक मोबाइल फोन बेच दिया है।

विशाल अकेले करता था लूट: एसपी सिटी ने बताया कि विशाल भारती लूट की घटना को अकेले बाइक से अंजाम देता था, जबकि दो अन्य साथी संदीप कुमार और एक नाबालिग युवक उसकी मदद करते थे। विशाल लूट के लिए टारगेट तय करने के बाद संदीप व नाबालिग को उस रास्ते के मोड़ पर खड़ा कर देता था। वह पुलिस या अन्य किसी के आने की सूचना विशाल को देते थे।

चोरी के लैपटाप संग बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर: लैपटाप चुराने के आरोपित संदीप निषाद को रामढ़ताल थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का लैपटाप बरामद हुआ। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि महुईसुघरपुर के रहने वाले संदीप निषाद ने दो दिन पहले मोहल्ले के एक घर में घुसकर लैपटाप, मोबाइल फोन, चार्जर व चार हजार रुपये चुराए थे। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

महिला पर चाकू से हमला आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : छत पर बच्चों संग सो रही महिला पर गांव के ही युवक ने चाकू से हमला कर दिया। महिला को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। गीडा के नगवा में रहने वाले मुस्तफा ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बेटी फातिमा की शादी भिटनी के उजेर आलम से की है। बच्चों के साथ फातिमा घर पर रहती है। उजेर मुंबई में नौकरी करते हैं। गांव के नसीम ने सोमवार की भोर में फातिमा पर चाकू से हमला कर दिया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि मंगलवार की सुबह नसीम को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। (जास)

पिता पुत्र पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा क्षेत्र के बाल बुजुर्ग के महेंद्र राय व नवनीत राय पर थाना पुलिस ने मंगलवार को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई किसान विनीत राय की तहरीर पर की है। (जास)

दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोला : थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित नूर आलम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी धीरेंद्र राय ने बताया कि उसके विरुद्ध एक गांव की महिला ने केस दर्ज कराया था कि आरोपित उसकी बेटी का अपहरण कर लिया और दुष्कर्म किया। (जास)

सरयू नदी में 32 घंटे बाद मिला युवक का शव

बड़हलगंज : सरयू नदी में डूबे यशराज का शव 32 घंटे बाद मंगलवार की शाम पुलिस ने मुक्तिपथ के पूरब लकड़ी टाल के पास नदी से बरामद किया। वह सोमवार को दो दोस्तों के साथ रामकवल शाही स्नान घाट पर नहाने गया था। तीनों दोस्त डूबने लगे। पास में स्नान कर रहे एक युवक ने दो को बाहर निकाल लिया, लेकिन यशराज डूब गया। (जास)

प्रधान व उसके पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के आरजी चिलबिलवां के पूरब टोला में घर में घुसकर महिला व उसके बेटे को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्रधान बक्शीश अली व उसके पुत्र आशिक अली पर केस दर्ज किया। शंभू सिंह ने बताया कि किसी बात को लेकर उसकी मां से कहासुनी हो रही थी। इसी बीच ग्राम प्रधान अपने बेटे समेत पहुंचे और पीटने लगे। (जास)

जच्चा-बच्चा की मौत पर हंगामा, अस्पताल सील

जागरण संवाददाता, कैंपियरगंज : नगर पंचायत के चौमुखा हास्पिटल मार्ग स्थित मां दुर्गा हास्पिटल में मंगलवार को नवजात की मृत्यु हो गई। देर शाम प्रसूता की हालत बिगड़ने पर अस्पताल संचालक उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर स्वजन ने हंगामा शुरू कर दिया। चिलुआताल पुलिस ने मौके से अस्पताल के एक संचालक को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो आरोपित फरार हो गए। एसडीएम कैंपियरगंज अमित जायसवाल व स्वास्थ्य विभाग की टीम की जांच में अस्पताल अपंजीकृत मिला, जिसे सील कर दिया है।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के शैलेश चौरसिया की पत्नी सुनीता को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार की शाम मां दुर्गा हास्पिटल में भर्ती



मां दुर्गा अस्पताल सील करती विभाग की टीम ● जागरण

कराया गया। मंगलवार की सुबह आपरेशन से बच्चा पैदा हुआ। थोड़े देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। प्रसूता की हालत भी गंभीर होने लगी। संचालक स्वजन को स्थिति सही होने की जानकारी देते रहे। शाम को हास्पिटल का संचालक शैलेन्द्र सोलंकी दो साथियों के साथ प्रसूता को लेकर चिलुआताल क्षेत्र के नकहा नंबर एक के पास स्थित निर्मला अस्पताल पहुंचा, जहां के डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी कैंपियरगंज राजकुमार सिंह ने बताया कि स्वजन ने तहरीर दी है। कार्रवाई की जा रही है।

किशोरी के अपहरण मामले में एक ने किया आत्मसमर्पण

जासं, उरुवा बाजार: बेलघाट क्षेत्र के एक गांव में 15 अगस्त को किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपितों में दुर्गेश सिंह ने मंगलवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने दुर्गेश समेत हलचल सिंह, सुरजीत सिंह, भानु प्रताप के विरुद्ध बंधक बनाकर अपहरण करना, छेड़खानी व दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी।

भूमि न भवन, थाने से ही नई पुलिस चौकियों का संचालन

14 नई चौकी खोली गई है शहर क्षेत्र के नौ थानों के अंतर्गत | **10** नई चौकियां खुली हैं उत्तरी क्षेत्र के थाने के अंतर्गत | **7** पुलिस चौकी खुली है दक्षिणी क्षेत्र में, अब 19 हो गई संख्या

जागरण टीम, गोरखपुर : कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए तीन माह पहले 31 नई पुलिस चौकियां खोली गईं। प्रभारी के साथ ही सिपाहियों की नियुक्ति भी कर दी गई, लेकिन क्षेत्र के लोगों को अभी भी थाने पर ही जाना पड़ रहा है। नई चौकियों में अधिकांश का संचालन थाना व किसी पुरानी चौकी से हो रहा है।

त्वरित जनसुनवाई और बेहतर पुलिसिंग के लिए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने इसी साल चार अप्रैल को जिले के 20 थानों में 31 नई पुलिस चौकियां खोलीं। इसके बाद पुलिस चौकियों की कुल संख्या 100 हो गई। नई चौकियों में 14 शहरी क्षेत्र, 10 उत्तरी क्षेत्र और सात दक्षिणी क्षेत्र में बनाई गई हैं। अधिकांश नई पुलिस चौकियों पर केवल बोर्ड लगा है, जहां सुबह पुलिसकर्मी घूमते दिखेंगे। शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है। सामुदायिक व पंचायत भवन में चलने वाली पुलिस चौकी तो शाम को बंद ही हो जाती है। इस दौरान कोई बात हो गई तो थाने में जाना पड़ता है।



चौरी चौरा की तरकुलहा पुलिस चौकी मे रखा गया कबाड़ • जागरण



झोपड़ी मे चल रही गुलरिहा के डुमरी नंबर-दो मे चौकी • जागरण

अधिकांश नई चौकियों पर सुबह शाम को ही जाते हैं पुलिसकर्मी पंचायत व सामुदायिक भवन में खुली चौकी शाम को रहती है बंद

नई पुलिस चौकियां खुलने के बाद भवन व अन्य संसाधनों का इंतजाम किया जा रहा। कई पुलिस चौकियों को भवन मिल गया है। जहां भवन नहीं है, वहां के थानेदार तहसील प्रशासन की मदद से चौकी के लिए भूमि तलाश रहे हैं। जल्द ही सभी पुलिस चौकियों का भवन बन जाएगा। इसको लेकर तैयारी चल रही है।
डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

किस थाना क्षेत्र में खुली थीं नई चौकियां: शहरी क्षेत्र : शहर क्षेत्र के नौ थानों में 36 चौकियां थीं। 14 नई चौकियां खुलने के बाद यह संख्या 50 हो गई है। नई चौकियां इस प्रकार हैं। कोतवाली में दुर्गावाड़ी चौकी, राजघाट में अमरूदबाग चौकी, तिवारीपुर में जाफराबाजार, डोमिनगढ़, खोराबार में डांगीपार, सिक्टौर (सहारा स्टेट), रामगढ़ताल में पाम पैराडाइज, गोरखनाथ में सुभाषचंद्र बोस नगर, जटेपुर उत्तरी और रामनगर, नथमलपुर, शाहपुर में बशारतपुर, रेल विहार, सिंहासनपुर।

उत्तरी क्षेत्र : इस क्षेत्र में पहले से 20 चौकियां थीं। 10 नई चौकियां खुलने के बाद यह संख्या 30 हो गई है। नई चौकियों में कैम्पियरगंज में भौरीबारी, पीपीगंज में पीपीगंज कस्बा, सहजनवां में समधिया, गीडा में भड़सार, चौरीचौरा में तरकुलहा मंदिर, झंगहा में बोहाबार, पिपराइच में बैलो, रमवापुर, गुलरिहा में जंगल डुमरी नंबर-दो और आयुष विश्वविद्यालय पुलिस चौकी हैं।

दक्षिणी क्षेत्र : यहां पहले से 12 चौकियां थीं। सात और बढ़ने से 19 हो गई हैं। बांसगांव के माल्हनपार, गगहा के असवनपार, गोला में चीनी मिल हरपुर, जानीपुर, बड़हलगंज में होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, सिकरीगंज में दुधरा बाजार, महादेवा बाजार पुलिस चौकी खोली गई है।

पड़ताल के दौरान सामने आई चौकियों की यह स्थिति

- सहजनवां की समधिया चौकी अभी कागज पर ही चल रही, धरातल पर कुछ भी नहीं।
- कैंपियरगंज की भौराबारी चौकी पंचायत भवन में चलती है, जो शाम को बंद हो जाती है।
- झंगहा की बोहाबार चौकी के प्रभारी व सिपाही नई बाजार पुलिस चौकी में रहते हैं।
- टिन शेड में चलने वाली चौरी चौरा की तरकुलहा चौकी में कूड़ा भरा है।
- धुरियापार व जानीपुर चौकी का भवन तो है, लेकिन पुलिसकर्मी रहते नहीं है।
- शाहपुर की रेल विहार पुलिस चौकी अभी कागज में है। पुलिसकर्मी थाने में रहते हैं।
- गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर-दो में पुलिस चौकी झोपड़ी में चलती है।
- सिकरीगंज की महादेवा पुलिस चौकी के प्रभारी थाने में रहते हैं।
- बांसगांव की माल्हनपार चौकी के प्रभारी व सिपाही थाने में रहते हैं।

मोबाइल फोन लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

लूट के छह मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद, सीसीटीवी कैमरों की मदद से हुई लुटेरों की पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शाहपुर इलाके में मोबाइल फोन की ताबड़तोड़ लूट करके सनसनी मचाने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार को ईस्टर्नपुर (पादरी बाजार) में प्रिंसेज लॉन के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग है।

पुलिस ने उनके पास से लूट के छह मोबाइल व घटना में इस्तेमाल की गई बाइक एवं स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने दो बदमाशों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया, जबकि तीसरे आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने लूट की पांच घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान कुशीनगर के अहिरौली, मोतीपाकड़ निवासी विशाल भारती पुत्र रामधनी भारती और शाहपुर क्षेत्र के पादरी बाजार, भिटौलिया निवासी संदीप कुमार पुत्र बीरू राजभर के रूप में हुई है। विशाल, पादरी बाजार में किराए का कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है, जबकि संदीप व नाबालिग दोनों पादरी बाजार के ही निवासी हैं।

एसपी सिटी ने बताया कि विशाल भारती लूट की घटना को बाइक से अकेले अंजाम देता था, जबकि संदीप और नाबालिग आरोपी उसकी मदद करते थे।

विशाल लूट के लिए टारगेट तय करने के बाद संदीप व नाबालिग को उस रास्ते के मोड़ पर खड़ा कर देता था। वे पुलिस या अन्य किसी के आने की सूचना विशाल को देते थे।

ऑटो चलाते हैं विशाल के पिता : आरोपी विशाल के पिता शहर में ऑटो चलाते हैं। वह परिवार के साथ पादरी बाजार में एक टीनशेड का कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं। लूट की घटना में शामिल बाइक व स्कूटी विशाल के रिश्तेदार की है।

त्रिनेत्र की मदद से लुटेरों की हुई पहचान

एसपी सिटी ने बताया कि त्रिनेत्र अभियान के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों की पहचान हुई है। तीनों ने 17 अगस्त को आम बाजार अस्पताल के पास से, 18 अगस्त को शताब्दीपुरम तिराहा और पादरी बाजार के नारायणपुरम कॉलोनी में, 19 अगस्त को संगम चौराहा और 20 अगस्त को फातिमा अस्पताल के पास नर्स से मोबाइल फोन लूटा था। पुलिस इन सभी मामलों में केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। कई जगहों पर लगे कैमरों की मदद से तीनों की पहचान कर ली गई थी। शाहपुर इंस्पेक्टर शशिभूषण राय के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से बदमाशों के पादरी बाजार के पास ईस्टर्नपुर के पास होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की घटना में शामिल बाइक व स्कूटी बरामद कर उनके निशानदेही पर लूट के छह मोबाइल भी बरामद कर लिया। बदमाशों ने लूट की एक मोबाइल को बेच दिया था।

13 साल से फरार वांछित पुलिस के हत्थे चढ़ा



सुमित वर्मा

गोरखपुर। जानलेवा हमले की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में 13 साल से फरार वांछित को राजघाट पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि राजघाट क्षेत्र के खूर्मपुर निवासी सुमित वर्मा उर्फ अमरनाथ वर्मा पुत्र उपेंद्रनाथ वर्मा पर वर्ष 2010 में राजघाट थाने में केस दर्ज हुआ था। आरोपी तब से फरार चल रहा था। कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी होने के साथ कुर्की की नोटिस भी जारी हो चुकी थी। सोमवार को वह अपने परिवार से मिलने पहुंचा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली में रह रहा था। वह मोबाइल फोन का प्रयोग भी नहीं कर रहा था। संवाद

इंटरनेट मीडिया पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

पीपीगंज : एक समुदाय के युवक ने इंटरनेट मीडिया पर भगवान के नाम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसे लेकर दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजीपी को ट्वीट करते हुए पीपीगंज थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ता का कहना है कि एक समुदाय के युवक ने इंस्ट्राग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट की है। यह पोस्ट फेसबुक व अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुंच रही। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं। आरोपित पर कार्रवाई होगी। (जासं)

शराब देने से मना किया तो मुनीम को पीट दिया

भटहट : गुलरिहा के भटहट कस्बे की शराब दुकान पर सोमवार रात 10 बजे शराब देने से मना करने पर मनबढ़ों ने मुनीम को पीट दिया। बचाव में पहुंचे भूजा वाले का सिर फोड़ दिया। पीड़ितों ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महराजगंज के पुरंदरपुर कैथवलिया के राकेश चौहान ने बताया कि वह दुकान में मुनीम हैं। सोमवार रात वह दुकान बंदकर घर जा रहे थे। इसी बीच एक मनबढ़ पहुंचा और शराब मांगी। मना करने पर पीटा। (जास)

गिरोह बनाकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं तीनों आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

चौरीचौरा (गोरखपुर)। चौरीचौरा पुलिस ने कुशीनगर जिले के तीन शातिर चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई है। तीनों गिरोह बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस उन पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए संपत्ति का ब्यौरा भी जुटा रही है।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि चौरीचौरा के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह हमराहियों के साथ वांछित अभियुक्त की तलाश में थे। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती बढ़या खुर्द निवासी मुन्ना यादव, दिनेश प्रसाद व देऊर चौराहा सुकरौली निवासी शैलेष पासवान शातिर किस्म के अपराधी हैं।

इनका संगठित गिरोह है। गिरोह सरगना मुन्ना यादव है। ये क्षेत्र में



मुन्ना यादव



दिनेश प्रसाद

चोरी-नकबजनी की घटना जैसे अपराध को अंजाम देते हैं। इनका भय व आतंक व्याप्त है। इन पर कोई भी व्यक्ति केस लिखाने व गवाही देने का साहस नहीं कर पाता है।

एसपी नार्थ ने बताया कि तीनों शातिरों का आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट के पास गिरोह चार्ट तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रेषित किया गया था। जिला मजिस्ट्रेट ने 19 अगस्त को अनुमोदन कर दिया। गिरोह के सरगना व उसके गुर्गों की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तीनों पर धारा 3 (1) उप्र गिरोह बंद निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की गई है।

तीनों पर दर्ज हैं चोरी व अन्य धाराओं में केस : गिरोह सरगना मुन्ना यादव पर चोरी समेत अन्य धाराओं में पांच केस, गैंग के गुर्गा दिनेश प्रसाद पर चार और शैलेष पासवान पर तीन केस दर्ज हैं।

गैंगस्टर में वांछित चल रहा बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। उरुवा पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे बदमाश को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उरुवा क्षेत्र के धुरियापार निवासी अंकुश उर्फ परमहंस उर्फ प्रभुनाथ पुत्र रामऔतार गो तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़ा हुआ है। उसपर गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी हुई थी। संवाद

हत्या के प्रयास के दोषी को दस साल की सजा

गोरखपुर। हत्या का प्रयास का जुर्म होने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी सनी को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दो माह और जेल में रहना पड़ेगा।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि राजेश कुमार यादव गोरखनाथक्षेत्र के जयप्रकाश नगर कॉलोनी का निवासी हैं और क्षेत्र के पार्षद भी थे। 31 जनवरी 2005 को उसे सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन जंगल नकहा में सरकारी आवास के पास घायल पड़ा है। वादी ने उस व्यक्ति से उसकी पहचान पूछी। घायल ने अपना नाम जितेंद्र चतुर्वेदी और सिद्धार्थनगर जिले के महाने थाना क्षेत्र के ककरहवां का निवासी बताया। वादी ने उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा। विवेचना में सोनू उर्फ रवि प्रकाश और सनी का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि पैसे के लेनदेने को लेकर दोनों ने जितेंद्र चतुर्वेदीपर प्राणघातक हमला किया था। संवाद

कुशीनगर एक्सप्रेस से टोटी चुराते दो पकड़े गए

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल ने कुशीनगर एक्सप्रेस में टोटियां चुराते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 35 टोटियां बरामद की गईं। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आरोपित हुमायूपुर निवासी जमशेद और हरपुर गोठा निवासी शंकर साह सहित चोरी का सामान खरीदने वाले अमीर अली पर रेलवे एक्ट की तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रेनों यात्री बनकर चढ़ते थे। बेसिन और टायलेट में लगी पीतल की टोटियों को खोलकर बैग में रख लेते हैं। ब्यूरो

जमीन देने के नाम पर 5.50 लाख रुपये हड़पे

गोरखपुर। जमीन देने के नाम पर डेवलपर्स की ओर से तीन लोगों से 5.50 लाख रुपये हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। एडीजी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने वीएन बालाजी इंफ्रा एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के अज्ञात कर्मचारी व अमिताब स्वरूप श्रीवास्तव पर रुपये हड़पने की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संवाद

सरयू नदी में डूबे कांवड़िये का शव दूसरे दिन मिला

बड़हलगंज। सरयू तट स्थित रामकवल शाही घाट पर सरयू नदी में डूबे कांवड़िये/छात्र यशराज का शव मंगलवार की शाम मुक्तिपथ के पूरब स्थित लकड़ी टाल के पीछे नदी के कुंड में उतराता मिला। शव की पहचान पिता अनिल वर्मा ने की। यशराज की कलाई में घड़ी बंधी मिली।

जानकारी के मुताबिक, गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार निवासी अनिल वर्मा का 18 वर्षीय पुत्र यशराज सोमवार की सुबह आठ बजे मुक्तिपथ पर सरयू नदी से जल लेने गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। मंगलवार की सुबह से एसडीआरएफ की दो टीमें नदी में 10 किमी के इलाके में उसे खोज रही थी। शाम चार बजे मुक्तिपथ से 50 मीटर की दूरी पर एक शव उतराता दिखा।

घाट पर रह रहे गोपाल साहनी व जयराम साहनी नाव से शव को किनारे लाए। शव की पहचान यशराज के रूप में की गई। यशराज के पिता व रिश्तेदारों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की औपचारिकता पूरी कर शव को परिजों को सौंप दिया। मुक्तिपथ पर ही यशराज के शव का अंतिम संस्कार किया गया। पिता अनिल वर्मा ने मुखाग्नि दी। संवाद

प्रसूता, नवजात की मौत पर हंगामा, अस्पताल सील

सुबह ऑपरेशन के बाद नवजात की मौत होने पर संचालक ने महिला को दूसरे नर्सिंग होम भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

कैंपियरगंज। इलाके के मां दुर्गा हॉस्पिटल में मंगलवार की सुबह प्रसव के कुछ देर बाद नवजात की मौत हो गई। बाद में प्रसूता की हालत बिगड़ने पर नर्सिंग होम संचालक उसे चिलुआताल क्षेत्र में चलने वाले अपने दूसरे नर्सिंग होम ले गया, जहां शाम को उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण कैंपियरगंज स्थित अस्पताल पहुंच कर हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने अस्पताल को खाली कराकर सील कर दिया। पुलिस ने प्रसूता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत चौमुखा (कैंपियरगंज) के वार्ड नंबर-14 रामनगर निवासी शैलेष चौरसिया की पत्नी सुनीता (32) सोमवार को कैंपियरगंज के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराई गई थीं। मंगलवार की सुबह प्रसव के लिए सुनीता का ऑपरेशन किया गया।

घरवालों के अनुसार प्रसव के कुछ देर बाद नवजात की मौत हो गई। वह लोग कुछ समझ पाते, तब तक अस्पताल संचालक ने प्रसूता की हालत गंभीर बताते हुए गोरखपुर के बड़े अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने की बात कही, लेकिन उसे गोरखपुर शहर के बजाय चिलुआताल क्षेत्र स्थित अपने एक अन्य नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। शाम चार बजे प्रसूता की भी मौत हो गई। एसओ चिलुआताल संजय कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

कैंपियरगंज स्थित निजी अस्पताल पर घरवालों, ग्रामीणों ने किया हंगामा



प्रसूता और नवजात की मौत के बाद अस्पताल पर जुटी भीड़। संवाद

अस्पताल में हंगामे के बाद सक्रिय हुआ प्रशासन

अस्पताल संचालक महिला के परिजनों को कैंपियरगंज से चिलुआताल लेकर आ गया था। यहां पुलिस ने संचालक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण कैंपियरगंज स्थित अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम अमित कुमार जायसवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों की बात सुनने के बाद एसडीएम ने अस्पताल को खाली कराकर सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। अस्पताल की मान्यता, डॉक्टर की उपस्थिति आदि की जांच की जाएगी।

चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। रामगढ़ताल क्षेत्र के एक घर में सोमवार की रात घुस कर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने दूसरे दिन मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का लैपटॉप बरामद कर लिया है। सोमवार की रात रामगढ़ताल क्षेत्र के एक घर में घुस कर चोर मोबाइल, लैपटॉप, चार्जर व चार हजार रुपये लेकर फरार हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान क्षेत्र के महुईसुचरपुर, दुर्गा चौक निवासी संदीप निषाद के रूप में हुई। संवाद

जालसाज कमलेश के रिमांड की तैयारी तेज

सीलिंग की जमीनें बेचकर बना है करोड़पति

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सीलिंग की जमीन बेचकर करोड़पति बने जालसाज कमलेश यादव पर दर्ज सभी मामलों में पुलिस ने रिमांड लेने की तैयारी तेज कर दी है। अभी पुलिस ने एक केस में ही कमलेश और उसकी महिला साथी को जेल भिजवाया था। उसके बाद से दर्ज अन्य मामलों में भी रिमांड लेने की फाइल अब तैयार कर ली गई है।

खबर है कि पुलिस बुधवार को कोर्ट में रिमांड के लिए फाइल प्रस्तुत करेगी। उधर, हर कदम पर कमलेश का साथ देने वाले दीनानाथ के खिलाफ भी पुलिस सबूत जुटा रही है। जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी हो सकती है।

आरोप है कि एम्स थाना क्षेत्र के कुसम्ही इलाके के रुद्रपुर और बहरामपुर में सीलिंग की जमीनों को बेचकर कमलेश यादव ने जालसाजी की है।

एक सैनिक की पत्नी की शिकायत पर कमलेश के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की तो बाद में एक-एक कर पांच लोगों ने भी मामला दर्ज कराया। 31 जुलाई को पुलिस ने कमलेश यादव को जेल भिजवा दिया था। अब उसके खिलाफ दर्ज सभी केस में रिमांड की फाइल तैयार की गई है।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि जालसाजी की रकम से ही कमलेश यादव और उसके साथी दीनानाथ ने प्रॉपर्टी खड़ी कर ली है। कमलेश एक आईटीआई और एक डिग्री कॉलेज का मालिक बन बैठा तो दीनानाथ ऑटो एजेंसी का मालिक है।

कमलेश यादव बाराबंकी में होटल भी बनवा रहा है। एम्स थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि जल्द ही कमलेश यादव पर दर्ज सभी केस में रिमांड ली जाएगी। उसके साथी दीनानाथ के खिलाफ भी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

कमलेश के सहयोगी दीनानाथ की कुंडली भी खंगाल रही पुलिस


सीलिंग की जमीनें से बना कॉलेज-होटल का मालिक

22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

कमलेश और उसके साथियों के खिलाफ पुलिस सबूतों के साथ जांच आगे बढ़ा रही है। सभी केस में रिमांड लेकर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। जल्द चार्जशीट दाखिल कर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

– कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

सराफ को सोने के नकली सिक्के देने वाले चार ठगों पर केस दर्ज

खजनी पुलिस ने जालसाजी, रुपये हड़पने और आपराधिक साजिश की धारा में दर्ज की रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

उनवल (गोरखपुर)। खजनी इलाके में बुलाकर सराफ संतोष कुमार वर्मा से 12 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने बांसगांव थाना क्षेत्र के टिकरी बुजुर्ग निवासी दीपक, दिनेश प्रजापति और दो अज्ञात लोगों को जालसाजी, रुपये हड़पने और आपराधिक साजिश रचने का आरोपी बनाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर निवासी संतोष ने दी तहरीर में लिखा है कि दोस्त अविनाश कुमार और विवेक कुमार के कहने पर वह दिनेश प्रजापति से मिले थे। उससे सोने के सिक्के खरीदने की बात हुई। कुछ दिन पहले दीपक ने उन्हें सोने का एक सिक्का दिया। सिक्के को बेचने पर वह सही था। इस वजह से विश्वास हो गया फिर 12 लाख रुपये में 109 सिक्के का सौदा तय हुआ। बातचीत होने के बाद वह रुपये लेकर गए और कथित सोने का सिक्का ले लिया। आगे आकर जांच की तो सोने का सिक्का नकली मिला।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर घटना का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

मत मारी गई थी...परिचित पर भरोसा करके बना कर्जदार

गोरखपुर। क्या कहूं, मेरी मत मारी गई थी। बैंक के एक परिचित कर्मचारी के भरोसे में आ गया। उन्होंने पहले भी मदद की थी। इसलिए भरोसा कर बैठा। मन में कुछ लालच भी था कि अच्छा मुनाफा मिल रहा है। दुकान खोलने के लिए पहले से ही बैंक का लोन था। अब सोने के सिक्के के लालच में इधर-उधर से जुटाए 12 लाख रुपये भी डूब गए। पहले से ही कर्जदार था, अब और चढ़ गया। जालसाजों से 12 लाख रुपये की ठगी का शिकार हुए सराफ संतोष कुमार अब अपनी गलती पर पछतावा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उधार और बैंक से चार लाख रुपये लोन लेकर 2016 में शाहपुर में दुकान खोली थी।

जालसाजी के शिकार हुए सराफ संतोष कुमार ने बयां की आपबीती

उनके एक जानने वाले बैंक कर्मी ने बताया कि उनके परिचित के पास सोने का सिक्का है, उन्हें इस समय रुपयों की जरूरत है तो उनकी बातों में आ गया। एक सिक्का लेने के बाद उन्होंने उसे हिंदी बाजार में ले जाकर बेचा था तो थोड़ा मुनाफा भी मिला। फिर बैंक और दूसरे जगहों से रुपयों का इंतजाम किया और कुछ सोने का इंतजाम कर उसे बेचा। उन्होंने बताया कि 12 लाख रुपये बड़ी मुश्किल से इकट्ठा किया और फिर लेकर उनवल चला गया। ठगों ने एक हाथ से रुपयों से भरा बैग देने को कहा और दूसरे हाथ से सोने के सिक्कों से भरा बैग दिया। बैग लेने के बाद लगा कि मुनाफा कमाकर पुराने कर्ज चुका दूंगा। लेकिन ठगी का एहसास तब हुआ तब रास्ते में सिक्के रगड़ कर देखा तो वह नकली मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। अपने परिचित बैंक कर्मचारी से भी संपर्क किया, लेकिन नहीं हो पाया। ब्यूरो

सोना हो या लॉटरी.. लालच में जो पड़ा वो तबाह ही हुआ

गोरखपुर। सोना, लॉटरी या फिर गेम पर टास्क पूरा करने का लालच। जालसाज तरह-तरह से अपने जाल में लोगों को फंसा रहे हैं। ऐसे में अगर सतर्क नहीं हुए तो आपकी जमा-पूंजी जानी तय है। इन सबके पीछे सबसे बड़ी वजह है लालच। जालसाजों का शिकार होने वाला हर शख्स कहीं ना कहीं लालच में आ जाता है और फिर जालसाज इसी का फायदा उठाकर लाखों ऐंठ लेते हैं। ताजा मामला सराफ के साथ ठगी का है। मुनाफा कमाने की लालच में उसे 12 लाख की चपत लग गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है और बताया जा रहा है कि उनके बेहद करीब पहुंच चुकी है। दरअसल, जालसाज पहले तो लोगों को बातचीत में उलझा देते हैं। फिर वे लालच देते हैं। आप लालच में आ गए तो फिर ठगों का पैंतरा कामयाब हो जाता है। शाहपुर इलाके के रहने वाले स्वर्ण व्यापारी संतोष कुमार वर्मा के साथ भी ऐसा ही हुआ। वह खुद सोना के जानकार हैं लेकिन बातों और रिश्तों में ठगों ने उनको ऐसा उलझाया कि 12 लाख रुपये की चपत लग गई। ब्यूरो

कोई ऑनलाइन तो कोई भरोसे में लेकर कर रहा जालसाजी

सोने का सिक्का देकर झांसे में लिया फिर ठग लिए 12 लाख



22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस को सौंपा

गोरखपुर। राजघाट क्षेत्र के घंटाघर, हिंदी बाजार में सराफ से सामान खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को व्यापारियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। सर्राफा मंडल के अध्यक्ष गणेश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी सौरभ।

सराफ की दुकानों पर सोमवार को एक युवक बारी-बारी से पहुंचा। उसने आभूषण पसंद कर मोबाइल फोन से किया। जब सराफ ने खाते में भुगतान नहीं आने की बात कही तो उसने रकम भेजने की बात कही। इस पर बहस-विवाद होने लगा। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि युवक ने सिंह ज्वेलर्स, खुशी अनामिका और प्रिया ज्वेलर्स की दुकान पर जाकर धोखाधड़ी की है। आरोपी की पहचान गोंडा जिले के मनकापुर निवासी सौरभ गुप्ता के रूप में हुई है। संवाद

DEORIA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

एफपीओ से जुड़े पूर्व सैनिक आएगा बड़ा बदलाव

देवरिया (एसएनबी)। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पूर्व सैनिकों को एफपीओ के गठन के लिए प्रेरित किया।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुशासन बेमिसाल होता है। सैन्यबल से सेवानिवृत्त होने के उपरांत उनके अनुभवों का सकारात्मक प्रयोग करके बड़े बदलाव लाये जा सकते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों को एफपीओ के विषय में विस्तारपूर्वक समझाया तथा उन्हें बायोफ्लक मत्स्यपालन, गोटरी इंडस्ट्री, ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा संयंत्र, पोल्ट्री, मखाना की खेती सहित विभिन्न उद्यम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए पूर्व सैनिकों को प्रशिक्षण सहित हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर (अवकाश प्राप्त) आलोक सक्सेना ने पिछली बैठक की कार्यवृत्ति एवं उस पर त कार्रवाई का ब्यौरा रखा। पूर्व सैनिकों के भूमि से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के लिए डीएम ने एडीएम प्रशासन को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण में सभी संबंधित पक्षों के दावों को सुना जाए।

पूर्व सैनिकों ने शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण का मुद्दा उठाया, जिस पर डीएम ने उचित कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर एवं कतिपय पूर्वोत्तर राज्यों से जारी शस्त्र लाइसेंसों के नवीनीकरण में विशेष एहतियात बरती जा रही। शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण के लिए यूआईएन नंबर आवश्यक होगा।

कनर्ल अरुण प्रकाश पांडेय (से0नि0) ने ईसीएचएस कैन्टीन के लिए पिपरपाती में चयनित भूमि को हैंडओवर करने का प्रकरण उठाया जिस पर डीएम ने उचित कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया। बैठक में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, कर्नल रोहित प्रसाद, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता आरके सिंह सहित सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित मौजूद थे।

हाई प्रोफाइल बन गया बरहज का सेक्स स्कैण्डल

बरहज (एसएनबी)। सेक्स स्कैण्डल का मामला कानून की नजर में अब हाई प्रोफाइल हो चुका है। इस स्कैण्डल में विभिन्न राजनीतिक दलों से सम्बन्धित लोग शामिल है। मामले को दबाने का भी प्रयास किया गया लेकिन पुलिस के उच्चाधिकारी व शासन के निर्देश पर इसकी जांच एक बड़े स्तर की टीम से करा रहे हैं। माना यह भी जा रहा है कि इस मामले में पुलिस काफी हद तक सफल है। करीब सात माह पूर्व शुरू हुए इस जिस्मफरोशी के धंधे में अपने को फंसता देख एक महिला आरोपी ने 2 अगस्त को पुलिस अधीक्षक को इस मामले से पत्र देकर अवगत कराया था। जिस पर अभी तक मुकद्मा दर्ज नहीं हो सका।

वायरल आडियों में करूअना के एक चिकित्सक का नाम भी शामिल

सभी संलिप्त लोगों के काल डिटेल एवं लोकेशन खंगाल रही है पुलिस

महिला ने जिन लोगोंपर आरोप लगाया है उसमें एक आरोपी पूर्व नपाध्यक्ष वी के गुप्ता ने 11 अगस्त को पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रकरण को अवगत कराते हुए गुहार लगायी जिस पर मुकामी पुलिस ने 15 अगस्त को 3 लोगों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज किया। जिसमे अब तक 2 अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। जबकि एक मुख्य आरोपी सुवाष चौहान अभी भी फरार है। सूत्र यह भी बताते है कि महिला को भी हिरासत में लेकर पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। मामला हाई प्रोफाइल एवं सेक्स स्कैण्डल में शामिल चार दर्जन से अधिक लोगों की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को समय लग रहा है।

पुलिस इसमे सभी शामिल लोगों के काल डिटेल जिसमें महिला के साथ बातचीत की आउटगोइंग एवं इनकमिंग काल तारीख एवं समय के साथ खंगाल रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस उन लोगों की लोकेशन पर भी काम कर रही है जो महिला के लोकेशन पर कब कब साथ रहे। इस प्रकरण में एक अभियुक्त की पत्नी एवं इस महिला के साथ बातचीत का एक आडियो भी शामिल किया गया है। जिसमे बैजनाथ की पत्नी ने करूअना स्थित एक डाक्टर के साथ करूअना आकर सम्बन्ध बनाने की बात कह रही है। जिस पर डाक्टर भी जांच के घेरे में है। क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण की गहन जांच चल रही है कोई भी दोषी बख्शा नहीं जायेगा।

साइकिल सवार को ठोक चलती बनी पुलिस की गाड़ी

बनकटा/अकटहीबाजार। थाना क्षेत्र के सोहनपुर गणेश मन्दिर के समीप मंगलवार को समय लगभग 3 बजे बनकटा थाने की बोलेरो गाड़ी ने सोहनपुर निवासी बचन मद्धेशिया को ठोकर मार कर मानवता को शर्मसार करते हुए घायल की सुधि लिए बिना चलती बनी जिसकी आम जनता में घोर निंदा की जा रही है। घायल व्यक्ति इलाज सोहनपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां कराया गया।उसके दाहिने हाथ की तरहथी में काफी कगोट लगी है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार घायल बचन मद्धेशिया गणेश मंदिर पर चल रहे पूजा कार्यक्रम में शामिल होने साइकिल से जा रहे थे मंदिर के समीप पहुंचते ही तेज गति से आ रही पुलिस की गाड़ी ने ठोकर मार कर चलती बनी।।घायल व्यक्ति के भतीजे ने आवाज लगाकर रोकना चाहा लेकिन गाड़ी नहीं रुकीं। बाजार के लोगों में पुलिस के वाहन से लगी ठोकर और नहीं रुकना समाज के लिए अच्छा संदेश नहीं है घटना तो घट सकती है परन्तु पुलिस को मानवीय रूप दिखाते हुए रुकना चाहिए घायल व्यक्ति को देखना चाहिए जब कि गाड़ी में बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी मौजूद थे।इस बावत प्रभारी निरीक्षक बनकटा मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि गाड़ी से ठोकर लगी लेकिन वह व्यक्ति उठकर चलने लगा इसलिए पुलिस नहीं रुकी।जब चर्चा ने जोर पकड़ा तो थाने से एक उपनिरीक्षक अपने हमराही के साथ आकर निजी चिकित्सक के यहां पट्टी खुलवाकर दुबारा इलाज करवाया तथा कुशलक्षेम जाना।

नकली मिल्क केक फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। शहर के एक मुहल्ले में एक ब्रांड का नकली मिल्क केक बनाने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक कारोबारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्तीनगर निवासी भगवान सिंह यादव कृष्णा स्वीटस के प्रोपराइटर हैं और उन्होंने इसका निर्माण व विक्री करने को लाइसेंस ले रखा है। उनके द्वारा ग्वाला स्पेशल केक के नाम से ट्रेड मार्क भी रजिस्टर्ड है। कुछ समय से जिले में उनके उत्पाद की मांग काफी घट गयी थी। उन्होंने इसकी वजन जानने की कोशिश की तो पता चला कि शहर में कोई उनके ब्रांड का नकली मिल्क केक बनाकर बाजार में सप्लाई कर रहा है। उन्होंने जांच-पड़ताल के बाद शहर के चकियवा मुहल्ले में नकली मिल्क केक बनाने की फैक्ट्री का पता लगाया। सूचना पर पुलिस ने नकली ग्वाला ब्रांड मिल्ककेक बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की। जहां से काफी मात्रा में बना हुआ मिल्ककेक तथा सामग्री बरामद हुआ। इस मामले में भगवान सिंह यादव की तहरीर पर पुलिस ने नेहरूनगर निवासी सन्नी जायसवाल के खिलाफ कापी राइट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

एफपीओ का गठन करें पूर्व सैनिक

बैठक

देवरिया, निज संवाददाता। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक हुई। इसमें पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण करने को अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही पूर्व सैनिकों को एफपीओ के गठन को प्रेरित किया गया।

डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुशासन बेमिसाल होता है। सैन्यबल से सेवानिवृत्त होने के बाद उनके अनुभवों का सकारात्मक प्रयोग करके बड़े बदलाव लाये जा सकते हैं।

उन्होंने पूर्व सैनिकों को एफपीओ के विषय में समझाया तथा उन्हें बायोफ्लॉक मत्स्यपालन, गोटरी इंडस्ट्री, ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा संयंत्र, पोल्ट्री, मखाना की खेती सहित विभिन्न उद्यम से जुड़ने को प्रेरित किया। पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने पिछली बैठक का ब्योरा रखा। पूर्व सैनिकों के भूमि से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के लिए डीएम ने एडीएम प्रशासन को निर्देशित किया।

पूर्व सैनिकों ने शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण का मुद्दा उठाया, जिस पर डीएम ने उचित कार्रवाई को आश्वस्त किया। कर्नल अरुण प्रकाश पांडेय ने ईसीएचएस कैंटीन के लिए पिपरपाती में चयनित भूमि को हैंडओवर करने के प्रकरण पर डीएम ने कार्रवाई को आश्वस्त किया।

बैठक में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, कर्नल रोहित प्रसाद, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता आरके सिंह तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्व सैनिकों के साथ बैठक करते हुए डीएम अखण्ड प्रताप सिंह।

जमीन दिलाने के नाम पर पैसा हड़पने पर केस

भाटपाररानी। खामपार की पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर जमीन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के विरूद्ध पैसा हड़पने का केस दर्ज की है। थाना क्षेत्र के बखरी गांव निवासिनी रंजू देवी पत्नी मनोज कुशवाहा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसने जमीन खरीदने के लिए लार थाना क्षेत्र के रोपन छपरा गांव निवासी मु. निजमान पुत्र इकबाल मियां ने उसे जमीन दिखाकर बेचने के लिए 2.70 लाख रुपया ले लिया। लेकिन जमीन बैनामा नहीं किया।

दहेज उत्पीड़न में 10 लोगों पर केस

कार्रवाई

देवरिया, निज संवाददाता। पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर मारने, पीटने तथा दहेज के लिए उत्पीड़न करने के मामले महिला थाने की पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ समेत 10 लोगों पर दहेज उत्पीड़न तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

रूद्रपुर कोतवाली के रामचक बरई टोला निवासी अन्नू सोनकर की शादी वर्ष 2021 में मऊ के कोपागंज थाना के दोस्तपुरा मुहल्ला निवासी विजय सोनकर पुत्र जगदीश सोनकर के साथ हुई। दहेज में तीन लाख नगद, बुलेट बाइक तथा सोने, चांदी के लाखों के आभूषण आदि परिजनों ने दिया। अन्नू द्वारा पुलिस को दिये तहरीर के अनुसार विदा होने के बाद उसके ससुराल पहुंचने पर पति के अवैध संबंध की जानकारी हुई।

वह संख्यिकी विभाग में सर्वेयर के पद पर तैनात है तथा घर आते ही वह उससे दूर रहते हैं। इसका विरोध करने पर पूरा परिवार मिलकर उसे मारने, पीटने लगे। इसके अलावा दहेज की मांग को लेकर आये दिन प्रताड़ित करने लगे। अन्नू की तहरीर पर महिला थाने की पुलिस ने पति विजय सोनकर, ससुर जगदीश सोनकर, सास मीना, जेठ अजय, संदीप, मुकेश, मौसी रीतू देवी, रीनू देवी, दूधनाथ सोनकर तथा पिंटू सोनकर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

देवरिया। दहेज में बाइक व दो लाख रूपये की मांग को लेकर महिला को मारने, पीटने तथा प्रताड़ित करने के मामले में महिला थाने की पुलिस ने पति, सास, ससुर व दो ननदों से समेत पांच पर केस दर्ज किया है। महिला थाने पर सुलह-समझौत के बाद भी मारपीट व प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के सिसई निवासी राधिका देवी की शादी करीब 8 साल पहले भाटपाररानी क्षेत्र के खड़सर निवासी शैलेन्द्र यादव के साथ हुआ। शादी परिजनों ने अपनी हैसियत अनुसार दान-दहेज दिया। इसके बाद भी ससुराल पहुंचने पर ससुराल वाले राधिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 19 जुलाई-23 को उसे ससुराल वालों ने दहेज लिए कमरे में बंद कर मारा पीटा तथा जहरीला पदार्थ खिलाने का प्रयास किया। उन्होंने गर्भ में पल रहे सात माह के बच्चे को भी मारने का प्रयास किया। वह किसी तरह से भाग कर इसकी जानकारी अपने भाई को दी। पिटाई से उसके हाथ के अंगुली की हडडी टूट गयी। पीड़ित की तहरीर पर महिला थाने की पुलिस ने पति शैलेन्द्र, सास रोशनी, ससुर चन्द्र भूषण तथा ननह पूजा व सुगंधी पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

एसडीएम की कुर्सी पर फोटो खिंचवाने वाला गया जेल

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। एसडीएम की कुर्सी पर बैठ कर फोटो खिंचवाने वाले युवक को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। एसडीएम की कुर्सी पर बैठे युवक की फोटो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया था। मामले में एसडीएम कार्यालय के आशुलिपिक की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था।

19 अगस्त को एसडीएम सीमा पांडेय तहसील दिवस में बैठी थी। उसी दौरान नवलपुर गांव निवासी राजन पुत्र लकी टेलर एसडीएम कक्ष में घुस गया और एसडीएम की कुर्सी पर जा बैठा। यही नहीं एसडीएम के कार्यालय में उनकी कुर्सी पर कार्य करते हुए अपनी मोबाइल में फोटो खिंचवाने के बाद उसे स्टेट्स लगाने के साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इस बात की जानकारी जब तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हुई तो उनके होश उड़ गए। इस घटना से तहसील कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पर भी सवाल खड़े ही गये। इस मामले में उपजिलाधिकारी कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक रमेश प्रसाद के तहरीर पर पुलिस ने राजन पुत्र लकी टेलर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को कोर्ट में चालान कर दिया जहां से उसे 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया।

चार पर छेड़खानी का केस दर्ज

भाटपाररानी। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह अपनी लड़की के साथ सपाती माई स्थान पर पूजा करने जा रही थी।आरोप है कि कार में सवार चालक पवन प्रसाद ने ठोकर मार दिया। वरोध करने पर आरोपी व उसके साथी महिला का हाथ पकड़ कर छेड़ख़ानी करने लगे। पुलिस ने पवन व तीन अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

वन विभाग ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ दर्ज किया केस

फॉलोअप

पथरदेवा, हिन्दुस्तान संवाद। पथरदेवा के प्राथमिक विद्यालय मुरारछापर में हेडमास्टर ने पीपल की डालियों को कटवाकर उसे ठूंठ कर दिया। इससे पेड़ पर रह रहे दर्जनों बगुले के बच्चे मर गए। मामले में वन विभाग ने हेडमास्टर के खिलाफ वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10, एच टू के तहत केस दर्ज किया है। जांच दूसरे सेक्शन के वन दरोगा को सौंपी गई है। मामले में प्रधानाध्यापक को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

19 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय मुरारछापर के प्रधानाध्यापक खैरूल बशर सिद्दीकी ने परिसर में खड़े पीपल के पेड़ की डालियों को किसी सक्षम अधिकारी के अनुमति के बगैर कटवाकर ठूंठ करवा दिया।

इससे पेड़ पर रह रहे दर्जनों बगुलों के बच्चे जमीन पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों की शिकायत पर बीएसए ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। इधर वन विभाग भी हेडमास्टर के खिलाफ कार्रवाई में जुटा था। विभाग ने मृत पक्षियों की कैटेगरी निर्धारित करने के लिए एक्सपर्टों से राय लिया।

छेड़खानी के मामले में केस दर्ज

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है गांव का ही एक युवक उनके घर में घुस कर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़खानी के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

लार। थाना क्षेत्र के एक गांव में 21 अगस्त को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। बरडीहा दलपत गांव निवासी संतोष कुमार सिंह थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार की सुबह वे अपने दरवाजे पर साफ-सफाई कर रहे थे। उसी समय हमारे पट्टीदारों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

ई रिक्शा चोरी, अज्ञात पर मुकदमा

देवरिया। शहर के रामनाथ देवरिया से एक रिक्सा चोरी हो गया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बांकी तिवारी टोला निवासी अखिलेश प्रसाद ई रिक्सा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता हैं। वह सोमवार की रात को अपनी ई रिक्सा रामनाथ देवरिया स्थित बहन के घर खड़ा किये थे। मंगलवार की सुबह ई रिक्सा चोरी हो गया था।

शादी का एडवांस नहीं लौटाने पर केस

खुखुन्दू। शादी का रुपया न लौटने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने एक व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सुविखर गांव की रहने वाली बेबी देवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की शादी 15 फरवरी में थाना क्षेत्र के एक गांव में होनी तय थी। उस दौरान उपहार स्वरूप उन्होंने एक लाख रुपए भी दे दिया।

बीच-बचाव करने वाले युवक की पिटाई

रामपुर कारखाना। गौरा चौराहे पर सोमवार को लगभग एक दर्जन लोग एक युवक की पिटाई कर रहे थे। इसी दौरान पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी विधान चंद्र राव ने बीच बचाव किया। आरोपियों ने विधान चंद्र को पेट्रोल पंप के सामने खींच लिया और जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने पर पुलिस ने शक्ति, शिवम, अमन, आशीष, सचिन व छह अन्य पर बलवा व मारपीट का केस दर्ज कर लिया।

मठ पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

भाटपाररानी। भटनी थाना क्षेत्र के झरनाकुटी स्थित राघव मंदिर के महंत गुरु चरण दास ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मठ पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत की है। प्रार्थना पत्र में महंत गुरु चरण दास ने बताया है कि वें झरनाकुटी ठाकुर विजय राघव जी मंदिर के पुराने महंत है।

आश्वासन पर दिव्यांग ने तोड़ा अनशन

सलेमपुर। नगर के गांधी चौक पर अनशन कर रहे दिव्यांग ने सीओ से वार्ता के बाद अनशन समाप्त कर दिया। स्टेशन रोड निवासी राजेश रौनियार पुत्र स्व फूलचंद रौनियार व उनके परिजनों के खिलाफ बिना जांच के ही कोतवाली में केस दर्ज कर लिया गया था। इससे आहत होकर राजेश ने मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई थी। लेकिन न्याय नहीं मिला। पीड़ित दिव्यांग 21 अगस्त को आमरण अनशन पर गांधी प्रतिमा के नीचे बैठ गए।

सपा ने लगाई चौपाल, सुनी समस्याएं

जासं, भाटपाररानी: क्षेत्र के भेड़ापाकड़ अनुसूचित बस्ती में सोमवार की रात समाजवादी पार्टी की तरफ से चौपाल लगाकर अनुसूचित जाति के लोगों की समस्या सुनी गई। इस दौरान सहभोज का भी आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान संजीव उर्फ लालू प्रसाद ने अनुसूचित बस्ती में बिजली, पेयजल आदि समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ सपा नेता ओपी यादव, कन्हैया शर्मा, वासुदेव यादव, भवानी प्रधान आदि मौजूद रहे।

ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बन रहा था नकली केक

- ब्रांड कंपनी के संचालक के साथ कोतवाली पुलिस ने फैक्ट्री पर की छापेमारी, मुकदमा दर्ज
- उपकरण समेत अन्य सामान किया गया जब्त, मामले की जांच में जुटी पुलिस

जासं, देवरिया: शहर के चकियवा मोहल्ले में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर केक तैयार होने का मामला प्रकाश में आया है। ब्रांडेड कंपनी के संचालक के सहयोग से कोतवाली पुलिस ने संबंधित फैक्ट्री में छापेमारी की। इस मामले में पुलिस ने एक के विरुद्ध धोखाधड़ी, कापी राइट एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर जनपद के शाहपुर थाना के राप्तीनगर गणेशपुरम के रहने वाले भगवान सिंह यादव के पास ब्रांडेड केक व मिल्क केक तैयार करने की फैक्ट्री है। उनके यहां तैयार होने वाले सामग्री की आपूर्ति गोरखपुर के अलावा देवरिया, कुशीनगर समेत विभिन्न जनपदों में की जाती है। कुछ दिनों से उनके सामग्री की क्वालिटी खराब आने की शिकायत मिलने लगी। जिसके बाद वह परेशान होकर जांच कराना शुरू किए।

जांच में पता चला कि देवरिया के चकियवा में उनकी ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली फैक्ट्री संचालित कर उनके गत्ता व उनके फर्म के नाम का प्रयोग करते हुए सामान की बिक्री की जा रही है। पुलिस के सहयोग से वह संबंधित फैक्ट्री पर पहुंचे तो भगदड़ मच गई। पुलिस ने सामान को जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस ने नकली फैक्ट्री संचालित करने वाले सन्नी जायसवाल निवासी नेहरू नगर थाना कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि इस मामले में संबंधित के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

छह माह से चल रहा था यह कार्य : जांच में पता चला कि छह माह से ब्रांडेड कंपनी के रैपर, गत्ता का प्रयोग कर केक की बिक्री कर रहा था। भगवान सिंह का कहना है कि हर महीने पांच से सात लाख रुपये का राजस्व उनका छह माह से प्रभावित हो रहा था।

छह नामजद समेत 12 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के गौरा चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की शाम हुए विवाद के मामले में पुलिस ने छह नामजद व छह अज्ञात के विरुद्ध मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। रामपुर कारखाना के पुरुषोत्तपुर के रहने वाले विधान चंद राव ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि सोमवार की शाम मैं घर लौट रहा था। क्रिकेट खेलने को लेकर कुछ लोग मारपीट कर रहे थे, बीच बचाव करने पर वह लोग उनसे भी उलझ गए। इस मामले में पुलिस ने धनौती के रहने वाले शक्ति यादव, रघवापुर के रहने वाले शिवम तिवारी, भगवतीपुर के रहने वाले सचिन चौहान, बरियारपुर के विशुनपुर कला के रहने वाले आशीष यादव, मूड़ाडीह के रहने वाले अमन व सचिन समेत 12 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शिवम तिवारी का शांतिभंग में चालान कर दिया।

सीमेंट लदा ट्रक चोरी, एक घंटे में पुलिस ने किया बरामद

जासं, देवरिया: शहर के स्टेशन रोड में सीमेंट लाद कर खड़े एक ट्रक मंगलवार की सुबह चोरी हो गया। ट्रक चोरी होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। पुलिस ने एक घंटे के अंदर ही चोरी गए ट्रक को गौरीबाजार के समीप से बरामद कर लिया। साथ ही चोर को भी दबोच लिया। देर शाम तक पुलिस चोर से पूछताछ कर रही थी। पकड़ा गया चोर बिहार के छपरा जनपद का बताया जा रहा है।

रामनाथ देवरिया के रहने वाले जन्मेजय मिश्र का चालक ट्रक पर सीमेंट लादकर रेलवे स्टेशन रोड में भोर में खड़ा था। शौच करने गया और कुछ देर बाद आया तो ट्रक गायब था। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने अपने मालिक को इसकी जानकारी दी। साथ हीं कोतवाली पुलिस को भी बताया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई और जगह-जगह चेकिंग शुरू हो गई। गौरीबाजार के रामपुर चौराहे के समीप से पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। साथ ही वाहन चला रहे चोर को भी पकड़ लिया।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि चोरी गए ट्रक को एक घंटे के अंदर बरामद कर लिया गया। साथ ही चोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

जीपीएस से पुलिस को मिला लोकेशन : ट्रक मालिक ने अपने ट्रक में जीपीएस लगा रखा है। जैसे ही ट्रक चोरी होने की सूचना मालिक को मिली तो वह जीपीएस ट्रैकर पर सक्रिय हो गया। पुलिस को लोकेशन मिलता गया और पुलिस ने पीछा कर ट्रक को पकड़ लिया।

सोने की चेन के साथ शातिर गिरफ्तार

देवरिया : ट्रेन में यात्रियों की चेन काटने वाले एक शातिर को जीआरपी ने सदर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम नवरंग कुमार निवासी नगरौली थाना गौरीबाजार बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से सोने की चेन बरामद की गई।

भूमि विवाद में मारपीट : लार : क्षेत्र के बरडीहा दलपत के रहने वाले संतोष कुमार का कहना है कि वह अपने दरवाजे पर साफ-सफाई कर रहे थे। इस बीच पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने मारपीट की।

वृद्ध दंपती के मौत की गुत्थी उलझी, बिसरा सुरक्षित

- मईल थाना क्षेत्र के धरमेर गांव के महलिया टोला में दंपती के मौत का मामला
- सीओ के निर्देश पर जांच को पहुंचे इंस्पेक्टर, घंटों गांव में जमी रही पुलिस टीम

जासं, देवरिया : मईल थाना के धरमेर के महलिया टोला में दंपती की हुई संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु के मामले की गुत्थी पोस्टमार्टम में भी नहीं सुलझ सकी। मौत के कारण स्पष्ट न होने के बाद दोनों का बिसरा सुरक्षित कर दिया है। उधर सीओ अंशुमन श्रीवास्तव के निर्देश पर गांव पहुंचे इंस्पेक्टर ने घंटों जांच की। लोग दंपती की मौत के बाद तरह-तरह की बातें कह रहे हैं।

महलिया टोला के श्रीराम कुशवाहा 68 वर्ष व उनकी पत्नी कलावती 65 वर्ष गांव के बाहर जूनियर हाईस्कूल के समीप एक खेत में घोठा बनाकर रहते थे। घोठा काफी एकांत में है। सोमवार को घोठा पर स्थित कमरे में दोनों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। एक साथ दंपती की मौत होने के बाद पुलिस भी सक्रिय हुई और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस को संभावना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका और चिकित्सक की सलाह पर बिसरा सुरक्षित कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

जहरीला पदार्थ से मौत होने की बात कह रहे हैं ग्रामीण : ग्रामीणों की बातों पर ध्यान दें तो किसी ने जहरीला पदार्थ या तो उन्हें खिला दिया है या फिर उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया है। इसलिए दोनों की एक साथ मौत हुई है। मृतक श्रीराम कुशवाहा के भाई जयराम कुशवाहा तो अपनों पर ही जहरीला पदार्थ देने का इशारा कर रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत भी पुलिस से की है। फिलहाल अब जो भी हो, इसका पर्दाफाश तो पुलिस की जांच में ही हो सकेगा।

सात जन्मों का साथ निभाने का वादा, एक साथ हुए विदा : श्रीराम कुशवाहा व उनकी पत्नी कमलावती लगभग पांच दशक पूर्व सात जन्मों तक साथ निभाने का अग्नि को साक्षी मानकर वादा किया था। सोमवार को दोनों ने एक साथ ही इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। दोनों की मृत्यु के बाद मुंबई में रह रहे इकलौते पुत्र अखिलेश के सिर से मां-बाप का एक साथ सिर से साया उठ गया। परिवार में मातम छा गया है।

चोरी गया ई-रिक्शा बरामद, तीन गिरफ्तार

जासं, देवरिया: चोरी हुए ई-रिक्शा को कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को बरामद कर लिया। साथ ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

रामनाथ देवरिया के रहने वाले अखिलेश कुमार रविवार की रात ई-रिक्शा खड़ा कर सो गए। जब सुबह सोकर उठे तो उनका ई-रिक्शा गायब हो गया था। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद मंगलवार को चौकी इंचार्ज सिविल लाइंस रोड गोपाल राजभर ने ई-रिक्शा को पोस्टमार्टम चौराहे से बरामद कर लिया। साथ ही चोरी में शामिल रामनाथ देवरिया के करन कुमार, करन कुमार शाह व गोरखपुर के राजघाट थाने के बर्फखाना का रहने वाला रमेश निषाद को भी गिरफ्तार कर लिया।

एसडीएम की कुर्सी पर बैठने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं, सलेमपुर: तहसील कार्यालय में एसडीएम की कुर्सी पर बैठने वाले आरोपित को मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे शांतिभंग में चालान करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन के लिए जेल भेज दिया।

एसडीएम की कुर्सी पर बैठकर कार्य करते युवक का फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी कोतवाली पुलिस ने आरोपित को उपनगर के हरैया के समीप से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों की माने तो पूछताछ में आरोपित राजन पुत्र लकी निवासी नवलपुर ने बताया है कि वह शौक से फोटो खींचवाया था। उसने फोटो को वाट्सएप के डीपी पर लगाया था, किसी ने फोटो निकाल कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में आरोपित राजन का चालान करते हुए एसडीएम के यहां पेश किया।

यह है पूरा प्रकरण:

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम सीमा पांडेय डीएम के साथ तहसील सभागार में लोगों की फरियाद सुन रही थीं, उसी समय राजन उनके कार्यालय में पहुंच गया और कुर्सी पर बैठकर एक युवक से फोटो खींचवाया। सोमवार को जब इंटरनेट मीडिया पर फोटो प्रसारित हुआ तो तहसील प्रशासन ने संज्ञान लिया। आशुलिपिक रमेश प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इसके बाद एसडीएम के सामने पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

गोपाल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक, सलेमपुर

शादी से किया इन्कार, उपहार का 50 हजार रुपये डकारा, मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया: शादी में उपहार के नाम पर लिए गए पचास हजार रुपये वापस न करने पर खुखुंदू पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किया है।

खुखुंदू थाना के सुविखर की रहने वाली बेबी देवी पत्नी जितेंद्र का कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी अहिरौली के रहने वाले प्रदीप ठाकुर के भाई विकास के साथ तय की। 15 फरवरी 2022 को शादी तय हो गई। उपहार स्वरूप एक लाख रुपये व अन्य सामान भी दिए गए। बाद में प्रदीप ने शादी करने से इन्कार कर दिया। उपहार में दिए गए रुपये की मांग की गई तो 50 हजार रुपये दे दिया, लेकिन अन्य रकम देने से इन्कार कर रहा है। इस मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपित प्रदीप ठाकुर निवासी अहिरौली थाना खुखुंदू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।





दिव्यांग को मांग पूरी करने का आश्वासन देते कोतवाल संवाद

आश्वासन पर दिव्यांग का अनशन समाप्त

सलेमपुर। नगर के गांधी चौक पर अपनी मांगों को लेकर एक दिव्यांग व्यक्ति अनशन पर बैठे थे। मंगलवार को सीओ ने वार्ता कर न्याय मिलने व दोषियों के खिलाफ जांच कर दो महीने में कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने अनशन समाप्त कर दिया। कुछ माह पूर्व अपने पर हुए हमले में मुकदमा दर्ज न होने और उल्टे हमलावर के तहरीर पर दोनों पैर से पूर्ण रूप से दिव्यांग नगर के स्टेशन रोड निवासी राजेश रौनियार व उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बिना जांच के ही कोतवाली के दरोगा के केस दर्ज करने से आहत होकर राजेश ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन न्याय नहीं मिला। 21 अगस्त को आमरण अनशन पर गांधी प्रतिमा के नीचे बैठ गया। पूरी रात कई बार पुलिस ने अनशन खत्म करने को कहा गया, लेकिन मंगलवार को करीब दस बजे सीओ से वार्ता व कोतवाल गोपाल पांडेय के लिखित आश्वासन के बाद उनके हाथों जूस पीकर अनशन समाप्त किया। संवाद

दो बच्चों के साथ थाने पहुंची महिला

देवरिया। घर से दो बच्चों के साथ गई महिला मंगलवार को लार थाने पहुंची। महिला के आने की सूचना पर ससुराल के लोग पहुंच गए। घंटों चली बातचीत के बाद बात नहीं बनी तो बच्चों को लेकर ससुराल वाले अपने घर चले गए। इधर, महिला अपने किसी रिश्तेदार के साथ कहीं चली गई।

थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता एक माह पहले अपने दो बच्चों को लेकर कहीं चली गई थी। महिला के पति कहीं बाहर प्राइवेट नौकरी करता है। महिला के फरार होने के बाद परिजन काफी खोजबीन किए, लेकिन पता नहीं चला। पत्नी के लापता होने की जानकारी होते ही पति गांव आ गया और इसकी जानकारी पुलिस को दिया। मंगलवार शाम महिला अपने बच्चों के साथ थाने पहुंच गई। जानकारी होने पर महिला के ससुर, सांस और पति थाने पहुंच जानकारी लेने लगे। घंटों चली बातचीत के बाद भी महिला ससुराल जाने को तैयार नहीं हुई । ससुराल के लोग दोनों बच्चों को लेकर घर चले गए। मां को छोड़ पिता और बाबा, दादी के साथ जा रहे बच्चे चिल्ला चिल्ला कर रो रहे थे। एसओ कपिलदेव चौधरी ने बताया कि महिला और उसके ससुराल वाले आपस में बैठ कर बातचीत किए। बच्चे अपने पिता के साथ गए और महिला अपने रिश्तेदार के साथ गई। संवाद

एसडीएम की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने वाला गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

शांति भंग में पुलिस ने किया चालान, एसडीएम ने 14 दिन के लिए भेजा जेल

सलेमपुर। एसडीएम की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने और सोशल मीडिया पर उसे वायरल करने के आरोपी का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। एसडीएम ने युवक को जेल भेज दिया।

एसडीएम सीमा पांडेय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सभागार में बैठी थीं। इसी बीच कोतवाली क्षेत्र के नवलपुर गांव निवासी राजन आया और उनके चेंबर में घुसकर उनकी कुर्सी पर बैठ गया। मेज पर रखी एसडीएम की कलम हाथ में लेकर अपने मोबाइल में तस्वीर कैद कर ली। कुछ देर बाद सोशल मीडिया पर वह ये तस्वीरें अपलोड कर दीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर किसी ने एसडीएम को भेजा। जब इसके बारे में एसडीएम ने अपने कर्मचारियों से जानकारी ली तो पता चला कि तहसील दिवस संपूर्ण समाधान दिवस में बैठने के दौरान चेंबर का दरवाजा बंद था। इसी बीच आरोपित युवक ने कुर्सी पर बैठकर तस्वीर ले ली। एसडीएम के निर्देश पर आननफानन आशू लिपिक रमेश प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामला को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया। लेकिन गिरफ्तारी नहीं की। इसको लेकर मंगलवार को अमर उजाला ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को आननफानन आरोपी युवक को गिरफ्तार कर एसडीएम के समक्ष पेश किया। जहां से एसडीएम ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया।

आजमगढ़ के सर्वेयर और परिजनों पर रिपोर्ट

देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली के रामचक बरई टोला निवासी अन्नू सोनकर ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई थी कि उसकी शादी 28 नवंबर 2021 को विजय सोनकर निवासी दोस्तपुरा कोपागंज, मऊ के साथ हुई थी। पति राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय आजमगढ़ में सर्वेयर के पद पर तैनात हैं। शादी होने के बाद ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में विजय सोनकर, जगदीश सोनकर, अजय, संदीप, मुकेश, मीना, ऋतु देवी, रीनू, दूधनाथ, पिंटू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

न्यायालय के आदेश पर ट्रक चोरी का केस दर्ज

देवरिया। लार थाना क्षेत्र के डकिना स्थित एक ढाबा से चोरी गए ट्रक के मामले में पुलिस ने राजेश यादव निवासी बहा सराय गणेश, थाना घोसी, जिला मऊ की तहरीर पर केस दर्ज किया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई की है। 14 मई को सिवान के रास्ते ट्रक पर माल लेकर चालक बिहार जा रहा था। मेहरौना चौकी से पहले चालक अभिमन्यु को नींद आने लगी थी। इस वजह से वह डकिना गांव के सामने राम जानकी मार्ग के किनारे स्थित एक ढाबा पर ट्रक खड़ा कर दिया और वहीं पड़ी हुई खाट पर सो गया। सुबह जब अभिमन्यु की आंख खुली तब ट्रक चोरी हो गया था। लार थाने के प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर ट्रक चोरी का केस दर्ज किया गया है। ट्रक का पता लगाया जा रहा है। संवाद

पांच हजार में बता देंगे लड़का है या लड़की पर हमारे बारे में किसी को मत बताना...

कुछ स्थानों पर आशा कार्यकर्ता तो कुछ स्थानों पर दलालों के माध्यम से बताई जा रही हैं रिपोर्ट

संवाद सूत्र गोरखपुर



जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा

आईपीसी की धारा 313 के तहत होती है कार्रवाई

सिर्फ विषम परिस्थितियों में कम सकते हैं गर्भपात

पति सहित पांच पर केस दर्ज

देवरिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के सिसई गांव निवासी राधिका देवी की शादी आठ साल पहले शैलेंद्र यादव निवासी खड़ेसर थाना भाटपाररानी के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुरालियों ने दहेज न मिलने पर पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति शैलेंद्र, सास रोशनी, ससुर चंद्रभूषण, पूजा, सुगंधी देवी के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। संवाद

नामी कंपनी के नाम पर नकली केक बेचने पर केस

देवरिया। गोरखपुर के राप्ती नगर निवासी भगवान सिंह यादव ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया था कि फूड लाइसेंस के जरिए ग्वाल मार्का स्पेशल केक के नाम से है। जिसका नकल कर शहर के नेहरू नगर निवासी सन्नी जायसवाल केक बनाकर बेच रहा है। कोतवाल दिनेश मिश्रा ने बताया कि मामले में कापी राइट एक्ट का केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

रेलवे स्टेशन पर टिकट के लिए धक्का-मुक्की

देवरिया। सदर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की दोपहर में टिकट को लेकर दो पक्षों में धक्का-मुक्की हो गई। मारपीट पर उतारू दोनों पक्ष के कारण अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने एक युवक को हिरासत में लेकर मामले को शांत कराया। संवाद

शातिर चोर हिरासत में

देवरिया। शहर के रेलवे रोड चौकी प्रभारी गोपाल राजभर ने मंगलवार की देर शाम एक शातिर चोर को पकड़ लिया। हिरासत में लिए गए आरोपी से कुछ चोरी के ई-रिक्शा के बारे में जानी ली। पुलिस को भरोसा है कि उसकी निशानदेही पर चोरी गए ई-रिक्शा बरामद होंगे। संवाद

आगजनी के मामले में अज्ञात पर केस

देवरिया। मईल थाना क्षेत्र के लार रोड निवासी चंद्र प्रकाश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 18 अगस्त की रात में उनके प्लास्टिक फार्मा की फैक्ट्री में किसी ने आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

घर में घुसकर की छेड़खानी

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही चार लोगों ने 19 अगस्त को घर में घुसकर मारपीट की और छेड़खानी की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

ई-रिक्शा चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बाकी निवासी अखिलेश प्रसाद 21 अगस्त को ई रिक्शा शहर के रामनाथ देवरिया अपनी बहन के घर खड़ा किए थे। सुबह देखे तो ई रिक्शा गायब था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। संवाद

भविष्य संवारने की चाह में डूब जा रही पूंजी, बन जा रहे हैं कर्जदार

विदेश भेजने के नाम पर ठगे गए युवा एसपी से रोकर बोले- साहब! पूंजी भी डूब गई

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में सिरोह चल रहे हैं। जिले में इससे पहले भी कई ऐसे मामले आ चुके हैं, जिसमें युवकों को फर्जी वीजा थमाकर लाखों रुपये की ठगी की गई है। अब ये एजेंट युवाओं को ठगने का नया तरीका इजाद कर रहे हैं। ऑनलाइन एप डाउनलोड कराकर फार्म भरवा रहे हैं और रुपये ले रहे हैं। इसके चक्कर में कई युवक कर्जदार हो जा रहे हैं। तो कुछ खेत तक बंधक रखकर रुपये दे रहे हैं। गाढ़ी कमाई डूब भी जा रही है। इसके सदमे से युवक परेशान भी हो रहे हैं।

ठगी के शिकार हुए मुकेश तिवारी ने बताया कि दूसरे से 60 हजार रुपये लेकर दिए थे। अब कहां से भरेंगे, समझ नहीं आ रहा। विवेक तिवारी ने बताया कि किसी तरह व्यवस्था करके विदेश जाने को सोचा था, अब तो घर की पूंजी डूब गई और विदेश भी नहीं जा पाया। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घर की पूंजी ही डूब गई। अनिल ने बताया कि रिश्तेदार से कर्ज लेकर पैसा दिया था।



एसपी कार्यालय पहुंचे ठगी के शिकार हुए युवक। संवाद

जरूरी सावधानी : कानून पीड़ित न्याय मंच के सचिव अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि अगर नौकरी के लिए विदेश जाने की सोच रहे हैं तो जांच परख कर ही घर से कदम निकालें। कंपनी ने वैधानिक तरीके से एग्रीमेंट कराया है कि नहीं, जिस पर पूरा ब्योरा होता है कि काम का कितना घंटा होगा और वेतन क्या होगा। फर्म का विदेश मंत्रालय में पंजीकृत है कि नहीं, यह वेबसाइट पर देख लें। एंप्लॉयमेंट वीजा पर ही विदेश जाएं।

केस 1

इसी साल मार्च माह में विदेश भेजने के नाम पर एक एजेंट ने बरहज क्षेत्र के क्षेत्र के करीब 32 युवकों से करीब 50 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर उसने युवकों को विश्वास में लेने के लिए एयरपोर्ट से उड़ान भरने की तारीख और फर्जी वीजा, टिकट भी थमा दिया था।

केस 2

कनाडा भेजने के नाम पर 11 लाख ले भागे

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के पानकुंडा गांव निवासी हरिवंश यादव से एक जालसाज ने आठ अगस्त को कनाडा भेजने के नाम पर 11 लाख रुपये ठग लिया था। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

केस 3



कबूतरबाजों के चक्कर में फंसे युवक ने ससुराल में दी जान

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

कर्ज के कारण युवक ने दे दी थी जान

गोरखपुर के पादरी बाजार हैदरगंज निवासी राजू विश्वकर्मा (28) की शादी एक वर्ष पहले गौरीबाजार थाना क्षेत्र के जोगन के रहने वाले शैलेश की बहन ज्योति से हुई थी। परिजनों के अनुसार राजू को किसी ने दुबई में कारपेंटर का काम दिलाने के लिए कहा। इसके लिए उसने पत्नी और गांव के लोगों से रुपये के लिए कहा। नौ अगस्त को ससुराल आया था। उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

केस 4

मार्च माह में शहर के देवरिया खास स्थित ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेंटर संचालक ने विदेश भेजने के नाम पर करीब 150 युवाओं से 30 लाख रुपये ठग लिए। इसमें देवरिया सहित बिहार के विभिन्न जिलों के युवक हैं।

KUSHINAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

धर्म परिवर्तन के प्रयास में पांच दबोचे

शिकंजा

- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली बाजार में हो रही थी प्रार्थना सभा
- हिन्दू वादी संगठनों के कार्यकर्ताओं की तहरीर पर केस दर्ज

मथौली बाजार (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर की मथौली नगर पंचायत में में मंगलवार सुबह एक घर में धर्म परिवर्तन कराए जाने को लेकर प्रार्थना सभा की सूचना पर पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मथौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 चंदशेखर आजाद नगर में रामचंद्र साहनी के घर धर्म परिवर्तन के लिए चार लोगों द्वारा प्रार्थना सभा कराई जा रही थी। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने डॉयल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पीआरवी ने आयोजन कर्ताओं को हिरासत में लेकर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बाद में नगर पंचायत मथौली निवासी एवं विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार शर्मा के नेतृत्व में हिंदू वादी संगठनों के कई कार्यकर्ताओं ने कप्तानगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आयोजनकर्ता किम्मू साहनी पुत्र भीम साहनी निवासी खोठही देवीपुर, सिकंदर कुमार पुत्र हरिप्रसाद विजयपुर सिधावे थाना रामकोला, हरेंद्र प्रसाद पुत्र रामवेलास वार्ड नंबर 7 मथौली थाना कप्तानगंज, गुड्डी पत्नी गुड्डू और लाला साहनी पुत्र गुड्डू वार्ड नंबर 14 मथौली थाना कप्तानगंज पर केस कर लिया। एसओ कप्तानगंज विनय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

जोकवा बाजार। तुर्कपट्टी थाने के गड़हिया मोड़ से मंगलवार को पुलिस ने चोरी के समान के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार दोपहर तुर्कपट्टी पुलिस ने एनएच 28 गड़हिया मोड़ से तीन युवक सेराज आलम, सुधीर शर्मा व सुजीत गोस्वामी को गिरफ्तार किया।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। अहिरौली बाजार थाने के थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय के नेतृत्व में दरोगा रविभूषण राय, ओमप्रकाश यादव, सुदामा यादव, सोनदेव यादव आदि की टीम ने मंगलवार को हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित अभियुक्त नागेश्वर उर्फ शक्ति निवासी मठिया थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर लिया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। तरयासुजान थाने के निरीक्षक अनिल सिंह यादव, आदित्य प्रताप सिंह, रिषु यादव व राघवेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे रोहित निषाद निवासी बेदूपार एहतमाली बिन टोली थाना तरयासुजान को गिरफ्तार कर किया है।

336 शीशी अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

पडरौना। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय थाना तमकुहीराज के नेतृत्व में दरोगा विकास राय, गोपीनाथ व सचिन की टीम ने क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग कट के पास से 30 हजार रुपये की 336 शीशी अंग्रेजी के साथ बृजकिशोर राय उर्फ विक्की निवासी माधोपुर बुजुर्ग व सौरभ कुमार निवासी माधोपुर बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है।



तमकुहीराज थाने का निरीक्षण करते एसपी धवल जायसवाल । ● हिन्दुस्तान

एसपी ने कार्यालय का किया निरीक्षण

तमकुहीराज। एसपी कुशीनगर धवल जायसवाल ने मंगलवार को सीओ कार्यालय व थाना तमकुहीराज का निरीक्षण किया। मंगलवार की शाम एसपी कुशीनगर धवल जायसवाल पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। तमकुहीराज थाना भी इसी परिसर में है। एसपी ने थाना कार्यालय के अभिलेखागार, शस्त्रागार, मेस आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद एसपी ने सीओ कक्ष में बैठकर मातहतों से तमाम बिन्दुओं पर जानकारी ली।

किशोरी को भगा ले गई नर्तकी, केस

छितौनी। हनुमानगंज थाना क्षेत्र में आर्केस्ट्रा की एक नर्तकी पड़ोस की एक नाबालिग लड़की को तीन दिन पूर्व भगा ले गई है। नाबालिग के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

नगर पंचायत छितौनी में आर्केस्ट्रा से जुड़ी बंगाल की रहने वाली सोना नामक नर्तकी पिछले सात साल से रहती है। आरोप है कि नर्तकी पड़ोस की एक नाबालिग लड़की को तीन दिन पहले भगा ले गई। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चलने पर हनुमानगंज थाने में तहरीर सौंपी। पुलिस ने नर्तकी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एसएसबी जवान की बाइक लूट कर भागा था बिहार का बदमाश

फरार लुटेरा हुआ गिरफ्तार दरोगा सिपाही लाइनहाजिर

कार्रवाई

- 24 घंटे में कुशीनगर की हनुमानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया
- जांच में दरोगा और एक सिपाही की लापरवाही सामने आई

खड्डा (कुशीनगर), हिसं। बिहार के पश्चिमी चंपारण में एसएसबी जवान की बाइक लूटकर भागे बदमाश को थाने से फरार होने के 24 घंटे के भीतर कुशीनगर की हनुमानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार की शाम उसे जेल भेज दिया गया। सीओ की जांच में लुटेरे की फरारी में दरोगा व एक सिपाही की लापरवाही सामने आई। इस पर दोनों को एसपी ने लाइनहाजिर कर दिया।

पश्चिमी चम्पारण (बिहार) जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के गोईठही गांव निवासी एसएसबी का जवान जयहिन्द महतो छुट्टी पर अपने घर आया था। दो दिन पूर्व वह रिश्तेदारी से बाइक लेकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान मटियरिया थाना क्षेत्र के मेहनौल के पास इसी गांव के निवासी शुड्डू साईं पुत्र वाजिद ने उसकी बाइक रोककर लिफ्ट मांगी। एसएसबी के जवान ने उसे बाइक पर बैठा लिया। कुछ देर बाद सुनसान जगह देख शुड्डू ने जवान पर पीछे से किसी नुकीले चीज से वार कर घायल कर दिया और उसकी बाइक, नगदी व मोबाइल लेकर फरार हो गया। एसएसबी जवान की तहरीर पर रामनगर पुलिस ने अज्ञात लुटेरे के खिलाफ मुकदमा दर्जकर सीमावर्ती थानों को इसकी सूचना दी।

इसी दौरान रविवार की रात एक संदिग्ध कुशीनगर की हनुमानगंज पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे थाने लाकर पूछताछ की। इसके बाद वह फरार हो गया। सोमवार को जब हनुमानगंज पुलिस को पता चला कि वह बिहार से एसएसबी जवान की बाइक लूट कर भागा है तो हड़कंप मच गया। बदमाश की तलाश शुरू हुई। वहीं एसपी ने सीओ खड्डा से जांच कराई। उनकी रिपोर्ट में सामने आया कि दरोगा राजेश शाही व सिपाही हरिओम ने बदमाश से बाइक, मोबाइल व आधार कार्ड आदि जमा कराकर उसे छोड़ दिया था।

रामनगर पुलिस ने हनुमानगंज थाने पहुंचकर की तस्दीक

सोमवार को ही प. चंपारण (बिहार) के रामनगर थाने की पुलिस ने हनुमानगंज थाने पहुंचकर बरामद बाइक, आधार कार्ड व मोबाइल देख एसएसबी जवान से लूटी गई वस्तुएं होने की पुष्टि की। इसके बाद एसओ अजय पटेल, एसआई मनोज द्विवेदी, सिपाही विवेकानंद पटेल, अमित, ज्ञानप्रकाश, अनुग्रह सिंह, विक्रान्त शुक्ला व रामबरन मौर्या के साथ लुटेरे शुड्डू की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। 24 घण्टे के भीतर पुलिस ने मंगलवार को शातिर लुटेरे को बेलवनिया के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बिहार के थानों में इसके खिलाफ पहले से ही आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। कुशीनगर एसपी धवल जायसवाल ने हनुमानगंज पुलिस को लुटेरे की गिरफ्तारी पर शाबाशी दी है, वहीं लापरवाही सामने आने पर दरोगा राजेश शाही व सिपाही हरिओम को लाइनहाजिर कर दिया है।

मतांतरण कराने के आरोप में पांच गिरफ्तार

- प्रार्थना सभा की सूचना पर ग्रामीणों के एक समूह ने किया हंगामा
- हिन्दू नेता के आगे आने पर सक्रिय हुई पुलिस



कप्तानगंज थाना परिसर में पकड़े गए आरोपितों के साथ खड़ी पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, कप्तानगंज: मथौली कस्बा के वार्ड नंबर 14 में मंगलवार को एक घर में मतांतरण के लिए प्रार्थना सभा की सूचना पर ग्रामीणों के एक समूह ने हंगामा खड़ा कर दिया। पांच लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच की जा रही है। इसको लेकर गांव में कुछ देर के लिए तनाव बना रहा। मकान स्वामी रामचंद्र साहनी फरार बताए जा रहे हैं।

प्रार्थना सभा में हिंदू धर्म का अपमान करने, दूसरे धर्म की पुस्तक की पूजा करने की शिकायत हिंदूवादी नेता ओंकार शर्मा को मिली तो वे कुछ ग्रामीणों के संग मौके पर पहुंचे। इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह को दी। प्रार्थना सभा में शामिल निम्मू साहनी, निवासी खोटही देवीपुर थाना रामकोला, सिकंदर, हरेंद्र, गुड्डी पत्नी गुड्डू साहनी और लाल साहनी निवासी मथौली को पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले गई। आरोप है कि रामचंद के मकान में कई वर्षों से मतांतरण के लिए समय-समय पर प्रार्थना सभा कराई जाती है। लोगों को लालच देकर मतांतरण कराया जाता है और हिंदू धर्म का अपमान भी किया जाता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पांचों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

तड़पती रही नीलगाय, वन विभाग ने नहीं लिया संज्ञान: पनियहवा: विकास खंड खड्डा के भजनछपरा में मंगलवार की सुबह से ही नीलगाय घायलावस्था में पड़ी थी। सूचना के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने पशु चिकित्सालय के पैरावेट को बुलाकर उपचार कराया। ग्रामवासी हरिलाल, रामजी कुशवाहा, राधेश्याम, ओमप्रकाश, परशुराम, खेमन आदि ने बताया कि नील गाय पर कुत्तों ने हमला भी किया था।

48 घंटे में पकड़े गए 133 वांछित

पडरौना: एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जनपद में एनबीडब्लू, गैंगस्टर, वांछित व जिलाबदर के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान में 48 घंटे में 133 वांछित गिरफ्तार किए गए हैं। इसमें 25 वांछित व 108 वारंटी शामिल हैं। (जासं)

एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

जागरण संवाददाता अहिरौली बाजार: एसपी धवल जायसवाल में सोमवार की देर शाम अहिरौली बाजार थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर का अवलोकन और मालखाना देखने के बाद कमियों को सुधारने का निर्देश दिया। जनसुनवाई पंजिका, थाने में लगे सीसी कैमरे, सफाई व्यवस्था व निर्माणाधीन शौचालय को भी देखा।

उन्होंने थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव को निर्देशित किया कि रिकार्ड के रख-रखाव पर ध्यान देने के साथ ही विवेचना में तेजी लाई जाए। इससे पीड़ित को त्वरित न्याय मिल सकेगा। विवेचना कर रहे उप निरीक्षकों से कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए, इससे जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा। प्रयास हो कि शिकायतों का थाने स्तर पर ही समाधान कर दिया जाए। एसआइ विष्णु राम समेत थाने के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

हत्या के प्रयास के आरोपी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

पडरौना। हत्या के प्रयास के एक आरोपी ने मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। वहां से उसे 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार, तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ गांव के सियरहा टोला निवासी अभियुक्त विशंभर ने बीते 11 जुलाई को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। उसने बताया था कि तरयासुजान थाने की पुलिस उसे हैरान व परेशान कर रही है, लिहाजा उसे अभिरक्षा में लिया। न्यायालय से उसके बारे में आख्या मांगी गई।

थाने ने 17 जुलाई को आख्या भेजी कि अभियुक्त हत्या के प्रयास में तरयासुजान थाने में वांछित है। आख्या देखने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में देवरिया जेल भेज दिया। संवाद

हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

अहिरौली बाजार : हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार चल रहे आरोपित नागेश्वर उर्फ शक्ति निवासी मठिया थाना कप्तानगंज को मंगलवार को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय, उपनिरीक्षक रवि भूषण राय, ओमप्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल सोमदेव यादव, सुदामा यादव आदि शामिल रहे।

शराब के साथ दो गिरफ्तार

तमकुहीराज : पुलिस ने माधोपुर बुजुर्ग कट के समीप मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने मयफोर्स छापामारी कर 336 पीस फ्रुटीनुमा अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान बृजकिशोर राय उर्फ विक्की व सौरभ कुमार निवासी माधोपुर बुजुर्ग थाना तमकुहीराज के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद शराब 60लीटर 480 मिलीलीटर है।

चार लोगों के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा : नेवुआ नौरंगिया: गोइती खुर्द गांव में हुई मारपीट के मामले मे पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ व धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित अजीत ने तहरीर में बताया था कि 18 अगस्त की शाम पड़ोस में हो रहे संकीर्तन में गए थे। वहां लोग बेवजह अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर मुझे पीटने लगे, जान बचाकर भागा तो दौड़ाते हुए मेरे घर में घुस गए। बीच-बचाव करने आई मेरी बहन को भी मारे पीटे व उसके कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने मिंटूलाल, लालबाबू, दीपक व कमलावती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

फरार बदमाश गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी निलंबित

जासं, खड्डा: हनुमानगंज थाने से बीते सोमवार को रहस्यमय ढंग से फरार बिहार के पश्चिमी चंपारण के मटियरिया थाना के मेहनौल का रहने वाला बदमाश सुड्डू साईं मंगलवार को यूपी बिहार सीमा के नरकहवा गांव के समीप पकड़ा गया। उस पर पश्चिमी चंपारण के ही थाना रामनगर के हरपुर गांव के निकट शनिवार की शाम एसएसबी जवान हमला कर बाइक लुटने का आरोप है। हनुमानगंज पुलिस रविवार की रात 12 बजे उसे नशे की हालत में पकड़कर थाने ले आई थी। गिरफ्तारी के बाद थाने पर ड्यूटी पर तैनात दारोगा राजेश शाही व सिपाही हरिओम को लापरवाही के आरोप में एसपी धवल जायसवाल ने निलंबित कर दिया।



लूटेरा सुड्डू साई • जागरण

आरोप है कि रविवार को रामनगर थाने के अपर थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी बाइक व आरोपित को ले जाने आए तो थानाध्यक्ष हनुमानगंज ने यह कहते हुए सुपुर्द नहीं किया कि मामला लूट का है। इसकी एफआईआर मेरे थाने में दर्ज होगी। उसके बाद ही रिमांड पर दे सकेंगे। सोमवार को बदमाश थाने से फरार हो गया तो थानाध्यक्ष अजय पटेल का सूर ही बदल गया। बदमाश के पकड़े जाने से ही इन्कार कर गए। दूसरी ओर बिहार के रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अनंतराम ने हनुमानगंज पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। कहा कि एसओ से मैंने रविवार को फोन पर कई बार निवेदन किया कि सुड्डू के विरुद्ध मेरे थाने में एफआईआर दर्ज है। उसको सुपुर्द कर दीजिये। उनके वाट्सएप पर एफआइआर की कापी भी भेजी। बावजूद सुपुर्द नहीं किया गया। सोमवार को उसे रहस्यमय ढंग से गायब कर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। तरयासुजान थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित रोहित निषाद निवासी बेदूपार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। संवाद

चौराखास के थानेदार हटे

पडरौना : एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार को चौराखास के थानेदार निरीक्षक प्रमोद कुमार को हटाते हुए प्रभारी आइजीआरएस सेल बनाया है। वहां तैनात रामसहाय चौहान प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा व सेवरही के निरीक्षक अपराध चंद्रभूषण प्रजापति को प्रभारी निरीक्षक चौराखास की जिम्मेदारी सौंपी है।

दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार : सलेमगढ़ : तरयासुजान पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित रोहित निषाद निवासी बेदूपार एहतमाली बिन टोली को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक अनिल सिंह यादव ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

एसएसबी के जवान को घायल कर लॉकअप से भागने वाला गिरफ्तार

बिहार सीमा के पास नरकहवा गांव के सरेह से किया गया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। हनुमानगंज थाने के लॉकअप से भागे लुटेरे को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसने बिहार में एसएसबी के एक जवान को नुकीले हथियार से घायल कर लूट लिया था। हनुमानगंज थाने की पुलिस ने उसे रविवार की शाम को पकड़ा था।

उसे लॉकअप में बंद किया था, जहां से वह सोमवार की सुबह पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। पुलिस ने उसे चोरी की बाइक रखने के जुर्म में चालान कर दिया। एसपी ने इस मामले में लापरवाही बरतने पर एक सब इंस्पेक्टर और ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही को निलंबित कर दिया है।

बिहार प्रांत के रामनगर थाना क्षेत्र में एसएसबी के जवान जयहिंद पर एक बदमाश ने जानलेवा हमला कर उनकी बाइक सहित सामान लूट लिया था।

इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर बिहार पुलिस छानबीन कर रही थी। वह बदमाश लूट की बाइक व मोबाइल के साथ हनुमानगंज थाना क्षेत्र से रविवार



सिब्बू साई। संवाद

की रात में पकड़ा गया था।

उसे हनुमानगंज थाने में रखा गया था। रात्रि में थाने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की लापरवाही के चलते सोमवार की भोर में वह लुटेरा फरार हो गया था।

इसके बाद सीओ खड्डा संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता से उसकी तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को बिहार सीमा के पास नरकहवा गांव के सरेह में उसके छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे धर दबोचा।

हनुमानगंज थाने की पुलिस ने आरोपी सिब्बू साई को लूट की बाइक व अन्य सामान रखने के

हनुमानगंज थाने के लॉकअप से भाग गया था सिब्बू

लूट का मुकदमा बिहार के रामनगर थाने में दर्ज है

आरोप में मंगलवार को चालान कर दिया है।

बदमाश के लॉकअप से फरार हो जाने के बाद उसे पकड़ने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी और अंततः उसे पकड़ लिया गया।

सीओ ने अभियुक्त के पकड़े जाने की पुष्टि की : सीओ खड्डा संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि थाने से फरार अभियुक्त को पकड़ लिया गया और उसका चालान कर दिया गया है।

इस मामले में लापरवाही बरतने पर एसआई राजेश शाही व सिपाही हरिओम के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

बिहार पुलिस सिब्बू को लेगी रिमांड पर : एसडीपीओ : रामनगर के एसडीपीओ नंदजी ने बताया है कि एसएसबी के जवान जयहिंद के साथ हुई लूट का मुकदमा रामनगर थाने में दर्ज है। यहां से पुलिस उसे लेने के लिए यूपी के हनुमानगंज थाने गई थी, लेकिन मिला नहीं।

इस बीच उसके भाग जाने की जानकारी मिली थी। अब पकड़ा गया है तो उसे वैधानिक कार्रवाई करते हुए रिमांड पर लाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो पुलिसकर्मी किए गए निलंबित

सोमवार की भोर में हनुमानगंज थाने से फरार हुए लूट के अभियुक्त के मामले में एसपी ने खड्डा के सीओ संदीप कुमार वर्मा को जांच सौंपी थी। जांच में रात्रि में तैनात एसआई राजेश शाही व पहरे पर तैनात सिपाही हरिओम प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया है।

एसपी बोले

हनुमानगंज थाने से फरार लूट के आरोपी को मंगलवार को इसी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में लापरवाही बरतने पर ड्यूटी पर तैनात एसओ तथा पहरे पर तैनात सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

- धवल जायसवाल, एसपी

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

तमकुहीराज। मंगलवार को तमकुहीराज थाने की पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। एनएच-28 स्थित माधोपुर बुजुर्ग कट के पास गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 30 हजार रुपये मूल्य की 336 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया। पकड़े गए व्यक्तियों में माधोपुर बुजुर्ग निवासी बृजकिशोर उर्फ विक्की कुमार और इसी गांव के सौरभ कुमार शामिल हैं। संवाद

धर्म परिवर्तन के लिए प्रार्थना सभा करा रहे पांच लोग गिरफ्तार

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली बाजार नगर पंचायत की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

मथौली बाजार (कुशीनगर)। कप्तानगंज थाना क्षेत्र की मथौली बाजार नगर पंचायत में ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए प्रार्थना सभा करा रहे पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें कप्तानगंज थाने ले गई। पांच लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

बताया जाता है कि मथौली बाजार नगर पंचायत के वार्ड नंबर-14 चंदशेखर आजाद नगर में रामचंद्र साहनी के घर ईसाई धर्म परिवर्तन के लिए पांच लोग प्रार्थना सभा करा रहे थे।

ग्रामीणों की सूचना पर डॉयल 112 नंबर की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें कप्तानगंज थाने लेकर चली गई।

आरोपियों पर केस दर्ज करने के लिए विहिप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन भी किया

जब इसकी जानकारी मथौली बाजार निवासी विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार शर्मा को हुई तो कार्यकर्ताओं के साथ कप्तानगंज थाने पहुंचे। उन लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई के लिए प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने तहरीर में बताया कि मंगलवार को रामचंद्र साहनी के घर पर ईसाई धर्म परिवर्तन के लिए किम्मू साहनी, निवासी खोठही देवीपुर, सिकंदर कुमार निवासी विजयपुर सिधावे, थाना रामकोला, हरेंद्र प्रसाद निवासी वार्ड नंबर-सात मथौली थाना कप्तानगंज, गुड्डी पत्नी गुड्डू और लाला साहनी पुत्र गुड्डू निवासी वार्ड नंबर-14 मथौली बाजार थाना कप्तानगंज धर्म परिवर्तन करा रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके पास पुलिस मौके पर पहुंची। ओंकार शर्मा ने बताया कि धर्म परिवर्तन एक वर्ष से चल रहा था।

कप्तानगंज के थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन पर धर्म परिवर्तन कराने का केस दर्ज किया गया है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

कप्तानगंज थाने पर पहुंचकर प्रदर्शन करने वालों में विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार शर्मा, अभिमन्यु शर्मा, विजय सैनी, कृष्णा मद्धेशिया, राहुल उपाध्याय, दुर्गावती, आशीष जायसवाल, अखिलेश शर्मा, आकाश जायसवाल, मोहन सिंह, सनी वर्मा, अजय वर्मा, गणेश वर्मा आदि शामिल थे।

चोरी के बर्तन के साथ तीन गिरफ्तार

जौरा बाजार। तुर्कपट्टी पुलिस ने मंगलवार को गांव गड़हिया से चोरी के समान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बरामद सामान को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। ग्राम गढ़हिया में बीते 17 अगस्त की रात नसीम अंसारी के घर में घुसे चोर बर्तन आदि समान उठा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह, चौकी प्रभारी मधुरिया रणजीत सिंह बघेल, उपनिरीक्षक पंकज सिंह ने गढ़हिया पूर्व टोला से सेराज आलम, सुधीर शर्मा, सुजीत गोस्वामी को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी गए तांबे व फूल के पांच बर्तन व 160 रुपये नकद बरामद किया। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आरोपी को न्यायालय भेज दिया। संवाद

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष तारा प्रसाद सिंह का निधन

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष तारा प्रसाद सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 92 वर्ष के थे। उन्होंने जिलाध्यक्ष सहित भाजपा संगठन में कई पदों पर जिम्मेदारी निभाई थी। कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वहां उन्होंने मंगलवार को दोपहर में अंतिम सांस ली।

हाटा नगर के श्रीगांधी स्मारक इंटर कॉलेज में हिंदी के प्रवक्ता रहे नगर पालिका के वार्ड संख्या-09 रामपुर मिश्री निवासी तारा प्रसाद सिंह ने राजनैतिक जीवन की शुरुआत जनसंघ से की थी। पार्टी ने उन्हें हमेशा संगठन की जिम्मेदारी दी। उसे उन्होंने बखूबी निभाया। तारा प्रसाद सिंह भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी रहे।

यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते समय राजनाथ सिंह तत्कालीन जिलाध्यक्ष रहे तारा प्रसाद सिंह की बेटी की शादी में शामिल होने उनके घर आए थे। अपने पीछे वह भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना उनके पुत्र नागेंद्र सिंह ने सभी को दी।

MAHARAJ GANJ POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए बच्चों को किया जागरूक

ठूठीबारी। ठूठीबारी कस्बे के आदर्श बाल विद्या मंदिर स्कूल में छात्र-छात्राओं को आत्म सुरक्षा व सम्मान के साथ रहने के लिए मिशन शक्ति के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति व दीदी के तहत आयोजित कर बच्चों को आत्मसुरक्षा के लिए जागरूक किया।

एसआई अजय कुमार ने छात्रों बताया कि प्रशासन द्वारा मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वालंबन के लिए सशक्त कदम उठा रही है।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जितेंद्र पांडेय, शिक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, राजन धवल, रामेश्वर चौधरी, जयचंद प्रसाद, सुरेश कुमार गुप्त, अभिषेक चौधरी, अवधेश यादव महिला कांस्टेबिल विनीता यादव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

घर से भागीं दो बहनों को किया बरामद

नौतनवा, हिसं। नौतनवा कस्बे की रहने वाली दो सगी बहनें परिजनों से नाराज होकर घर से चली गई थीं। इनमें से एक किशोरी है। मामले में उनकी मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामला पंजीकृत दोनों युवतियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने दोनों को 24 घंटे के भीतर फरेंदा कस्बे से बरामद कर लिया है।

एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगा दी गई। साथ ही सर्विलांस टीम का भी सहयोग लिया गया। उन्होंने बताया कि युवतियों के पास मौजूद मोबाइल का लोकेशन गोरखपुर का मिलते ही टीम निकल पड़ी थी। इसी दौरान दोनों का एक बार फिर लोकेशन फरेंदा में होने की सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों को फरेंदा कस्बे से बरामद कर लिया। एसओ ने बताया कि दोनों ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि डांट-फटकार की वजह से नाराज होकर घर से निकल गई थीं।

धर्म बदलने को तैयार न हुई पत्नी तो घर से निकाला

आरोप

- महराजगंज के मदनपुरा गांव में धर्म परिवर्तन के लिए हुए विवाद में आरोपी है अंगद
- पुलिस को तहरीर देकर पति पर लगाया धर्म परिवर्तन के लिए दबाव देने का आरोप

मदनपुरा गांव में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव देने के मामले में दर्ज मुकदमे के एक आरोपी अंगद की पत्नी ने शिकायत की है कि उसके पति ने उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया था। वह इसके लिए राजी नहीं हुई तो घर से निकाल दिया। शिकायत की जांच की जा रही है। अंगद की पत्नी की शिकायत उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें में साक्ष्य बनेगी।
सत्यप्रकाश सिंह, एसओ

निचलौल (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज जिले के निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा में रविवार को धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले के आरोपी ने धर्म परिवर्तन के लिए तैयार न होने पर अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया। पत्नी ने यह आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की है। महिला अपने पिता के घर रह रही है।

पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2015 में मिठौरा निवासी अंगद से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। दोनों से दो बच्चे भी हैं। उसका आरोप है कि वर्ष 2020 में उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। इस बात पर वह तैयार नहीं हुई तो पति ने उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। इसके बाद वह अपने पिता के घर चली आई। उसके बाद अंगद ने दूसरी शादी कर ली है। वह अपने मायके के बगल गांव में एक नर्सरी विद्यालय में पढ़ाकर अपना गुजर-बसर करती है। उसकी छह वर्ष की बच्ची अपने पिता के साथ रहती है, जबकि चार वर्ष का बेटा उसके साथ रहता है। महिला के मुताबिक उसने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद उसके पति ने धमकी दी कि जब वह धर्म परिवर्तन करेगी तभी उसे घर ले जाएगा। उसने अपने पति से खतरा होने की भी आशंका जताई है।

मदनपुरा निवासी संतोष का साला है अंगद: निचलौल क्षेत्र के मदनपुरा गांव के संतोष कुमार की चाय की दुकान पर रविवार को कुछ युवकों के साथ धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव देने और मारपीट करने की घटना हुई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे के मुख्य आरोपी संतोष कुमार का अंगद साला है। वह भी इस मुकदमे में आरोपी है। अपने बहनोई की संगत में आकर धर्म परिवर्तन कर लिया है।

चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

जासं, ठूठीवारी: ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गौतम भारती निवासी ग्राम बिशुनपुरा थाना परसामालिक के रूप में हुई है। उसे जेल भेज दिया गया है।

चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया

जासं, सिसवा बाजार: सिसवा कस्बे में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने चोरी के सामान के साथ युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष सुनील राय ने बताया कि कस्बा निवासी शुभम मोदनवाल की दुकान में 20 अगस्त की रात हुई चोरी के मामले में आरोपित आजाद को चोरी के पांच मोबाइल फोन, 10 हजार रुपये नकद के साथ खड्डा तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।



अलग-अलग चार मामलों में कोर्ट ने सुनाई सजा

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। न्यायालय ने अलग-अलग चार मामलों में जेल में बिताई अविध की सजा व अर्थदंड का फैसला सुनाया है। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त सजा का आदेश दिया गया है।

पुलिस मीडिया सेल के अनुसार आपरेशन कंविक्शन के तहत निचलौल क्षेत्र के मारपीट के एक मामले में चंचल पुत्र नरेंद्र से 1500 रुपया अर्थदंड का फैसला दिया है। अर्थदंड न जमा करने पर सात सात दिन का करावास दिया जाना है। वहीं भोला मुसहर के खिलाफ कोर्ट में दिए गए फैसले में उसे जेल में बिताए समय को ही दंड माना है। इसी क्रम में कोठीभार प्राभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय व पैरोकार कांस्टेबल मुकेश मौर्या द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय कर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरूप न्यायालय द्वारा कोठीभार थाने में 27 वर्षों पूर्व गोवध व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में आरोपी अभियुक्त वकील को जेल में बिताई गई अपनी अवधि व पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

दो मुकदमों में सुनाई सजा

फरेंदा। न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा अखिल कुमार निझावन ने पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग 37 वर्ष व 39 वर्ष पुराने आपराधिक मुकदमों में सजा सुनाई है। पुरंदरपुर थाना के वादी गिरजा शंकर द्वारा बनाए गए अभियुक्त पारस, श्रीराम व जोगी निवासी कटाई कोट महादेवा को धारा 323,324 आईपीसी में सजा सुनाई। अभियुक्त गण को धारा 323 में 1000-1000 जुर्माना जो अदा न करने पर 10 दिन का कारावास से दंडित किया है। धारा 324 में 1000-1000 का जुर्माना और उसे अदा न करने पर 10 दिन का कारावास तथा 1 दिन न्यायिक अभिरक्षा में रहेंगे।

शांति भंग में 12 का चालान

बृजमनगंज : बृजमनगंज पुलिस मंगलवार को शांति भंग की आशंका में 12 लोगों का चालान किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजमनगंज श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि ग्राम करमहा टोला हरिहरपुर निवासी जोगिंदर, उमेश, हारून, मनोज गुप्ता व ग्राम अनिरुद्धपुर निवासी बुनियाद अली, नासिर अली, निजामुद्दीन, सनौव्बर अली तथा बरजी रत्नापार निवासी शशिकला, सोनम, आरती एवं रमेश निवासी बेलसड़ को पाबंद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।(जासं)

10 लीटर कच्ची के साथ महिला गिरफ्तार

जासं, आनंदनगर : पुरंदरपुर पुलिस ने मंगलवार को 10 लीटर कच्ची के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के बेलौहा दर्रा निवासी धनसिला कच्ची बेच रही थी। सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने कहा कि विधिक कार्रवाई के बाद आरोपित महिला को जेल भेज दिया गया है।

अपहृत दो बालिकाएं बरामद

जासं, नौतनवा : स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को अपहृत दो बालिकाओं को फरेंदा क्षेत्र से 24 घंटे के भीतर बरामद कर स्वजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि बीते रविवार को नौतनवा नगर पालिका क्षेत्र की दो सगी बहनें मां की डांट से नाराज होकर घर से चली गई थीं। सोमवार को बालिकाओं की मां की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश के लिए टीम गठित की गई। सर्विलांस टीम की मदद से दोनों बहनों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है।

दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, बृजमनगंजः बृजमनगंज पुलिस ने मंगलवार को कोल्हुई थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित आशीष निवासी कम्हरिया बुजुर्ग को बृजमनगंज क्षेत्र के वन गढ़िया तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि वह कोल्हुई थाना का वांछित है।

पत्नी ने नहीं किया धर्म परिवर्तन तो मारपीट कर घर से निकाला

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। सदिुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा निवासी एक व्यक्ति ने पत्नी को धर्म बदल ईसाई बनने के लिए पहले दबाव बनाया। विरोध करने पर उसने पत्नी को बेरहमी से पीटकर घर से निकाल दिया। बीते रविवार को आरोपी पति अंगद की कलई खुलने के बाद पीड़ित पत्नी किरन ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता किरन बुजुर्ग मां और मासूम बेटे के साथ निचलौल थाने में पहुंचकर पुलिस से बताया है कि वर्ष 2015 में उनकी शादी मिठौरा

पीड़िता ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई

गांव के रहने वाले अंगद के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद करीब एक वर्ष तक सब कुछ ठीक था। कुछ ही दिन बाद से पति अंगद का व्यवहार बदलने लगा। वह धर्म बदल ईसाई बनने के लिए उन पर दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर पति ने पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया।

इसके बाद वह निचलौल क्षेत्र के गांव लेदी स्थित मायके चली आई। पीड़िता ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी को पति ने जबरन अपने पास रख लिया है। जबकि छोटा बेटा उनके पास रहता है। निचलौल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रधान यादव ने कहा कि मामले में तहरीर मिली है। आगे कार्रवाई की जा रही है।

फिलहाल जेल में है आरोपी पति

निचलौल थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव में एक चाय की दुकान पर बीते रविवार को धर्म बदलने की बात को लेकर एक युवक के साथ आरोपी पति ने मारपीट की थी। जिस मामले में निचलौल पुलिस अंगद कुमार निषाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भाजपा नेता की पत्नी से छेड़खानी विरोध करने पर पति को पीटा

- पत्नी के साथ सड़क पर टहलने के दौरान हुई घटना
- तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, जांच कर रही पुलिस

जासं, महराजगंज: जिले के सदर कोतवाली के एक वार्ड के निवासी भाजपा नेता की पत्नी से सोमवार की रात तीन मनचलों ने छेड़खानी कर दी। पत्नी के साथ सड़क पर टहल रहे भाजपा नेता ने जब छेड़खानी का विरोध किया तो तीनों ने उन्हें भी पीट दिया। भाजपा नेता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस तीन अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

तहरीर में उन्होंने लिखा है कि सोमवार की रात 9.15 बजे के करीब पत्नी के साथ टहलने निकले थे। इसी दौरान शराब के नशे में धुत्त तीन लोग पत्नी के साथ छेड़खानी करने लगे और भद्दी-भद्दी गाली देने लगे। इस बात का विरोध करने पर तीनों ने मिल कर मुझे मार पीट कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाल रवि राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मोटर चोरी करता चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिना पंचायत भवन से मोटर चोरी करते हुए चोर सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर मोटर चोर पर कार्रवाई की मांग की।

ग्राम पंचायत जिगिना के ग्राम प्रधान रामनयन ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि पंचायत भवन मे पानी सप्लाई के लिए मोटर लगा था। 16 अगस्त की रात एक चोर मोटर चुरा ले गया, जिसका सीसी फुटेज कैमरे में कैद हो गया। 21 अगस्त को ग्राम प्रधान को सूचना मिली की मोटर चोरी हो गई। सीसी फुटेज देखने के बाद मंगलवार को ग्राम प्रधान ने परसामलिक पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष सुधाकर प्रसाद का कहना कि मोटर चोरी की तहरीर मिली है, जिसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। संवाद



मोटर चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ।

चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। ठूठीबारी कस्बे में मंगलवार को पुलिस टीम ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गौतम भारती निवासी विशुनपुरा थाना परसामलिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ परसामलिक थाने में केस दर्ज है। संवाद

गुंडा एक्ट के दो आरोपी गए जेल

महराजगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र मे दुष्कर्म, मारपीट समेत अन्य धारा में वांछित अभियुक्त को पुलिस से मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने दी। संवाद

शहर में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की जांच शुरू

मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस ने शुरू की सख्ती, नंबर प्लेट की बारकोड की हुई जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट को लेकर यातायात पुलिस सख्त हो गई है। नगर प्लेट में बार कोड की जांच करने के साथ ही बगैर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगे वाहन को चालान किया गया। पुलिस की कार्रवाई से बगैर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

मंगलवार को अमर उजाला में 700 दीजिए, 3 दिन में मिल जाएगी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद यातायात पुलिस ने जांच तेज कर दी। शहर में सक्सेना चौक पर वाहनों की जांच हुई। इस बीच एक बाइक बगैर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की मिली तो उसका चालान कर दिया गया। चौराहे से होकर गुजरे वाहनों के नंबर प्लेट के बारकोड की जांच बारीकी से की गई। यातायात पुलिस की टीम ने नगर के सक्सेना चौक पर मंगलवार को तीन घंटे जांच की। इस बीच जिनकी गाड़ी पर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट नहीं लगा था, वे गलियों के रास्ते गुजरे। शाम करीब चार बजे जांच समाप्त होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। 110 वाहनों का चालान हुआ, इसमें 10 वाहन बगैर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के रहे। प्रत्येक वाहन चालक को पांच हजार रुपये जुर्माना भरना पड़ेगा।



सक्सेना चौक पर जांच करते यातायात पुलिस कर्मी। संवाद

सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगे वाहन चालकों में मचा हड़कंप



22 अगस्त के अंक में प्रकाशित खबर।

यातायात निरीक्षक गुलाब यादव ने बताया कि जांच अभियान प्रत्येक दिन चलाया जाएगा। पहले की दिन की जांच फर्जी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट नहीं मिला। नंबर प्लेट के बार कोड की गहन जांच की गई। आने वाले दिनों में गहन जांच जारी रहेगी। कहीं गड़बड़ी मिली तो त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिले में यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया है कि इस पर विशेष ध्यान दें। शहर में सभी प्रमुख स्थानों पर सुबह व शाम प्रमुखता से जांच अभियान चलाया जाएगा। पहले दिन 110 वाहनों की जांच कर चालान किया गया है।

महिला से छेड़छाड़ तीन पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

महिला के पति ने विरोध किया तो मनबढ़ों ने की मारपीट

महराजगंज। शहर के एक मुहल्ले की रहने वाली महिला पति के साथ टहलने निकली थी। जिस दौरान शराब के नशे में कुछ लोग छेड़छाड़ करने लगे। वहीं मौके पर जब पति ने विरोध किया तो मनबढ़ों ने उनके साथ मारपीट भी की। इस मामले में पुलिस पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

महिला के पति ने पुलिस से बताया है कि सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे पत्नी के साथ टहलने निकला था। जिस दौरान तीन लोग शराब के नशे में पत्नी से छेड़छाड़ करने लगे। जिसका विरोध करने पर लोगों ने उनके साथ मारपीट भी की।

जिससे वह घायल हो गए। घटना के दौरान मनबढ़ों ने उन्हें जान से मारने का भी प्रयास किया। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। महिला के पति की तहरीर के आधार पर आरोपी तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

12 आरोपियों का पुलिस ने किया चालान

महराजगंज। बृजमनगंज पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न मामलों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। शशिकला, सोनम, आरती निवासी वर्जी टोला रत्नापुर, योगेंद्र गुप्ता, उमेश, मोहम्मद हारुन, मनोज गुप्ता निवासी करमहा हरिहरपुर, रमेश निवासी बेलसढ़, बुनियाद, नासिर, निजामुद्दीन, सनोवर अली निवासी करमहा टोला अनिरुद्धपुर थाना बृजमनगंज को गिरफ्तार कर सीआरपीसी के तहत न्यायालय भेज दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने दी। संवाद

मोबाइल फोन पर बात करने के बाद नदी में कूदी



खड़खड़िया स्थित राप्ती पुल से युवती के छलांग लगाने के बाद लगी भीड़। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी खड़खड़िया स्थित राप्ती पुल से मंगलवार शाम साढ़े चार के लगभग अज्ञात युवती ने नदी में छलांग लगा दिया।

पुल के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने युवती के नदी में छलांग लगाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची धानी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवती की खोजबीन कराई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवती की खोजबीन कराई, नहीं मिली

कि युवती मोबाइल से बात कर रही थी। बात करते करते के बाद उसने अचानक नदी में छलांग लगा दिया।

चौकी प्रभारी धानी मनोज यादव का कहना है कि नदी में छलांग वाली युवती की तलाश जारी है। युवती कहां की रहने वाली है और किन कारणों से नदी में छलांग लगाई है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

BASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

छेड़खानी करने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

बस्ती । थाना वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा थाना वाल्टरगंज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 215/2023 धारा 323/504/506/354क भादसं व 7/8 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवराज मिश्रा उर्फ राजा बाबू मिश्रा पुत्र श्रवण कुमार मिश्रा उर्फ भगवान निवासी मंझरिया थाना वाल्टरंगज जनपद बस्ती को वेलवाजोर गनेशपुर भट्टे के पास गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण शिवराज मिश्रा पुत्र राजा बाबू मिश्रा पुत्र श्रवण कुमार मिश्रा उर्फ भगवान निवासी मंझरिया थाना वाल्टरगंज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्यामसुन्दर चौकी प्रभारी गनेशपुर थाना वाल्टरगंज , का. राहुल सिंह थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

सामान उठाने से मना करने पर महिला को पीटा, केस

बस्ती । मुण्डेरवा थानान्तर्गत गुलरिहा सिरमा गांव निवासिनी ऊषा पाण्डेय का सामान गेंहू, सरसो आदि सामान उठाने के लिए मना करने पर अभियुक्त रामजस तथा अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता ऊषा पाण्डेय पत्नी प्रहलाद पाण्डेय निवासी गुलरिहा सिरमा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामजस, सुभावती पुत्री रामजस, लड्डू पुत्र रामजस, रामजस की बहन निवासीगण गुलरिहा सिरमा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

छावनी। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने अपने हमराही उपनिरीक्षक विरेन्द्र यादव, कांसटेबल शिवकेश सिंह व अरूण यादव के साथ छावनी कस्बे से जिला बदर अपराधी मल्लूपुर निवासी पिंटू उर्फ विकास मिश्र पुत्र शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसे 6 महीने के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। मुखविर से सूचना मिली की पिंटू क्षेत्र में मौजूद है।

नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, केस

बस्ती। नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी द्वारा एक व्यक्ति तथा अन्य कई लोगो को नौकरी दिलाने के लिए लाखो रूपये की ठगी कर लिया। बाद में पैसा मांगने पर आनाकानी करते हुए पैसे देने से इन्कार कर दिया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली थानान्तर्गत न्यू कालोनी बैरिहवा निवासी समर्थ आनन्द पुत्र सुधाकर कुमार मिश्र ने मुण्डेरवा थाने की पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अभियुक्त अशोक चौधरी ने उन्हे तथा उसके करीबी दिनेश पाण्डेय पुत्र अदालत पाण्डेय निवासी बभनगांवा तथा सोनू चौधरी निवासी कुरियार थाना मुण्डेरवा से नौकरी दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज दिखाकर व धोखाधड़ी करके दो बार में कुल 2100000 रुपये लिया था। बार बार मांगने पर केवल 200000 रुपये ही वापस किया बाकी पैसे वापस करने से इन्कार कर दिया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अशोक चौधरी पुत्र राम अझोर चौधरी निवासी ग्राम बायपोखर थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 419, 420, 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

उधार सामान न देने पर युवक की पिटाई, केस

बस्ती । उधार में सामान न देने पर एक युवक को अभियुक्त ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान माल की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पंकज सिनेमा काप्लेक्स के पास दीपक मोदनवाल का दुकान है। जहां पर अभियुक्त राजा सिंह ने उधार में सामान मांगने लगे। जिसे मना करने पर अभियुक्त ने दीपक को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित दीपक मोदनवाल पुत्र राज कुमार मोदनवाल निवासी चईयाबारी थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजा सिंह हाल मुकाम पंकज टाकिज के मालिक पंकज सोनी का मकान के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

बस्ती । मामूली बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला के पानी का टंकी तोड़ते हुए गालियां दी मारापीटा गया। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत परसाखुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल गांव में मामूली विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक राय होकर सुमन देवी के घर लगा पानी का टंकी तोड़ दिया और गालियां देते हुए घर में घुसकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सुमन देवी पत्नी अरूण कुमार निवासी परसाखुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अर्जुन प्रसाद, सुनील कुमार पुत्रगण सन्तराम निवासीगण ग्राम परसाखुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल ,थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 427, 452, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

निर्माणाधीन दीवार गिराया, मुकदमा

बस्ती । निर्माणाधीन मकान के दीवाल को अभियुक्तो ने गिरा दिया, जिसका विरोध करने पर युवक को गालियां व धमकी दी। हर्रैया थानान्तर्गत पूरे अलावल गांव में रामचन्दर के दीवाल को अभियुक्त भगवत सिंह तथा पंकज सिंह ने मिलकर गिरा दिया। जिसका विरोध करने पर उसे गालियां व जानमाल की धमकी दी। मामले में पीड़ित रामचन्दर पुत्र रामनाथ सिंह निवासी पूरे अलावल थाना हर्रैया की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भगवत सिंह पुत्र राम मिलन, पंकज सिंह पुत्र रामरंग सिंह निवासीगण पूरे अलावल थाना हर्रैया के विरूद्ध धारा 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थोक कारोबार का लालच दे हड़प लिया रुपया, केस

बस्ती (एसएनबी)। सुर्ती के थोक कारोबर का लालच देकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति से लाखो रूपये की ठगी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थानान्तर्गत मोहम्मद कलीम पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी जमदाशाही ने न्यायालय में अर्जी देकर न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि उसने करीब 2 साल पहले बंडलपुरी सुर्ती के थोक कारोबारी योगेश पटेल जो सूरत शहर मे ब्लूमेक इम्पेक्स प्राईवेट लिमिटेड चलाते है उनके साथी ताजुद्दीन, अरशद से वह व उसका दोस्त मोहम्मद इलियास की मुलाकात हुई। जिसके बाद विपक्षियों ने उन्हे बंडलपुरी सुर्ती के कारोबार मे रूपये लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देते हुए कुल 14 लाख रुपये लगावा लिया। कुछ दिन बाद अभियुक्तो ने थोक बंडलपुरी सुर्ती का कारबार भी बंद कर दिया और पैसा हड़प लिया। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने आरोपी योगेश पटेल निवासी पैडर मोहल्ला तालुका अलपड़ थाना अलपड़ जिला सूरत ,गुजरात, ताजुद्दीन पुत्र बदरुद्दीन, अरशद निवासीगण ग्राम ओठा तालुका महुआ थाना सोनगढ जिला भावनगर ,गुजरात के विरूद्ध धारा 406, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जमीन कब्जा करने वालों पर दर्ज हुआ केस

बस्ती (एसएनबी)। कुछ लोगो ने वक्फ की जमीन पर कब्जा करने की नियत से कर्मचारियों को गालिया व धमकी दी। इस सम्बन्ध में वक्फ के प्रबन्धक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के कटरा स्थित वक्फ अलल औलाद खान बहादुर गुलाम हुसैन की सम्पत्ति पर कुछ लोगो द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसका वहां के कर्मचारी अतीक अहमद व अयोध्या प्रसाद ने विरोध किया तो उन्हें गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। मामले में मुतवल्ली डा. सलीम अहमद पुत्र सैदा हसन वक्फ 6ए बस्ती निवासी पिण्डारी कोठी कटरा थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र पाल निवासी बडेवन, रविन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी कटरा थाना कोतवाली, अनिल प्रसाद उर्फ काली प्रसाद पुत्र महामाया प्रसाद, विन्ध्यवासिनी प्रसाद पुत्र महामाया प्रसाद निवासीगण चंगेरा बांसी तथा 20 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 143, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गांव में तेन्दुआ होने की ऊहापोह से दहशत

बस्ती (एसएनबी)। गौर थाना क्षेत्र के साड़ी हिच्छा व साड़ी कल्प गांव में बीती रात तेन्दुआ के घुसने की सूचना पर ग्रामीण भयभीत है। इसकी जानकारी स्थानीय थाने की पुलिस तथा वन विभाग को लोगो ने दिया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक तेन्दुआ द्वारा आमजन को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाने की सूचना नही है और न ही तेन्दुए के मौजूदगी की विभागीय पुष्टि हुई है।

मंगलवार की बीती रात गौर क्षेत्र के ग्राम साड़ी कल्प गांव निवासी प्रेम कुमार ने गांव में तेंदुआ खुसने की सूचना ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीण चौकन्ना हो गये और आसपास के झाड़ियों में खोजबीन शुरू कर दी। इसी बीच पास के दूसरे पुरवे साड़ी हिच्छा गांव निवासी राम मिलन ने रात को गांव में तेन्दुऐ जैसा जानवर घूमता हुआ देखा था। जिसके बाद उन्होंने गुहार लागाया। गुहार सुनकर मौके से तेंदुआ भाग निकला।



टिनिच : खेतो में तेन्दुए को खोजते ग्रामीण। फोटो : एसएनबी

इस घटना की सचूना के बाद आस पास के गावों के लोग रात भर जागते हुए अपने अपने मवेशियों की रखवाली करते रहे। सुबह ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस और वन विभाग को इसी सूचना दिया। लोगो का कहना है कि कई जगहो पर तेन्दुए के पैरो के निशान भी देखे गये है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक तेन्दुए के मौजूदगी की विभागीय पुष्टि नही हो सकी है और न ही अभी तक तेन्दुए द्वारा किसी को नुकसान ही पहुंचाया गया है।

पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता : एसआई बलरामपुर प्रथम

बस्ती (एसएनबी)। गोरखपुर जोन की 48वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्टस एवं राइफल/रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस महिला /पुरुष प्रतियोगिता वर्ष2023 के क्रम में आज हुए प्रतियोगिता में 300 मीटर प्रोन पुरुष वर्ग में जनपद बलरामपुर के उप निरीक्षक को प्रथम स्थान, जनपद देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को द्वितीय स्थान तथा जनपद बस्ती के क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



300 मीटर थ्रीपी पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को प्रथम स्थान, जनपद बलरामपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित को द्वितीय, जनपद गोरखपुर के कां. अंकित दुबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

भुगतान को लेकर आशा बहुओं ने दिया धरना

बस्ती (एसएनबी)। इंसेटिव कोलेकर आशा बहुओं ने प्रदर्शन किया। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बस्ती मंडल के कार्यालय पर आशा बहुओं ने एकत्र होकर अपनी आवाज बुलन्द की और कर्मचारियो पर उत्पीड़न का आरोप भी मढ़ा।

आशा संघ की मंडल संरक्षक के देखरेख में महामंत्री इन्दू की अगुवाई मेंआशा बहुओंका एक धड़ा अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण बस्ती मंडल के कार्यालय पर पहुंचा और अपनी मांगोंकोलेकर तमाम तरह के सवाल खड़े किये कहा कि पिछले छह महीने से उनका इंसेटिव बाधित है। तमाम वार्ता के बाद भी कई कार्यक्रमों में उनके द्वारा किये गये योगदान का पारिश्रमिक उन्हें नहीं मिल पा रहा है जिसेलेकर उन्होंने अपनी आवाज उठायी। साथ ही कुछ कर्मचारियों पर आशा बहुओं का लगातार उत्पीड़न किये जाने का आरोप भी लगाया। इस दौरान बड़ी संख्या में आशा बहू मौजूद रही और कहा कि जब तक मांगे नहीं मानी जाएंगी उनका क्रमिक प्रदर्शन चलता रहेगा।

कई मामलों में वांछित तीन जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

बस्ती (एसएनबी)। जिला बदर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले की वाल्टरगंज दुबौलिया व छावनी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में तीन जिला बदर अपराधी अपने घर से गिरफ्तार किये गये। उन्हे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि 31 मई को घोषित जिला बदर अपराधी सलीम पुत्र अब्दुल निवासी गनेशपुर टोला धोबहिया थाना वाल्टरगंज को उसके घर ग्राम गनेशपुर टोला धोबहिया से वाल्टरगंज थाने की पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया तथा उसके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए धारा 10 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार से छावनी थाने की पुलिस ने 19 जून को को घोषित जिला बदर अपराधी पिन्टू उर्फ विकाश मिश्रा पुत्र शिवकुमार निवासी मल्लुपुर थाना छावनी को उसके घर ग्राम मल्लुपुर से गिरफ्तार गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी। इसी क्रम में दुबौलिया थाने की पुलिस ने भी 8 अगस्त को घोषित जिला बदर अपराधी आशोक कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी सिटकिहवा थाना दुबौलिया को उसके घर ग्राम सिटकिहवा से हिरासत में लिया गया और उसके विरूद्ध भी धारा 10 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीत किया गया।



22बीएसटी-2 जेपीजी का चित्र परिचय

बस्ती : प्रेसवार्ता कर घटना का खुलासा करतेएसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। फोटो : एसएनबी

जोनल पुलिस गेम का समापन आज

बस्ती। जनपद बस्ती में चल रही गोरखपुर जोन की 48वीं अन्तरजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं राइफल, रिवाल्वर पिस्टल शूटिंग व अलार्म एफिशिएंसी रेस महिला/पुरुष प्रतियोगिता के आखिरी दिन बुधवार को वर्षा के कारण नहीं हो सकी। इस वजह से बुधवार को आयोजित समापन समारोह को स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम गुरुवार 23 अगस्त को शाम साढ़े चार से बजे होगा। यह जानकारी प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार राय ने दी है।

बलरामपुर व देवरिया की पुलिस टीम रही अव्वल

बस्ती। गोरखपुर जोन की 48 वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं राइफल,रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग व अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता वर्ष 2023 के तीसरे दिन दो प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें बलरामपुर व देवरिया अव्वल रहा। मेजबान बस्ती को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। 300 मीटर प्रोन पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित को प्रथम स्थान, जनपद देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को द्वितीय स्थान तथा जनपद बस्ती के क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

बच्चों के विवाद में मारपीट, चार नामजद

बस्ती । बच्चों के विवाद की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान माल की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत मालीटोला स्थित बच्चो के बीच हुए विवाद को लेकर सुदामा पत्नी मुनिलाल को अभियुक्त रामचन्दर, राजन, झिनकू व सुदामा ने गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सुदामा पत्नी मुनिलाल निवासिनी मालीटोला थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामचन्दर पुत्र हजारी, राजन, झिनकू पुत्रगण रामचन्दर, सुदामा पत्नी रामचन्दर निवासीगण मालीटोला (नगर बाजार) थाना नगर के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सुलह का दबाव बनाते हुए दी धमकी, केस

बस्ती । एक महिला के ऊपर अभियुक्त ने सुलह समझौते का दबाव बनाया। न मानने पर महिला को गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज थानान्तर्गत मदनपुरा गांव में रह रही सुमित्रा देवी केऊपर अभियुक्त शेषराम यादव ने सुलह समझौता का दबाव बनाया। जिसे मना कर देने पर सुमित्रा देवी को गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सुमित्रा देवी पत्नी प्रदीप त्रिपाठी ग्राम व मुड़कुटी थाना लालगंज हाल मुकाम मदनपुरा थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शेषराम यादव पुत्र अलगू यादव निवासी खेमराजपुर थाना परशुरामपुर के विरूद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

चोरों ने खंगाला जेवर व नकदी, केस

बस्ती । पत्नी का इलाज कराने गोरखपुर गये एक व्यक्ति के बन्द मकान को चोरो ने निशाना बनाया और कीमती जेवरात सहित नकदी की चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी सतीश चन्द्र श्रीवास्तव अपनी पत्नी को लेकर दवा कराने के लिए गोरखपुर गया था। इस दौरान मकान में लाता लगा हुआ था। ईलाज कराकर सतीश चन्द्र जब वापस घर पहुंचे तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जब वह घर में घुसे तो पाया कि आलमारी व तीन बाक्सो को तोड़कर अज्ञात चोरो ने कीमती सामान, जेवरात व 25 हजार रूपये नकदी की चोरी कर ले गये। मामले में पीड़ित सतीश चन्द्र श्रीवास्तव पुत्र राज किशोर लाल निवासी डड़वा थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पंखे से लटकता मिला पूर्व नामित सभासद का शव

बभनान (एसएनबी)। स्थानीय नगर पंचायत के पूर्व नामित सभासद का शव दुकान के पिछले हिस्से में पंखे में दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकता हुआ पाया गया।

नपं के भगत सिंह नगर वार्ड निवासी पूर्व नामित सभासद गंगाराम यादव के कस्बे में जलपान की दुकान है। सोमवार की देर रात वे खाना खाने के बाद दुकान के पिछले हिस्से में सोने चले गए। मंगलवार की प्रातः काफी देर तक सटर नही खुला तो पडोसी दुकानदारों ने उनके घर गोण्डा जनपद के छपिया थानान्तर्गत बौहाने गांव में परिजनो को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने रोशनदान से अंदर देखा तो उनका शव पंखे में दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।

नौकरी दिलाने के नाम पर तीन युवकों से 21 लाख ठगे

- स्कूल में शिक्षक की नौकरी दिलाने का दिया था झांसा
- मुंडेरवा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, आरोपी फरार

बस्ती, निज संवाददाता। मुंडेरवा पुलिस ने शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर 21 लाख ठगने का मुकदमा दर्ज किया है। यह ठगी तीन युवकों से की गई है। इन युवकों को केंद्र सरकार के पीपीपी मॉडल स्कूल में शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था।

तहरीर में समर्थ श्रीवास्तव निवासी न्यू कॉलोनी बैरियहवा थाना कोतवाली ने बताया कि 2009 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने पीपीपी मॉडल पर एक हजार स्कूल स्थापित करने की घोषणा की थी। उसी समय इन विद्यालयों में नौकरी दिलाने के नाम पर अशोक चौधरी निवासी बायपोखर थाना मुंडेरवा ने आश्वासन दिया था। 2017 में अशोक ने बताया कि विद्यालय खुलने जा रहा है। प्रति शिक्षक 10-10 लाख रुपये लगेंगे। अभी पहले चरण में सात-सात लाख रुपये देना है। नियुक्ति-पत्र मिलने के समय यह रुपये देना होगा। झांसा देकर अशोक ने समर्थ, उनके मित्र दिनेश पांडेय निवासी बभनगांवा और सोनू चौधरी निवासी कुरियार थाना मुंडेरवा ने रुपये दिया। रुपया देने के एवज में तीनों को सल्टौआ क्षेत्र के एक स्कूल में बुलाया गया। जहां पर भारत सरकार का बोर्ड लगाए एक गाड़ी पर कुछ लोग अशोक के साथ मिले। उन लोगों ने हम तीनों को नियुक्ति-पत्र देते हुए कहा कि जल्द ही ज्वाइनिंग करा दिया जाएगा। तीनों अभ्यर्थी ज्वाइनिंग का इंतजार करते रहे।

पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं, बिसरा सुरक्षित

सल्टौआ। सोनहा थानाक्षेत्र के खाजेपुर गांव के गन्ने के खेत में मिले नर कंकाल के पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। डॉक्टर ने बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए कहा है। वहीं दूसरी तरफ एक परिवार ने इस कंकाल को कपड़े और अन्य सामानों के आधार पर विनय कुमार पुत्र छठीराम का बताया है। पुलिस के अनुसार इसका निर्णय डीएनए रिपोर्ट के आधार पर होगा।

मारपीट में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। हर्रैया थानाक्षेत्र के पूरे अलावल गांव में निर्माणाधीन मकान की दिवार को गिराने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने रामचंदर की तहरीर पर भगवत सिंह, पंकज सिंह के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

बच्चों के विवाद में चार पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के मालीटोला (नगर बाजार) में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर घर के बड़ों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस मामले में सुदामा की तहरीर पर रामचन्दर, उसकी पत्नी, राजन व झिनकू पर केस दर्ज किया है।

सुलह नहीं करने पर दी धमकी, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने सुमित्रा देवी निवासनी मुड़कट्टी थाना लालगंज की तहरीर पर शेषराम यादव निवासी खेमराजपुर, थाना परशुरामपुर के खिलाफ मुकदमे में सुलह नहीं करने पर धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पानी की टंकी तोडने पर दो नामजद

बस्ती। सोनहा पुलिस ने परसाखुर्द बुजुर्ग दरियापुर में पानी की टंकी तोड़ने व धमकी व गाली देना के मामले में सुमन देवी की दरख्वास्त पर गांव के स्थानीय थाने में अर्जुन प्रसाद व सुनील कुमार को इस मामले में नामजद कराया है।

कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

बस्ती। कोतवाली थानाक्षेत्र के डड़वा गांव निवासी सतीश चन्द्र श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। तहरीर में लिखा है कि दरवाजे पर ताला टूटा था घर की अलमारी व तीन बक्सों को तोड कर अज्ञात चोरों ने कीमती सामान, जेवरात और 25 हजार नकद चुरा ले गए।

चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच

बस्ती। परसरामपुर थानाक्षेत्र के सेहरिया में गिरजावती देवी के घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

मानदेय मांगने पर जिम्मेदारों पर आनाकानी का लगाया आरोप

भुगतान न होने से आशाओं ने एडी कार्यालय को घेरा

मांग

- आशा कार्यकर्ता ने जल्द भुगतान नहीं होने पर धरने की दी चेतावनी
- आशाओं ने जिम्मेदार अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

बस्ती, निज संवाददाता। स्टेट बजट से होने वाले आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय भुगतान में देरी पर जिलेभर की आशाओं में आक्रोश है। नाराज आशा कार्यकर्ता मंगलवार को अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय पहुंचकर घेराव करके मानदेय भुगतान जल्द करने की मांग उठाई। आश्वासन के बाद आशाएं वापस लौटीं। आशाओं ने जिम्मेदार कर्मियों व अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।



मंगलवार को एडी कार्यालय पर धरना देतीं आशा कार्यकर्त्री। ● हिन्दुस्तान

सुबह 11 बजे एडी कार्यालय पहुंची आशाओं ने घेराव करते हुए धरना दिया। आशा संगठन की ओर से आयोजित धरना में संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र ने आरोप लगाया कि काम लेने के बाद भी पिछले नौ माह का भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पारिश्रमिक भुगतान में जानबूझ कर लेटलतीफी की जा रही है। आरोप लागया कि उन्हें 5400 के बजाय 3400 का भुगतान होता है, जब पूरे भुगतान की बात की गई तो आशा कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर से लेकर मंडल कार्यालय तक भटकना पड़ता है। मंडल महामंत्री इंदु तिवारी ने कहा कि विभाग के दो कर्मचारियों की ओर से अभद्रता की जाती है। आरोप लगाया कि मानदेय भुगतान करने पर धनादोहन भी होता है। इस दौरान जिले की तमाम आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। वहीं नोडल अधिकारी डॉ. एके मिश्र का कहना है कि जून माह तक स्टेट बजट का भुगतान हर्रैया, पशुरामपुर व कप्तानगंज का हुआ है। पांच अन्य ब्लॉकों का टोकन जेनरेट होकर आ गया है। शेष एमओआईसी से मांगा गया है। एडी हेल्थ डॉ. नीरज पांडेय ने बताया कि कार्यालय पर आशा कार्यकर्ता आई थीं। उनके मानदेय भुगतान के लिए सीएमओ से बात की जाएगी। ज्ञापन लिया गया है, जल्द ही भुगतान कराया जाएगा।

भाजपा नेता समेत 24 लोगों पर मुकदमा दर्ज

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस बीजेपी नेता देवेन्द्र पाल समेत 24 लोगों पर वक्फ की सम्पत्ति पर कब्जे के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने मुतवल्ली डॉ. सलीम अहमद की तहरीर पर कार्रवाई की है।

तहरीर के मुताबिक डॉ. सलीम ने लिखा है कि वक्फ अलल औलाद खान बहादुर गुलाम हुसैन कटरा की सम्पति को कब्जा करने की नीयत से वहां के स्टाफ अतीक अहमद और अयोध्या प्रसाद को गाली व जान से मार डालने की धमकी देते हुए भगा दिया गया। इस मामले में बीजेपी नेता देवेन्द्र पाल निवासी बडेबन, रविन्द्र प्रताप सिंह निवासी कटरा, अनिल प्रसाद उर्फ काली प्रसाद, विन्ध्यवासिनी प्रसाद और 20 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

गायब बेटी की गुमशुदगी तक नहीं दर्ज की पुलिस

बस्ती: वाल्टरगंज थाने के पड़िया खास गांव निवासी बाबूराम ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी 14 अगस्त से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। थाने पर प्रार्थना पत्र देने के बाद 16 अगस्त को उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है, इसके बावजूद पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है।



पुलिस दफ्तर में पीसी करते पुलिस कप्तान कृष्ण गोपाल चौधरी, साथ में पुलिस अधिकारी व गिरफ्तार किए गए जिला बदर अपराधी। • हिन्दुस्तान

आपॅरेशन सर्च में दबोचे गए तीन जिला बदर अपराधी

बस्ती, निज संवाददाता। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस तेजी के साथ काम कर रही है। अब वांछित वारंटी और जिला बदर अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन सर्च शुरू किया गया है। इसके तहत मंगलवार की रात में चले ऑपरेशन सर्च के दौरान तीन कुख्यात अपराधियों को दबोचा गया।

इस बात की जानकारी पत्रकारों को देते हुए पुलिस कप्तान कृष्ण गोपाल चौधरी ने बताया कि जिले में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस तेजी के साथ काम कर रही है। अब वांछित, वारंटी और जिला बदर अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन सर्च शुरू किया गया है। इसके तहत उन अपराधियों को दबोचा जा रहा है, जो जिला बदर होने के बावजूद यहां रहकर अपराध कर रहे हैं। वाल्टरगंज, दुबौलिया और छावनी पुलिस ने इसी अभियान के तहत 24 घंटे में तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए अपराधियों का ब्योरा

ऑपरेशन सर्च के दौरान पकड़े गए अपराधियों में वाल्टरगंज थानांतर्गत गनेशपुर टोला धौबहिया निवासी सलीम और छावनी थानाक्षेत्र के मल्लूपुर निवासी पिंटू उर्फ विकास मिश्र के उपर दो-दो आपराधिक मामले और दुबौलिया थानांतर्गत सिटकहवा निवासी अशोक पर 14 क्रिमिनल के मुकदमे दर्ज हैं।

कारोबार में किया 14 लाख का घपला, केस

बस्ती। वाल्टरगंज क्षेत्र के जमदाशाही निवासी मो. कलीम के साथ बंडलपुरी तंबाकू के थोक कारोबार के नाम पर गुजरात के तीन व्यक्तियों की ओर से छलपूर्वक 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में कलीम ने तहरीर देकर स्थानीय थाने में गुजरात के सूरत जिले के अलपड़ थानांतर्गत पैडर मुहल्ला निवासी योगेश पटेल, ताजुद्दीन और गुजरात के भावनगर जिले के सोनगढ़ थानांतर्गत महुआ निवासी अरशद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

हाईवे से सटाकर दुकान लगाने की शिकायत

घघौवा। छावनी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों की शिकायत डीएम से की गई है। विक्रमजोत निवासी विवेक कुमार ने डीएम, एसपी, थानाध्यक्ष छावनी सहित अन्य को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि हाईवे किनारे कवलपुर, खतमसराय सहित घघौवा पुलिस चौकी के पास हाईवे से सटाकर दुकानें लगी है। इन छोटी-छोटी दुकानों के आसपास बड़े वाहन खड़ाकर लोग खरीदारी करते हैं। हर्रैया सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि इस संबंध में टोल प्लाजा प्रशासन और संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है।

नगर पंचायत चेयरमैन पर वेतन हड़पने का आरोप

ऑडियो वायरल

बस्ती, निज संवाददाता। सोशल मीडिया पर एक चेयरमैन का सफाई कर्मियों को धमकाने का ऑडियो वायरल हो रहा है। हालांकि 'हिन्दुस्तान' इसकी सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

बताते चलें कि एक नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने 50 दिन से वेतन नहीं मिलने की शिकायत डीएम से की थी। शिकायत में यह भी कहा था कि चार दिन अवकाश के नाम पर केवल 26 दिन का वेतन दिया जा रहा है। चार दिन वेतन का बंदरबांट किया जा रहा है। इसकी शिकायत के बाद के चेयरमैन ने सफाई कर्मियों के उपर बरस पड़े। इसी नाराजगी के समय का ऑडियो सामने आया है। इस ऑडियो में चेयरमैन सफाई कर्मियों धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेतागीरी कर रहे हो, नेता बन रहे हो। वेतन नहीं आने पर चेयरमैन ने कहा कि वेतन तो सरकार देगी या मैं दूंगा। ईओ के वेतन देने की बात कहने पर चेयरमैन ने कहा कि दिमाग खराब है। नेतागीरी कर रहे हो। काम करना हो तो करो, नहीं तो छुट्टी कर देंगे। निकाल बाहर कर दूंगा। वापस नहीं रखूंगा, चाहे जितनी सिफारिश करा लेना। अब यह ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

आखिरकार आटा चक्की संचालक पर दर्ज हुआ केस

- बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया आटा चक्की संचालक
- मुखबिर की सूचना पर विद्युत प्रवर्तन दल ने की कार्रवाई

बस्ती। बेहिल गांव में संचालित आटा चक्की संचालक के खिलाफ आखिरकार विजिलेंस टीम ने मुकदमा दर्ज करा दिया। संचालक फूलचंद्र के खिलाफ विभाग को पहले से ही बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। शिकायतकर्ता ने जिम्मेदारों पर रंगे हाथ बिजली चोरी पकड़े जाने के बाद भी कार्रवाई न किए जाने का गम्भीर आरोप लगाया था। मामला अधिकारियों के संज्ञान में था। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने गांव में छापेमारी कर आटा चक्की संचालक को रंगे हाथ चोरी से बिजली का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा। संचालक के खिलाफ बिजली थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मुखबिर की सूचना पर पहुंची विद्युत प्रवर्तन दल की टीम ने ट्रांसफार्मर से सीधे केबल लगाकर बिजली चोरी करते आटा चक्की संचालक को पकड़ा। जांच में पांच किलोवाट बिजली चोरी की पुष्टि हुई है। विजिलेंस टीम प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि मुखबिर से लगातार बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। मंगलवार जब टीम ने छापा मारा तो ट्रांसफार्मर से सीधे थ्री फेस केबल आटा चक्की तक लगी हुई मिली।

तेज आवाज वाले वाहन चलाने पर भरना होगा जुर्माना

बस्ती। तेज आवाज वाले वाहन चलाने पर जुर्माना भरना पड़ सकता है। मानक से ज्यादा ध्वनि प्रदूषण होने पर 10 हजार रुपये जुर्माना भरना होगा। एआरटीओ पंकज सिंह का कहना है कि सरकार की ओर से ध्वनि प्रदूषण का मानक निर्धारित किया गया है। इसकी अवहेलना करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग की ओर से बस्ती कार्यालय को डेसिबल मीटर मशीन मुहैया कराई गई है।

छात्रा से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज में कोचिंग गई किशोरी के साथ छेड़खानी के आरोपी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 20 अगस्त को कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। आरोप है कि बाइक सवार गांव निवासी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा ने रास्ते में बेटी को अपशब्द कहा। छेड़खानी करते हुए जबरन हाथ पकड़कर खींचा। बेटी ने विरोध किया तो मारापीटा।

थमा दिया फर्जी वीजा व फ्लाइट का टिकट, केस

बस्ती। सीजेएम आशीष कुमार राय की अदालत ने कूटरचित वीजा और फ्लाइट का टिकट देने के मामले में कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। संतकबीरनगर के बखिरा क्षेत्र के भिटवा बाजार निवासी तबरेज अहमद ने अधिवक्ता एसएन दुबे के जरिए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर बताया कि 10 फरवरी 2023 को बस्ती के तिरंगा चौक पर विदेश भेजने के लिए शिविर लगाया गया था। शिविर के संचालक कलवारी थानाक्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी जावेद अहमद से उनकी मुलाकात हुई। आरोपी जावेद ने कहा कि डेढ़ लाख रुपये खर्च करने पर कुवैत भेज देंगे। एक महीने के भीतर ही आरोपी ने परिवादी के मोबाइल पर 20 मई 2023 को कूटरचित फ्लाइट का टिकट (लखनऊ से कुवैत) और वीजा भेज दिया।

उपचुनाव में 46 पदों के सापेक्ष 57 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

पंचायत चुनाव

बस्ती, निज संवाददाता। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश हो रहे क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत के 46 पदों के सापेक्ष 57 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। बीडीसी के दो पदों के सापेक्ष केवल दो उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। इसके चलते दोनों पद निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान के तीन पदों के सापेक्ष 26 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। ग्राम पंचायत सदस्य के 41 पदों के सापेक्ष महज 29 लोगों ने पर्चा भरा है। बीडीसी के दो पद के सापेक्ष केवल दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उपचुनाव के लिए पर्चे खरीदने व जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त थी। पर्चों की जांच 23 अगस्त, नाम वापसी व चुनाव चिह्न आवंटन 24 अगस्त को होगा। मतदान के लिए छह सितम्बर व मतगणना आठ सितम्बर को होगी। परसुरामपुर में प्रधान के एक, दुबौलिया में दो के चुनाव होने हैं। विक्रमजोत में चार, हर्रैया में पांच, परसुरामपुर में एक, गौर में चार, दुबौलिया में दो, सल्टौआ गोपालपुर में 11, रामनगर में आठ, रुधौली में छह ग्राम पंचायत सदस्यों का चुनाव होना है। विकास खंड सांऊघाट और कुदरहा में क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक-एक पद पर चुनाव होना था। दोनों पद निर्विरोध हो गए हैं।

टिनिच में दिखा तेंदुए जैसा जानवर, दहशत

बभनान। तेंदुए जैसे जानवर के दिखाई देने से जहां रातभर ग्रामीण सो नहीं पाए, वहीं वन विभाग की कुंभकर्णी नींद 24 घंटे बाद टूटी तो एक फारेस्ट गार्ड गांव पहुंचा। सोमवार की रात गौर थानाक्षेत्र के साड़ीकल्प गांव निवासी प्रेम कुमार खेत की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेंदुए जैसा जानवर दिखा तो गांववालों को बताया। प्रेमकुमार की बताई जगह पर ग्रामीण एकत्र हुए लेकिन जानवर नहीं दिखा। कुछ ही देर बाद साड़ीहिच्छा गांव निवासी राममिलन तेंदुए जैसा जानवर देखकर शोर मचाया।

मंगलवार सुबह काफी संख्या में लोग एकत्र हुए और आसपास गन्ने के खेतों सहित झाड़ियों में उसकी तलाश में लग गए लेकिन सफलता नहीं मिली।

पूर्व सभासद के बेटे का फंदे से लटकता शव मिला

बभनान, हिसं। पूर्व सभासद के बेटे ने घर के अंदर फंदे से लटक कर जान दे दी। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे परिजनों और पुलिस शटर की कुंडी तोड़कर अंदर दाखिल हुई। इसके बाद फंदे से शव को उतारकर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए गोण्डा भेज दिया।

मंगलवार को पड़ोसी जिला गोंडा के खोड़ारे थानाक्षेत्र के बौहान गांव निवासी हृदयराम यादव के 35 वर्षीय बेटे गंगाराम यादव का शव छपिया थानाक्षेत्र के बभनान-करनपुर मार्ग पर स्थित मकान के कमरे में फंदे से लटका मिला। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे परिजन और छपिया-बभनान पुलिस शटर की कुंडी तोड़कर अंदर दाखिल हुई। इसके बाद फंदे से शव को उतारकर कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई अवधेश यादव ने बताया कि वर्ष 2012 में मां बुधना यादव नगर पंचायत बभनान से नामित सभासद थीं। विगत पांच साल पहले भाई गंगाराम यादव ने शिक्षा विभाग में चपरासी की नौकरी के लिए छह लाख बीस हजार रुपये गोण्डा के एक व्यक्ति को दिया था। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन रुपये वापस नहीं हुए। तभी से भाई तनाव में रहता था। तनाव के कारण ही भाई ने फांसी लगाकर जान दी है। थाना छपिया के चौकी प्रभारी रजनीश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया फंदे पर लटकने से मौत लग रही है।

युवक पर चाकू से हमला, दो पर मुकदमा

जासं, कप्तानगंज, वस्ती: मदनपुर गांव में दो पक्षों के विवाद हो गया। इसी बीच एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के इब्राहिम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जब उनका बेटा साहिल सोमवार की रात गांव में ही संचालित अपनी नमकीन की फैक्ट्री से घर लौट रहा था, तभी घर से कुछ ही दूर सड़क पर खड़े गांव के ही रियाज और उनके पिता बुनियाद ने उन पर चाकू से हमला कर दिया।

दुपट्टे से लटका मिला पूर्व सभासद का शव

जासं, बभनान, बस्ती: नगर पंचायत बभनान के पूर्व नामित सभासद का शव उनकी दुकान के पिछले हिस्से में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है।

नगर पंचायत बभनान के भगत सिंह नगर वार्ड निवासी गंगाराम यादव का पैतृक निवास गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र के बौहाने गांव में है। वह छपिया थाने के बभनान कस्बे में इलाहाबाद बैंक के सामने मिठाई व चाय की दुकान संचालित करते थे। सोमवार की रात वह अपने पैतृक निवास से खाना खाकर दुकान में सोने आए थे। मंगलवार की सुबह देर तक जब उनकी दुकान का शटर नहीं उठा तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। पड़ोसी दुकानदारों ने इसकी सूचना दिवंगत के पैतृक गांव में दी। मौके पर पंहुचे गंगाराम के भाई ने जब दुकान के रोशनदान से अंदर झांका तो वह स्तब्ध रह गया। दुकान के पिछले हिस्से में गंगाराम का शव दुपट्टे के सहारे छत में लगे पंखे से लटक रहा था। इसकी सूचना उसने तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची छपिया पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।



गंगाराम फाइल फोटो



घटनास्थल पर जुटी भीड़ व पुलिस • जागरण

नौकरी के लिए दिए पैसे वापस न मिलने से चिंतित थे गंगाराम: सपा सरकार में गंगाराम यादव को नगर पंचायत बभनान का सभासद मनोनीत किया गया था। परिवार वालों के अनुसार ठाट-बाट से रहने वाला गंगाराम सभासद नामित होने के बाद जब राजनीति में और कोई मुकाम हासिल नहीं कर पाए तो वह नौकरी कर अपना जीवन यापन करने की सोची। नौकरी के लिए उन्होंने एक व्यक्ति को काफी रकम दे दी। इसके बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिली। परिवार के लोगों ने बताया कि जिसको उन्होंने रकम दी थी, वह वापस नहीं कर रहा था। इसी वजह से वह इन दिनो चिंतित रहते थे। मजबूरी में गंगाराम ने जीवन यापन के लिए व चाय-मिठाई की दुकान शुरू की थी। अभी छह दिन पहले उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। मंगलवार को उनके पुत्र का छटिहार कार्यक्रम का था। छपिया थाना के बभनान चौकी प्रभारी रजनीश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, फिर भी मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

रेलवे ट्रैक पर मिले शव की शिनाख्त सीतापुर के नीरज के रूप में

जासं, गनेशपुर, बस्ती: गोरखपुर लखनऊ रेल खंड पर वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के उसका गांव के निकट सोमवार मिले शव की शिनाख्त हो गई है। इंटरनेट मीडिया से मिली सूचना के आधार पर थाने पहुंचकर परिवार के लोगों ने शव की शिनाख्त नीरज पुत्र केशन ग्राम ठेकेपुरवा पोस्ट बोहरा थाना विसवा जनपद सीतापुर के रूप में की। दिवंगत के स्वजन मनोज कुमार यादव पुत्र राधेश्याम, दिलेराम पुत्र संतू ने बताया कि नीरज घर से अयोध्या मेला देखने की बात कहकर निकला था। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

केजीवी विद्यालय के रसोइया को मिला कारण बताओ नोटिस

वस्तीः कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हर्रैया की सहायक रसोइया सुमन देवी को ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित रहने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने रसोइया को भेजे नोटिस में कहा है कि तत्काल विद्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन शुरू कर दें। अन्यथा कि स्थिति में रसोइया की संविदा समाप्त कर दी जाएगी। वार्डन ने बीएसए को पत्र भेजकर सूचित किया है कि सुमन देवी 23 जुलाई से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रही हैं, जिससे बच्चों को समय से नाश्ता व भोजन नहीं मिल पा रहा है।

घर में घुसे चोरों ने महिला व दो बच्चों पर किया चाकू से हमला

जागरण संवाददाता, हर्रैया वस्ती: हर्रैया थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव में बेखौफ चोरों ने सोमवार की रात न सिर्फ चोरी की घटना को अंजाम दिया बल्कि घटना के दौरान विरोध कर रही महिला और दो बच्चों पर चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी परशुरामपुर ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया।

हर्रैया थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। उन्हें पुलिस का कोई खौफ नहीं हैं। अब तो वह चोरी के दौरान विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कर रहे हैं। सोमवार की देर रात चोरों ने बेलवरिया गांव निवासी बिट्टन अपनी सात वर्षीय पुत्री परी तथा पांच वर्षीय पुत्र श्रेयांश के साथ घर मे सो रहीं थीं। देर रात घर का मुख्य दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर वह दरवाजा खोलने पहुंची। दरवाजा खुलते ही बेखौफ चोर जबरदस्ती घर में घुस आए। महिला ने विरोध जताया तो चोरों ने महिला व उसके दोनों बच्चों पर चाकू से हमला बोल दिया। महिला व बच्चों के चेहरे व सिर में गंभीर चोटें आईं। चोरों ने महिला के कान व नाक में पहने जेवरात, परी के गले से सोने की माला छीन ली। वहीं कमरे में रखे एक संदूक को भी वह साथ लेकर चले गए। बाद में संदूक गांव के बाहर फेंक दिया। महिला की रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके घर पर पहुंचे ग्रामीण महिला और बच्चों की हालत देख सन्न रह गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 व हर्रैया थाने को दी। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी परशुरामपुर ले जाया गया, जहां से सभी को मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। हर्रैया थाने के प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों से घटना के बारे में पूछताछ किया। सुबह घटना जब पूरे क्षेत्र में फैली तो लोगों में दहशत का माहौल बन गया। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि घटना का पर्दाफाश करने और चोरों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच, एसओजी और थाने स्तर से पुलिस टीम का गठन किया गया है।

सीसी कैमरा लगवाने पर किया गया सम्मानित

जासं, बस्ती: आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत फ्लोरलेन पर नगर थाने के महत्वपूर्ण चौराहे फुटहिया पर 10 सीसी कैमरा लगवाने वाले एक युवक को पुलिस ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

थानाध्यक्ष नगर संतोष कुमार ने बताया कि हर महत्वपूर्ण तिराहे, चौराहे, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, कस्बों आदि में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जन सहयोग से सीसी कैमरा लगवाया जा रहा है।

टिनिच क्षेत्र में ग्रामीणों को दिखा तेंदुआ जैसा जानवर, दहशत



गौर थाना क्षेत्र के साड़ी कल्प गांव के निकट तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर गन्ने के खेत में तलाश करते ग्रामीण ● जागरण

जासं, टिनिच, बस्ती: रामनगर रेंज के टिनिच क्षेत्र में सोमवार की रात ग्रामीणों ने एक तेंदुआ जैसा जानवर देखने का दावा किया है। मौके पर वन कर्मियों ने पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और पद चिन्ह भी संकलित किया। तेंदुआ जैसा जानवर दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सबसे ज्यादा चिंता लोगों को अपने मवेशियों की है।

थानाक्षेत्र के साड़ी कल्प गांव निवासी प्रेम कुमार चौधरी ने सोमवार की रात पौने एक बजे के करीब घर से बाहर अपने गाय की निगरानी करने के लिए निकले। इसी बीच उन्होंने कुछ ही दूरी पर पेड़ के पास किसी जानवर के होने की आहट महसूस की। इसके बाद उन्होंने टार्च जलाया तो देखा वहां तेंदुआ जैसा कोई जानवर था। काफी देर तक वह उसकी आंखों पर उन्होंने टार्च जलाए रखा। इससे जानवर बगल में स्थित गन्ने की खेत की तरफ चला गया। इसके बाद वह जानवर बगल के गांव साड़ी हिच्छा में पहुंच गया। वहां चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर घर के बाहर बैठे दाढ़ी नामक व्यक्ति ने उसे देखा तो वह घबरा गया। उसने गोहार लगाई तो आसपास के लोग भी निकल कर शोर मचाने लगे। आवाज सुनकर जानवर मौके से खेत की तरफ भाग निकला। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में और कई अन्य स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। दोपहर बाद वनकर्मी अजय कुमार भारती मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली। साथ ही गन्ने के खेत से पैरों के निशान की फोटो भी संकलित की।

डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने बताया किरामनगर रेंज में कई बार फिशिंग कैट मिलने की सूचना दर्ज कराई गई है। गांव में वन कर्मियों को भेजा गया था। कोई प्रमाण नहीं मिला है, जिससे तेंदुआ की पुष्टि हो सके।

थाना क्षेत्रों से दबोचे गए तीन जिला बदर

- जिला बदर होने के बाद भी घर पर रह रहे थे आरोपित
- वाल्टरगंज, दुबौलिया व छावनी थाने की पुलिस ने की कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिले में सोमवार को गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किए गए लोगों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान वाल्टरगंज, दुबौलिया व छावनी थाने की पुलिस ने अपने क्षेत्र में एक एक जिला बदर को धर दबोचा। उनके विरुद्ध अब 10 गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

यह जानकारी एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि 31 मई को घोषित जिला बदर घोषित सलीम निवासी गनेशपुर टोला धोबहिया थाना वाल्टरगंज को सोमवार की रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध वाल्टरगंज थाने में 10 गुंडा नियंत्रण अधिनियम दर्ज किया गया। इसी प्रकार 19 जून को घोषित जिला बदर पिंटू उर्फ विकास मिश्रा निवासी मल्लुपुर थाना छावनी को उसके घर से रात 10.15 बजे गिरफ्तार किया गया। वहीं आठ अगस्त को घोषित जिला बदर अशोक कुमार निवासी सिटकिहवा थाना दुबौलिया को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि सलीम, पिंटू उर्फ विकास मिश्रा व अशोक कुमार का आपराधिक इतिहास भी है। अशोक पर कुल 13 आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।



अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता करते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

फोरेंसिक टीम ने की दो घटनाओं की जांच

जासं, कुदरहा, बस्ती: लालगंज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर व चकिया ग्राम पंचायत के राजस्व गांव खलवां पुरवा व उजियानपुर के एक स्कूल में हुई चोरी की जांच करने मंगलवार को फोरेंसिक टीम पहुंची। काफी देर तक घटना की बारीकी से जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किया।

मंगलवार को फोरेंसिक टीम के मंजीत व अजय चौरसिया आरआरजी पूर्व माध्यमिक विद्यालय उजियानपुर पहुंचे और प्रबंधक सुरेश यादव से घटना की जानकारी ली। वहीं टीम ने साक्ष्य संकलित कर प्रबंधक से चोरी गए रुपये का ब्यौरा मांगा तो प्रबंधक



कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। टीम वहां से निकल कर कल्यानपुर शोहरत के घर पहुंची। वहां घर के पीछे की दीवाल में चोरों ने नकब लगाई थी। वहां टीम ने साक्ष्य संकलित किया। इसके पश्चात खेत में जहां घर के लोगों कपड़ा आदि फेंका मिला था, वहां भी पहुंच कर जांच की। परिवार के लोगों से भी पूछताछ की। टीम ने शोहरत से थाने पर जा कर तहरीर देने को कहा। इसके बाद टीम चकिया गांव के खलवां पुरवा पहुंची और शिवपूजन निषाद उर्फ गोली व उनके परिवार वालों से घटना की जानकारी हासिल की। चौकी इंचार्ज कुदरहा अरविंद यादव ने बताया कि फोरेंसिक टीम तीनों जगह जांच की। विद्यालय के प्रबंधक ने घटना की झूठी सूचना देने पर माफी नामा भी लिख कर दिया। वहीं खलवा पुरवा की भी घटना सही नहीं मिली। कल्याणपुर में नकब कटकर हुई चोरी में तहरीर अभी तक नहीं दिया गया है।

बिना रकम दिए सामान लेने को लेकर मारपीट

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के चईयाबारी मोहल्ला निवासी दीपक मोदनवाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पंकज सिनेमाप्लेक्स स्थित दुकान से बिना रुपये दिए सामान लेने से मना करने पर आरोपित ने उन्हें अपशब्द कहा, मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजा सिंह निवासी अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

नर कंकाल की शिनाख्त के लिए होगी डीएनए जांच

खाजेपुर में शनिवार को मिला था नर कंकाल, कपड़ों के आधार पर मधुवन गांव का परिवार कर रहा शिनाख्त का दावा

जागरण संवाददाता,भानपुर, वस्ती: सोनहा थानाक्षेत्र के खाजेपुर गांव के बाहर मिला नर कंकाल किसका था, अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस अब डीएनए जांच की मदद से मृतक के बारे में पता लगाएगी।

रविवार को खाजेपुर गांव के सिवान में गन्ने के खेत में एक नर कंकाल मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। कंकाल का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया, साथ ही खोपड़ी का एक्स रे व अल्ट्रासाउंड भी हुआ।

कंकाल को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। कंकाल के पास मिले कपड़ों के आधार पर थाना क्षेत्र के अमरौली शुमाली टोला मधुवन निवासी दुर्गावती पत्नी छट्ठीराम का दावा है कि यह कंकाल उनके 19 वर्षीय बेटे विनय कुमार का है। विनय कुमार 11 अगस्त को अपने तीन अन्य साथियों के साथ खाजेपुर गया था। तब से वह घर वापस नहीं लौटा। इस मामले में पुलिस ने 16 अगस्त को गुमशुदगी भी दर्ज किया था। अगर विनय के मां का दावा सही है तो सवाल यह है कि उसकी मौत कैसे हुई व मात्र 9 दिन में ही शव कंकाल के रूप में कैसे परिवर्तित हो गया। अगर कंकाल विनय का नहीं है तो फिर किसका का है। मौत का कारण क्या है। किसी को शव की भनक अब तक क्यों नहीं लगी। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने कि कंकाल का सोमवार को पोस्टमार्टम एम हुआ है। खोपड़ी का एक्स रे व अल्ट्रासाउंड भी हुआ है। कंकाल का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा और उसकी मिलान विनय की मां के डीएनए से कराया जाएगा। इसके लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है।

मकान की दीवाल गिराने के मामले में मुकदमा

बस्ती : हर्रैया थाने के पूरे अलावल गांव निवासी रामचंदर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके निर्माणाधीन मकान की दीवाल को गिरा दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भगवत सिंह व पंकज सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा

बस्ती : नगर थाना क्षेत्र के माली टोला नगर बाजार की रहने वाली सुदामा देवी पत्नी मुनिलाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर उन्हें अपशब्द कहा, जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामचंदर, राजन, झिनकू, सुदामा पत्नी रामचंदर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

पुरानी पेंशन को दिया समर्थन महंगाई को लेकर सरकार को घेरा



फटहिया पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का स्वागत करते पदाधिकारी जागरण

जासं.बस्ती : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष कर रहे कर्मचारियों का समर्थन करते हुए इसे लागू किए जाने की मांग की। प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार को घेरा कहा, यह सरकार महंगाई और बेरोजगारी दूर करने में विफल है।

वे मंगलवार की शाम पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह की असामयिक मृत्यु की सूचना पर उनके रानीपुर स्थित आवास पर पहुंचे। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बधाया। फुटहिया के पास कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से 2024 की तैयारियों में जुट जाएं, जिससे आइएनडीआइए की सरकार बने। कहा कि भाजपा की सरकार से समाज का हर वर्ग त्रस्त है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना होगा। राकेश पांडेय,शबीहा खातून, गिरजेश पाल,प्रेमशंकर ने स्वागत किया।

नौकरी के नाम पर ले लिया 21 लाख रुपये, मुकदमा

जासं, बस्ती: कोतवाली क्षेत्र के न्यू कालोनी बैरिहंवा निवासी समर्थ आनंद ने मुंडेरवा थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने उन्हें व उनके करीबी दिनेश पांडेय निवासी बभनगांवा, कोतवाली बस्ती व सोनू चौधरी निवासी कुरियार थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती से कूटरचित दस्तावेज दिखाकर व धोखाधड़ी करके दो बार में कुल 21 लाख रुपये ले लिया। नौकरी न मिलने पर जब उससे दी गई रकम वापस मांगी गई तो उसने केवल दो लाख रुपये ही दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित अशोक चौधरी निवासी बायपोखर थाना मुंडेरवा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक एजाज अहमद को सौंपी गई है।

कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी व रकम हड़पने का मुकदमा

बस्ती: वाल्टरगंज पुलिस ने धोखाधड़ी व रकम हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के जमदाशाही निवासी मो. कलीम के अनुसार लगभग दो वर्ष पहले बंडलपुरी सुर्ती के थोक कारोबारी योगेश पटेल जो सूरत शहर में ब्लूमेक इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड संचालित करते हैं और उनके साथी ताजुद्दीन, अरशद से उनकी व उनके दोस्त मो. इलियास की मुलाकात घर पर हुई। आरोपितों ने बंडलपुरी सुर्ती के कारोबार में रुपये लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच दिया। ऐसे में वह और उनके दोस्त उनके झांसे में आ गए।

प्रोन प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहे सीओ कलवारी

जोन स्तरीय प्रतियोगिता में बलरामपुर व देवरिया रहे अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। गोरखपुर जोन की 48 वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो प्रतिस्पर्धाएं खेली गईं, जिसमें बलरामपुर व देवरिया अव्वल रहा। मेजबान बस्ती को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

300 मीटर प्रोन पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में बलरामपुर के एसआई अनिल कुमार दीक्षित को प्रथम स्थान, देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को द्वितीय स्थान तथा बस्ती के क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



गोरखपुर जोन की 48वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते पुलिस कर्मी।

300 मीटर श्रीपी पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को प्रथम स्थान, बलरामपुर के एसआई अनिल कुमार दीक्षित को द्वितीय, गोरखपुर के कांस्टेबल अंकित दुबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान आरआई संदीप कुमार राय व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता का समापन आज

20 अगस्त को शुरू हुई जोन स्तरीय प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन होना तय था। मगर बारिश के कारण समापन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अब समापन कार्यक्रम बुधवार को शाम साढ़े चार बजे होगा।

वक्फ की संपति पर कब्जा करने के आरोप में मुकदमा

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के पिंडारी कोठी निवासी डा. सलीम अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 अगस्त को कुछ लोग एक राय होकर वक्फ अलल औलाद खान बहादुर गुलाम हुसैन की कटरा स्थित संपति को दबंगई से कब्जा करने की कोशिश की। वहां के स्टाफ अतीक अहमद व अयोध्या प्रसाद को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि देवेंद्र पाल निवासी बडेबन, रविंद्र प्रताप सिंह निवासी कटरा थाना कोतवाली बस्ती, अनिल प्रसाद उर्फ काली प्रसाद, विंध्यवासिनी प्रसाद निवासीगण चंगेरा, कोतवाली बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर और 20 अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है।

मानदेय के लिए एडी कार्यालय पर दिया धरना



बस्ती। मानदेय भुगतान को लेकर मंगलवार को एडी हेल्थ कार्यालय पर आशा ने धरना दिया। कर्मियों व अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। सुबह 11 बजे से शुरू धरना देर शाम तक जारी रहा। विभिन्न मांगों को लेकर आशा संगठन की ओर से आयोजित धरना में संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र ने आरोप लगाया कि जितना काम लिया जाता है। उसका मानदेय भुगतान पिछले कई महीने से नहीं हुआ है। इसके चलते कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। यह भी आरोप लगाया कि उन्हें 5400 के बजाय 3400 का भुगतान होता है। संवाद

बाजारों में बिकता है फुटपाथ... खरीदते हैं ठेले लगाने वाले

प्रति माह 12 से 20 लाख की वसूली, गांधीनगर, कंपनीबाग, कचहरी क्षेत्र में ठेला लगाने के लिए देना पड़ता है शुल्क, पुलिस भी कुछ नहीं बोलती

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। अपने शहर में फुटपाथ बेचने के भी धंधे ने जोर पकड़ लिया है। यह कोई और नहीं गृह स्वामी एवं चौराहों के कुछ चर्चित दबंग किस्म के चेहरे कर रहे हैं। असंगठित व्यवसायियों से दुकान लगवाने का नकद धंधा है। भीड़-भाड़ वाली जगह है तो क्या पूछना।

रेहड़ी दुकानदारों से शहर में अवैध किराए के रूप में प्रति माह अनुमानित 12 से 20 लाख रुपये की वसूली की जा रही है। औसतन ढाई हजार असंगठित व्यवसायियों से फुटपाथ पर ठेला लगाने की एवज में 500 से 800 रुपये प्रति रेहड़ी प्रतिदिन किराए के रूप में वसूले जाते हैं। यह रकम सड़क के किनारे स्थित बड़े प्रतिष्ठान एवं भवनों के मालिक, दबंग किस्म के लोग और डंडा पटकने वाले सरकारी मुलाजिमों की जेबों में पहुंचती है।

गांधीनगर और पुरानी बस्ती क्षेत्र मिलाकर शहर के दोनों हिस्सों में सड़क की पटरियों पर ढाई हजार से अधिक अस्थायी दुकानें रोज सज रही हैं। दोपहर बाद सभी प्रमुख चौराहों और बाजार में सड़कों के दोनों तरफ की पटरियां चौतरफा अस्थायी दुकानों से भर जा रही हैं। जहां स्थानीय किसी व्यक्ति का दबदबा नहीं है, वहां पुलिस की मेहरबानी से इन दुकानों को जगह मिल रही है।



गांधीनगर में फुटपाथ पर फल की दुकान। संवाद

रेहड़ी व्यवसायियों का हब है गांधीनगर : गांधीनगर बाजार रेहड़ी व्यवसायियों का हब बन गया है। यहां सड़क के दोनों तरफ बड़े प्रतिष्ठानों के मालिक या गृह स्वामी अपने-अपने सामने के फुटपाथ पर मालिकाना हक जताते हैं। इनकी रजामंदी के बगैर फुटपाथ पर दुकान लगाना असंगठित व्यवसायियों के लिए संभव नहीं है। दरिया खां मोड़ से तुरकहिया मोड़ तक चाट, खोमचे, आइसक्रीम, फास्टफूड, पान, सब्जी आदि के दो सौ से अधिक ठेले और गुमटी यहां रोज पटरियों पर सजती हैं, जिनकी दुकान पर अधिक ग्राहक होते हैं, उन्हें पुलिस की भी कुछ न कुछ सेवा करनी पड़ रही है।

चाऊमीन, बर्गर का ठेला लगाने वाले राम जीत ने बताया कि जिनके घर के सामने ठेला लगाते हैं उन्हें प्रतिदिन 500 रुपये देना पड़ता है। इसके अलावा पुलिस को न खुश रखो तो फुटपाथ की जमीन खाकर दुकान हटवाने की धमकी मिलती है।



हनुमान मंदिर के सामने फुटपाथ पर सब्जी दुकान। संवाद

कंपनीबाग, कचहरी क्षेत्र में दबंग लगवाते हैं रेहड़ी की दुकान : कंपनीबाग, कचहरी, कटरा, फव्वारा तिराहा, शास्त्री चौक के आसपास कुछ दबंगों का बोलबाला है। यहां ज्यादातर सरकारी भवन और अफसरों के आवास हैं, लेकिन उनके सामने फुटपाथ पर दुकान लगवाने के लिए दबंगों की रजामंदी जरूरी है। लगभग चार सौ रेहड़ी एवं ठेला कारोबारियों पर इनकी धाक बनी हुई है। दुकानदारी के हिसाब से कोई दो सौ, कोई पांच सौ तो छोला भटूरा, बिरयानी आदि की दुकान लगाकर अधिक कमाई करने वाले हजार रुपये तक किराया दे रहे हैं। इन दुकानों पर शाम ढलने पर स्थानीय पुलिस की धमक होती है। दुकानदार उन्हें भी खुश करके भेज देते हैं। यह क्षेत्र दबंगों के बल पर असंगठित व्यवसायियों का बड़ा सेंटर बन गया है। शाम ढलने के बाद इन दुकानों पर रंगीन मिजाज के लोगों के लिए भी पानी बोतल, गिलास एवं अन्य चटपटी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था रहती है।

बीडीए भवन के खंडेंगेवॉल के सामने, टाउन क्लब के सामने और कचहरी स्थित चर्च के सामने यह नजारा शाम 6 से रात 11 बजे तक कभी भी देखा जा सकता है। कटरा में फुटपाथ के पीछे स्थित व्यवसायिक भवनों के कारिंदे इन दुकानदारों से वसूली करके रकम मालिक तक पहुंचाते हैं।

रोडवेज पर भी लगवाए जा रहे ठेले : रोडवेज स्थित नेहरू तिराहा पर सड़क के एक तरफ मकानों के मालिक फुटपाथ पर सब्जी, चाट, खोमचे और अंडे आदि के ठेले लगवाने के लिए फुटकर कारोबारियों से अच्छा खासा किराया रोजाना वसूल रहे हैं। तो दूसरी ओर पुलिस को मेहरबानी से रेहड़िया सज रही है। यहां शाम को चटपटे स्नैक लेने के लिए आमजन की खूब भीड़ जुटने लगी है। वहीं रोडवेज गेट के सामने से लेकर अंडेजी शराब की दुकान के आसपास भी ठेलों की भरमार है। जहां पुलिस की मौजूदगी भी रहती है। अधिकांश रेहड़ी दुकानों पर लोगों की रात रंगीन होने के दौरान झड़प भी होती है। यह पुलिस के लिए सुनहरा अवसर होता है। रेहड़ी दुकानें पर मस्ती में डूबे लोग पकड़ लिए जाते हैं जिन्हें कुछ देर के बाद छोड़ दिया जाता है। इस क्षेत्र में भी सौ अधिक ठेलों की भरमार रहती है।

रेलवे स्टेशन, पांडेय बाजार में भी ठेलों की भरमार : पुलिस और गृह मालिकों की सरपरस्ती में भी दक्षिण दरवाजा, रेलवे स्टेशन, मंगल बाजार, सुतीहट्टा, पांडेय बाजार समेत पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक हजार से अधिक ठेलों की भरमार सड़क की पटरियों पर भरमार रहती है।

फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों से किराया वसूलने के लिए कोई भी प्राइवेट व्यक्ति अधिकृत नहीं है। असंगठित व्यवसायियों के लिए वेंडिंग जोन चिह्नित है। शीघ्र ही इन व्यवसायियों को वहां शिफ्ट कराया जाएगा।
-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद।

फुटपाथ पर दुकान लगाने के लिए कोई अधिकृत नहीं है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। यातायात पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम बनाकर जाल सड़क की पटरियों को खाली कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा।
-आलोक प्रसाद, सीओ सिटी।

स्टॉफ नर्स के डॉक्टर पर लगाए आरोपों की जांच पूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

स्टाफ नर्स ने चिकित्सक पर लगाए थे गंभीर आरोप

बस्ती। हर्रैया में तैनात स्टॉफ नर्स के डॉक्टर पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच मंगलवार को पूरी हो गई। हालांकि रिपोर्ट सीएमओ के टेबल तक पहुंच गई है मगर अभी जांच में क्या रिपोर्ट आई है। इसका खुलासा सीएमओ ने नहीं किया है। जांच पूरी होने की बात उन्होंने स्वीकारी है।

उल्लेखनीय है कि करीब एक सप्ताह पहले हर्रैया में तैनात एक स्टाफ नर्स ने डॉक्टर पर अकेले कमरे में साथ रहने का दबाव बनाने सहित तमाम गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में डीएम प्रियंका निरंजन ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिए थे।

दो एसीएमओ व एक महिला चिकित्सक को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी। मंगलवार को इस जांच की रिपोर्ट सीएमओ के पास तक पहुंच गई है, मगर रिपोर्ट में क्या है इसका खुलासा नहीं हो सका है। सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने कहा कि रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट में क्या है इसका पता नहीं चल सका है।

कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने कोचिंग गई किशोरी के साथ छेड़खानी के आरोपी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया।



छेड़खानी करने का आरोपी। संवाद

इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 20 अगस्त को कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। बाइक सवार गांव निवासी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा ने रास्ते में बेटी को अपशब्द कहे। छेड़खानी करते हुए हाथ पकड़कर खींचा। इसकी शिकायत लेकर जब वे विपक्षी के घर पहुंचे तो आरोपी शिवराज के पिता व भाई ने अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। संवाद

वक्फ की जमीन पर कब्जा करने के आरोप में 24 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। वक्फ की जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद समेत 24 आरोपियों पर बलवा, धमकी और अपशब्द कहने का केस दर्ज किया है।

वक्फ के मुतवल्ली डॉ. सलीम अहमद ने इस संबंध में तहरीर दी, जिसमें लिखा कि वक्फ अलल औलाद खान बहादुर गुलाम हुसैन कटरा की संपत्ति को लेकर 17 अगस्त को हाईकोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त हुआ था। न्यायालय में मौजूद विपक्षी देवेंद्र पाल निवासी बड़ेवन कोतवाली के बेटे ने पिता को जैसे ही स्थगन आदेश जारी होने की जानकारी दी, तभी दबंगई से कब्जा करने की नीयत से देवेंद्र पाल अपने साथ रविन्द्र प्रताप सिंह निवासी कटरा, अनिल प्रसाद उर्फ काली प्रसाद, विन्ध्यवासिनी प्रसाद व बीस अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ पहुंचे और उनके स्टाफ अतीक अहमद व अयोध्या प्रसाद को अपशब्द कहते हुए आमादा फौजदारी हो गए। वे लोग गेट पर लगा ताला तोड़कर जमीन कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बाद धमकी देते हुए वह लोग वहां से हटे। एसएचओ

धोखाधड़ी के मामले में कलवारी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

बस्ती। न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर-18 के न्यायाधीश अखिल कुमार की अदालत ने धोखाधड़ी के मामले में कलवारी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। इसी थाना क्षेत्र के अगौना गांव निवासी शिवप्रसाद ने अधिवक्ता रमापति पांडेय के जरिये न्यायालय में अर्जी दाखिल की। उन्होंने बताया कि शिव प्रसाद ने 29 सितंबर 2008 को गांव के ही रामदेव उर्फ रामबेलास से जमीन का बैनामा लिया था। इसी जमीन को आठ अक्तूबर 2018 को रामदेव ने अपने भतीजे श्याम नारायन के साथ साजिश के तहत अपने रिश्तेदार संतोष कुमार को दोबारा बैनामा कर दिया। इसके बाद रामदेव की मौत हो गई। संवाद

सत्यापन में घर पर मिले तीन जिला बदर अपराधी, गिरफ्तार

मंगलवार रात जिले के 87 जिला बदर अपराधियों का कराया गया सत्यापन

संवाद न्यूज एजेंसी

वाल्टरगंज, दुबौलिया व थाना छावनी पुलिस टीम ने पकड़ा एक-एक अपराधी

बस्ती। मंगलवार रात चलाए गए विशेष निगरानी अभियान में पुलिस ने तीन जिला बदर अपराधियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार को अपराध समीक्षा के दौरान सभी थानेदारों से जिला बदर अपराधियों की जांच करने का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था।

इसके तहत जिले भर के 87 जिला बदर अपराधियों का सत्यापन कराया गया, जिसमें से तीन अपराधी अपने घर पर पाए गए। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अपराधियों में सलीम निवासी गनेशपुर टोला धोबहिया थाना वाल्टरगंज को रात सवा आठ बजे गिरफ्तार किया गया, जबकि छावनी थाने के मल्लूपुर निवासी पिंटू उर्फ विकास को सवा 10 बजे और दुबौलिया थाने के सिटकिहवा निवासी अशोक कुमार को तड़के चार बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि सलीम के खिलाफ मारपीट, दुष्कर्म, छेड़खानी आदि के केस दर्ज हैं, जबकि पिंटू मिश्रा पर किशोरी को भगाने, मारपीट, दुष्कर्म के केस दर्ज हैं। इसी तरह दुबौलिया थाने के अशोक कुमार पर मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट, जालसाजी, धोखाधड़ी, गैंगस्टर सहित 14 संगीन केस दर्ज हैं।

पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ की जा रही है कि वे और किन वारदातों में शामिल रहे हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वाल्टरगंज थाने के एसएसआई सुरेश कुमार, एसआई मकबूल आलम, एसओ छावनी नरायनलाल श्रीवास्तव, एसआई विरेन्द्र यादव, दुबौलिया थाने के एसआई प्यारेलाल, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, सतीश कुमार सिंह थाना वाल्टरगंज, अवधेश यादव, कांस्टेबल शिवकेश सिंह, अरुण यादव थाना छावनी व थाना दुबौलिया के बेचन प्रसाद, प्रदीप कुमार सिंह शामिल रहे। प्रेसवार्ता के दौरान सीओ सदर आलोक प्रसाद भी मौजूद रहे।

फर्जी वीजा और जहाज का टिकट देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

कुवैत भेजने के नाम पर ठगे डेढ़ लाख रुपये

बस्ती। फर्जी वीजा और जहाज का टिकट देने के मामले में सीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश आशीष कुमार राय ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। कचहरी चौराहा पर शिविर लगाकर डेढ़ लाख रुपये में कुवैत भेजने के इकरार होने को बताया गया है।

संतकबीरनगर के बखिरा थाना क्षेत्र के भीटवा बाजार निवासी तबरेज अहमद ने अधिवक्ता एसएन दुबे के जरिये न्यायालय में अर्जी दाखिल कर बताया कि 10 फरवरी 2023 को बस्ती के तिरंगा चौक पर विदेश भेजने के लिए शिविर लगाया गया था। वहां पहुंचने पर शिविर के संचालक कलवारी थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी जावेद अहमद से उनकी मुलाकात हुई। आरोपी जावेद से उनका इकरार हुआ कि डेढ़ लाख खर्च में उन्हें कुवैत भेज देंगे।

इस पर याचिकाकर्ता से एडवांस के तौर पर 10 हजार रुपये और उनका पासपोर्ट जमा कराया गया। इसके एक महीने के भीतर ही आरोपी ने याचिकाकर्ता के मोबाइल पर 20 मई 2023 की तिथि में कूटरचित जहाज का टिकट (लखनऊ से कुवैत) और वीजा भेज दिया। उनसे बकाया धनराशि 1.40 लाख रुपये भी वसूल लिए।

निर्धारित तिथि पर जब वह लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां पहले से ही आरोपी जावेद पहुंचा मौजूद था और याची का मूल पासपोर्ट लेकर कहा कि अंदर से मुहर लगवाकर आ रहे हैं। यहीं से आरोपी गायब हो गया।

जब याची एयरपोर्ट के अंदर जाने लगे तो वहां मौजूद अफसरों ने टिकट और वीजा की जांच कर उसे फर्जी बता दिया। इसके बाद वह घर लौट आए। कई बार याची ने आरोपी से रुपये मांगे, लेकिन वह आनाकानी करते हुए उसे धमकाने लगा। परेशान होकर याची ने कोर्ट की शरण ली।

डाका डालने आए बदमाशों से भिड़ गईं मां-बेटी

खुद को घिरता देख धारदार हथियार के हमले से दोनों को किया लहूलुहान, दरवाजा तोड़कर घर में घुसते समय महिला ने किया प्रतिरोध

संवाद न्यूज एजेंसी

हरैया। थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव के लोनिया पुरवा में डाका डालने पहुंचे बदमाशों को मां-बेटी के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। मंसूबे में नाकाम होने पर डकैतों ने महिला व उसके दो मासूम बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर अधमरा कर दिया।

गुहार सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए तो बदमाश बाइक से भाग निकले। वारदात की सूचना के करीब एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को परशुरामपुर सीएचसी भेजवाया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर आठ वर्षीय बालिका को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ ले जाया गया है।



बेलवरिया गांव में घटना के बाद लगी भीड़। संवाद

बेलवरिया लोनियापुर निवासी बजरंगी प्रजापति दिव्यांग हैं। वह मुंबई में मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। इनकी पत्नी बिट्टू घर पर आठ वर्षीय बेटी नैंसी व साढ़े तीन वर्ष के पुत्र दिव्यांश के साथ रहती हैं। सोमवार की रात करीब एक बजे सड़क पर बाइक खड़ी कर दो बदमाश आए और दरवाजा खटखटाया। अनहोनी की आशंका से

तीन वर्षीय बालक भी हुआ घायल, बेलवरिया गांव के लोनियापुरवा की घटना

सहमी महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो बदमाश दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। जिस पर महिला बदमाशों से भिड़ गई। अपनी मंशा में असफल होता देख बदमाशों ने महिला पर धारदार हथियार से चेहरे पर हमला कर दिया। इस बीच घर में सो रहे दोनों बच्चे भी जग गए। बच्चे भी मां को छुड़ाने के लिए बदमाशों से उलझ गए। बदमाशों ने दोनों को भी नहीं बख्शा और उन पर हमला कर घायल कर दिया।

शोर सुनकर अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंचे तब तक बदमाश बाइक पर बैठकर भाग गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने तीनों को लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े देखा तो सभी सहम गए। एक युवक ने 112 पर फोन करके पुलिस को जानकारी दी। पुलिस की तरफ से सभी को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 पर सूचना देने को कहा गया। करीब एक घंटे बाद पुलिस व एंबुलेंस घटना स्थल पर पहुंची। तीनों को पहले सीएचसी परशुरामपुर भेजा। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। बेहोशी की हालत में गांव के लोग महिला व उसकी बेटी को इलाज के लिए दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत में सुधार होता न देख उसकी आठ वर्षीय बेटी को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया।

डकैती के प्रयास से गांव में दहशत

आसपास के लोग न दौड़ते तो मंसूबे में कामयाब हो जाते बदमाश

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज, हरैया। बेलवरिया की घटना से गांव में दहशत का माहौल है। जिस तरह से बदमाश पहले दरवाजा खटखटाते हैं, और न खुलने पर बल प्रयोग करके खोल लेते हैं, उससे लोग डरे हुए हैं। माना जा रहा है कि घर के आसपास के लोगों ने दिलेरी न दिखाई होती तो बदमाश अपने मंसूबे में कामयाब हो गए होते। हालांकि पुलिस इसे चोरी के प्रयास का मामला मान रही है।

सीओ शेषमणि उपाध्याय और एसएचओ राना देवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि बदमाशों ने महिला व उसकी बेटी को चाकू से नहीं मारा गया है। वे चोरी की नीयत से आए थे। हाथापाई में सबको चोट आ गई। मामले में छानबीन की जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि जिस तरह से बेखौफ होकर बदमाश पहुंचे थे, उससे लगता है कि वे पहले से ही पूरी जानकारी कर चुके थे। लोगों ने बताया कि गांव में बिजली कटने के बाद वे दाखिल हुए थे। गांव में रोज रात को एक बजे बिजली कटती है। उसके बाद एक घंटे बाद आती है। इस बात की बदमाशों को जानकारी थी। इसीलिए वह ऐसे समय पहुंचे जब बिजली नहीं थी।

बदमाशों को यह भी जानकारी थी कि बजरंगी प्रजापति के घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं है। इसलिए कुछ दूरी पर बाइक छोड़कर मुख्य दरवाजे पर जा धमके। वे इतने बेखौफ थे कि पहले दरवाजा खटखटाकर खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा न खुलने पर बल प्रयोग करके दरवाजा खुलवाया। अंदर से जब संदूक लेकर भागने लगे तो महिला ने प्रतिरोध किया। इस पर उसके ऊपर हमला कर दिया।

श्रृंगीनारी मंदिर के फुटेज में दिखे बदमाश

हरैया थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव में डकैती करने पहुंचे बदमाश श्रृंगीनारी के रास्ते से होकर गुजरे हैं। इस बात की जानकारी मंदिर में लगे सीसीटीवी में फुटेज से मिली है। सूत्रों का कहना है कि उसी रास्ते से आने का सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई पहचान

वाल्टरगंज। गोरखपुर लखनऊ रेलखंड मार्ग पर गोविंद नगर रेलवे स्टेशन के पूरब तरफ स्थित उसका गांव के समीप सोमवार को रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात की पहचान 20 वर्षीय नीरज पुत्र केशन निवासी ठेके पुरवा थाना विशवा जनपद सीतापुर के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि नीरज घर से अयोध्या जाने को कह कर निकाला था। सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों को जानकारी मिली। पिता केशन तथा ग्राम प्रधान ने थाने पर पहुंचकर शव की पहचान अपने पुत्र नीरज के रूप में की। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि शव की पहचान होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। संवाद

व्यवसाय ने नाम पर 14 लाख रुपये का गोलमाल

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही निवासी मो. कलीम के साथ बंडलपुरी तंबाकू के थोक कारोबार के नाम पर गुजरात के तीन व्यक्तियों की ओर से छल पूर्वक 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में कलीम ने तहरीर देकर स्थानीय थाने में गुजरात के सूरत के अलपड़ थानांतर्गत पैडर मुहल्ला निवासी योगेश पटेल, ताजुद्दीन व गुजरात के भावनगर जिले के सोनगढ़ थानांतर्गत महुआ निवासी अरशद के खिलाफ केस दर्ज कराया है। संवाद

सेहरिया में चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज

परशुरामपुर। थाना क्षेत्र के सेहरिया गांव में गिरजावती देवी के घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले जाने की घटना में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सेहरिया निवासी गिरजावती पत्नी सूर्यदेव गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे बाहर नौकरी करते हैं। वह अकेली घर पर रहती हैं। रविवार को खाना खाकर बरामदे में सो गईं। सोमवार सुबह पांच बजे घर के अंदर गईं तो सामान बिखरा पड़ा था। सीढ़ी का दरवाजा खुला था, जिससे अनुमान है कि उसी रास्ते चोर घर में दाखिल हुए। चोरों ने बॉक्स में रखा जेवर झाला, अंगूठी, मंगलसूत्र, पायल तथा नकदी निकाल ली। संवाद

पानी की टंकी तोड़ने पर दो नामजद

बस्ती। सोनहा पुलिस ने परसाखुर्द बुजुर्ग दरियापुर में पानी की टंकी तोड़ने व धमकी व गाली देना के मामले में सुमन देवी की तहरीर पर गांव के ही स्थानीय थाने में अर्जुन प्रसाद व सुनील कुमार को इस मामले में नामजद कराया है। संवाद

मारपीट में दो नामजद

बस्ती। हर्रैया थाना क्षेत्र के पूरे अलावल गांव में निर्माणाधीन मकान की दीवार को गिराने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने रामचंदर की तहरीर पर भगवत सिंह व पंकज सिंह के खिलाफ मारपीट व धमकी मामला दर्ज किया है। संवाद

सुलह न करने धमकी देने का आरोप

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने सुमित्रा देवी निवासी मुड़कट्टी थाना लालगंज की तहरीर पर शेषराम यादव निवासी खेमराजपुर, थाना परशुरामपुर के खिलाफ मुकदमे में सुलह न करने पर धमकी देने की प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। संवाद

सोशल मीडिया पर फैल रहा नफरत का वायरस

आए दिन सामने आ रही आपत्तिजनक पोस्ट, बढ़ रहा विवाद, सोशल मीडिया पर निगरानी की बात बेमानी, शिकायत पर ही गंभीर होती हैं पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

केस 1 15 अगस्त को सोशल मीडिया फेसबुक पर धर्म विशेष के प्रति अभद्र टिप्पणी करने का पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र में एक मामला सामने आया था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्लास्टिक कांप्लेक्स निवासी शाहिद अली को शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर लिया।

केस 2 16 अगस्त को फेसबुक पर कमेंट करने को लेकर एपीएन पीजी कॉलेज के छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि एक छात्र ने तमंचा लहराते हुए धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। कमेंट को लेकर गौरव पांडेय व अंबुज पटेल के गुट में विवाद शुरू हुआ था।

केस 3 तीन जुलाई को सोशल मीडिया पर देश विरोधी नारे लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद वाल्टरगंज पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया था। शमशेर अली उर्फ राजा नाम के आरोपी पर राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नारा लगाने की धारा में केस दर्ज किया गया था।

केस 4 सोशल मीडिया पर विस चुनाव की मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर लाठी व कैमरा लेकर पहुंचने की अपील का मामला सामने आया था। इन पर वाल्टरगंज, पैकोलिया व लालगंज थाने में मतगणना में बाधा पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने का केस दर्ज किया गया था।

बस्ती। सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई विवादित पोस्ट वायरल हो जाती है। कई पोस्ट धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली तो कई उकसाने वाली होती है।

पिछले हफ्ते भी धार्मिक भावना भड़काने संबंधी पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक ऐसा ही प्रकरण सामने आया था। एक आरोपी शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार हुआ था। वाल्टरगंज में भी पिछले महीने ऐसा ही एक मामला आया। एपीएन कॉलेज में सोशल मीडिया पर टिप्पड़ी को लेकर तमंचा लहराने की घटना हुई थी।

ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई तभी करती है जब कोई व्यक्ति या संगठन इसकी शिकायत करता है। पुलिस विभाग की बैठकों में सोशल मीडिया पर निगरानी की बात कही जाती है, लेकिन ऐसा होता नहीं। इसी का नतीजा है कि सोशल मीडिया पर नफरत का वायरस लगातार पांव पसार रहा है।

सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है। ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है जो गलत टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। अपील की कि किसी भी धर्म, मजहब के प्रति गलत, अमर्यादित, आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। ऐसा करना कानूनी अपराध है। सोशल मीडिया पर कोई भी मैसेज बिना जांचे फॉरवर्ड न करें, वह मैसेज एक अफवाह और गलत खबर हो सकती है, जिसके लिए ऐसा करने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

-आरके भारद्वाज, आईजी

ऐसे पोस्ट से रहें सावधान

- कम्यूनल मैसेज फॉर्वर्ड करना जिससे धर्म या जाति की भावनाओं को ठेस पहुंचे या कोई दंगा भड़क जाए।
- किसी के चरित्र पर सवाल उठाना आईटी एक्ट के तहत अपराध है।
- ऐसी बात या मैसेज जिससे किसी इंसान की मानहानि होती है, कोई झूठी अफवाह फैलाना भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आता है।
- बेइज्जती करने वाले शब्द या सिंबल, सार्वजनिक तौर पर किसी की छवि खराब करने वाले शब्द भी लिखना गैरकानूनी है।

चोरी की बाइक बरामद

महादेवा। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के बेहिल गांव से पांच दिन पहले चोरी हुई बाइक बरामद हो गई है। वाहन स्वामी गोनार निवासी शैलेंद्र पाल ने बताया कि उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पांचवें दिन मंगलवार सुबह बाइक वहीं पर खड़ी मिली। चोरी व बरामदगी की यह घटना क्षेत्र में चर्चा की विषय बनी है। लोग कह रहे हैं कि बेहिलनाथ मंदिर से पहली बार ऐसी घटना हुई कि चोरी की बाइक उसी स्थान से बरामद हो गई। संवाद

अगवा करके नदी किनारे फेंक देने का आरोप

महराजगंज(बस्ती)। कप्तानगंज थानाक्षेत्र के कोटिया निवासी एक व्यक्ति ने अगवा करके नदी किनारे फेंक देने का आरोप लगाया है। कोटिया गांव के सायदा हुसैन (50 वर्ष) ने बताया कि वह गांव के बाहर सड़क पर अपने घर के सामने सोया था। रात करीब 12 बजे दो बाइक पर सवार होकर पांच बदमाश आए और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसे भरू गांव के पास नदी किनारे ले गए। वहां मारपीट कर फेंक दिया। बाद में वह किसी तरह गांव पहुंचा। वहां के लोगों ने उसे घर पहुंचाया। इसके बाद परिवार के लोग इलाज के लिए सीएचसी कप्तानगंज ले गए। इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। संवाद

बच्चों के विवाद में बड़े नामजद

नगर बाजार। थाना क्षेत्र के मालीटोला (नगर बाजार) में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर बड़ों के बीच गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने कस्बे के ही सुदामा की तहरीर पर रामचंदर व उसकी पत्नी, राजन व झिनकू के खिलाफ मुकदमा लिखा है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

युवती लापता, केस दर्ज

डुमरियागंज (एसएनबी)। भवानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की एक लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। आपको बताते चलें कि उक्त गांव निवासी युवती की मां ने पुलिस अधीक्षक को दिए गये शिकायत पत्र में यह आरोप लगाया है कि मेरी बेटी की शादी 17.11.2022 को हुई थी जो 14.8.2023 को शाम लगभग 6:30 बजे के आस-पास अपने ससुराल जाने के लिये घर से निकली जिसे दरगाह के पास से कुछ लोग गाड़ी में जबरदस्ती बैठा कर कहीं लेकर चले गये। तहरीर में युवती की मां ने यह भी आरोप लगाया है कि मुझे मेरी बेटी के साथ किसी अनहोनी का भय सता रहा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

छेड़खानी करने वाले दो आरोपित पकड़े गए

सिद्धार्थनगर। जोगिया पुलिस ने छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी है। प्रभारी थानाध्यक्ष अख्तर ने बताया कि रवि पुत्र बनवारी निवासी करौदा मसिना व एक बाल अपचारी के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 336, 354(क) व 9/10 पाक्सो एक्ट का केस दर्ज था। केस दर्ज होने के बाद दोनों फरार थे। मंगलवार को करौंदा मसिना चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

जोगिया। जोगिया पुलिस ने मंगलवार को कैंप लगाकर महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अख्तर के नेतृत्व में सूपाराजा में महिलाओं के साथ मिशन शक्ति कार्यक्रम में महिलाओं से उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076,1098 व साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई।

छात्राओं को किया गया जागरूक

मिश्रौलिया। मिश्रौलिया पुलिस ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या इंटर कॉलेज मिठौवा में छात्राओं को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बर 112, 1090, 1076,1098 व साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया से संबंधित देकर छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर एसआई रामदरश यादव, हेड कांस्टेबल कपिल देव, महिला कांस्टेबल मनीषा कुमारी आदि मौजूद रहीं।

पॉक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। पथरा थाने की पुलिस ने पाक्सो एक्ट के एक आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसआई राघवेंद्र प्रताप यादव ने बताया कि अब्दुल रब पुत्र वाहिद अली निवासी कम्हरिया बुजुर्ग थाना पथरा बाजार के खिलाफ धारा 354, 323, 504, 506 व 7/ 8 पाक्सो एक्ट से संबंधित केस दर्ज था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

दहेज के लिए विवाहिता की पिटाई, मुकदमा दर्ज

- डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भटगंवा गांव का मामला
- पुलिस ने पति सास व दो ननदों को किया नामजद

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भटगंवा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहन को ससुराल में उत्पीड़न करने व मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति, सास व दो ननदों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है।

भटगंवा गांव निवासी अनवर अब्बास उर्फ लाडले ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि उसकी बहन की शादी गांव के ही शम्स हैदर पुत्र आफताब हैदर के साथ छह साल पहले हुई थी। शादी के छह महीने के बाद से ही पति शम्स हैदर, सास बेबी फातिमा, ननद ताज फातिमा व तमन्ना फातिमा गोलबंद होकर मानसिक प्रताड़ना देते रहे। वह लोग दहेज की मांग करते रहे। सोमवार को मेरी बहन को थप्पड़, डंडे, चिमटे से मारने पीटने लगे। बहन अपनी इज्जत बचाते हुए घर से बाहर निकल गई थी। उसके पति ने उसे घर के अंदर ले जाकर जमकर डंडे आदि से मारा पीटा इससे इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने पुलिस से केस दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति, सास और दो ननद पर 498ए, 307, 323, 504, 506, दहेज प्रतिषेध 1961 की धारा 3/4 के तहत केस दर्ज किया है।

एसपी से लगाई न्याय की गुहार

भड़रिया बाजार। भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुत्री के अपहरण के मामले में एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि कुछ लोग जबरन उसकी बेटी को अगवा कर कहीं लेकर चले गए हैं।

पीड़िता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसकी लड़की की शादी गांव के ही बदर आलम उर्फ शीबू से एक वर्ष हुई है। 14 अगस्त की शाम को उसकी बेटी ससुराल के लिए घर से निकली थी। दरगाह के पास कुछ लोग उसे चार पहिया वाहन में जबरदस्ती बैठा कर चले गए। एसओ शिव नारायन सिंह ने बताया कि 14 अगस्त को मिली तहरीर पर 15 अगस्त को ही गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस लाइंस में मंगलवार को परेड की सलामी लेते एएसपी सिद्धार्थ। ● हिन्दुस्तान

एएसपी ने ली परेड की सलामी


सिद्धार्थनगर। एएसपी सिद्धार्थगर ने पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में मंगलवार को परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जवानों को फिट रखने के लिए दौड़ भी लगवाई। एएसपी ने परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराने के बाद स्टोर, भोजनालय, पुस्तकालय, प्रशिक्षण केंद्र, क्वार्टर गार्द आदि शाखाओं का निरीक्षण किया।

अवैध निर्माण करने वालों ने जेई से की अभद्रता, केस

मनबढ़ई

बर्डपुर, हिन्दुस्तान सवांद । कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के बजहा बांध पर अवैध निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग के जेई से अभद्रता व हाथापाई करने के मामले में एक को नामजद कर कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

बजहा ताल में किसानों की फसल सिंचाई के लिए पानी रोक कर रखा जाता है। इससे क्षेत्र में कालानमक धान की खेती करने वाले किसानों को सिंचाई में कोई बाधा उत्पन्न न होने पाए। विभाग को सूचना मिली की ताल में लगे फाटक को कुछ लोगों की ओर से क्षतिग्रस्त कर अवैध तरीके से पानी गिरा दिया जा रहा है। यहां मानक के हिसाब से पानी एकत्रित रहना चाहिए। सूचना पर 20 अगस्त की रात जांच में पहुंचे सहायक अभियंता मुनीब कुमार ने देखा की फाटक खुला हुआ है। उसके किनारे बांध पर अवैध पक्का निर्माण कराया गया है। पूछताछ में पता चला कि यह निर्माण मछली पालक का है। उसे हटाने की बात कही गई तो ठीकेदार जेई के साथ अभद्रता, हाथापाई करने लगा। जेई ने थाने पर जाकर तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय ने बताया कि सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता से मारपीट व ताल पर अवैध निर्माण की शिकायत पर पंचम साहनी पुत्र बरसाती थाना चिल्हिया टोला पीकापार सहित कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।



बजहा बांध पर किया गया अवैध निर्माण।

- सिंचाई विभाग के अधीन है बजहा ताल, सिंचाई के लिए संचय किया जाता है पानी
- कपिलवस्तु कोतवाली में एक नामजद, बाकी अज्ञात के खिलाफ केस

महिला को पुलिस ने स्वजन को सौंपा : लोटन कोतवाली क्षेत्र के पिकपार गांव के टोला परसा की रहने वाली इंदू पत्नी दिलीप गुरुवार को सिकरी बाजार से गुरुवार को गायब हो गई थी। महिला के पति दिलीप की तहरीर पर 19 अगस्त को लोटन थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। महिला के साथ दो वर्षीय बेटा भी था। पुलिस ने उसे मंगलवार को लोटन कस्बे से बरामद कर लिया।

विवाहिता लापता, गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

बेवां : भवानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की एक विवाहिता के लापता होने के मामले में पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता की मां ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में कहा था कि उसकी बेटी की शादी 17 नवंबर 2022 को गांव में ही हुई थी। वह 14 अगस्त 2023 को शाम लगभग 6:30 बजे के आसपास अपने ससुराल जाने के लिए घर से निकली। जिसे दरगाह के पास से कुछ लोग गाड़ी में जबरदस्ती बैठा कर कहीं लेकर चले गए। इस संबद्ध में थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं.)

सर्पदंश से युवक की मृत्यु

खेसरहा : खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवालगुनही में 32 वर्षीय रामसागर की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। घटना सोमवार रात करीब आठ बजे तब घटी जब वह घर से शौच के लिए खेत में गए थे। वह खेत की मेड़ से होकर जा रहे थे कि किसी जहरीले सर्प ने उनके पैर में काट लिया। वह वहां से चीखते चिल्लाते किसी तरह घर पहुंचे। स्वजन उपचार के लिए खेसरहा सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला मुख्यालय स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया। (जासं.)

पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, डुमरियागंज: डुमरियागंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जिसमें पति, सास व दो ननद का नाम शामिल है। भटंगवा निवासी अनवर अब्बास ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बहन की शादी गांव के ही शम्स हैदर के साथ छह वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के पांच माह बाद बहन के पति, सास व ननद दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। जब बहन तीन माह के गर्भ से थी तो इन लोगों ने घर से निकाल दिया। जिसके बाद मैं अपनी बहन को घर ले आया। तीन वर्ष तक वो मेरे पास रही फिर कुछ सभ्रांत लोगों की मौजूदगी में सुलह समझौता के बाद अक्टूबर 2022 में ससुराल के लिए विदा कर दिया। 20 अगस्त को एक बार फिर इन लोगों ने मेरी बहन को बुरी तरह से मारापीटा व मिट्टी का तेल डालकर जलाने का भी प्रयास किया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे और सूचना दी गई। बहन के शरीर पर मारपीट का निशान स्पष्ट देखा जा सकता है। कोतवाल मुकेश राय ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

शराब की दुकान पर मारपीट: जोगिया: जोगिया थाना के जोगिया गांव के पास सरकारी शराब की दुकान पर मंगलवार को दो पक्षों में मारपीट हुई। इस घटना में भिटिया राजा गांव निवासी मोहन को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को को सीएचसी जोगिया में भर्ती कराया है। पुलिस के पहुंचते ही विवाद में शामिल लोग फरार हो गए। आए दिन मारपीट की घटना होती रहती है। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है।

शौच करने गई किशोरी से छेड़खानी, आरोपित गिरफ्तार

जास , पथरा : पथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई किशोरी के साथ दो लोगों ने छेड़खानी की है। पीड़िता के विरोध पर आरोपितों ने उसकी पिटाई की। जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना रविवार शाम की है। पीड़िता के स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि उसकी बहनें अपने भाभी के साथ शौच के लिए घर से बाहर सोमवार की शाम को गई थी। इसी दौरान गांव निवासी अब्दुल रब पुत्र वाहिद व शमीम पुत्र अब्दुल मन्नान उसके साथ छेड़खानी की। किशोरी के भाभी के विरोध करने पर उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सत्यदेव ने बताया कि मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जेई के साथ अभद्रता करने पर मुकदमा

जास. कपिलवस्तु: बजहा सागर पर नहर में पानी रोकने और तटबंध पर अतिक्रमण की सूचना पर 20 अगस्त की रात मौके पर पहुंचे ड्रेनेज खंड सिंचाई विभाग के अवर अभियंता मुनीष कुमार ने पट्टाधारक पंचम के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वह मौके पर विभाग के अवर अभियंता राजीव लोचन शर्मा के साथ पहुंचे थे। वहां मौजूद चिल्हिया थाना क्षेत्र के पीकवगार निवासी पंचम ने उन्हें जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट की। उनकी तहरीर पर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट, धमकी देने व दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु ज्ञानेंद्र कुमार राय ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

विवाहिता के भाई की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम भटगवा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहन को ससुराल में उत्पीड़न करने व मारने पीटने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से शिकायत करके मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के पिता, पति और दो ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

डुमरियागंज पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित विवाहिता के भाई अनवर अब्बास उर्फ लाडले निवासी ग्राम भटगवा ने बताया कि उनकी बहन की शादी शम्स निवासी ग्राम भटगवा के साथ लगभग छह साल पहले हुई थी, जिसके छह महीने के बाद से ही पति, सास, ननद को प्रताड़ित करने के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहते हैं।

उलाहना देने पर मेरी बहन को थप्पड़, डंडे, चिमटे से मारने पीटने लगे, लेकिन मेरी बहन अपनी इज्जत बचाते हुए घर से बाहर निकल पड़ी। उसके पति ने उसे घर के अन्दर ले जाकर मारा-पीटा जिससे जिससे वह घायल हो गई।

इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सोमवार देर शाम को पति, सास, और दो ननद के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

खेत की ओर गई किशोरी से छेड़खानी, केस दर्ज

सिद्धार्थनगर। पथरा क्षेत्र के एक गांव में भाभी के साथ खेत की ओर गई किशोरी से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है।

छेड़खानी का विरोध करने में दो आरोपियों ने उसे पीट दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। केस दर्ज करके पुलिस ने दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने सोमवार सुबह पथरा थाने पर तहरीर देकर पुलिस को बताया कि रविवार शाम उसकी पत्नी और उसकी 17 वर्षीय बहन गांव से बाहर गई थीं। तभी वहां कम्हरिया बुजुर्ग निवासी अब्दुल रब व समीम दोनों लोगों ने मेरी बहन का हाथ पकड़कर खींचने लगे।

यहां देख मेरी पत्नी ने उसे बचाने पहुंची तो दोनों लोगों ने हमारी बहन और पत्नी को को लात घूसों से मारे पीटें और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सत्यदेव ने बताया कि भाई की भाई की तहरीर पर अब्दुल रब व समीम निवासी कम्हरिया बुजुर्ग के खिलाफ पास्को एक्ट वा मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मुख्य आरोपी अब्दुल रब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

गाली व धमकी देने का वीडियो वायरल

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी में एक पूर्व सभासद पर वर्तमान महिला सभासद को गाली व धमकी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

महिला सभासद ने पूर्व सभासद पर आए दिन रास्ता रोककर गाली व धमकी देने समेत पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

उसका यह भी कहना है कि शिकायत के बाद भी ढेबरूआ पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, वह इसकी शिकायत एसपी से करेगी। संवाद

बोलेरो ने पांच वर्षीय बालक को रौंदा, मौत

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पचउथ लतीफपुर में हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पचउथ लतीफपुर गांव के चौराहे पर मंगलवार को सुबह तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। वह अपने दादा के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित दुकान पर जा रहा था, तभी हादसे का शिकार हो गया।


दिव्यांश (फाइल फोटो)

पुलिस ने वाहन व चालक को पकड़ लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। क्षेत्र के पचउथ लतीफपुर गांव निवासी लल्लू का छोटा बेटा दिव्यांश (05) सुबह करीब दस बजे अपने दादा त्रिलोकी के साथ चौराहे पर स्थित दुकान पर जा रहा था।

इसी बीच डुमरियागंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो ने दिव्यांश को रौंद दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई।

हादसा देखकर आसपास लोगों ने दौड़कर बोलेरो व चालक को पकड़ लिया। इसके साथ ही घटना की जानकारी डुमरियागंज पुलिस को दी।

सूचना पर पंहुची पुलिस गाड़ी व चालक को लेकर थाने चली गई। घटना से परिजनों का रो-


पचउथ लतीफपुर में दिव्यांश के घर पर रोते बिलखते परिजन। संवाद

मासूम दिव्यांश की मौत से दादा सदमे में



सिद्धार्थनगर। दिव्यांश की मौत की खबर से घर के साथ ही गांव में भी मातम का माहौल है। उसके दादा त्रिलोकी हादसे के बाद से सदमे में हैं। उन्हीं के साथ दिव्यांश घर से गांव के चौराहे पर दुकान पर जाने के लिए निकला था। वह बाबा की उंगली पकड़कर अच्छी-अच्छी से बातें करते हुए जा रहा था। कुछ दूर जाने के बाद वह दादा की उंगली छोड़कर चलने लगा। त्रिलोकी यह कह कर बिलख पड़ते हैं कि उंगली छूटते ही दिव्यांश इतनी दूर चला जाएगा कि कभी लौटकर ही न आए, यह उन्होंने सोचा भी नहीं था। दिव्यांश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उससे बड़े दो भाई और एक बहन है। परिजनों के मुताबिक, दिव्यांश बातचीत बहुत होशियार था। वह जब बातें करता था तो लगता था कि कोई अधिक उम्र का व्यक्ति बात कर रहा है। उसकी बातें सुनकर लोग ठहाके लगाते थे। सुबह जाने के बाद कभी नहीं लौटेगा, यह किसी को अंदाजा नहीं था। सांत्वना देने घर पहुंचने वाले हर व्यक्ति की आंखें नम हो जा रही हैं।

सड़क पर चलते समय बच्चों का हाथ न छोड़ें

सिद्धार्थनगर। अगर सड़क पर पैदल चल रहे हैं और बच्चों को साथ लिए हैं तो सावधानी बरतने की जरूरत है। सड़क पर चलते समय बच्चों को अकेला कत्तई न छोड़ें। अगर चल रहे हैं तो अपने ही लेन में चलें और बच्चों की उंगली पकड़कर चलें। जिससे वह भागकर सड़क में न जाएं। क्योंकि अगर भागे तो हादसे का शिकार हो सकते हैं। इसके साथ ही अगर वाहन में बढ़ाए हुए हैं तो सीट बेल्ट का प्रयोग करें। दो पहिया वाहन से चलते हैं तो धीमी गति में वाहन चलाएं। अगर घर के सामने से सड़क गुजरी है तो छोटे बच्चों को अकेले न छोंड और अगर बाहर निकलते हैं तो उनपर ध्यान रखें। इससे हादसों से बचा जा सकता है। -सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा

पोते की हत्या : बाबा ने गम में तोड़ा दम

सिद्धार्थनगर। गांव में एक कहावत है कि मूल से ज्यादा लोग सूद पर ध्यान देते हैं। इसका अर्थ है कि बेटे से अधिक प्रेम और अपनत्व पोते से हो जाता है। यह मंगलवार को सच साबित हो गया।

लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव में पोते की हत्या के बाद उसका नाम पुकारते और रोते-रोते बाबा ने दम तोड़ दिया। लोगों ने बताया जबसे हत्या की जानकारी मिली थी, वह खाना पानी छोड़कर रोहित को पुकारते रहे और अंतिम सांस तक उसका नाम लेते रहे।

लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव निवासी रोहित पुत्र दारा की 15 अगस्त को हत्या हो गई थी। उसकी हत्या के बाद उसे बाबा मुन्नीलाल हर


17 अगस्त को प्रकाशित खबर।

वक्त रोहित को ही बुलाते रहे और कहते रहे कि मेरा रोहित कहां गया।

घटना के बाद से ही खाना पीना छोड़कर पागलों के तरह उसी का नाम लेते रहे। पेट में अनाज न जाने के कारण वह मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर होते गए। मंगलवार को जब सुबह उठे तो बाबू बाबू कहते चारपाई पर ही लुढ़क गए। परिवार वालों ने दौड़ कर देखा तो मौत हो चुकी थी। जिससे पूरे परिवार


रोहित मुन्नीलाल (फाइल फोटो)

में कोहराम मच गया। घटना के हुए सात दिन के अंदर बाबा के हुए मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। मौत की खबर सुनकर जो लोग वहां पहुंचे परिजनों का विलाप सुनकर सबकी आंखें नम हो गई।

गांव वालों ने बाबा के शव का दाह संस्कार किया। ईश्वर जाने बाबा का पोते से क्या लगाव था कि रोहित के जाते प्राण त्याग दिए। संवाद

रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने कहा कि परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

लापता महिला को पुलिस ने ढूंढ निकाला

सिद्धार्थनगर। लोटन क्षेत्र के पीकापार गांव टोला परसा निवासी दिलीप ने लोटन पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि मेरी पत्नी सिकरी बाजार बच्चे को लेकर बाजार करने गयी थी। जो दो दिन बाद नहीं आई। केस दर्ज करने के बाद पुलिस टीम खोजबीन में लगी थी। मंगलवार को चार बजे सूचना मिला कि एक औरत बच्चा लेकर ठोठरी तिराहे पर खड़ी है। पुलिस ने सूचना के आधार पर महिला को बरामद कर लिया। संवाद

दो बाइकों की टक्कर में महिला घायल

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के लोटन-ठोठरी मार्ग पर स्थित बघेली गांव के पास मंगलवार दोपहर दो बजे दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक महिला घायल हो गई। उसे लोटन सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के केसारी गांव निवासी चीनक अपनी पत्नी अयूरुनिशा (40) बाइक से ठोठरी बाजार दवा लेने जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे अयूरुनिशा को सिर में काफी चोट आई। सीएचसी लोटन लाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। एसओ चंदन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

पांच घटनाओं का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना महुली क्षेत्र में हुए चोरी/लूट की घटनाओं में शामिल वंधुपुर के पास बाग में चोरी के सामानों का वंटवारा कर रहे 03 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल, 25 अदद मोवाइल फोन, 01 अदद टुल्लू पम्प मोटर, 04 हजार ₹ नगद व 02 अदद चाकू नाजायज बरामद की गई है। वहीं चोरी/लूट के कुल 05 घटनाओं का सफल अनावरण हुआ। पुलिस लाइन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने घटना का अनावरण किया।

> दो बाइक, 23 मोबाइल फोन, दो चाकू व 04 हजार नगद सहित अन्य सामान बरामद

एसपी ने वताया कि अभियुक्तगण द्वारा वताया गया कि हम लोग एक साथ मोटर साइकिल पर वैठकर महादेवा वाजार थाना लालगंज जनपद वस्ती तक अक्सर घूमते रहते हैं और रास्ते में सुनसान जगह पर व्यक्तियों से मोवाइल व पैसा लोग छीन लेते हैं। दिनांक 20.08.2023 को रात्रि लगभग 08 वजे तीनों लोग मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस विना नम्वर से लुतुही भट्ठे के पास सुनसान जगह पर खड़े थे कि कुछ देर वाद साइकिल से आते हुए एक व्यक्ति को डरा धमका कर उसका एण्ड्राइड मोवाइल रेडमी एवं जेव में रखा 02 हजार ₹ छीन लिए थे। ₹ में से 01 हजार गौतम निपाद, अक्षय राजभर व सन्नी कुमार को पांच पाच सौ ₹ मिला था। वरामद अन्य 24 मोवाइलें विभिन्न जगहों से छीनी गयी है। अक्षय राजभर द्वार वताया गया कि दिनांक 14.08.2023 को रात मे अशरफपुर शराव के ठेके से दो पेटी देशी दारू व ₹ चुराया था और दारू को धीरे धीरे अपने तथा अपने दोस्तो को पीलाकर खत्म कर दिया व ₹ को आपस में वांट लिया था। अक्षय राजभर व गौतम निषाद दोनो लोग मिलकर दिनांक 01.07.2023 को टुंगपार शौचालय से टुल्लू पम्प मोटर भी चुराये थे। आरोपी को प्रभारी निरीक्षक थाना महुली भगवाने सिंह, वरि. उ.नि. अमित कुमार, उ.नि. प्रमेश मिश्रा, कां. अजय राणा, कां. संघरतन, कां. मनीप प्रभात, कां. अजीत कुशवाहा व म.कां. पूजा चौहान ने गिरफ्तार किया है।



चोरी/लूट के पकड़े गए आरोपियों के वारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता।

तीन बदमाश गिरफ्तार, चोरी व लूट की पांच घटनाओं का खुलासा

धनघटा (एसएनबी)। महुली पुलिस ने मंगलवार को तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ के वाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर पूर्व में हुई पांच चोरी और लूट की घटनाओं का पर्दाफांस कर दिया है। इतना ही नहीं गिरफ्तार वदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो अदद चोरी की वाइक, 25 अदद मोवाइल फोन, चोरी का एक अदद टिल्लू पम्प, चार हजार नकदी और दो अवैध चाकू भी वरामद कर लिया है। विदित हो कि महुली थाना क्षेत्र में आए दिन छोटी-छोटी चोरी और लूट की घटनाएं घटित हो रही थी जो पुलिस के लिए सिरदर्द वन चुकी थी। पुलिस काफी अरसे पूर्व से ही घटनाओं में शामिल वदमाशों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्त में लेने की कोशिश में जुटी रही। मंगलवार को जरिए मुखविर पुलिस को थाना क्षेत्र के वंधूपुर गांव स्थित वाग में कुछ वदमाशों द्वारा चोरी और लूट के सामानों का आपस में वंटवारा किए जाने की सूचना मिली तो प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह हमराही पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक अमित कुमार, प्रमेश कुमार मिश्र, का.अजय राणा, का. संघरतन, का.मनीष प्रभात, का. अजीत कुशवाहा तथा का. पूजा चौहान के साथ मौके पर पहुंच गए और वंधूपुर गांव की वाग में चोरी और लूट के सामानों का वंटवारा करने में जुटे तीन वदमाशों क्रमशः धनघटा थाना क्षेत्र के रामअंगला गांव निवासी गौतम निषाद पुत्र रामू निषाद, धनघटा थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव निवासी अक्षय राजभर पुत्र रामकृपाल राजभर तथा धनघटा थाना क्षेत्र के ही जोगीपुर गांव निवासी सन्नी कुमार पुत्र रामदिलावर को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो अदद चोरी की बाइक, 25 अदद मोवाइल फोन, एक टिल्लू पम्प, चार हजार नकदी और दो अवैध चाकू भी वरामद कर लिया। गिरफ्तार वदमाशों ने पूछताछ के दौरान बीते 11 अगस्त को थाना क्षेत्र के टुंगपार में सामुदायिक शौचालय में लगे टिल्लू पम्प चोरी होने की घटना में ग्राम प्रधान टुंगपार के प्रधान की तहरीर पर दर्ज चोरी के मुकदमें का पर्दाफांस कर चोरी हुआ टिल्लू पम्प भी वरामद कर लिया। इसी क्रम में बीते 14 अगस्त की रात धनघटा थाना क्षेत्र के अशरफपुर बाजार स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान में दो पेटी शराब और 15 हजार नकदी की हुई चोरी के सम्बन्ध में धनघटा थाने पर दुकान के मुनीब महुली थाना क्षेत्र के भोकाई गांव निवासी शिवचन्द यादव की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पकड़े गए उक्त तीनों बदमाशों ने उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने की जानकारी पुलिसिया पूछताछ में दी तो महुली पुलिस ने उक्त चोरी की घटना का भी पर्दाफांस कर दिया। इसी क्रम में बीते 20 अगस्त की देर शाम को कुशहवा बाजार से अपनी क्लीनिक वंद कर घर कोल्हूगड़ा अपने घर साइकिल से जा रहे प्राइवेट चिकित्सक गोरखनाथ पुत्र भागीरथी से लुतुही गांव स्थित ईंट-भट्ठे के समीप बाइक सवार तीन वदमाशों ने उसकी मोवाइल और दो हजार नकदी छीन लिया था जिसके सम्बन्ध में चिकित्सक गोरखनाथ द्वारा तहरीर देकर सोमवार को महुली थाने में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त घटना में शामिल होने की जानकारी पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार उक्त तीनों बदमाशों ने दी है। पुलिस ने उक्त घटना का भी खुलासा कर दिया है। इसी क्रम में गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ के वाद पुलिस ने बस्ती जिले के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी हुई वाइक नम्बर यूपी 51 ए वी 2362 तथा बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरी हुई वाइक नम्बर यूपी 51 ए जेड 8392 को भी वरामद कर उक्त दोनों बाइकों के सम्बन्ध में वस्ती कोतवाली और लालगंज थाने में दर्ज हुए वाइक चोरी के मुकदमें की भी अनावरण कर दिया है। पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार तीनों वदमाशों ने वताया कि वे सभी नियमित तौर पर वाइक पर सवार होकर एक साथ वस्ती जिले के महादेवा वाजार से लेकर लालगंज और वस्ती तक घूमते रहते है और रेकी करते हुए सही मौका मिलने पर चोरी और लूट की घटना को अंजाम देते रहते है। तीनों वदमाशों की गिरफ्तारी के वाद उम्मीद है कि क्षेत्र में होने वाली चोरी और लूट की घटनाओं पर लगाम लग जाएगी।

> गिरफ्तार वदमाशों के कब्जे से चोरी की दो बाइक, 25 मोबाइल फोन, एक टिल्लूपम्प, नकदी व दो अवैध चाकू बरामद



पांच चोरी व लूट की घटनाओं का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

पीड़िता ने की आरोपी शिक्षक के गिरफ्तारी की मांग

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़ित छात्रा ने दुष्कर्म के आरोप में नामजद शिक्षक की गिरफ्तारी करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र भी दिया है। एसपी को दिए गए प्रार्थनापत्र में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा ने आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी करने में धनघटा पुलिस के उपर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है साथ ही दुष्कर्म के आरोप में नामजद होने के बावजूद आजाद घूम रहे आरोपी शिक्षक और उसकी पत्नी पर मुकदमा वापस न लेने पर जान से मार देने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़ित छात्रा ने बताया है कि धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव स्थित परिषदीय विद्यालय में थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र त्रिवेणी बतौर शिक्षक कार्यरत थे। पीड़िता ने बताया कि उस दौरान परिषदीय विद्यालय चपरापूर्वी में ही वह कक्षा आठ में पढ़ती थी। विद्यालय से गए एक टूर के दौरान बेहतर अंक दिलाने के अलावा तरह-तरह के प्रलोभन देकर उक्त शिक्षक ने उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। आरोपी शिक्षक ने उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ लगातार मौका पाकर दुष्कर्म करते रहे। आरोपी शिक्षक बीते 9 अगस्त को उसे बाइक पर बैठाकर जबरिया उसे अपने रिश्तेदार के घर थाना क्षेत्र के चकिया-धुसवा लेकर गए जहां आरोपी शिक्षक ने उसके साथ जबरजस्ती दुष्कर्म किया। उसी दौरान उसने चुपके से 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस बुला लिया तो आरोपी शिक्षक अपनी बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। आरोपी शिक्षक की बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस ने धनघटा थाने पर खड़ा कर दिया। पता चला है कि पुलिस ने आरोपी शिक्षक को उसकी बाइक भी वापस कर दी। उसकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा तत्काल दर्ज कर लिया था। न्यायालय के समक्ष उसका 164 का बयान भी पुलिस ने दर्ज करा दिया है उसके बाद भी पुलिस आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी करने में लापरवाही कर रही है। आरोपी शिक्षक और उसकी पत्नी उसके उपर दर्ज कराए गए मुकदमें को वापस लेने के लिए दबाव बना रहे है साथ ही मुकदमा वापस न करने की दशा में जानमाल की धमकी भी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर पुलिस उसे जेल भेज देगी।

बाइक चोरी करते युवक को रंगे हाथ पकड़ पुलिस को सौंपा

नौतनवा (एसएनबी)। नगर के मां बनैलिया मंदिर के निकट स्थित एक अस्पताल के सामने से बाइक चोरी का प्रयास करते एक युवक को आसपास के लोगों ने मौके से रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक नगर स्थित मां बनैलिया मंदिर के निकट एक अस्पताल के सामने देर शाम कुशीनगर जनपद की एक बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचे। लोगों के मुताबिक एक युवक आसपास खड़ी बाइकों में चाबी डालने का प्रयास करने लगा। एक बाइक को पास में खड़ी एंबुलेंस के पीछे ले जाकर उसे स्टार्ट कर ही रहा था कि लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने उसे पकड़ लिया। युवक के पकड़ाते ही बाइक पर सवार अन्य दो युवक मौके से फरार हो गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अपने साथ थाने पर ले गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पुरानी रंजिश में दो सगे भाइयों की पिटाई, तीन नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की शाम को कुछ मनबढ़ों ने दो सगे भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल दोनों सगे भाईयों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा कला गांव की है घटना

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के दुघरा कला गांव निवासी लालधर पुत्र भगौती ने बताया है कि पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की शाम को गांव निवासी विपक्षी जीवोधन पुत्र पड़ोही, पप्पू पुत्र जीवोधन तथा क्रान्ति पत्नी राजेश उसे घेरकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो उक्त तीनों ने उसे जान माल की धमकी देते हुए उसके उपर लाठी-डण्डे से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई रामचन्दर मौके पर पहुंचकर उसका बचाव करने की कोशिश करने लगा तो तीनों हमलावरों ने उसके साथ-साथ उसके भाई को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर जीवोधन, पप्पू और क्रान्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय ने बताया कि सनी देवल पुत्र श्रवण निवासी बंजरिया थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध मे वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर रवाना किया गया। आरोपी को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय, कां. राकेश गौड़, कां. प्रदीप कुमार यादव, हे.कां.चा. शाह आलम ने गिरफ्तार किया है।

फर्जी मुकदमे के खिलाफ एसडीएम को से मिले लोग

मेंहदावल (एसएनबी)। स्थानीय क्षेत्र के तुलसीपुर मोहल्ले के सौ से अधिक ग्रामीणों जिनमें महिलाएं भी शामिल थी ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि मोहल्ले के कुछ लोग चुनावी रंजिश में मोहल्ले के सभासद प्रतिनिधि पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराए हैं। अब पुलिस कार्यवाही की बात कर रही है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच करा न्याय देने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है।

मेंहदावल नगर के तुलसीपुर वार्ड के सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने तहसील पहुंचकर जताई नाराजगी

थाना मेंहदावल क्षेत्र के शहर के तुलसीपुर वार्ड में सुबह 11:00 बजे के करीब सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुष उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचो। मोहल्ला निवासी निवासी दयाराम, धीरज ,प्रहलाद, गोविंद, उर्मिला, लोइयां, अमरावती, शिवकुमार समेत सैकड़ों के हस्ताक्षरों से एसडीएम को दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि चुनावी रंजिश में सभासद प्रतिनिधि देवंव्रत निषाद व उनकी भाभी को फर्जी मुकदमे में फंसाया गया है। बीते कुछ दिन पहले एक मामले में पुलिस को झूठी तहरीर देकर तीन धाराओं में 366, 363,120 बी के तहत बीते शनिवार को मुकदमा दर्ज किया। इससे नाराज ग्रामीणों ने सभासद उत्तरा निषाद के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गलत तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि मुकदमा फर्जी है पुलिस भी इस सच्चाई को जाती है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की गुहार लगाई है। उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि जांच कराई जाएगी। जांच में जो चीज सामने आएगी उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने वापस कराये 1.87 लाख ₹

साइबर फ्राड

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के साइबर हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर फ्राड के शिकार 04- पीड़ित व्यक्तियों के बैंक खातों/वैलेट में 1,87,078 ₹ को वापस कराया गया। ₹ वापस मिलने के बाद व्यक्तियों ने खुशी का इजहार करते हुए पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय ने बताया कि आवेदक/पीड़ित आफताब हुसैन निवासी ग्राम मंझरिया, खुर्शीद अहमद खान निवासी ग्राम सिसवा, गुरुदत्त सिंह निवासी ग्राम बनकटिया, पूनम मौर्या निवासी ग्राम बनकटिया समस्त थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा विभिन्न तिथियों में थाना कोतवाली खलीलाबाद के साइबर हेल्प डेस्क पर उपस्थित होकर/ऑनलाइन माध्यम से सूचना दिया कि अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा फोन काल आदि माध्यमों से उनके साथ साइबर फ्राड करके ऑनलाइन माध्यम से उसके बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर कर लिया गया है। इस संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद के साइबर हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन कर एवं बैंक अधिकारी/पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर पीड़ित गण उपरोक्त के बैंक खातों/वैलेट में 1,87,078 ₹ वापस कराने में सफलता प्राप्त किया। अपने ₹ वापस पाकर पीडित गण द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए साइबर हेल्प डेस्क टीम कोतवाली खलीलाबाद पुलिस की प्रशंसा की। इस कार्य में साइबर हेल्प डेस्क टीम के नोडल अधिकारी उ.नि. रजनीश राय (नोडल अधिकारी), कां. ज्ञान प्रकाश सिंह का योगदान रहा।

नियम तोड़ने वालों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले 56 वाहन चालकों से जुर्माना भरवाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने जांच की।



मंगलवार को मेंहदावल नगर पंचायत के तुलसीपुर वार्ड के सभासद के भाई पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का विरोध करते मोहल्लेवासी। • हिन्दुस्तान

केस दर्ज करने पर एसडीएम और सीओ का किया घेराव

विरोध

मेंहदावल, हिसं। मेंहदावल नगर पंचायत के तुलसीपुर वार्ड के सभासद के भाई पर लड़की भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। मंगलवार को झूठे मुकदर्म में फंसाने का आरोप लगा तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। एसडीएम व सीओ का घेराव किया। शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग की।

तुलसीपुर वार्ड की सभासद उत्तरा निषाद के नेतृत्व में वार्ड निवासी पार्वती, झिनकी, उर्मिला, लक्ष्मीना, संगीता, प्रमिला, फूलमती, गुड़िया, कलावती, पुनीता, सोनमती, उषा अमरावती राधिका, शांति, शकुंतला, वंशागति, दुर्गावती, प्रेमशीला, श्रीकांती, सभासद समीर अहमद के साथ सैकड़ों की संख्या महिलाएं तहसील परिसर पहुंच गईं। पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीणों ने कहा कि लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव के युवक व युवती फरार हो गए। परिजनों द्वारा पुलिस से शिकायत करने पर दोनों को बरामद कर लिया। युवती ने पुलिस के सामने भी अपनी इच्छा से भागने का बयान दिया। बावजूद इसके गांव में राजनैतिक विरोध रखने वाले कुछ लोग षड़यंत्र रचकर उनके भाई को फंसा दिया। सभी ने मामले की जांच कराकर सभासद के भाई को दोषमुक्त करने की मांग की। एसडीएम अरुण कुमार व सीओ अम्बरीष सिंह भदौरिया द्वारा मामले की जांच कराके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया, तब जाकर लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

मंदिर के घंटे संग आरोपी को सौंपा

बखिरा। नगर पंचायत बखिरा के झुंगिया स्थित बुढ़िया माई मंदिर से चोरी हुए घण्टे के साथ ग्रामीणों ने दो अभियुक्तों को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले के कार्रवाई करते हुए पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

झुंगिया निवासी छोटेलाल ने बताया कि गांव में स्थित बुढ़िया माई के मंदिर मे लगा घण्टा 20 अगस्त को चोरी हो गया था। जानकारी व पूछताछ करने पर कुछ लोगों के साथ गांव निवासी शिवनाथ के घर जाकर पूछताछ की। उसने एक अन्य व्यक्ति के साथ घण्टा चोरी की बात को स्वीकार किया। साथ ही कस्बे में स्थित एक व्यक्ति को एक हजार रुपये में बिक्री की बात बताई।

शस्त्रागार का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम एसपी को क्वार्टर गार्द पर गार्द द्वारा सलामी दी गई। इसके बाद एसपी ने शस्त्रागार का निरीक्षण किया। शस्त्रों के रख-रखाव, साफ सफाई आदि की जांच एसपी ने की।



चोरी की घटनाओं के खुलासे के बारे में जानकारी देते एसपी सत्यजीत कुमार।

महुली पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

कामयाबी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले की महुली पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइक, 25 मोबाइल फोन, एक टुल्लू पंप, एक चाकू और चार हजार रूपए नकद बरामद किया है। पुलिस ने चोरी और लूट की पांच घटनाओं का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जानकारी दी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को बन्धुपुर के पास बाग में चोरी के सामानों का बंटवारा कर रहे तीन आरोपितों को दबोचा। पुलिस पूछताछ में उनकी पहचान गौतम निषाद पुत्र रामू निषाद निवासी डेबरी रामजंगला, अक्षय राजभर पुत्र राम कृपाल राजभर निवासी अशरफपुर एवं सन्नी कुमार पुत्र राम दिलावर निवासी जोगीपुर (खाजो चौराहा के पास) के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल, 25 मोबाइल फोन, एक टुल्लू पम्प मोटर, 04 हजार रूपया नगद व दो चाकू बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना महुली पर पंजीकृत दो व थाना धनघटा पर पंजीकृत एक तथा जनपद बस्ती के थाना कोतवाली नगर व थाना लालगंज में मोटरसाइकिल चोरी के दो अलग-अलग मुकदमे का खुलासा किया है। आरोपितों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने इन वारदातों का किया खुलासा

एसपी ने बताया कि 11 अगस्त को प्रधान टुंगपार विपिन कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय दिनेश कुमार सिंह ने सूचना दिया कि सामुदायिक शौचालय में लगा टुल्लू पम्प अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी कर लिया है। 17 अगस्त को वादी मुनीम अशरफपुर ठेका देशी शराब शिवचन्द यादव पुत्र स्वर्गीय भगौली प्रसाद यादव निवासी भोकाई पोस्ट देवकली कला ने बताया कि 14 अगस्त की रात में दुकान बन्द करके घर चले गए। अगले दिन 15 अगस्त होने के वजह से दुकान नहीं खुली। जब 16 अगस्त की सुबह दुकान खोला तो दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था।

चचेरे भाई ने बालिका से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मशार करने वाला मामला मामला प्रकाश में आया। रिश्ते में चचेरा भाई आधी रात के बाद बालिका का मुंह दबाकर उठा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल परीक्षण एवं उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया।

पुलिस को दिए अपने प्रार्थना पत्र में दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब दो बजे उनकी लड़की शौच करने के लिए गई थी। इसी बीच आरोपित उसका मुंह बंद करके दुष्कर्म करने की नीयत से उठा ले गया। बेटी के घर न आने पर उसकी खोजबीन शुरू कर दिया गया। इसी बीच बेटी घर पर वापस आ गई और उसने अपने साथ हुए दुष्कर्म की वारदात की जानकारी दी।

कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि दुष्कर्म का प्रकरण संज्ञान में आया। जिसके बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर दुष्कर्म पीड़िता लड़की को पुलिस टीम की देखरेख में उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। टीम ने दुष्कर्म पीड़िता के पट्टीदार आरोपित सनी देवल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने दर्ज किया मार्ग दुर्घटना का मुकदमा

संतकबीरनगर। पुलिस ने मार्ग दुर्घटना के मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित रामकेश निवासी ग्राम रसूलाबाद ने अपने शिकायत में बताया कि 19 अगस्त को उनका लड़का अनुज अपने साईड में साईकिल लेकर मगहर से कोचिंग पढ़कर दुर्गा मन्दिर होते हुए अपने घर वापस आ रहा था डीसीएम चालक तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक गलत साइड से सामने से जोरदार टक्कर मार दिया।

चोरी की दो बाइक के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर: पुलिस की टीम ने मंगलवार को दबिश देकर तीन बदमाशों को चोरी की दो बाइक, 25 मोबाइल, एक टुल्लू पंप, चार हजार रुपये, दो चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष प्रस्तुत कर मामले की जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि टुंगपार गांव के विपिन कुमार सिंह ने महुली थाने में 11 अगस्त को प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने इसमें उल्लेख किया था कि उनके यहां सामुदायिक शौचालय में लगे टुल्लू पंप को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इसी प्रकार अशरफपुर गांव स्थित देसी शराब की दुकान के मुनीब शिवचंद यादव ने 17 अगस्त को थाने में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने यह उल्लेख किया था कि 14 अगस्त की रात वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन स्वतंत्रता दिवस के कारण दुकान बंद थी। वह 16 अगस्त को सुबह दुकान खोले तो देखा कि सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। दो पेटी देसी शराब व 15 हजार रुपये चुरा लिया गया है। कोलहुगाड़ा गांव के गोरखनाथ ने महुली थाने में 21 अगस्त को तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने यह उल्लेख किया था कि 20 अगस्त को कुशहवा बाजार स्थित अपने होम्योपैथी दवाखाना को बंद करके साइकिल से घर आ रहे थे। लुतुही गांव स्थित ईंट भट्ठे के पास बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनका मोबाइल व दो हजार रुपये लूट लिया था। मुकामी पुलिस इन मामलों में मुकदमा दर्ज करके जांच में जुटी थी। महुली के थानाध्यक्ष भगवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मंगलवार को सूचना मिलने पर बंधूपुर गांव स्थित बाग में दबिश दी। चोरी के सामान का बंटवारा कर रहे धनघटा थाना के डेबरी (रामजंगला) गांव निवासी गौतम निषाद, धनघटा थाना के अशरफपुर गांव निवासी अक्षय राजभर तथा जोगीपुर के सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकार वार्ता करते एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

बाइक से सुनसान जगहों पर लोगों का लूटते थे नकदी-मोबाइल

जासं, संतकबीर नगर: पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार किए गए तीनों बदमाशों ने बताया कि वे बाइक से सुनसान जगहों पर पहुंचते थे। वहां पर लोगों का नकदी, मोबाइल आदि लूट लेते थे। इसके लिए वे लोग संतकबीर नगर से लेकर बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र तक बाइक से अक्सर घूमते थे। वे लोग मंगलवार को बंधूपुर गांव के बाग में चोरी के सामान का बंटवारा करके दूसरे जगह जाने की योजना बनाए थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें यहां से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर धनघटा थाना के डेबरी (रामजंगला) गांव निवासी गौतम निषाद, अशरफपुर गांव निवासी अक्षय राजभर व जोगीपुर गांव निवासी सन्नी कुमार ने बताया कि हम तीनों लोग बाइक से बस्ती जनपद के लालगंज थाना के महादेव बाजार तक अक्सर घूमते रहते है। 20 अगस्त को रात के करीब आठ बजे हम तीनों लोग बिना नंबर प्लेट वाली बाइक से लुतुही ईंट भट्ठे के पास सुनसान जगह पर खड़े थे। कुछ देर बाद साइकिल से आ रहे एक व्यक्ति से उसका मोबाइल व दो हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। इसमें से एक हजार रुपये गौतम को जबकि अक्षय व सन्नी को 500-500 रुपये बांट लिए। इसके अलावा 24 अन्य मोबाइल विभिन्न जगहों से लूटे थे। अक्षय ने बताया कि 14 अगस्त को रात में अशरफपुर गांव स्थित दुकान से दो पेटी देसी शराब व नकदी चुराए थे। चुराए गए रुपये को आपस में बांट लिए। वह और गौतम दोनों मिलकर एक जुलाई को टुंगपार गांव स्थित सामुदायिक शौचालय से टुल्लू पंप का मोटर चुराए थे।

Govt. Recognised

वाद-विवाद में विजयी छात्र हुए पुरस्कृत

संतकबीरनगर। जिले की यातायात पुलिस ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत मौलाना आजाद इण्टर कालेज में आयोजित हए वाद विवाद प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया। मौलाना आजाद इण्टर कालेज में प्रभारी यातायात परमहंस यादव की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में यातायात नियमों के पालन से संबंधित प्रश्न का उत्तर पूछा। प्रतियोगिता प्रथम स्थान कक्षा 12 की छात्रा कुमारी शालिनी, द्वितीय स्थान कक्षा 11 के छात्र मोहम्मद शोएब व तृतीय स्थान कक्षा 09 की छात्रा कुमारी अंशिका चौरसिया ने प्राप्त किया। उक्त विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया।

पिकअप-टेंपो में भिड़ंत, सात घायल

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर-खलीलाबाद मार्ग पर प्रजापतिपुर में डेयरी फार्म के सामने टेंपो व पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। इनमें पांच स्कूली छात्र और छात्राएं शामिल रहे। घायलों को सीएचसी हैंसर पहुंचाया गया। चालक व एक सवारी की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के खलीलाबाद धनघटा मार्ग पर प्रजापितपुर डेयरी फार्म के पास एक टेंपो सवारी बैठा कर धनघटा आ रहा था। इसमें प्रजापतपुर निवासी स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की छात्रा सुप्रिया, रीमा, आकांक्षा व सुपरीक्षा, रामपुर छितौनी निवासी प्रतीक यादव के अलावा टेंपो में सवार महुली थाना क्षेत्र के मुरादपुर निवासी राम नवल धनघटा आ रहे थे। डेयरी के सामने तेज गति से जा रही पिकअप व टेंपो में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे टेंपो चालक रमेश व राम नवल के साथ स्कूली छात्रों सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी हैंसर पहुंचाया। वहां चालक रमेश कुमार निवासी दीपपुर मठिया थाना धनघटा तथा राम नवल को डॉक्टरों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। सुप्रिया, रीमा, आकांक्षा, सुपरीक्षा व प्रतीक का उपचार हैंसर बाजार पर चल रहा है। खतरे से बाहर हैं।

- घायलों में पांच छात्र व छात्राएं शामिल
- मुर्गे लादकर जा रही थी पिकअप

घटना की सूचना मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है। दोनों वाहनों को कस्टडी में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-संतोष मिश्रा, थानाध्यक्ष, धनघटा

बिचौलियों पर भड़के ग्रामीणों ने किया घेराव

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल नगर पंचायत के तुलसीपुर मोहल्ले के चार दर्जन से अधिक लोगों ने मंगलवार को सभासद के नेतृत्व में तहसील का घेराव किया। प्रदर्शन करते हुए सभी ने गांव में सक्रिय पुलिस के बिचौलियों पर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। वर्षा होने के दौरान भी बड़ी संख्या में मोहल्ला निवासी तहसील परिसर में जम रहे।

एसडीएम अरुण कुमार को दिए गए ज्ञापन में तुलसीपुर की सभासद उत्तरा निषाद, दयाराम, गुड्डू, गोविंद, अमरावती, रामचरण, उर्मिला, पुनीता आदि ने लिखा है कि गांव में कुछ अराजक तत्व हैं, जो बहला फुसलाकर लड़कियों को भगा ले जाने का कार्य करते हैं। यही लोग बिचौलिया बनकर पुलिसकर्मियों से मिलीभगत करके सीधे सादे लोगों पर मुकदमा दर्ज कराते हैं। गांव के सभी मामलों में इन लोगों की संलिप्तता सामने आती है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि गांव में होने वाली घटनाओं में संलिप्त लोगों को छोड़कर बिना अपराध के ही अनेक लोगों को मुकदमों में फंसाया जा रहा है। सीओ मेंहदावल अंबरीश भदौरिया ने बताया कि ग्रामीणों ने शिकायती पत्र दिया है, जांच कराई जाएगी।



मेंहदावल तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण ● जागरण

फ्रॉड के शिकार 4 पीड़ितों के खाते में वापस कराए रुपये

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने साइबर फ्राड के चार पीड़ितों के बैंक खाते में उनके गायब रूपए को वापस कराया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय की अगुवाई में साइबर हेल्प डेस्क ने साइबर फ्रॉड के माध्यम से एक लाख 87 हजार 078 रुपयों को उनके बैंक खातों व वैलेट में वापस कराने में कामयाबी पाया। एसओ सर्वेश कुमार राय ने बताया कि आवेदक आफताब हुसैन निवासी ग्राम मंझरिया, खुर्शीद अहमद खान निवासी ग्राम सिसवा, गुरुदत्त सिंह एवं पूनम मौर्या निवासी ग्राम बनकटिया ने विभिन्न तिथियों में थाना कोतवाली खलीलाबाद के साइबर हेल्प डेस्क पर उपस्थित होकर अथवा आनलाइन माध्यम से सूचना दी थी।

अनियंत्रित होकर नाले में गिरा पीआरवी वाहन

जासं, मेंहदावल: मेंहदावल थाना क्षेत्र के कुसौना कला पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पुलिस की 112 नंबर पीआरवी वाहन नाले में जा गिरी। इस घटना में पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निकाल लिया। तीन पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे पीआरवी वाहन 112 में सवार होकर तीन पुलिसकर्मी मेंहदावल क्षेत्र के कुसौना कला गांव जा रहे थे। इस दौरान वाहन सड़क के किनारे बने नाले में गिर गई। इससे पुलिसकर्मी पानी में गिर गए तथा हाथ पांव मारने लगे। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीआरवी वाहन को पानी से बाहर निकलवाया।

56 वाहनों से 72,500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : विभिन्न थानों की पुलिस ने मंगलवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। वाहन अधिनियम के तहत 56 वाहनों के चालकों से 72,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की।

मारपीट में घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर मंगलवार को कोतवाली खलीलाबाद थाना के मुड़ेरा (दलेलगंज) गांव में पहुंचे। पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में घायल इस गांव के महान को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में दाखिल कराए। इसके बारे में मुकामी थाने को अवगत कराए। (विज्ञप्ति)

संतकबीरनगर निवासी दिल्ली के विधायक पर चल सकता है केस

आम आदमी पार्टी के विधायक हैं अखिलेश पति त्रिपाठी

अमर उजाला ब्यूरो

निगम चुनाव में टिकट के बदले रिश्वत मांगने का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव में टिकट के बदले रिश्वत मांगने के मामले में मॉडल टाउन से संतकबीरनगर निवासी आप विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ मुकदमा चल सकता है। मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने त्रिपाठी के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने के लिए सतर्कता विभाग के अनुरोध को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के पास भेज दिया है।

उपराज्यपाल ने अपने पत्र में कहा कि आरोपी एक मौजूदा विधायक हैं, लिहाजा वर्तमान मामले में अभियोजन को मंजूरी देने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ही सक्षम अधिकारी हैं। त्रिपाठी पर पिछले वर्ष हुए निगम चुनाव में कमला नगर के वार्ड नंबर 69 से एक महिला को आप पार्टी का टिकट दिलाने के बदले 90 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। सतर्कता विभाग ने पाया कि इस मामले में मानवीय व तकनीकी सबूत विधायक व अन्य की संलिप्तता की तरफ इशारा कर रहे हैं।

एसडीएम व सीओ का किया घेराव, केस वापसी की मांग

लोगों ने तुलसीपुर वार्ड के सभासद के भाई को फर्जी मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। नगर पंचायत के तुलसीपुर वार्ड के सभासद के भाई पर केस दर्ज कराने का मामला तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को काफी संख्या में पहुंचे गांव के लोगों ने तहसील परिसर में स्थित सीओ कार्यालय और एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। दोनों अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच तथा आरोपी बनाए गए सभासद के भाई को दोषमुक्त करने की मांग की।

महिला सभासद उत्तरा निषाद तथा सभासद शाह आलम के नेतृत्व में तुलसीपुर वार्ड के लोगों ने एसडीएम और सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि 15 अगस्त को एक युवक व युवती घर से भाग गए थे। शिकायत दर्ज कराने पर दोनों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में युवक व युवती ने स्वेच्छा से घर से जाने की बात बताई थी। दो दिन बाद पुलिस ने युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया था।



एसडीएम कार्यालय का घेराव करते तुलसीपुर वार्ड के लोग। संवाद

उसके बाद राजनीतिक विरोध रखने वाले तथा चुनाव में पराजित लोगों ने साजिश व षड्यंत्र रचकर सभासद के भाई पर युवती को भागने में सहयोग करने का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया। आरोप है कि कुछ शरारती तत्व संगठित गिरोह बनाकर लोगों को फर्जी केस में फंसाकर धनादोहन करते हैं। ऐसे लोगों के षड्यंत्र का शिकार सभासद के भाई भी हो गए। लोगों ने निष्पक्ष एजेंसी से पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की।

लोगों ने बेवजह आरोपी बनाए गए सभासद के भाई का नाम केस से हटाने की मांग की। दोनों अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया। उसके बाद घेराव समाप्त हुआ। इस दौरान उर्मिला, पार्वती, झिनकी, संगीता, लक्ष्मीना, गुड़िया, प्रमिला, फूलमती, गुड्डू, सुंदर, लोरिक, धीरज, राम चयन, उर्मिला, कलावती, जोगिंदर, मनताऊ, पुनीता, सोनमती समेत अन्य मौजूद रहे।

कोतवाली क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात किशोरी से आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया, लेकिन आरोपी भाग गया। सूचना पर रात में ही 112 नंबर की पुलिस टीम पहुंच गई। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 12 वर्षीय बेटी रात दो बजे नित्य क्रिया के लिए बाहर गई थी। उसी दौरान गांव का आरोपी युवक बेटी का मुंह दबाकर अपने गोशाला में उठा ले गया। आरोपी

दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज

पीड़िता ने विरोध किया पर आरोपी भाग गया

युवक ने बेटी से दुष्कर्म किया। बेटी ने विरोध किया, लेकिन आरोपी गलत काम करने में सफल रहा। बेटी कुछ देर बाद घर पहुंची और पूछने पर आपबीती बताई।

पीड़ित परिजनों की सूचना पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

15 साल बाद जागा प्रशासन, अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

तत्कालीन नियत प्राधिकारी ने ग्रीन बेल्ट और विनियमित क्षेत्र में 529 लोगों के बने मकानों के ध्वस्तीकरण का दिया था आदेश, करीब एक करोड़ का लगाया था जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। विनियमित क्षेत्र कार्यालय 15 साल बाद फिर जाग गया है। अब नए सिरे से नियत प्राधिकारी कोर्ट स्थापित लोगों को नोटिस भेजेगा और उनके मकानों पर स्टार निशान लगवाएगा। इसके बाद ही अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाएगा। 15 साल पूर्व में नियत प्राधिकारी कोर्ट ने ग्रीन बेल्ट और विनियमित क्षेत्र के कृषि भूमि में बिना नक्शा के बनाए गए 529 अवैध मकानों को ध्वस्तीकरण किए जाने और करीब एक करोड़ रुपये जुर्माना का आदेश दिया था। साथ में यह आदेश काफी तक सीमित था।

वर्ष 1987 में मगहर-खलीलाबाद विनियमित क्षेत्र घोषित हुआ था। इसमें 38 गांव शामिल हैं। विनियमित क्षेत्र के कार्यालय के रिकार्ड के मुताबिक, सरैया की नवीन मंडी से लेकर मगहर दुर्गा मंदिर तक हाईवे के किनारे दोनों तरफ 100-100 फीट जमीन ग्रीन बेल्ट के रूप में दर्ज है।

हैरानी में मकान का नक्शा पास नहीं हो सकता है, लेकिन भूमि के स्वामी खुद मकान, दुकान बनवा लिए हैं। कुछ लोगों ने जमीन खरीद कर निर्माण करा लिया है। शहर के बेतवाचल चाईबास से गुजरे हाईवे पर दोनों तरफ सरैया लेन के किनारे ग्रीन बेल्ट में कई अस्पताल, दुकान और रेस्टोरेंट व मकान बना लिए गए हैं। सरैया से लेकर मगहर की सीमा तक करीब 12 किलोमीटर की दूरी तक ग्रीन बेल्ट है।

सरैया, सड़पा, नेदुला, छोटी मखौली, मेहदावल बाईपास, डीघ, बंगलातल, धौरहरा, पैसहिया, सेमरा, मगहर में ग्रीन बेल्ट में पड़ी संपत्ति में दुकानें, ढाबा और रेस्टोरेंट व घर बनाए गए हैं। इसे तरह विनियमित क्षेत्र की कृषि भूमि में धड़ल्ले से मकान बनाए जा रहे हैं।

वर्ष 2008-09 में अर्हापाल आलोक सदय की तैनाती खलीलाबाद तहसील में एसडीएम के पद पर हुई थी। उन्होंने ग्रीन बेल्ट और विनियमित क्षेत्र की कृषि भूमि में मकान बनाने के प्रकरण में दर्ज वादों के निस्तारण में तेजी दिखाई थी। उन्होंने अवैध तरीके से बने मकानों के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। जबकि करीब एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इसमें करीब 100 मकान ग्रीन बेल्ट में बने हैं।





मेंहदावल बाईपास हाईवे के ग्रीन और दक्षिण दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट पर नियमों की अनदेखी कर कई मकान और दुकानें बना दी गई हैं। संवाद

नियत प्राधिकारी ने खंगालनी शुरू की पत्रावली, नए सिरे से नोटिस भेजने की तैयारी





13 और 15 अगस्त को प्रकाशित खबर।

तत्कालीन नियत प्राधिकारी ने वर्ष 2008-09 में अवैध तरीके से निर्माण कराने वाले 529 लोगों के मकान ध्वस्तीकरण करने और करीब एक करोड़ जुर्माने वसूलने का आदेश पारित किया था। कोर्ट के आदेश का अनुपालन वर्षों नहीं हो सका। एक नहीं कई शिकायतें हैं लेकिन नए सिरे से इस संबंध की पत्रावलियों का अध्ययन करके संपत्तियों की नोटिस जारी की जाएगी। संपत्तियों के मकान पर स्टार निशान लगवाया जाएगा। इसके अलावा ध्वस्तीकरण और जुर्माने वसूलने की कार्रवाई भी अगले दो तीन महीनों। -शैलेंद्र दूबे, एसडीएम सदर, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र मगहर-खलीलाबाद



मौलाना के पास विनियमित क्षेत्र में बने मकान। संवाद

ग्रीन बेल्ट और विनियमित क्षेत्र के कृषि भूमि में बनाए गए मकान नहीं हो सकता है। इन सभी में निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायतें की गई हैं। एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे प्रकरणों की दूसरी बार की सिकी जाएं और उनमें कार्यवाही कराएं। लेखित तथ्यों का संज्ञान ले निस्तारण करें। - संदीप कुमार, डीएम

कार्रवाई का निर्देश दिया। नियत प्राधिकारी ने पूर्व में हुए ध्वस्तीकरण व जुर्माने की सभी 529 पत्रावलियों का संज्ञान लिया है। संपत्तियों को नए सिरे नोटिस जारी किया जाएगा। ध्वस्तीकरण के साथ जुर्माना वसूलने की भी कार्रवाई होगी।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम तो शोएब द्वितीय स्थान पर रहे

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद में मंगलवार को यातायात पुलिस के जरिए सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई।

जिसमें कक्षा 12 की छात्रा कुमारी शालिनी ने प्रथम स्थान, कक्षा 11 के छात्र मोहम्मद शोएब ने द्वितीय और कक्षा नौ की छात्रा कुमारी अंशिका चौरसिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। यातायात प्रभारी परमहंस ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि बिना हेलमेट बाइक न चलाएं। साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करें।

उन्होंने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने पर बल दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य युनूस अख्तर, अर्जुन सिंह, कांस्टेबल आनंद मोहन, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।



मौलाना आजाद इंटर कालेज में छात्रा को पुरस्कार देते अतिथि। संवाद

मोबाइल फोन से खुली होम्योपैथ चिकित्सक से हुई लूट की घटना

दो दिन पूर्व महुली क्षेत्र में हुई थी लूट, तीन बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। दो दिन पूर्व महुली क्षेत्र में होम्योपैथ चिकित्सक से हुई लूट में शामिल तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने जिस मोबाइल को लूटा था, उसी के सहारे पुलिस ने उनको धर दबोचा।

पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी की दो बाइकें, 25 मोबाइल फोन, टुल्लू पंप मोटर, 4,000 रुपये व दो चाकू बरामद किया। पूछताछ में पुलिस ने बस्ती की दो और संतकबीरनगर की तीन घटनाओं के पर्दाफाश का दावा किया है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि महुली क्षेत्र के कोल्हूगाड़ा निवासी गोरखनाथ होम्योपैथ चिकित्सक हैं। महुली क्षेत्र के कुशहवा में वह क्लीनिक चलाते हैं। 20 अगस्त की देर शाम वह क्लीनिक बंद करके साइकिल से घर जा रहे थे। लुतुही ईंट भट्ठे के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनसे 2,000 रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया था।

पीड़ित ने उसी समय फोन पर घटना की सूचना पुलिस को दी थी। सोमवार की देर शाम थाने पर तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के

बस्ती की दो व संतकबीरनगर की तीन घटनाओं का पर्दाफाश

25 मोबाइल फोन, 4 हजार रुपये व दो चाकू बरामद

खिलाफ केस दर्ज कराया था।

पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली। मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर पुलिस ने सोमवार देर रात बंधूपुर बगीचे के पास से लूट की घटना में शामिल तीनों बदमाशों को दबोच लिया।

पूछताछ में बदमाशों की पहचान गौतम निषाद निवासी डेबरी रामजंगला, धनघटा, अक्षय राजभर निवासी अशरफपुर, धनघटा, सन्नी कुमार निवासी जोगीपुर (खाजो चौराहा के पास) धनघटा के रूप में हुई। बदमाशों के पास से चोरी की दो बाइक, 25 मोबाइल फोन, टुल्लू पंप मोटर, 4,000 रुपये व दो चाकू बरामद किया।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे एक साथ बाइक से महादेवा बाजार थाना लालगंज जनपद बस्ती तक अक्सर घूमते रहते हैं। वापसी में रास्ते में सूनसान जगह पर व्यक्तियों से मोबाइल फोन व रुपये छीन लेते हैं। 20 अगस्त की रात करीब आठ बजे लुतुही भट्ठे के पास होम्योपैथ चिकित्सक से 2000 रुपये और मोबाइल फोन लूटे थे। उसमें गौतम निषाद 1,000 रुपये तथा अक्षय राजभर व सन्नी कुमार को पांच-पांच सौ रुपये मिले थे। बरामद अन्य 24 मोबाइल फोन विभिन्न जगहों से छीने गए थे।

अक्षय राजभर ने बताया कि 14 अगस्त की रात में अशरफपुर शराब के ठेके से दो पेटी देसी दारू व 15,00 रुपये चोरी की थी। अक्षय राजभर व गौतम निषाद दोनों ने मिलकर एक जुलाई को टुंगपार शौचालय से टुल्लू पंप मोटर भी चुराया था। जबकि 11 मार्च 2023 को बस्ती के सोनूपार से चंदो कोतवाली नगर के रहने वाले नंदलाल की बाइक चोरी की थी। इसका भी खुलासा भी किया गया है।

वहीं नौ जून 2023 को महादेवा बाजार से ठुकठुइया के अमरनाथ की बाइक चोरी की गई थी। इसकी भी शिकायत अमर नाथ ने की थी। इसका भी केस दर्ज किया गया था।

तीनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

एसपी ने टीम को दिया 10,000 रुपये का इनाम

एसपी ने टीम में शामिल एसओ भगवान सिंह, एसएसआई अमित कुमार, एसआई प्रमेश मिश्रा, आरक्षी अजय राणा, संघरतन, मनीष प्रभात, अजीत कुशवाहा व पूजा चौहान को शाबाशी दी। इसके साथ ही टीम को 10,000 रुपये पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की।

शौक पूरा करने को करते हैं अपराध, पहली बार पकड़े गए

तीनों बदमाशों की उम्र 19 से लेकर 22 वर्ष के बीच है। आरोपी सन्नी कुमार सिर्फ कक्षा नौ तक पढ़ा है। जबकि अक्षय कुमार आठवीं और गौतम निषाद कक्षा तीन तक पढ़ा है। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि शौक पूरा करने के लिए वे अपराध करते हैं। सन्नी पांच दिन पूर्व ही इस गिरोह में शामिल हुआ है। जबकि अन्य दोनों बदमाश जनवरी से अब तक मोबाइल फोन लूट, बाइक चोरी की कई वारदात कर चुके हैं। यह गैंग पहली बार पकड़ा गया है। यह गैंग रेकी नहीं करता है, सिर्फ रास्ते में चलते-फिरते सूनसान जगह पर जो मिलता है, उसी को लूट लेता है। इन बदमाशों का डोजियर तैयार कराया गया है। इनकी निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट भी खोली जाएगी।

अपराध छात्रा के साथ किया था दुष्कर्म, एसपी को प्रार्थना पत्र देकर गिरफ्तारी की मांग

15 दिन बाद भी पकड़ से दूर आरोपी शिक्षक

संवाद न्यूज़ एजेंसी

धनघटा। छात्रा को हैवानियत का शिकार वनाने वाला आरोपी शिक्षक केस दर्ज होने के 15 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। पीड़िता ने मंगलवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किए जाने की मांग की।

22 साल की छात्रा का आरोप है कि जब गांव के विद्यालय में कक्षा आठवीं में वह पढ़ रही थी, उसी समय गांव का ही रहने वाला शिक्षक उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। उसके बाद छात्रा से बराबर शारीरिक संबंध बनाने लगा। शिक्षक के प्रेम जाल फंसी छात्रा जब-जब उससे दूर होने की कोशिश की तो वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए छात्रा को दूर नहीं जाने दिया।

एसपी ने जल्द ही आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी कराने का दिया आश्वासन


प्रेम जाल में फंसाकर छात्रा से बनाता रहा शारीरिक संबंध

पीड़ित और पुलिस के पहुंचने से पहले भगा निकला आरोपी शिक्षक

10 अगस्त को प्रकाशित खबर।

छात्रा का आरोप है कि शादी के बाद जब वह ससुराल गई तो भी आरोपी शिक्षक उसके ससुराल में पहुंच गया। छात्रा के पति को अपने और छात्रा के बीच चल रहे प्रेम संबंध की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि बगैर उसके मैं जिंदा नहीं रह पाऊंगा। कुछ दिनों बाद छात्रा मायके पहुंची तो आरोपी शिक्षक बराबर उससे संपर्क बनाए रखा।

छात्रा का आरोप है कि वह गर्भवती हो गई तो आरोपी शिक्षक गर्भपात करने के लिए दबाव देने लगा, लेकिन वह गर्भपात कराने को तैयार नहीं हुई। नौ अगस्त को आरोपी शिक्षक छात्रा को अपने साथ लेकर क्षेत्र के एक परिचित के घर ले गया, जहां छात्रा से शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की तो छात्रा ने शोर मचाया। पड़ोस से लोग दौड़कर पहुंचे, पर आरोपी शिक्षक बाउंड्रीवाल कूदकर भाग निकला।

छात्रा ने शिक्षक के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। छात्रा का आरोप है कि केस दर्ज करने के बाद पुलिस शिक्षक को गिरफ्तार करने की कोशिश नहीं कर रही है।

नाले में गिरा पीआरवी, तीन पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने बचाया

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। क्षेत्र के कुसौना कला पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर 112 नंबर पीआरवी नाले में जा गिरा। पानी में डूब रहे तीन पुलिस कर्मियों को ग्रामीणों ने बचा लिया। सूचना पर नौलखा पुलिस चौकी के लोग भी पहुंच गए। पुलिस कर्मियों को हल्की चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे पीआरवी में तीन पुलिस कर्मी संतोष कुमार शुक्ला, सुभाष मौर्य व

मेंहदावल क्षेत्र के कुसौना कला पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

इमरान मेंहदावल कछार क्षेत्र के कुसौना कला गांव के पास जा रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित होकर वाहन सड़क के किनारे बने नाले में गिर गया। पुलिस कर्मी पानी में गिर गए तथा हाथ पांव मारने लगे। मौके पर ग्रामीण पहुंच गए तथा पुलिसकर्मियों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रवींद्र कुमार सिंह


मेंहदावल क्षेत्र के कुसौना कला पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलटा पीआरवी। संवाद

भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पीआरवी को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें लगी थी। प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अनियंत्रित होकर वाहन नाले में गिरा था। उसे बाहर निकलवा लिया गया है।

रोडवेज बस न चलने से वसूल रहे मनमाना किराया

संवाद न्यूज एजेंसी

नाथनगर से बस्ती की दूरी 40 किमी, किराया 100 रुपये

हरिहरपुर। नाथनगर से बस्ती मुख्यालय के लिए रोडवेज बसों के न चलने से यात्री परेशान हैं। इस सड़क पर चलने वाले प्राइवेट वाहन यात्रियों से मनमाना किराया वसूल करते हैं। जिसके चलते लोग प्रतिदिन 40 किलोमीटर दूरी का 100 रुपये किराया देने को मजबूर हैं।

नाथनगर से बस्ती की दूरी कुल 40 किलोमीटर है। प्रतिदिन क्षेत्र के नाथनगर, महुली, हरिहरपुर और आसपास के गांवों के लोग बस्ती मुख्यालय के लिए सवारी गाड़ी से यात्रा करते हैं। इस सड़क पर रोडवेज बसों के न चलने से लोगों को यात्रा करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर चलने वाले टेंपो और जीप सवारियों को ठूंसकर बैठाने के साथ ही मनमाना किराया भी वसूल करते हैं। मजबूरी में लोग इन्हीं वाहनों के सहारे प्रतिदिन यात्रा करते हैं।

उमाशंकर शुक्ल, अनिल त्रिपाठी, विजय, रामाज्ञा यादव, प्रदीप, राज कुमार, मनीराम, विनय कुमार ने बताया कि इस सड़क पर रोडवेज बस न चलने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी होती है। मनामाना किराया भी वसूल करते हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस सड़क पर रोडवेज बसें चलती तो यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं होती। लोगों ने इस रूट पर रोडवेज बसों के संचालन की मांग की है।



ग्रामीणों ने चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

बखिरा। नगर पंचायत बखिरा के झुंगिया स्थित बुढ़िया माई मंदिर से चोरी हुए घंटे के साथ ग्रामीणों ने दो लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले के कार्रवाई करते हुए पकड़े गए दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

छोटेलाल निवासी झुंगिया ने बताया कि गांव में स्थित बुढ़िया माई के मंदिर में लगे घंटे को 20 अगस्त को कुछ अज्ञात लोग चुरा ले गए थे। सुबह मंदिर जाने पर घंटा गायब मिला। जानकारी व पूछताछ करने पर कुछ लोगो के साथ गांव के एक व्यक्ति शिवनाथ के घर जाकर पूछताछ करने पर शिवनाथ एक अन्य व्यक्ति के साथ घंटा चोरी की बात को स्वीकार करते हुए कस्बे में स्थित एक व्यक्ति को पीतल का घंटा एक हजार रुपये में बेचने की बात स्वीकार किया। ग्रामीणों ने दोनों चोरों को बखिरा पुलिस को सौंप दिया। संवाद

डीसीएम चालक पर दुर्घटना का केस

संतकबीरनगर। तीन दिन पूर्व दुर्गा मंदिर मगहर के पास डीसीएम की चपेट में आने से साइकिल संवार छात्र घायल हो गया गया। इस मामले में मंगलवार देर शाम पुलिस ने डीसीएम चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

रसूलाबाद निवासी रामकेश पुत्र रामरेखा ने बताया कि 19 अगस्त को सुबह नौ बजे उनका 15 वर्षीय बेटा अनुज साइकिल से मगहर कोचिंग पढ़ने गया था। बेटा कोचिंग से घर लौट रहा था। अभी दुर्गा मन्दिर के पास हनुमान मंदिर तक पहुंचा था।

उसी दौरान डीसीएम चालक तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक गलत साइड से वाहन चलाते हुए सामने से बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। बेटा आईसीयू में भर्ती है। संवाद

दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि आरोपी युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया था। आरोपी पर केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। संवाद

GONDA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

पशु तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

तरबगंज। एसपी अंकित मित्तल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पशु क्रूरता अधिनियम में के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है।

थाना तरबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पशु तस्करी के मामले में वांछित वसीम को गिरफ्तार किया है। बीते 19 अप्रैल को ग्राम गौहानी से पशुओं से लदा ट्रक पकड़ा गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। पुलिस ने बताया कि वसीम पुत्र मोबिन निवासी ग्राम मेहलौली थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद का रहने वाला है।

धानेपुर क्षेत्र का मामला, आरोपी बाप-बेटे ने रस्सी से गला कसकर युवक-युवती को मार डाला, दोनों पकड़े गए

युवक-युवती हाथ-पैर जोड़ते रहे, नहीं पसीजे कातिल

वीभत्स

■ प्रदीप तिवारी /रमेश पांडेय

गोण्डा/धानेपुर। गलती के लिए माफी मांगी और जान बख्शने के लिए बेरहम कातिलों के सामने हाथ जोड़े, पैर भी पकड़े लेकिन फिर भी उनका दिल नहीं पसीजा। युवक व युवती दोनों मिन्नतें करते रहे और आरोपी गले की फांस कसते गए। दोनों को मौत के घाट उतारने के बाद ही उनके कलेजे को ठंडक मिली। अपने गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए रात के अंधेरे में युवक के शव को ठिकाने लगा दिया और युवती के शव को अयोध्या ले जाकर दफना दिया। देरशाम पुलिस उसका शव बरामद कर लिया है।मामला सामने आने के बाद लोग सन्न रह गए।

मामला धानेपुर थाना क्षेत्र से संबंधित है। बताया जाता है कि रविवार रात युवक अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की के कमरे में पहुंच गया। कमरे में किसी के होने की आहट पाकर परिजन जाग गए। रात में लड़की के कमरे में पड़ोसी युवक के मौजूद होने की खबर से लड़की के परिजन आग बबूला हो गए।

पहले इंतजार किया फिर तोड़ने लगे दीवाल : लड़की के परिजनों की निगाह बेटी के कमरे पर टिकी रही। घंटों कमरे से बाहर आने का इंतजार किया, तब भी जब कोई बाहर नहीं निकला तो सब्र का बांध टूट गया। इसके बाद लोहे के सब्बल से दीवार तोड़कर उन्हें कमरे से बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। बताया जाता है कि जैसे ही युवती के भाई ने सब्बल से तावड़तोड़ दीवार पर वार किया तो दरवाजा खोलकर दोनों बाहर आ गए। युवक निकलकर भागने लगा लेकिन तभी बाप-बेटे ने उसे दबोच लिया।

पहले युवक फिर युवती को उतारा मौत के घाट: पकड़े जाने के बाद दोनों जान बख्शने की मिन्नतें करने लगे। सुबह मामला खुलने से बदनामी होने के डर से बाप-बेटे के आंखों में खून उतर आया। गुस्से से आग बबूला हुए बाप-बेटे ने पहले युवक और फिर बाद में युवती को रस्सी से गला कसकर मौत के घाट उतार दिया।

शातिर अंदाज में युवक के शव को लगाया ठिकाने : बाप-बेटे ने शातिराने अंदाज में युवक के शव को रविवार रात में ही ठिकाने लगा दिया। दोनों रात के अंधेरे में युवक के शव को एक खटोले पर लादकर गांव से बाहर घर से एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित एक गन्ने के खेत में फेंक आए और खटोला अपने गन्ने के खेत में ले जाकर छिपा दिया और घर आ गए।

सोमवार सुबह बेटी की बीमारी से मौत होने की फैलाई खबर: रविवार रात में दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद लड़की के परिजन सुबह रोने - चिल्लाने लगे। लड़की की बीमारी से मौत होने की झूठी खबर फैला दी और अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या लेकर रवाना हो गए। अयोध्या में अंतिम संस्कार कर चुपचाप घर लौट आए। वहीं गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।



युवक की हत्या के बाद रोते-बिलखते उसके परिजन।



अयोध्या में युवती की लाश के लिए खुदाई करता कर्मचारी।



धानेपुर क्षेत्र में गन्ने के खेत से चारपाई बरामद हुई।

युवक जा रहा था परदेस

बताया जाता युवक कमाने के लिए परदेस जा रहा था लेकिन मां के नाग पंचमी के त्योहार में घर पर मनाने की मनुहार पर रुक गया था। अब उसे मंगलवार को परदेस जाना था लेकिन दो दिन पहले रविवार को ही मौत के घाट उतार दिया गया। युवक की मां ने बताया ढाई महीने से उनका बेटा घर पर रह रहा था। कमाई के लिए परदेस जाने वाला था लेकिन त्योहार के कारण उन्होंने ही उसे रोक लिया था।

निशानदेही पर रस्सी-खटोला मिला

धानेपुर पुलिस ने आरोपी बाप-बेटे की निशानदेही पर गन्ना के खेत से खटोला व हत्या में प्रयोग की गई रस्सी बरामद कर लिया है। रविवार की रात में ही पूछताछ के दौरान दोहरे हत्याकाड की पुष्टि के बाद सोमवार को पुलिस बेटे को लेकर गाव गयी उसके निशानदेही पर गन्ना के खेत से खटोला बरामद कर लिया है।

अयोध्या में बरामद हुई युवती की लाश

एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस टीम ने युवती की लाश अयोध्या में बरामद कर ली है। बताया कि अयोध्या में ही युवती का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। दोहरे हत्याकाड की बात सामने आने के बाद से ही पुलिस दोनों लाशों की बरामदगी की मशक्कत में जुट गई थी। पहले गन्ने के खेत से युवक का शव बरामद किया। दूसरी ओर युवक का शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा दिया गया है। उसके परिजनों के मुंबई से न आने से मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

नौकरी के नाम पर 1.61 लाख की ठगी

उमरी बेगमगंज। पकवान गांव निवासी उमेश कुमार यादव से गोंडा में कार्यरत नरेंद्र कुमार शुक्ला जो अपने आप को कोर्ट का कर्मचारी बताता है उससे 1.61 लाख रूपए नौकरी दिलाने के नाम पर ठग लिए। उच्चाधिकारियों के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने नरेंद्र कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी सरिता शुक्ला निवासी गण रामपुर नहर किनारा निकट लखनऊ कैंट तथा नान्हू यादव निवासी आटा परसपुर के विरुद्ध अमानत में खयानत सहित धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

उमेश कुमार यादव के अनुसार नान्हू यादव उनका रिश्तेदार था उसी ने नौकरी दिलाने के नाम पर नरेंद्र कुमार शुक्ला से मुलाकात कराया था। नरेंद्र ने बताया कि अदालत में क्लर्क की जॉब निकली है उसमें 4 लाख रूपए देने से नियुक्ति मिल जाएगी। उसने धीरे धीरे कर करके 1.61 रूपए दे दिया परंतु दो साल तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर उसे टरकाया जाता रहा।

दो जगहों पर मारपीट में तीन लोग घायल, मुकदमा दर्ज

बवाल

खरगूपुर,संवाददाता। दो अलग-अलग स्थान पर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने दो महिला सहित छह लोगों के विरुद्ध हमला, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिंदूनगर बांकी के मजरा अमवा खोदाय नगर निवासी पवन तिवारी ने थाने पर दर्ज कराए गए प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ननके तिवारी,उनकी पत्नी पूजा देवी तथा मरवटिया गांव निवासी ब्रह्मदेव ने एक राय होकर लाठी डंडों से उसे व उसके भतीजे अंशु तिवारी पर हमलाकर दिया जिससे वे घायल हो गये। दूसरी घटना में चौरी परिहार निवासी अरुण सिंह ने थाने पर दर्ज कराए गये प्राथमिकी में कहा है कि गांव की आबादी की जमीन में छप्पर रखकर परिवार के साथ गुजर बसर कर रहा था। गांव के अजय सिंह व अतुल सिंह पुत्रगण दुखी सिंह,गीता सिंह पत्नी अजय सिंह ने उसका छप्पर युक्त मड़हा उजाड़ कर फेंक दिया। मना करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि अलग-अलग मामलों में दो महिला सहित छह लोगों के विरुद्ध हमला व जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया है।

आइसक्रीम विक्रेता से मारपीट का मामला दर्ज

करनैलगंज। गांव में आइसक्रीम बेचने गये व्यक्ति के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी व सामान तोड़ने की घटना में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोंचा कासिमपुर निवासी माधव गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने बरबटपुर साई तकिया निवासी शकील पुत्र मगनू के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी शकील ने आइसस्क्रीम खरीदी और पैसा मांगने पर मारपीट की।

कागजों में दम तोड़ रही नए थानों की आस

धनंजय तिवारी • गोंडा

अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए जिले में आठ वर्ष पूर्व चार नए थाने के स्थापना की कवायद शुरू हुई थी। नगर, डुमरियाडीह, गौरा व गांधी चबूतरा में थानों की स्थापना के लिए कार्ययोजना बनाई गई। राजस्व विभाग के साथ मिलकर पुलिस अधिकारियों ने भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी है। गौरा में नया थाना खोलने के लिए भूमि का चयन कर प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भेजा गया। वहीं, इटियाथोक व खरगूपुर के बीच गांधी चबूतरा में भी थाने की स्थापना का प्रस्ताव बना है। डुमरियाडीह व नगर में थाना खुलने का प्रस्ताव मानकों व फाइलों में गुम है। जिले की आबादी करीब 38 लाख हो गई है। वर्तमान में जिले में महिला थाना समेत 18 थाने संचालित हैं। जिले में औसतन चार नए थानों की स्थापना की जरूरत है। थानों की कमी से जनता ही पीड़ित नहीं बल्कि पुलिस कर्मियों को भी विभिन्न समस्याओं से



कार्यालय में जनसुनवाई करते एसपी अंकित मित्तल • सौ. पुलिस मीडिया सेल

जूझना पड़ता है। एक तरफ पीड़ितों को जहां लंबी दूरी तय कर थाना जाना पड़ता है, वहीं पुलिस कर्मियों को अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

नए थाना स्थापित करने के मानक: शासन ने नए थाने स्थापित करने के लिए मानक तय रखे हैं। नगरीय क्षेत्र में 50 हजार से अधिक की आबादी व ग्रामीण क्षेत्र में 75 से 90 हजार की आबादी पर नया थाना स्थापित किया जाएगा। नए थाने का क्षेत्रफल 292 वर्ग किलोमीटर तय किया गया। साथ ही क्षेत्र के अपराध का आंकड़ा भी एक मानक है।

भेजा गया है प्रस्ताव : एसपी अंकित मित्तल ने कहा कि गौरा में नया थाना स्थापित करने के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। मानक पूरा करने वाले स्थानों का चयन कर अगली कार्रवाई की जाएगी।

गैस एजेंसी में चोरी का प्रयास विफल

रुपईडीह। भारत गैस एजेंसी बाजार डीहा में सोमवार देर रात कुछ लोगों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया। जिस पर पालतू कुत्तों के शोर मचाने पर लोग जग गए और चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत पूरे बदल में संचालित गैस एजेंसी पर कुछ युवकों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया। जिस पर गैस एजेंसी पर स्थित पालतू कुत्तों ने उन्हें घेर लिया और भौंकने लगे। जिस पर गैस संचालक संजय पांडेय सहित सभी लोग जाग गए और उन्हें पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

दो दोषियों को हुई आठ माह की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट ने गोवध निवारण अधिनियम के अन्तर्गत दो अभियुक्तों को आठ माह की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के अनुसार जिला जौनपुर के थाना खुटहन अंतर्गत पटैला निवासी शाहिद अंसारी पुत्र सलाउद्दीन व कैदे पुत्र कल्लू के विरुद्ध थाना नवाबगंज गोंडा में गोवध निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया था।

पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद उक्त आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। दोनों अभियुक्तों को गोवध निवारण अधिनियम अंतर्गत दोषी करार देते हुए दोनों को आठ माह की कैद व आठ-आठ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

एसपी ने 45 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया

गोण्डा, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा सोमवार देर रात को जिले में फेरबदल की बड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें 45 उपनिरिक्षकों को इधर से उधर किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस लाइन में अब तक तैनात रहे 16 दारोगाओ को अलग-अलग स्थानों में तैनाती मिली है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेशों के तहत उपनिरीक्षक उदय नारायण तिवारी को चौकी प्रभारी न्यायालय से अंगुष्ठ छाप, रामाश्रय यादव को चौकी प्रभारी न्यायालय, उपनिरीक्षक अमरनाथ को पुलिस लाइन से नगर कोतवाली, मदन जी शुक्ला को वाचक अपर पुलिस अधीक्षक में तैनात किया गया है। इसके अलावा लाइन में तैनात एक दर्जन से अधिक दारोगाओ को

- 16 को अलग-अलग स्थानों में तैनाती मिली
- खोड़ारे थाने में तैनात चार को हटा दिया गया

जिले में विभिन्न थानों में तैनात किया गया है। खोड़ारे थाने में तैनात चार सब इंस्पेक्टर को हटा दिया गया है। यहां दरोगा रामधारी दिनकर व अखिलेश यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं थाने के दरोगा अमित यादव को करनैलगंज और ओम प्रकाश पासवान को मोतीगंज में तैनाती दी गई है। पुलिस लाइन से रमाशंकर यादव, कटरा बाजार से मायाराम, करनैलगंज थाने से अजय कुमार सिंह को खोड़ारे में तैनाती दी गई है।

नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

गोण्डा। पुलिस ने एक व्यक्ति को 120 नशे की गोलियां के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने बताया क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी रमेश पाण्डेय को राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी से फोरबिसगंज जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नशीली गोलिया बरामद किया गया।

दुष्कर्म के आरोपित समेत कई लोगों की जमानत अर्जी खारिज

संसू, गोंडा : एफटीसी प्रथम/ अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम पिकौरा बुजुर्ग थाना छपिया निवासी शत्रुघ्न मिश्र उर्फ विक्की मिश्र का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अनीता साहू ने बताया कि आरोपित ने 21 मई 2021 को बीएससी में पढ़ने वाली की एक बालिका को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। पीड़िता जीएनएम का कोर्स करने बाराबंकी गई तो वहां भी आरोपित ने पहुंच कर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपित के विरुद्ध थाना छपिया में मुकदमा कराया था।

प्रभारी सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ग्राम ग्राम बकसैला थाना उमरी बेगमगंज निवासी लालता प्रसाद धोबी, प्रमोद कुमार धोबी व सुनीता देवी का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। वहीं, न्यायालय ने अपहरण के आरोपी ग्राम भौंका कोतवाली कर्नलगंज निवासी यासीन का भी जमानत निरस्त कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बसंत शुक्ल ने बताया कि ग्राम बकसैला में 15 जून 2023 की रात में आरोपितों ने रास्ते के विवाद को लेकर गांव के ही सोनू धोबी व अन्य परिजनों के साथ मारपीट की थी, जिसमे सोनू की शिकायत पर आरोपितों के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में थाना उमरी बेगमगंज पुलिस ने मुकदमा किया था। उन्होंने बताया कि 18 मार्च 2020 को कोतवाली कर्नलगंज के एक गांव में खेत की ओर गई किशोरी वापस घर नही लौटी। काफी खोजबीन के बाद पीड़िता की मां ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान संलिप्तता मिलने पर आरोपी यासीन के विरुद्ध अपहरण, बंधक बनाने व अपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में मुकदमा हुआ था। पष्टम अपर सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने ग्राम बनघुसरा थाना खोड़ारे निवासी रमेश उर्फ इन्दु का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ल ने बताया कि एक जून 2023 को पुलिस ने आरोपी के पास से एक किलो 256 ग्राम चरस बरामद की थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा कर आरोपी को जेल भेज दिया था। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश डा अनामिका चौहान ने ग्राम रुधौली बुजुर्ग, थाना रेहरा बाजार जिला बलरामपुर निवासी राजकरन का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि 20 अप्रैल 2018 को आरोपी ने पीड़ित से रुपया लेकर जमीन का इकरारनामा लिखा, फिर 30 नवंबर 2021 को उसी जमीन का बैनामा अन्य को कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली नगर में आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूट रचना सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया था।

कार्यों का लिया जायजा-आर्यनगर: रुपईडीह एडीओ पंचायत प्रीतम कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत महादेवा कला व भवनियापुर उपाध्याय में विकास कार्यों का जायजा लिया। महादेवा कला के अशोक कुमार शुक्ल ने डीपीआरओ से अनियमितता की शिकायत की थी, जिसकी जांच भी की।

45 उप निरीक्षकों तबादला, तीन लाइन हाजिर

गोंडा : पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने 45 उप निरीक्षकों तबादला कर नई तैनाती दी है। खोड़ारे थाने में तैनात उप निरीक्षक रामधारी दिनकर व अखिलेश यादव, परसपुर में तैनात दारोगा राजन सिंह को लाइन हाजिर किया है। उपनिरीक्षक राम प्रकाश चंद्र को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक कर्नलगंज, खुश मुहम्मद खां को वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली देहात व प्रबोध कुमार को वरिष्ठ उप निरीक्षक मनकापुर बनाया गया है। उप निरीक्षक अवनीश शुक्ल को वजीरगंज, अरविंद कुमार सिंह को तरबगंज, राकेश कुमार व चंद्र प्रकाश सिंह को छपिया में तैनाती दी है। (संसू)

डा. भीमराव आंवेडकर की मूर्ति पर फेंका कीचड़

गोंडा : देहात कोतवाली के भदुआ तरहर कंचनवापुर गांव स्थित डा. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर सोमवार की देर शाम कुछ बच्चों ने कीचड़ फेंक दिया, इसको लेकर क्षेत्र में तनाव हो गया। पुलिस ने मूर्ति को साफ कराया। शांति व्यवस्था कायम है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि सोमवार की रात में सूचना मिली कि कुछ उपद्रवियों के डा. भीमराव आंबेडकर के साथ छेड़छाड़ किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम को वहां भेजा गया। एएसपी खुद वहां गए और पूरे प्रकरण की जानकारी ली। सोमवार को नागपंचमी थी। बच्चे गुड़िया पीट रहे थे। कुछ शरारती बच्चों ने मूर्ति पर कीचड़ फेंक दिया, इसको लेकर लोगों में तनाव हो गया था। मूर्ति को साफ करा दिया गया है। (संसू)

अभिलेख न मिलने पर सेवानिवृत्ति संग्रह लिपिक पर मुकदमा

संसू, मनकापुर (गोंडा) : किसान की बैंक में बंधक भूमि की नीलामी से संबंधित पत्रावली उच्च न्यायालय में तलब की गई है। तहसील व संग्रह कार्यालय में संबंधित पत्रावली के न मिलने पर सेवानिवृत्ति संग्रह लिपिक के खिलाफ मुकदमा कराया है।

तहसील संग्रह कार्यालय के लिपिक सुरेंद्र कुमार ने तहरीर दी है। कहा कि चौबेपुर के रहने वाले इकबाल हसन सिद्दीकी की भूमि बैंक में कर्ज के रूप में बंधक थी। तहसील प्रशासन ने गत 30 जनवरी को उसके भूमि की नीलामी कराई थी। इकबाल हसन सिद्दीकी ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। उच्च न्यायालय ने नीलामी से संबंधित पत्रावली प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। नीलामी की पत्रावली की खोजबीन संग्रह अनुभाग के लेखागार व तहसील के अन्य कार्यालय में की गई, लेकिन अभिलेख नहीं मिला। बस्ती जिला थाना अमोढ़ा के धुरदा गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त संग्रह लिपिक प्रहलाद वर्मा के खिलाफ मुकदमा कराया गया है। वह उस समय संग्रह कार्यालय में कार्यरत थे। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

मारना है तो दोनों को मार दो, एक को नहीं

सतीश को मौत के घाट उतार रहे पिता व भाई से हाथ जोड़कर बोली थी आरती

चार पर आरोप मगर दो पर ही केस

विष्णु प्रताप मिश्र

मुजेहना (गोंडा)। मेहनौन गांव में बीते रविवार को प्रेमी के शव पकड़े जाने पर आरती ने पिता और भाई से काफी अनुनय विनय की। पिता व भाई उसके प्रेमी सतीश कुमार चौरसिया की पिटाई करने लगे तो रहा न गया तो वह रो पड़ी। आरती ने हाथ जोड़कर कहा- मैं सतीश के साथ ही जीना और मरना चाहती हूं। इसीलिए मारना है तो दोनों को मार दो, एक को नहीं। इस पर भी आरती के पिता कृपाराम चौरसिया व भाई रामधारम चौरसिया का दिल नहीं पसीजा। दोनों बेरहमी से लातों-घूंसों की बौछार करते रहे। आवेश इस कदर चढ़ा कि रस्सी से गला ही कस दिया। कुछ क्षण छटपटाने के बाद सतीश ने दम तोड़ दिया। ये साक्ष्य आरती के भाई व दोहरे हत्याकांड के आरोपी राघवराम चौरसिया ने पुलिस की पूछताछ में बयान किए हैं।

हत्या आरोपी भाई ने पुलिस के सामने बयां की वारदात वाली रात की पूरी कहानी

पुलिस का दावा है कि आरती के पिता व भाई ने जुर्म कुबूल कर लिया है। बावजूद कि सतीश की हत्या करने के बाद उन दोनों ने तैश में आरती की भी हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस से बचने की जुगत करने लगे। सतीश का शव चारपाई पर लेकर निकले और खेत के बाहर गन्ने के खेत में छिपा दिया। जिस रस्सी से गला कसा था उसे भी वहीं छोड़ आए और चारपाई भी। इसके बाद सोमवार भोर ही आरती का शव ठिकाने लगाने के लिए परिवार के लोग अयोध्या चले गए। इसमें भी गांव में चर्चाएं होने लगीं थीं।

दोहरे हत्याकांड के आरोपी पिता व भाई ने पुलिस से यह भी कहा कि उन्हें अनुमान हो गया था कि वह बच नहीं पाएंगे। पुलिस की माने तो दोनों खुद ही पूरी वारदात की जिम्मेदारी ले रहे हैं। साथ ही हत्या और साक्ष्य मिटाने के अपराध को स्वीकार भी कर लिया। जबकि



मेहनौन गांव में सतीश चौरसिया की हत्या के बाद गन्ने के खेत में मिली चारपाई ले जाती पुलिस। जागरण

डीएम की अनुमति पर निकाला गया युवती का शव

आरती का शव अयोध्या से लाकर उसके पिता व भाई ने घर में दफन किया था। इसकी जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष ने डीएम से अनुमति तलब की। फिर पुलिस टीम संग अपराह्न गए। वहां के अधिकारियों से बात करके कालू के टीले में दफन आरती का शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

सतीश की मां को कृपाराम पर पहले से ही शक था

धानेपुर थाने में सोमवार को सतीश की गुमशुदगी की सूचना उसकी मां प्रभावती ने दी थी। सूरआती जांचलीन में ही पुलिस को पता चला कि सतीश का आरती के घर आना-जाना है। सोमवार को आरती भी घर में नजर नहीं दिखी। पुलिस ने जब आरती के पिता कृपाराम से पूछताछ की तो दोहरे हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा हुआ। जिसके बाद एएसपी शिवराज व सीओ शिल्पा वर्मा भी वहां पहुंचीं और पूछताछ कर एसपी को पूरे मामले से अवगत कराया।

दोनों हत्यारोपियों ने कुबूल किया जुर्म

> सतीश कुमार चौरसिया की मां प्रभावती ने पुलिस को सूचना दी थी। आरोपित जांच में सतीश के लापता होने के साथ ही आरती चौरसिया की मृत्यु और अचानक अंतिम संस्कार किये जाने का सूत्रण लगा। गहनता से तफ्तीश करने पर दोहरे हत्याकांड का खुलासा हुआ। युवती के पिता व भाई को हिरासत में लेकर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने कत्ल के जुर्म का इकबाल कर लिया।
>
> – अंकित मित्तल, पुलिस अधीक्षक

मुजेहना (गोंडा)। मेहनौन गांव में सतीश की हत्या से उसके परिवार में कोहराम मचा है। मां प्रभावती का रो-रोकर बुरा हाल है। उसके परिजन और रिश्तेदार गम के साथ ही गुस्से में दिखे।।

सतीश की मां प्रभावती का कहना है कि आरती के पिता कृपाराम चौरसिया व भाई रामधारम चौरसिया के साथ ही उसके चाचा आशाराम और उसके बेटे विकास चौरसिया भी इस हत्याकांड में शामिल हैं। उसने चारों को आरोपित करते हुए तहरीर भी दी मगर पुर्व में उसने सतीश के लापता होने की सूचना दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी।

गुमशुदगी की जांच में खुलासे के बाद केस में हत्या की धारा तरमीम कर दी। आरती के पिता व भाई ने जुर्म कुबूल कर लिया है। इससे आरती के चाचा आशाराम और उसके बेटे विकास चौरसिया को राहत मिली है। मगर सतीश की मां प्रभावती अभी भी मामले में आशाराम व विकास चौरसिया को आरोपित किए जाने की मांग कर रही है।

प्रभावती का आरोप है कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है, उसमें सिर्फ दो लोग ही शामिल नहीं हो सकते। प्रभावती ने सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायत करने की बात कही है। (संवाद)



सतीश चौरसिया की हत्या के बाद बिलखती मां व अन्य। संवाद

घर में ताला लगाकर भागे हत्यारोपियों के परिजन

मुजेहना (गोंडा)। दोहरे हत्याकांड के खुलासे व आरती के पिता व भाई की गिरफ्तारी से मेहनौन गांव के लोग सन्न रह गए। आरती के अन्य परिजन घर में ताला लगाकर भाग गए हैं। पूरे गांव में इसी वारदात की ही चर्चा हो रही है। वहीं, सतीश की हत्या की सूचना मिलने पर उसके पिता विंदेश्वरी प्रसाद चौरसिया पुणे से गांव के लिए ट्रेन से निकल पड़े हैं। गांव के लोगों के मुताबिक विंदेश्वरी प्रसाद मुंबई में निजी बैंक में नौकरी करते हैं। सोमवार रात उन्हें फोन पर सूचना मिलते ही वह फफक पड़े। रिश्तेदार मोबाइल पर उनसे संपर्क बनाए हुए है। (संवाद)



मेहनौन गांव में आरती चौरसिया के घर पसरा सन्नाटा। संवाद

मारपीट में तीन चोटिल, छह पर केस

खरगूपुर (गोंडा)। क्षेत्र में मारपीट की घटनाओं में तीन लोगों को चोटें आई हैं। अमवा खोदायनगर निवासी पवन तिवारी की शिकायत के मुताबिक रंजिश को लेकर गांव के ननके तिवारी, उनकी पत्नी पूजा तथा मरवटिया गांव निवासी ब्रह्मदेव ने उसे व उसके भतीजे अंशु को लाठी से पीट दिया। दूसरी ओर चौरी परिहार निवासी अरुण सिंह ने तहरीर देकर कहा कि आबादी की जमीन में छप्पर रखकर गुजर-बसर कर रहा था। सोमवार रात गांव के अजय सिंह, उसकी पत्नी गीता व अतुल ने छप्पर उजाड़ दिया। मना करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में दो महिला सहित छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

आइसक्रीम के पैसे मांगने पर पीटा

करनैलगंज (गोंडा)। क्षेत्र के कोंचा कासिमपुर निवासी माधव गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम बरबटपुर साईं तकिया निवासी शकील के विरुद्ध केस दर्ज किया है। आरोप है कि माधव रविवार को बाइक से आइसक्रीम बेचने बरबटपुर गया था। जहां शकील ने आइसक्रीम ले ली। पैसे मांगने पर वह माधव को पीटने लगा। बाइक सहित चांदी की चेन व लाउडस्पीकर तोड़ डाला। निरीक्षक अपराध गोविंद ने बताया कि कार्रवाई शुरू की गई है। (संवाद)

तीन उपनिरीक्षक लाइन हाजिर, 42 का तबादला

करनैलगंज, मनकापुर और देहात कोतवाली को मिले वरिष्ठ उपनिरीक्षक, पुलिस लाइन से 16 उपनिरीक्षकों को थाने में मिली तैनाती

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। तीन सब इंस्पेक्टर को ड्यूटी में शिथिलता बरतने पर लाइन हाजिर किया गया है। साथ ही 42 सब इंस्पेक्टर की तैनाती में फेरबदल किया गया है।

एसपी अंकित मित्तल ने सोमवार देर रात विभिन्न थानों पर तैनात 45 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर खोड़ारे थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर रामधारी दिनकर व अखिलेश यादव और परसपुर थाने में तैनात राजन सिंह को लाइन हाजिर किया गया है। राम प्रकाश चंद्र को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली करनैलगंज, खुश मोहम्मद खान को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक देहात कोतवाली व प्रमोद कुमार को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना मनकापुर बनाया गया है। उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ल देहात कोतवाली से वजीरगंज, अरविंद कुमार सिंह देहात कोतवाली से तरबगंज, राकेश कुमार इटियाथोक से छपिया, चंद्रशेखर प्रकाश सिंह इटियाथोक से छपिया, रणविजय सिंह इटियाथोक से करनैलगंज, रमाशंकर दुबे इटियाथोक से महिला थाना व बीरबल इटियाथोक से वजीरगंज थाने भेजे गए हैं।

पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, ड्यूटी में शिथिलता पर पुलिस अधीक्षक सख्त

उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह महिला थाना से खरगूपुर, दूधनाथ चतुर्वेदी खरगूपुर से नवाबगंज, राम प्रसाद सिंह खरगूपुर से कोतवाली नगर, बलराम सिंह मनकापुर से इटियाथोक, उमेश कुमार मोतीगंज से मनकापुर, सुनील कुमार रावत मोतीगंज से इटियाथोक, पशुपति नाथ तिवारी धानेपुर से इटियाथोक व शशि भूषण सिंह धानेपुर से इटियाथोक थाने भेजे गए हैं।

उपनिरीक्षक अमित यादव खोड़ारे से करनैलगंज, ओमप्रकाश पासवान खोड़ारे से मोतीगंज, बृजेश कुमार छपिया से वजीरगंज, अजय कुमार सिंह करनैलगंज से खोड़ारे, नीरज कुमार कटरा बाजार से मोतीगंज, मायाराम कटरा बाजार से खोड़ारे व सुनील कुमार परसपुर से कटरा बाजार थाने में तैनात किए गए हैं।

उपनिरीक्षक नेबूलाल राणा पुलिस लाइन से धानेपुर, प्रशांत शुक्ल पुलिस लाइन से करनैलगंज, पेशकार यादव पुलिस लाइन से कटराबाजार, मानिक राज सिंह यादव पुलिस लाइन से मोतीगंज, शैलेश राय पुलिस लाइन से छपिया, विनोद चंद्र जायसवाल पुलिस लाइन से नगर कोतवाली, रमाशंकर यादव पुलिस लाइन से खोड़ारे, संजीव कुमार राय पुलिस लाइन से कौड़िया, मानिकचंद राम पुलिस लाइन से कटरा बाजार, प्रमोद कुमार सिंह पुलिस लाइन से कटरा बाजार, संतोष कुमार सिंह पुलिस लाइन से कटरा बाजार, अमरनाथ पुलिस लाइन से कोतवाली नगर, स्वामीनाथ सिंह पुलिस लाइन से तरबगंज व जय हिंद न्यायालय सुरक्षा से थाना तरबगंज भेजे गए हैं।

तीन दिन पहले चौकी प्रभारी न्यायालय बनाए गए उदय नारायण तिवारी को हटाकर अंगुष्ठ छाप प्रकोष्ठ में तैनात किया गया है। उनके स्थान पर डीसीआरबी के उपनिरीक्षक राम आश्रय यादव को चौकी प्रभारी न्यायालय बनाया गया है। उपनिरीक्षक मदन जी शुक्ल को आयोग सेल से अपर पुलिस अधीक्षक का वाचक बनाया गया है।

अंबेडकर प्रतिमा पर कीचड़ से तनाव

गोंडा। देहात कोतवाली क्षेत्र के भदुआ तरहर गांव में सोमवार शाम शरारती तत्व ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर कीचड़ फेंक दिया। इससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। सूचना पर एएसपी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

एएसपी शिवराज ने बताया कि जांच में पता चला कि बच्चे खेल खेल में एक-दूसरे पर कीचड़ फेंक रहे थे। तभी कीचड़ की छींटें प्रतिमा पर जा गिरीं। प्रतिमा की सफाई कराने के साथ ही गांव में एहतियात पुलिस तैनात कर दी गई है। (संवाद)

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज़ एजेंसी

गोंडा। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अनीता साहू ने बताया कि छपिया इलाके की एक युवती ने थाने में तहरीर दी थी। कहा था कि साल 2021 में वह बभनान के एक कॉलेज में पढ़ती थी।

तभी ग्राम पिकौरा बुजुर्ग निवासी शत्रुघ्न मिश्र उर्फ विक्की ने फोन पर बात कर उससे शादी की इच्छा व्यक्त की थी। 21 मई 2021 व 14 जुलाई 2023 को शादी का झांसा देकर उसने दुष्कर्म किया। बाद में अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरु की। सुनवाई के दौरान अपराध की गंभीरता देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम नम्रता अग्रवाल ने शत्रुघ्न मिश्र का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

दो तस्करों को नहीं मिली जमानत

गोंडा। चरस व नशीली गोली के अवैध कारोबार में लिप्त दो तस्करों की जमानत न्यायालय ने निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) अनुपम शुक्ल ने बताया कि खोंड़ारे पुलिस ने 21 जून 2023 को बनघुसरा निवासी रमेश उर्फ इंटू को एक किलो 256 ग्राम चरस और कोतवाली नगर पुलिस ने 21 जुलाई 2023 को तोपखाना शास्त्रीनगर निवासी कदीर को 240 गोली अलप्राजोलम के साथ गिरफ्तार किया था। सुनवाई के दौरान अपराध की गंभीरता देखते हुए विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) राजबहादुर रामदेव यादव ने रमेश व कदीर का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। कूटरचित दस्तावेज से मृतक के नाम पर जमीन का फर्जी बैनामा करने के आरोपी की जमानत याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि इटियाथोक के ग्राम विरमापुर निवासी विनोद कुमार ने कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया था। इसमें कहा कि 24 अप्रैल 2018 को ग्राम समदा निवासी ननकी उर्फ सुशीला से कोतवाली नगर के रानीजोत की एक जमीन खरीदने का एक लाख रुपये में इकरारनामा पंजीकृत कराया था। 30 नवंबर 2021 को उसने बैनामा भी कर दिया। मगर धानेपुर के ग्राम बरईपारा के मजरे नरसिंहडीह निवासी बृजेश कुमार ने साजिशन धोखा देकर 26 फरवरी 2020 को बृजेश के पक्ष में इकरारनामा लिखा लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरु की तो पता चला कि बलरामपपुर में रेहरा बाजार थाने के ग्राम रुधौली बुजुर्ग निवासी राजकरन ने मृतक रामसुफल के फर्जी आधार कार्ड के आधार पर खुद को रामसुफल बताते हुए फर्जी बैनामा किया है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ डॉ. अनामिका चौहान ने राजकरन का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

लम्बित विवेचनाओं का समय पर करें निस्तारण

बलरामपुर। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने जवानों के साथ मंगलवार को बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी केशव कुमार ने कहा कि लंबित विवेचना का समय से निस्तारण कर आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष दाखिल करें, ताकि दोषी को सजा दिलाई जा सके। विवेचना को किसी दशा में लंबित न रखें।

एएसपी ने पुलिस लाइन परेड का किया निरीक्षण

बलरामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने मंगलवार को परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता नहीं होनी चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में डग्गामार वाहनों के सहारे यात्री

श्रीदत्तगंज। क्षेत्र के प्रमुख बाजार श्रीदत्तगंज में रोडवेज बस स्टाप न होने से स्थानीय लोग डग्गामार वाहनों के सहारे हैं। बाजार में पुलिस चौकी, डाकघर, बैंक, परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, बालिका इंटर कालेज, पशु चिकित्सालय, ब्लाक कार्यालय सहित तमाम सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठान हैं। लोगों ने स्थानीय बाजार में सरकारी बसों के ठहराव व बस अड्डा बनवाने की मांग की है।

योजनाओं की जानकारी दें:एसपी

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार की देखरेख में मंगलवार को कवच के तहत अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने लोगों को कवच के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। थाना पचपेड़वा में चलाए जा रहे अभियान मे अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने कहा कि पुलिस टीम चौपाल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं को बताएं। उनकी समस्याओं पर चर्चा करें। गांव में अपराधिक किस्म अराजक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए। मानव तस्करी को रोकने के लिए गांव के लोग सूचना मिलते ही पुलिस को जानकारी दें।

दहेज हत्या के अभियुक्त जेल भेजे गए

उतरौला, संवाददाता। दहेज हत्या के नामजद अभियुक्तों को मंगलवार दोपहर जेल भेजने के बाद तीसरे दिन शहनाज की अन्त्येष्टि की गई। घटना उतरौला कोतवाली क्षेत्र के इमिलिया बकसरिया गांव का है। आरोप है कि शनिवार को ससुरालीजनों ने विवाहिता शहनाज को बुरी तरह पीटा था। बहराइच जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ मौजूद पुलिस टीम।

इमिलिया बकसरिया निवासी मोहम्मद सलीम के मुताबिक उनकी भतीजी शहनाज की शादी गांव के ही अशरफ के साथ तीन साल पहले हुई थी। ससुरालीजन दहेज के रूप में मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। न देने पर उसे शनिवार को पति अशरफ, ससुर असलम, सास, ननद व देवर आदि ने मिलकर बुरी तरह मारा पीटा था। उसका गला घोंट दिया गया था। इलाज के लिए बहराइच ले गए, जहां जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई। शव को रविवार को इमिलिया बकसरिया लाया गया। तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया गया। शहनाज के संबन्धियों को संदेह था कि पुलिस आरोपितों को जेल नहीं भेजेगी। मांग की गई कि अभियुक्तों को जेल भेजने के बाद ही शहनाज की अन्त्येष्टि की जाएगी। निरीक्षक आलोक कुमार सिंह के मुताबिक सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद शहनाज की अन्त्येष्टि कर दी गई।

अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें महिलाएं

बलरामपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को सादुल्लाहनगर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत किया। कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर हेल्पलाइन नंबर से सहयोग लें। मनचलों का डटकर मुकाबला करें। पुलिस आपके साथ है। (संवाद)

छत पर तेंदुआ देख सहम गए ग्रामीण

संवादसूत्र, हरैया सतघरवा (बलरामपुर) : सोहेलवा जंगल से सटे धन्नीडीह गांव में तेंदुए की आमद बनी रहती है। सोमवार रात छेदी राम के पक्के मकान की छत पर एक तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। तेंदुआ देख अफरा-तफरी मच गई। घर से बाहर निकलकर शोर मचाया। ग्रामीण राहुल मणि त्रिपाठी, जटाशंकर, ओंकारनाथ, मिश्रीलाल, सुभाष, विनय कुमार व विश्वनाथ ने मिलकर हांक लगाकर तेंदुए के छेदी के घर से खदेड़ा।

गांव के तुलाराम ने बताया कि गाय व बछिया पशुशाला में बंधी थी। तेंदुए ने रविवार रात बछिया को निवाला बनाया था। बछिया के अवशेष झाड़ी में मंगलवार सुबह मिले थे। बनकटवा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी कोटेश त्यागी ने बताया कि तेंदुआ जंगल से निकलकर भोजन की तलाश में गया होगा। गांव वालों को सतर्क रहें। मौके पर वन विभाग की टीम भेजी जा रही है, जो तेंदुए से बचाव का तरीका बताएगी।

17 लीटर कच्ची शराब वरामद, एक गिरफ्तार

हरैया सतघरवा : 17 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को हरैया थाना की पुलिस ने दबोच लिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर मोतीपुर खुर्द निवासी ननकने को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

नयोगाभ्यास से तनाव रहेगा दूर, वनेंगे सेहतमंद

बलरामपुर : नियमित योगाभ्यास से सेहतमंद रहेंगे। योग से शरीर की बीमारियां दूर हो जाती हैं। योग विशेषज्ञ डा. अमरजीत ने बताया कि शरीर को पुरानी भारतीय योग क्रियाएं पूर्ण आराम देती हैं। योग क्रियाओं से नींद अच्छी आएगी। थकावट दूर होगी। तनाव से मुक्ति मिलेगी। (संसू)

वारंटी को भेजा जेल

तुलसीपुर : फारेस्ट एक्ट के वारंटी को थाना तुलसीपुर की पुलिस ने जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कोतवाली जरवा क्े रतनुपर झिंगहा निवासी फारेस्ट एक्ट के वारंटी नियाज अहमद को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

आरोपितों को जेल भेजने के बाद दफनाया गया शहनाज का शव

- इमिलिया बक्सरिया गांव में शहनाज की मौत का मामला
- दोपहर करीब तीन बजे शहनाज का शव किया गया दफन

संवादसूत्र, उतरौला (बलरामपुर) : इमिलिया बक्सरिया गांव में विवाहिता शहनाज की मौत मामले में आरोपितों को जेल भेजने की मांग को लेकर दो दिन पुलिस व स्वजन के बीच रस्साकशी चलती रही। शव को दफनाने के लिए पुलिस की तमाम कोशिश बेकार साबित हुई। अंततः आरोपितों को जेल भेजने के बाद ही स्वजन ने शव को दफन किया।

इमिलिया बक्सरिया गांव के मोहम्मद उमर की पुत्री शहनाज की शादी गांव के ही अशरफ पुत्र असलम के साथ हुई थी। मृतका के चाचा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि बीते शनिवार को ससुरालीजन ने भतीजी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु बहराइच मेडिकल कालेज में हो गई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शहनाज को कई चोट आने की पुष्टि होने के बाद भी पुलिस ने आरोपित ससुरालीजन को जेल नहीं भेजा था। इससे नाराज मृतका के स्वजन ने शव दफन करने से इन्कार कर दिया था। वहीं पुलिस शव को दफनाने के बाद आरोपितों को जेल भेजने की बात पर अड़ी थी।

पुलिस बिना आरोपितों को जेल भेजे ही शव को दफन कराने की तमाम कोशिश करती रही, लेकिन स्वजन अपनी मांग पर अड़े रहे । कुछ ग्रामीण कोतवाली में बैठकर आरोपितों के जेल भेजे जाने का इंतजार कर रहे थे। अंततः पुलिस ने मंगलवार दोपहर 12 बजे आरोपितों का चालान कर जेल भेज दिया। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे शहनाज का शव दफन कर दिया गया।

तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत

संवाद न्यूज एजेंसी

वन विभाग से तेंदुए को पकड़ कर जंगल में छोड़ने की मांग

हरैया सतघरवा (बलरामपुर)। स्थानीय विकास खंड के धन्नीडीह गांव में सोमवार की रात तेंदुए ने बछड़े को अपना निवाला बना लिया। तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। उन्होंने वन विभाग से तेंदुए को पकड़वाकर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है।

ग्रामवासी तुलाराम ने बताया कि सोमवार की रात उनके पशुशाला में बंधे बछड़े को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया। इसके बाद वह छेदीराम के छत पर जाकर बैठ गया। ग्रामीणों ने हांका लगाकर तेंदुए को जंगल की तरफ खदेड़ा। ग्रामीण माता प्रसाद, पुजारी वर्मा, जटाशंकर, ओंकार नाथ, मिश्रीलाल, विनय कुमार व विश्वनाथ आदि ने बताया कि आए दिन तेंदुआ गांव में मवेशियों को अपना निवाला बना लेता है। उसके हमले को लेकर ग्रामीण दहशत में हैं।

उन्होंने डीएफओ से तेंदुए को पकड़वाकर जंगल में छोड़ने की मांग की है। इस संबंध में बनकटवा रेंज के रेंजर सत्रोहन लाल ने बताया कि गांव में टीम भेजी गई है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद दफनाया मृतका का शव

उतरौला(बलरामपुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के इमिलिया बकसरिया गांव में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को परिजनों ने मृतका का शव दफना कर दिया। पुलिस ने नामजद पांचों अरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शनिवार की रात इमिलिया बकसरिया गांव में विवाहिता शहनाज (24) की ससुरालीजनों पर मारपीट करके हत्या करने का आरोप परिजनों ने लगाया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर परिजनों ने मृतका का शव दफन नहीं किया। परिजनों की मांग थी कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए तभी शव दफन किया जाएगा। मंगलवार को निरीक्षक आलोक कुमार सिंह की टीम ने घटना में नामजद पति अशरफ, ससुर असलम, देवर अकरम, ननद शहनाज व सास मम्मन उर्फ जहरून्निशा को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

बलरामपुर। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक, पुलिस भोजनालय तथा पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह व प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम आदि मौजूद रहे। (संवाद)

शांतिभंग की आशंका में चालान

बलरामपुर। ललिया थाने की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि पकड़े गए लोगों को न्यायालय भेज दिया गया है। (संवाद)

अपराधी गिरफ्तार

बलरामपुर। जरवा कोतवाली की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक रमापति यादव ने बताया कि पकड़े गए वारंटी की पहचान नियाज अहमद निवासी ग्राम रतनपुर झिंगहा के रूप में हुई है। पकड़े गए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

हिन्दु

दो बोरी नेपाली डली संग तस्कर को पकड़ा

बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि सोमवार शाम को भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी के जवान गश्त कर रहे थे। जवान सीमा के पिलर संख्या 650/26 के पास पहुंचे। तभी नेपाल से बोरी लादकर एक साइकिल सवार भारतीय सीमा में आता दिखा। एसएसबी जवानों को देखकर व्यक्ति साइकिल छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दो बोरी से 70 किलो नेपाली डली बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम इरशाद राई पुत्र सज्जत राई जमुनहा थाना रुपईडीहा बताया। कार्यवाहक कमांडेंट पार्थ सारथी राय ने बताया कि बरामद सुपारी और साइकिल को कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है।

हिन्दुस्त

सरकारी खड़ंजा उखाड़कर बरजोर ने बनवा लिया मकान

बहराइच, संवाददाता। नानपारा तहसील क्षेत्र के कस्बातीपुरवा गांव में सरकारी खड़ंजा उजाड़कर बरजोर ने मकान खडा कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग ने लेखपाल के सह पर खड़ंजा उजाड़कर रास्ते पर कब्जा कर लिया है। इससे आवागमन ठप हो गया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की। उन्होंने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहबतिया के कस्बातीपुरवा गांव निवासी मनोज कुमार, अखिलेश कुमार, राम किशुन, राम मनोहर और बहाऊ आदि ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान की ओर पगडंडी पर खड़ंजा का निर्माण करवाया गया था। जिससे गांव के लोगों का आवागमन होता था, लेकिन गांव निवासी एक व्यक्ति ने लेखपाल से मिलकर खड़ंजा को गलत साबित करवा दिया। जिसके बाद जून में खड़ंजा उजड़वा दिया गया। अब उसी जगह पर एक व्यक्ति ने मकान बनवाकर कब्जा कर लिया। जिससे गांव के लोगों का आवागमन बंद हो गया है। एसडीएम नानपारा, कोतवाली और खैरीघाट थाने की पुलिस से शिकायत की गई। डीएम ने एसडीएम को कब्जा हटवा रास्ता खोलवाने के निर्देश दिए हैं।

नेपाल के प्रधानमंत्री को विरोधियों ने दिखाए काले झंडे

रुपईडीहा, संवाददाता। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड सोमवार को कर्णाली प्रदेश स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि नेपालगंज पहुंचे थे। कार्यक्रम समापन के बाद वह कोहलपुर जा रहे थे। रास्ते में क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थकों ने उन्हें काला झंडा दिखाया। हरकत में आई पुलिस ने चार लोग को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद चारों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



नेपाल पीएम से शिष्टाचार भेंट करते नेपाल व्यापार संघ के अध्यक्ष।

नेपाल सरकार ने हाल ही में अमेरिका की मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन एजेंसी से करार किया है। यह एजेंसी विकाससील देशों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें गरीबी से लड़ने में मदद करती है। चीन के विरोध के बावजूद नेपाली संसद ने एमसीसी को मंजूरी दी है। इसीलिए चीन समर्थित नेपाली क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी व उनके समर्थक लगातार विरोध कर रहे हैं। सोमवार को कर्णाली प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम में नेपालगंज पहुंचे पीएम पुष्प कमल दहाज प्रचंड का कप्युनिस्ट समर्थकों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस के सक्रिय होने से वह सफल नहीं हुए।

कार्यक्रम से लौटते समय वह शाम को कोहलपुर जा रहे थे। रास्ते में समर्थकों ने उन्हें काले झंडे दिखाए। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल बांके के जिला इंचार्ज दीपक शाही ने बताया की यदि हमारे चारों कार्यकर्ताओं को नहीं छोड़ा गया तो पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

पीएम से मिले उद्योग संघ अध्यक्ष

रुपईडीहा। नेपालगंज उद्योग वाणिज्य संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष टंक बहादुर धामी ने सोमवार को नेपालगंज आये नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड से शिष्टाचार भेंट की। धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री के समक्ष नेपालगंज के खस्ताहाल व्यावसायिक क्षेत्र, बार्डर पर अवैध तस्करी, नेपालगंज कस्टम समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों को रखा है। उन्होंने समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया है।

तीन जुआरी रंगे हाथों गिरफ्तार

बलहा। नानपारा कोतवाली के दरोगा रविन्द्र राव ने पुलिस बल के साथ कस्बे में दबिश दी। जुआ खेल रहे अनीस, रियाज, सलीम को गिरफ्तार किया। फड़ व तलाशी में 840 रुपये व ताश की गड्डी बरामद की गई हैं। जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

मारपीट मामले में चार को नामजद कर केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के नीबिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने तौफीक पुत्र इकबाल पर हमला कर मारपीट की। घायल को कोतवाली लाए जाने पर मेडिकल को भेज दिया गया। पुलिस ने लईक सहित चार को नामजद कर मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

70 किलो सुपारी के साथ तस्कर को दबोचा

रुपईडीहा। नेपालगंज से तस्करी कर दो बारियों में लाई जा रही 70 किलो सुपारी एससबी ने पकड़ी है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि सीमा स्तम्भ संख्या 650/26 के पास से नेपाली युवक इरसाद राई को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 70 किलो सुपारी बरामद हुई है। तस्कर को कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क कार्यालय रूपईडीहा को सौंप दिया गया है।

हिन्दुस्त

डिप्टी सीएम ने वायरल वीडियो का लिया संज्ञान

जांच रिपोर्ट तलब

बहराइच, संवाददाता। मेडिकल कॉलेज का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी संज्ञान लिया है। पांच सदस्यीय टीम की जांच रिपोर्ट को तलब किया है। यह जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय खत्री ने बताया कि वीडियो में दर्शाए गए मामले की जांच हो रही है। पांच सदस्यीय टीम पूरे प्रकरण की बिंदुवार जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शासन को रिपोर्ट भेजेंगे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग सुनियोजित तरीके से मेडिकल कॉलेज को बदनाम करने की कोशिश कर रहे है। वायरल वीडियो के डिप्टी सीएम के संज्ञान लेने पर कहा कि शासन स्तर पर जांच रिपोर्ट भेजी जाएगी।

हिन्दुस्त

जालसाजी: बैंकमित्र से 15.96 लाख की ठगी

बहराइच, संवाददाता। ऑनलाइन कारोबार के झांसे में फंसे बैंकमित्र से जालसाजों ने 15.96 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पहले दो दिन मुनाफा कराने के कबाद जालसाज बैंकमित्र को झांसे में लेने में सफल रहे। पीड़ित की तहरीर पर कैसरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर एक ग्राम पंचायत के मजरा बभनपुरवा गांव निवासी अरविंद कुमार शर्मा पुत्र बृजेंद्र कुमार बैंक मित्र हैं। वह इंडियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र गांव में ही चलाते हैं। कोतवाली में तहरीर देकर अरविंद ने कहा है कि उनके नंबर पर एक व्यक्ति ने फोन कर रोजगार देने का झांसा दिया। जिस पर उन्हें घर बैठे पहले दिन 999 रुपये और दूसरे दिन तीन हजार रुपये उनके खाते में भेज गए।

- जालसाजों ने ऑनलाइन कारोबार का हवाला देकर जाल में फंसाया
- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया केस, कर रही जांच

इसके बाद उनका खाता बंद होने और धन कई गुना करने के लालच में 2.32 लाख जमा करने पर तीन लाख मिलने का लालच दिया गया। अगस्त के पहले सप्ताह में 15.96 लाख रुपये संबंधित के खाते में जमा कर दिया। इसके बाद न फोन आया और न ही मोबाइल खुला। काफी प्रयास के बाद बैंक मित्र ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

डिप्टी सीएम ने पीआरडी जवान व छात्र की पिटाई का लिया संज्ञान

जागरण संवाददाता, बहराइच: राजकीय मेडिकल कालेज में पीआरडी जवान और दो अन्य की पिटाई के मामले को 'दैनिक जागरण' ने 21 अगस्त सोमवार के अंक में मेडिकल कालेज के प्रोफेसरों ने पीआरडी जवान व छात्र को पीटा, जांच के आदेश शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अब पूरे मामले को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच रिपोर्ट तलब की है।

रविवार को मेडिकल कालेज में दो प्रोफेसरों की होमगार्ड जवान व दो अन्य युवक की पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ। पूरे प्रकरण के संबंध में प्राचार्य मेडिकल कालेज संजय खत्री ने जांच कराने की बात कही थी।

समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद कई मीडिया प्रतिनिधियों को चेतावनी नोटिस भी भेजी गई थी, लेकिन अब पूरे मामले को उप

जागरण प्रभाव



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के ट्यूटर का स्क्रीन शाट ● जागरण

मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान ले लिया है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर मेडिकल कालेज में हुई पिटाई मामले में पांच सदस्यीय टीम से जांच रिपोर्ट तलब करने की बात लिखी है। डिप्टी सीएम द्वारा वीडियो संज्ञान लेने के बाद से मेडिकल कालेज प्रशासन में अफरातफरी मच गई है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें

www.jagran.com पर पढ़ें

बैंक मित्र से 15.96 लाख ठगे

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। एक गांव निवासी बैंक मित्र को जालसाजों ने दो दिन में 999 और तीन हजार रूपये का मुनाफा दिलवाकर झांसे में लिया। इसके बाद खाते में 15.96 लाख रूपये डलवा लिया। इसके बाद मोबाइल नंबर बंद हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात जालसाज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर एक ग्राम पंचायत के मजरा बभनपुरवा गांव निवासी अरविंद कुमार शर्मा बैंक मित्र हैं। वह इंडियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र गांव में ही चलाते हैं। कोतवाली में तहरीर देकर अरविंद ने कहा है कि उनके नंबर पर एक व्यक्ति ने फोन कर रोजगार देने का झांसा दिया। जिस पर उन्हें घर बैठे पहले दिन 999 रूपये और दूसरे दिन तीन हजार रूपये उनके खाते में भेजे गए।

कैसरगंज कोतवाली में दर्ज हुआ केस

इसके बाद उनका खाता बंद होने और धन कई गुना करने के लालच में 2.32 लाख जमा करने पर तीन लाख मिलने का लालच दिया गया। जिस पर उन्होंने अगस्त माह के पहले सप्ताह में 15.96 लाख रूपये संबंधित के खाते में जमा कर दिया। इसके बाद न फोन आया और न ही मोबाइल खुला। काफी प्रयास के बाद बैंक मित्र ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर दी। इससे पहले पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को जनता दर्शन में प्राथना पत्र देकर अपनी पूरी कहानी बताई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोगों को जागरूक होने की जरूरत है कि किसी दूसरे के साथ ऐसी घटना ना हो। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बैंक मित्र ने बताया कि उसने चार लोगों से उधार रुपये लेकर जमा किया था, वो भी चला गया।

यूरोप यात्रा का झांसा देकर हड़पे सवा दो लाख रुपये

बहराइच। यूरोप यात्रा का झांसा देकर एक टूरिज्म कंपनी ने विवाहित जोड़े से करीब सवा दो लाख रुपए हड़प लिए और इन्हें वीजा न मिल पाना बताकर विदेश टूर निरस्त होना बता कर किनारा कर लिया। इनसे धनराशि वापस मांगने पर टूरिज्म कंपनी ने देने से साफ इनकार कर दिया। विवश होकर पीड़ित युवक ने कोतवाली नगर में टूरिज्म कंपनी के संबंधित लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई है।

टूरिज्म कंपनी पर एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

शहर के मोहल्ला चांदपुरा निवासी धवल अग्रवाल ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि एक प्राइवेट टूरिजम कंपनी के विपुल सिन्हा, आकिब गौर व सुमित शुक्ला ने उन्हें यूरोप टूर पैकेज 4,98,937 रुपए का बताया और टूर की तारीख 5 जुलाई को जाना व 12 जुलाई की वापसी बताई। इस बाबत इन लोगों ने अपने मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल सूरी से भी अपने फोन से बात कराई। उन्होंने विश्वास करके 15 अप्रैल को 50000 रुपये देकर बुकिंग करा ली और बाद में 17 अप्रैल को इन लोगों के बताने अनुसार उन्होंने अपने बैंक अकाउंट से डेढ़ लाख रुपए अग्रिम धनराशि के रूप में मांगे जाने पर जमा कर दी। इनकी ओर से संदेश आया कि वीजा की औपचारिकता के लिए 6 जून को दिल्ली में प्रतिनिधि से मिलें, जिससे वह औपचारिकता पूरी करा दें।

इस पर वह दिल्ली गए और वहां वीजा की औपचारिकताएं पूरी कराने के साथ उसका शुल्क रुपया 23,736 उनके प्रतिनिधि के कहने पर वहां जमा कराया। इसके बाद इन लोगों द्वारा बताया गया कि वीजा कंफर्म कराना और टूर पर भेजना सभी कुछ उनका पूर्ण उत्तरदायित्व है। इसके लिए उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं। इस तरह वह निश्चिंत हो गये।

इस बीच टूर की तिथि से थोड़ा पहले ओटीसी ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से यह संदेश भेजा गया कि आपका वीजा नहीं हुआ है। इस कारण आप का टूर निरस्त कर दिया गया है। यह जानने के बाद जब उन्होंने अग्रिम धनराशि व बुकिंग धनराशि की वापसी की मांग की तो इन लोगों ने इसे देने से साफ मना कर दिया। -संवाद

पीआरडी जवान को पीटने का डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान

बहराइच। मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसरों का एक कथित वीडियो जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें पीआरडी जवान को गिरेबान पकड़कर थप्पड़ मारा जा रहा है। लेकिन अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

दो-तीन दिनों से तेजी से वायरल हो रहा था वीडियो



वायरल वीडियो को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने ट्वीट किया है कि महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज बहराइच में प्रोफेसर द्वारा पीआरडी जवान की कॉलर पकड़ने व हाथापाई करने संबंधी चार-पांच माह पुराने वीडियो का संज्ञान आने प्रकरण की सत्यता की जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है। प्रकरण सत्य पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

ग्राम प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्राम प्रधान। -संवाद

बहराइच। अखिल भारतीय प्रधान संगठन की अगुवाई में पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी शिवपुर पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने के लिए मोर्चा खोल दिया है। इसके चलते ही आक्रोशित प्रधानों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन भी किया।

प्रदर्शन की समाप्ति पर संगठन की तरफ से डीएम को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें बीडीओ की मनमानी पूर्ण कार्यशैली की जांच कराते हुए उनके स्थानांतरण की मांग प्रमुखता से की गई है। साथ ही चेताया कि मांग पूरी न होने पर ब्लॉक से जुड़े सभी प्रधान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को विवश होंगे।

प्रधान संगठन की अगुवाई में शिवपुर विकास खंड के ग्राम प्रधान बीडीओ शिवपुर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संगठन के महामंत्री सूर्य प्रकाश ने बीडीओ शिवपुर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बीडीओ का भ्रष्ट आचरण व जन प्रतिनिधियों का अनादर सभी की परेशानी बढ़ा रहा है।

पदाधिकारियों ने धरने के बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन में मांग की कि बीडीओ शिवपुर के भ्रष्ट आचरण की जांच करा उन्हें हटाया जाए। प्रदर्शन में संगठन के संरक्षक व अधिवक्ता संजीव श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष गुलाम वारिस, उपाध्यक्ष अनिल मौर्य, सैफ अली व सूरज शुक्ला शामिल रहे।

SHRAWASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2023

450 ग्राम चरस के साथ दबोचा गया तस्कर

संसू, श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पसियनपुरवा मोड़ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से चरस बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में हरदत्तनगर गिरंट थाने के प्रभारी इंद्रसेन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान पसियनपुरवा मोड़ से शाहपुर अचरौंरा निवासी इशाक अली उर्फ इशहाक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 450 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक नदीम, मुख्य आरक्षी सतीश सिंह शामिल रहे।

लाखों की चरस के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक आरोपी को चरस के साथ गिरफ्तार किया। मंगलवार को हरदत्त नगर गिरंट थाने के थानाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पसियनपुरवा मोड़ के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 450 ग्राम चरस बरामद किया। बरामद चरस को जब्त क पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान इशाक अली उर्फ इशहाक पुत्र अब्दुल सत्तार अली निवासी शाहपुर अचरौरा थाना हरदत्त नगर गिरंट के रूप में हुई। बरामद चरस की कीमत एक लाख 35 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

फिट रहने को लगवाई गई दौड़

श्रावस्ती। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंगलवार सुबह आयोजित परेड में पहुंच कर एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने सलामी ली। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस जवानों को फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई तथा अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। एएसपी ने भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता चेक की और बेहतर साफ सफाई रखने का निर्देश दिया।

कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सिरसिया थाने की पुलिस टीम मंगलवार को क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने घोघवाकला स्थित भट्ठे के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विजय पाल पुत्र वंशलाल निवासी चिर्रीपुर थाना सिरसिया के रूप में हुई।

चाकू के साथ गिरफ्तार

श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस ने चौधरीडही राजकीय स्कूल के सामने से शाहपुर अचरौरा निवासी इम्तियाज को चाकू संग गिरफ्तार किया। (वि .)

चार दोषियों को कठोर कारावास

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के लोखड़नियनपुरवा निवासी पुत्तन उर्फ पुत्तल पुत्र शंकर गद्दी के कब्जे से वर्ष 2010 में चरस बरामद किया गया था। न्यायालय की ओर से आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इसी तरह से वर्ष 2020 के एक विवाद में आरोपित गिलौला थाना क्षेत्र के गुजरनपुरवा निवासी सहाबुद्दीन पुत्र चांद अली, ननकऊ पुत्र चांद अली तथा गौरैया पत्नी ननकऊ को न्यायालय की ओर से तीन- तीन महीने की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

दो घर से हजारों का माल उठा ले गए चोर

गिरंटबाजार। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इमलियाकरनपुर के मजरा सुबरातीपुरवा में सोमवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने सईद पुत्र वारिस के घर से हजारों का माल पार कर दिया। देर रात घर के लोग खाना खाने के बाद सो गए। रात में चोर दीवार फांदकर घर के अंदर घुस गए और कमरे के अंदर जाकर गुल्लक से हजारों रुपए नकदी के साथ ही चांदी का पायजेब, सोने का झाला, चांदी की अंगूठी सहित करीब 50 हजार रुपए का माल समेट कर फरार हो गए।

सुबह जब परिजन सोकर उठे तो कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। इस पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसी तरह से इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेगमपुर के मजरा छेदीपुरवा गांव निवासी बिटाना पत्नी छोटू उर्फ ताज मोहम्मद के घर भी चोरों ने धावा बोल दिया।

एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

श्रावस्ती : एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने पुलिस लाइन पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में शामिल जवानों को दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने को टोलीवार ड्रिल कराई। (वि.)

गांजा के साथ गिरफ्तार

श्रावस्ती : इकौना पुलिस ने विश्वेश्वरगंज मार्ग पर मध्यनगर मनोहरपुर के पास से मध्यनगर मनोहरपुर निवासी शिवराम को गिरफ्तार किया। उसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। (वि.)

450 ग्राम चरस के साथ दबोचा गया तस्कर

संसू, श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पसियनपुरवा मोड़ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से चरस बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में हरदत्तनगर गिरंट थाने के प्रभारी इंद्रसेन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान पसियनपुरवा मोड़ से शाहपुर अचरौरा निवासी इशाक अली उर्फ इशहाक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 450 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक नदीम, मुख्य आरक्षी सतीश सिंह शामिल रहे।

राहगीरों ने महिला को नहर में कूदने से बचाया

संसू, कटरा : श्रावस्ती क्षेत्र के दसियापुर गांव के पास सोमवार की देर शाम समूह का बैंक कर्ज वापस न कर पाने से परेशान महिला ने सरयू नहर में कूदने का प्रयास किया, लेकिन वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे बचा लिया।

करमोहना निवासी कांति देवी समूह की सदस्य हैं। समूह पर बंधन बैंक से 80 हजार रुपये कर्ज है। कर्ज अदा करने को लेकर घर में विवाद भी हुआ था। इसी परेशान कांति ने नहर में कूदने का प्रयास किया। पुल से गुजर रहे राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए नहर में छलांग लगाने को तैयार महिला को पकड़ लिया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझाकर परिवार के सिपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राम जियावन निषाद ने कर्ज के लिए खुदकुशी के प्रयास करने से इन्कार किया। कहा कपति-पत्नी के बीच हुए विवाद से महिला गांव से बाहर जा रही थी।

किशोरियों को भगाने के दोषी को तीन वर्ष कैद

अदालत से

जासं, श्रावस्ती : दो चचेरी नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में दोषी को न्यायालय ने तीन वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। मामले में विचारण के दौरान ही एक आरोपित की मौत हो गई, जबकि चार अन्य आरोपितों को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया की सोनवा क्षेत्र में 18 मार्च 2009 की रात करीब 11 बजे वादी मुकदमा व उसके भाई की नाबालिग पुत्री को सिरसिया क्षेत्र के शाहपुर पूरे शिवदीन निवासी मुन्ना उर्फ भूरे उर्फ अशफाक बहला-फुसलाकर भगा ले गए थे। इस मामले में पिता की तहरीर पर मुन्ना उर्फ भूरे उर्फ अशफाक, राम उजागर यादव व नासिरगंज निवासी दानिश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय पर आरोप पत्र भेजा। विचारण के दौरान आरोपित के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय ने तीन अन्य आरोपितों सेवानिवृत्त लेखपाल दिनेश कुमार मिश्रा, शिवप्रसाद व बबलू को तलब किया। इस दौरान शिव प्रसाद की मौत हो गई। अपर सत्र न्यायाधीश (रेप एलांग विथ पाक्सो) करुणा सिंह ने दोषी मुन्ना उर्फ भूरे उर्फ अशफाक को तीन वर्ष के कारावास से दंडित किया। अन्य चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

चरस तस्कर को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

जासं, श्रावस्ती : चरस के साथ पकड़े गए तस्कर को न्यायालय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। विशेष लोक अभियोजक द्विजेंद्र मिश्रा ने बताया कि 24 जून 2010 को लोखड़ियापुरवा गांव निवासी पुत्तन को पुलिस ने खनपुरवा गांव के पास से रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से थैले से पुलिस ने एक किलो 50 ग्राम चरस बरामद किया था। इस मामले में आरोपित के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की। इसके बाद आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (अनन्य रूप से पाक्सो अधिनियम) सुदामा प्रसाद ने आरोपित पुत्तन को दोष सिद्ध ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

अलग-अलग मामलों में 13 गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया। वाहनों की जांच कर 11 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर 37 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने अचरौरा शाहपुर निवासी इम्तियाज को चौबेडीह राजकीय स्कूल के पास से एक चाकू के साथ जबकि सिरसिया पुलिस ने घोघवाकला के निकट चिरौंपुर निवासी विजयपाल को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। संवाद

कर्ज न चुका पाने पर महिला ने की आत्महत्या की कोशिश

कटरा, श्रावस्ती। डकाही के मजरा कर्मोहना निवासी कांति देवी पति टिम्मल पासवान ने एक बंधन बैंक से अस्सी हजार रुपये का ऋण भैंस खरीदने के लिए लिया था। जिसे उसने बेटी के ब्याह पर खर्च कर दिया। अब बैंक के तकादे से दुखी महिला ने आत्महत्या करने की नीयत से सोमवार रात को दसियापुर गांव के नहर में छलांग लगाने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। बंधन बैंक इकौना के शाखा प्रबंधक संतोष का कहना है कि बैंक ग्रामीणों को छोटे लोन कम ब्याज पर देता है। महिला को भी इसी प्रकार का छोटा लोन दिया गया था। संवाद

चरस के साथ एक गिरफ्तार

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने मंगलवार क्षेत्र भ्रमण के दौरान 450 ग्राम चरस के साथ पसियन पुरवा मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के शाहपुर अचरौरा निवासी इशाक अली उर्फ इसहाक पुत्र अब्दुल सत्तार अली के रूप में हुई है। संवाद

मारपीट में दंपती सहित तीन को सजा

श्रावस्ती। गिलौला क्षेत्र के मनिकापुर के मजरा गुजरनपुरवा में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट के मामले में ग्राम न्यायालय इकौना के पीठासीन देवर्षि देव कुमार की कोर्ट ने विचारण बाद दंपती सहित तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए तीन-तीन माह कारावास के साथ एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में गिलौला पुलिस ने गांव निवासी ननकऊ पुत्र चांद अली, ननकऊ की पत्नी गौरैया व भाई शहाबुद्दीन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। -संवाद

चरस तस्करी में दोषी को दस साल की जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। तस्करी में पचास किलो चरस के साथ पकड़े आरोपी को कोर्ट ने दोषी मानते हुए दस साल की जेल के साथ एक लाख के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश सुदामा प्रसाद की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अर्थदंड न चुकाने पर दोषी को तीन माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगी।

कोर्ट ने एक लाख का अर्थदंड भी लगाया

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता द्विजेंद्र मिश्रा ने बताया कि लोखड़ियां पुरवा निवासी पुत्तन को भिनगा पुलिस ने 24 जून 2010 को 50 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्तन के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने आरोपी को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा सुनाई है। संवाद

नाबालिग बहनों को भगाने में दोषी को सजा

श्रावस्ती। चौदह साल पहले सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो नाबालिग चचेरी बहनों को बहला फुसला कर भगाने के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को दोषी करार मानते हुए तीन साल की कैद व 10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। शिव प्रसाद की मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने बताया कि 18 मार्च 2009 को उसकी व भाई की नाबालिग बेटियों को मुन्ना उर्फ भूरे गांव के राम उजागर यादव व नासिरगंज निवासी दानिश के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया। अपर सत्र न्यायाधीश करुणा सिंह ने मुन्ना उर्फ भूरे को तीन साल की सजा सुनाई। संवाद